

भजन



धनतेरसकी हार्दिक शुभकामनाएं

वाराणसी, शुक्रवार ६ नवम्बर, २०२६ सौर २०, कार्तिक कृष्ण १३, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १६, मूल्य ३.०० रुपये

1 करोड़ से भी ज्यादा संतुष्ट ग्राहकों के साथ देश का प्रथम BSE & NSE Listed इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन शोरूम

SUNDAY OPEN

आदित्य विजन 27 YEARS 27 वर्षों से ग्राहकों की सेवा में समर्पित

आदित्य विजन ...संबंध भरोसे का !

शुभ धनतेरस पर हमारे शोरूम में पधारें ! आपका स्वागत है !!

इस धनतेरस और दीपावली, रोशनी, समृद्धि और खुशियों से जगमगाए आपका घर!!

इस धनतेरस घर लाएं खुशियाँ हमारे आकर्षक ऑफर के साथ!

धनतेरस और दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

0% ब्याजमुक्त फाइनेंस | ₹0 डाउन पेमेंट

2 EMI हम देंगे | ₹45000 तक का कैशबैक

36 महीने तक का आसान EMI

खरीदें और जीतें 23 करोड़ तक का इनाम

आदित्य विजन साकार करेगा आपका सपना लखनऊ, रांची पटना एवं इंदौर में घर हो आपका अपना

प्रथम पुरस्कार 225 कार

Mega Prize 4 घर

द्वितीय पुरस्कार 1501 बाईक

करोड़पति बनने में सिर्फ 56 दिन शेष

हर खरीद पर पाएं उपहार ही उपहार

EXPRESS होम डिलेवरी आज खरीदें, आज ही डिलीवरी और इंस्टालेशन पाएं

AI तकनीक वाली Micro RGB, Mini LED, OLED टेलीविजन घर लाएं!

32 (80 cm.) से 115 (1291 cm.)

शुरूआती ब्याजमुक्त मासिक क़िस्त मात्र ₹990

SONY SAMSUNG LG LLOYD TCL Mi Haier Panasonic Hisense

पूरे परिवार के लिए AI तकनीक वाली स्मार्ट फ्रिज 2-Door,3-Door & 4 Door | 50 Ltr to 800 Ltr.

20 YEAR WARRANTY UP TO 50% OFF

शुरूआती ब्याजमुक्त मासिक क़िस्त मात्र ₹994

SAMSUNG | LG | Haier | Whirlpool | BOSCH | LLOYD | VOLTAS beko | Godrej

AI वाशिंग मशीन से पूरे परिवार के कपड़े धुले वो भी गर्म पानी से, ज्यादा साफ!

Steam IN-BUILT HEATER Steam More Hygiene More Durability

शुरूआती ब्याजमुक्त मासिक क़िस्त मात्र ₹888

IFB Whirlpool Haier BOSCH Godrej SAMSUNG LG VOLTAS beko LLOYD

AC एक मौसम अनेक AI तकनीक वाला HOT & COLD AC

Heavy Duty Convertible 10 YEAR WARRANTY FREE INSTALLATION

Capacity Available : 0.75/1/1.5/1.7/2/2.2 & 2.5 Ton

शुरूआती ब्याजमुक्त मासिक क़िस्त मात्र ₹1888

VOLTAS SAMSUNG GENERAL DAIKIN LG Whirlpool Haier Godrej LLOYD Panasonic IFB

वाटर प्यूरफाइअर - घर लाए शुद्धता और सेहत

IST Enabled

₹999

किचन रखे स्वस्थ व हाईजिन लेटेस्ट चिमनी और हॉब के साथ

UPTO 50% OFF

IFB FABER BOSCH Haier KUTCHINA

₹1200

ठंड आने से पहले करें ठंड की तैयारी

03 लीटर से 100 लीटर कैपेसिटी के गीजर उपलब्ध

गीजर ऑन - सर्दी गॉन

VOLTAS BAJAJ Haier

₹830

प्रतिष्ठित ब्रांड की आधुनिक टेक्नोलॉजी वाले इन्वर्टर व बैट्री

इन्वर्टर और बैटरी

LUMINOUS V-GUARD Livguard

₹1250

लेटेस्ट लैपटॉप की सम्पूर्ण रेंज उपलब्ध

hp Lenovo ASUS DELL acer

CASHBACK UPTO ₹9000 | शुरूआती ब्याजमुक्त मासिक क़िस्त मात्र ₹3250

Tab शुरूआती ब्याजमुक्त मासिक क़िस्त मात्र ₹1999

शुरूआती ब्याजमुक्त मासिक क़िस्त मात्र ₹1166

SAMSUNG SONY LG JBL Marshall noise

Galaxy Z Fold8 | Ultra | Flip8

EXCHANGE BONUS UP TO ₹10000

शुरूआती ब्याजमुक्त मासिक क़िस्त मात्र ₹4275

Realme 16 5G ₹1166 | Redmi 17 5G ₹1333 | OPPO F35 ₹1624 | vivo V80 ₹2624

GOOGLE PIXEL 11 ₹2249

iPhone 18 PRO Now Available ₹4371

SAMSUNG vivo oppo Mi motorola iPhone realme Google

UP TO ₹10,000 INSTANT DISCOUNT* SBI card

*Min. Trxn.: ₹25,000; Max. Discount: ₹10,000 per card; Also valid on EMI Trxns.; Validity: 30 Oct - 15 Nov 2026. T&C Apply.

फाइनेंसर्स एवं क्रेडिट / डेबिट कार्डों द्वारा कैशबैक और आकर्षक ऑफर्स की सुविधा !!

BAJAJ FINSERV | HDB FINANCIAL SERVICES | TVSCREDIT | IDFC FIRST Bank | Pine Labs | paytm

220+ स्टोर्स के साथ आपकी सेवा में

आदित्य विजन ...संबंध भरोसे का !

सेल, सर्विस एवं जानकारी हेतु कॉल करें आदित्य सेवा 9955555544

वाराणसी: ■ रविन्द्रपुरी (भेलूपुर) - 1बी-2, 51-ए, रविन्द्रपुरी कॉलोनी, SBI बैंक के सामने, फ़ोन: 8114591645 ■ लक्शा - 2डी-46/14, मनिहारी टोला, लक्शा, निकट दीना चाट, फ़ोन: 8114592285 ■ पाण्डेयपुर - गंगा टॉवर, नई बस्ती, फ़ोन: 8114592282 ■ रामनगर- शीत्या नका मोड़, पंजाब नेशनल बैंक के नजदीक, फ़ोन: 8114590724 ■ गिलट बाजार: शिवपुर बाईपास, एयरपोर्ट रोड, फ़ोन: 9031677512 ■ आशापुर- चौराहा,पुलिस चौकी के सामने, फ़ोन: 9031069514 ■ सुन्दरपुर: N-13/25 A-1, बी.आर.यू. इन्क्लेव कॉलोनी, अनगिना योगिया वीर मंदिर के सामने, फ़ोन: 9031069559 ■ जौनपुर- 177, प्रतिमा कॉम्पलेक्स, T.D कॉलेज रोड, उमरपुर, हरिबंधनपुर, फ़ोन: 8114590708 ■ मुग़लसराय - कैलाशपुरी मोड़, GT रोड, फ़ोन: 81145 92238 ■ गाजीपुर- चुंगी बाड़ी पार्क, लंका, फ़ोन: 8114590701 ■ बलिया- ब्लॉक न0- 8, वार्ड न0- 17, मालगोदाम रोड, LIC ऑफिस के नजदीक, फ़ोन: 9264498070 ■ मिर्जापुर- प्लॉट न -50/1, ओलियर घाट रोड, वेल्लेस्लीगंज, साई मंदिर के नजदीक, फ़ोन: 9264498880 ■ आजमगढ़- पं. दीनदयाल चौराहा, 314 सिविल लाइन, फ़ोन: 9031003678 ■ मऊ - शहादतपुर, गृहस्थ प्लाजा के नजदीक, ग़ाज़ीपुर तिराहा, फ़ोन: 9262291559 ■ भदोही: स्टेशन रोड, नियर पोस्ट ऑफिस, संत रविदास नगर, फ़ोन: 9264287444. ■ रेणुकूट, सोनभद्र: शिवा पार्क, HDFC बैंक बिल्डिंग, फ़ोन: 9264427698

* नियम एवं शर्तें लागू, डिस्प्ले पर प्रोडक्ट प्रतिरूपक हैं। ज्यादा जानकारी के लिए आदित्य विजन के नजदीकी शोरूम में जाएं। "धमाके और छूटें" के विशेष की घोषणा सबसे पहले 02.01.2027 को किया जायेगा। यह सीमित केवल आदित्य विजन तथा सहयोगी कम्पनी के उत्पादों के लिए है। सभी ऑफर्स भुगतित प्रोडक्ट्स पर लागू है। वैकल्पिक एवं कोरी के प्रोडक्ट्स पर कम्पनी निर्धारित नियम ही लागू है। ब्याजमुक्त सुविधा केवल भुगतित सामग्री में लागू किया ब्याजमुक्त का भी प्रोडक्ट्स उपलब्ध है। *Cashback only on HDFC/AXIS/ICICI Card. The reimbursement of cash back is responsibility of the Card Issuing Bank. Different gifts on different brand as per promotion programme run by retailer.

त्योहारों पर सुरक्षा को लेकर व्यापारियों संग एएसपी ने की बैठक

दुकानों में सीसीटीवी और अग्निशमन यंत्र रखने की अपील



बलिया। आगामी धनतेरस, दीपावली, छठ, लक्ष्मी पूजा, स्नान पर्व और ददरी मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी संजय वर्मा ने व्यापारी संगठनों और प्रमुख व्यापारियों के साथ बैठक की। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के निर्देशन में आयोजित बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, अग्नि सुरक्षा, साइबर अपराध और यातायात व्यवस्था पर चर्चा की गई। एएसपी ने व्यापारियों से अपनी दुकानों और प्रतिष्ठानों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगवाने की अपील की। साथ ही आग से बचाव के लिए प्रत्येक दुकान में चालू हालत में अग्निशमन यंत्र रखने, पानी और रेत की व्यवस्था करने तथा जर्जर बिजली के तारों की जांच कराने को कहा। उन्होंने दुकान बंद करते समय मुख्य बिजली स्विच बंद करने और पटाखों, गैस सिलेंडर सहित ज्वलनशील पदार्थों को सुरक्षित दूरी पर रखने की सलाह दी। बैठक में साइबर अपराध से बचाव और शहर में जाम की समस्या दूर करने के लिए व्यापारियों से सुझाव भी लिए गए। उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में सीओ नगर सतीश कुमार शर्मा, सीओ लाइन एवं यातायात मंजरी राव, यातायात प्रभारी मो. अनवर अली, कोतवाल प्रवीण कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक रामबेलास और अग्निशमन द्वितीय अधिकारी अमित कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

आठ नवंबर तक शहर में भारी वाहनों का प्रवेश बंद

बलिया। धनतेरस और दीपावली पर शहर में भीड़ को देखते हुए पुलिस ने छह से आठ नवंबर तक सुबह आठ बजे से रात 12 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया है। दुबहड़, शंकरपुर तिराहा, हनुमानगंज, फेफना तिराहा और अगरसंडा में नो एंट्री प्वाइंट बनाए गए हैं। इन स्थानों से आने वाले भारी वाहनों को निर्धारित वैकल्पिक मार्गों से भेजा जाएगा। शहर में धर्मशाला चौराहा, विशुनीपुर मस्जिद चौराहा, रेलवे स्टेशन वैशाली तिराहा, हनुमानगढ़ी तिराहा, उमाशंकर चौराहा और आर्य समाज रोड तिराहा पर बैरियर लगाए जाएंगे। इन रास्तों से तीन और चार पहिया वाहनों को चौक, कासिम बाजार, टाउनहाल और संबंधित प्रतिबंधित क्षेत्रों में जाने की अनुमति नहीं होगी। मालगोदाम तिराहा से आर्य समाज रोड, उमाशंकर चौराहा, आक्डेनगंज और विशुनीपुर मस्जिद होते हुए चित्तू पांडेय चौराहा तक वन-वे व्यवस्था लागू रहेगी। शहर आने वाले वाहनों के लिए रामलीला मैदान, रेलवे स्टेशन परिसर, मालगोदाम मैदान, टाउनहाल मैदान और लोहिया मार्केट में पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

किशोरी संदिग्ध परिस्थिति में लापता

भीमपुरा (बलिया)। भीमपुरा थाना क्षेत्र के देवबलवीर गांव से 15 वर्षीय किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। किशोरी की तलाश में जुटे परिजनों को एक युवक का नाम और मोबाइल नंबर लिखा कागज मिलने के बाद मामला और गंभीर हो गया। किशोरी के दादा ने थाने में तहरीर देकर एक युवक समेत उसके परिजनों पर किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने में सहयोग करने का संदेह जताया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार देवबलवीर गांव निवासी देवनारायण राम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उनकी 15 वर्षीय नतिनी मधु राव बीते 31 अक्टूबर की रात करीब 11 से 12 बजे के बीच अचानक लापता हो गई। परिजनों के अनुसार, तलाश के दौरान उन्हें एक कागज की प्रति मिली, जिस पर रसड़ा थाना क्षेत्र के अखनपुरा गांव निवासी नंदू पुत्र सदाफल राम का नाम, इंस्टाग्राम आईडी और मोबाइल नंबर अंकित था। इसके बाद परिजन संबंधित युवक के घर पहुंचे और उसके बारे में जानकारी प्राप्त की। आरोप है कि वहां पता चला कि युवक भी उसी दिन शाम करीब आठ से नौ बजे के बीच घर से कमाने जाने की बात कहकर निकला था। वादी ने अपनी तहरीर में युवक की पत्नी आशा और उसके भाई अनु पर भी किशोरी को ले जाने में सहयोग करने का संदेह जताया है। उन्होंने पुलिस से लापता किशोरी की सकुशल बरामदगी कराने तथा मामले में संलिप्त लोगों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

विद्यालय पढ़ने गयी किशोरी लापता, मुकदमा दर्ज

भीमपुरा (बलिया)। भीमपुरा थाना क्षेत्र के पूरा उर्फ फरदहां गांव से 16 वर्षीय किशोरी के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। विद्यालय जाने के लिए घर से निकली किशोरी देर शाम तक वापस नहीं लौटी। मां ने भीमपुरा थाने पहुंचकर पुलिस से बेटी की तलाश कर सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार पूरा उर्फ फरदहां गांव निवासी रंजना देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री अंकिता दो नवंबर को घर से विद्यालय पढ़ने के लिए निकली थी। परिजनों को उम्मीद थी कि विद्यालय से छुट्टी होने के बाद वह घर लौट आएगी, लेकिन देर शाम तक उसके वापस नहीं आने पर परिवार के लोग परेशान हो गए। पीड़िता की मां रंजना देवी ने चार नवंबर को भीमपुरा थाने में लिखित शिकायत देकर बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने तथा उसकी जल्द तलाश कराने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

वोट चोरी के जरिये सत्ता में बनी हुई है सरकार-अभिषेक

दतहां में सैकड़ों लोगों ने थामा कांग्रेस का हाथ, अभिषेक दत्त ने दिलायी सदस्यता



बलिया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिषेक दत्त ने गुरुवार को रेवती ब्लॉक के दतहां ग्राम सभा में जितेंद्र यादव समेत सैकड़ों लोगों को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उमाशंकर पाठक की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में अभिषेक दत्त ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज देश में वोट चोरी हो रही है। महंगाई चरम पर है, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है और परीक्षाओं में पेपर आउट हो रहे हैं। युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव चंद्र यादव ने कहा कि पहले चुनाव हारने के डर से नेताओं में जवाबदेही होती थी, लेकिन अब यह समाप्त हो गई है। वोट चोरी के कारण सत्ताधारी दलों को हार का डर नहीं रह गया है। जिलाध्यक्ष उमाशंकर पाठक ने कहा कि महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और अराजकता को देखते हुए अब परिवर्तन जरूरी है। इससे पहले सुबह जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर राष्ट्रीय सचिव अभिषेक दत्त ने महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। अध्यक्षता महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष अनुपमा सिंह ने की। सच्चिदानंद तिवारी, राघवेंद्र सिंह, पुनीत पाठक, विजय मिश्र, मदन यादव, विजन चौबे, विजय ओझा, विनय तिवारी, विजेंद्र पांडेय मुखिया, ओमप्रकाश तिवारी, अबूल फैज आदि मौजूद रहे।

चार लाख का अवैध पटाखा बरामद

बलिया। दीपावली त्योंहार के मद्देनजर सहतवार पुलिस ने बुधवार की देर शाम मुखबिर की सूचना पर कस्बा क्षेत्र के दो व्यक्तियों को अवैध विस्फोटक भंडारण को पकड़ने में कामयाबी प्राप्त किया है। बुधवार की देर शाम ही क्षेत्राधिकारी बांसडीह जयशंकर मिश्र ने कहा कि कस्बा क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 निवासी बालाजी उर्फ हदीस पुत्र रमजान अंसारी एवं वार्ड नंबर 6 निवासी चंदन गुप्ता पुत्र स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद के घर से अवैध रूप से भंडारण किए हुए विस्फोटक फायर क्रेकर जिसका कुल वजन 525 किलो तथा अनुमानित बाजारू मूल्य लगभग चार लाख रुपये बताया गया है। सहतवार पुलिस ने बरामद शुदा माल को जब्त किया गया है तथा समाचार? लिखे तक दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस मौके पर थानाध्यक्ष प्रशांत चौधरी एवं चौकी प्रभारी अजय कुमार सिंह सदल बल मौजूद रहे।

दो लेखपालों को कानूनगो पद पर पदोन्नति

सिकंदरपुर (बलिया)। तहसील सिकंदरपुर में तैनात दो लेखपालों को कानूनगो पद पर पदोन्नति मिलने पर गुरुवार को तहसील सभागार में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान अधीनस्थ कर्मचारियों ने पदोन्नत लेखपाल अखिलेश यादव निवासी रामबारी और योगेंद्र नाथ राम को माला पहनाकर बधाई दी। साथ ही एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। साथियों ने दोनों कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी पदोन्नति से अन्य कर्मचारियों को भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर लेखपाल संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, महामंत्री रंजीत कुमार वर्मा, कानूनगो राजेश सिंह अखिलेश यादव, केके पांडेय, रितेश सिंह सहित तहसील के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

भव्य दीपोत्सव आज

रसड़ा (बलिया)। गांधी पार्क स्थित शिव सरोवर पोखरा पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से 7 नवंबर, दिन शनिवार को सायं 5 बजे 5100 दीपों का दिव्य भव्य दीपोत्सव एवं भारत माता आरती का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह संजय सिंह ने लोगों से आग्रह किया है कि इस कार्यक्रम में अवश्य भाग लें और दीपों का दीपदान करें।

उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पंजाब, झारखंड सेमीफाइनल में

रोमांचक मुकाबले में मेजबान टीम ने गुजरात को दी १-० से मात, शुक्रवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा खिताबी मुकाबला



बलिया। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित 70वीं राष्ट्रीय विद्यालयी फुटबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन प्री क्वाटर एवं क्वाटर फाइनल मुकाबले खेले गए। अंडर 17 आयु वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मेजबान उत्तर प्रदेश की बालक टीम ने गुजरात को बेहद रोमांचक मुकाबले में 1-0 से पराजित कर सेमीफाइनल का टिकट कटाया। पहले सेमीफाइनल में मेजबान टीम का सामना पश्चिम बंगाल से होगा। वहीं दूसरा सेमीफाइनल पंजाब व झारखंड के मध्य खेला जाएगा। बृहस्पतिवार को वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले गए प्रतियोगिता के दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश टीम के लिए मैच के 27वें मिनट में रहमान ने बेहतरीन गोल किया। बेहद रोमांचक मुकाबले में गुजरात के खिलाड़ियों ने भी कड़ा संघर्ष किया, लेकिन उत्तर प्रदेश की रक्षा पंक्ति को भेदने में कामयाब नहीं हो सके। नतीजतन उत्तर प्रदेश ने मुकाबले को 1-0 से जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। उक्त मुकाबले में संयुक्त शिक्षा निदेशक आजमगढ़ डॉ राजेश आर्य ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इसके पूर्व पहले क्वाटर फाइनल में पश्चिम बंगाल ने दिल्ली को 2-0 से पराजित किया था। वहीं तीसरे क्वाटर फाइनल में पंजाब ने केंद्रीय विद्यालय को 3-0 व आखिरी क्वाटर फाइनल में झारखंड ने असम को 4-1 से पराजित कर सेमीफाइनल का टिकट कटाया। इसके पूर्व प्री क्वाटर फाइनल मुकाबलों में पश्चिम बंगाल ने लक्षदीप को 1-0, दिल्ली ने छत्तीसगढ़ को 3-0, उत्तर प्रदेश ने तमिलनाडु को 4-0, गुजरात ने केरल को 5-4, पंजाब ने आईएसएसओ को 2-0, केंद्रीय विद्यालय ने उत्तराखंड को 2-0, झारखंड ने सीआईएससीई को 3-0 व असम ने बिहार को 3-1 से पराजित कर क्वाटर फाइनल में जगह बनाई थी। क्वाटर फाइनल मुकाबले दोपहर बाद खेले गए। शुक्रवार को प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल (उत्तर प्रदेश बनाम पश्चिम बंगाल) वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में तथा दूसरा सेमीफाइनल मिनी स्टेडियम शेर में आयोजित होगा। वहीं खिताबी फाइनल मुकाबला वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रात: 11 बजे खेला जाएगा। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका अमल कुंवर, मोहम्मद गयासुद्दीन, अजय यादव, मेहरुद्दीन, शनि कुमार, सौरभ कुमार, अजीत सिंह, चंद्रकांत राय, राजू कुमार, मोहम्मद अशफाक, संजय साहनी, धर्मवीर प्रजापति, रवि शर्मा, हाजी मुनव्वर, मनोज तिवारी, उपेंद्र शुक्ला, नवनीत व विशाल कुमार आदि ने निभाई। इस क्रीड़ा अधिकारी जवाहर लाल यादव, प्रतियोगिता समन्वयक दिनेश कुमार सिंह, सह समन्वयक अरविंद कुमार सिंह, पंकज सिंह, फील्ड ऑफिसर द्रोणवीर सिंह यादव, मोहम्मद नईम अहमद, टेक्निकल डायरेक्टर अश्विनी यादव, दुर्गविजय सिंह, शिवाशंकर सिंह, भूपेश सिंह, रामजनम, अबरार अहमद, मोहम्मद दानिश, शशि प्रकाश राय, अनुज सिंह, प्रवेंद्र यादव, दिलीप राय, पवन आर्य, पंकज यादव, रामप्रकाश, सत्यप्रकाश, अनूप राय, शमशाद खान, सच्चिदानंद राय, अजय राज सिंह आदि उपस्थित रहे।










भाजन



धनतेरसकी हार्दिक शुभकामनाएं

वाराणसी, शुक्रवार ६ नवम्बर, २०२६ सौर २०, कार्तिक कृष्ण १३, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १६, मूल्य ३.०० रुपये

यूपी : राज्य कर्मियोंको ३० दिन का बोनस



लखनऊ (आससे.)। प्रदेश सरकार ने राज्य के लाखों कर्मचारियों को बड़ा तोहफा देते हुए वर्ष 2025-2026 के लिए 30 दिन के तदर्थ बोनस के भुगतान को मंजूरी दे दी है। राज्यपाल की स्वीकृति के बाद वित्त विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बृहस्पतिवार को शासनादेश जारी कर दिया। इस फैसले से राज्य कर्मचारियों, सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण

अधिकतम ६९०८ रुपये मिलेंगे, ७५ प्रतिशत रकम जीपीएफ में जमा होगी

संस्थाओं, स्थानीय निकायों, जिला पंचायतों और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को सीधा लाभ मिलेगा। शासनादेश के मुताबिक, यह बोनस उन सभी पूर्णकालिक अराजपत्रित कर्मचारियों को दिया जाएगा, जिनका पद वेतन (शेष पृष्ठ १० पर)

पंजाबमें पिस्टल, हैंड ग्रेनेड-३४ किलो हेरोइन बरामद, १६ गिरफ्तार

अमृतसर (एजेंसी)। अमृतसर देहात पुलिस ने अवैध हथियारों, विस्फोटक सामग्री और नशा तस्करी से जुड़े अलग-अलग नेटवर्क के खिलाफ काररवाई करते हुए 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पांच अवैध पिस्तौल, दो अत्याधुनिक उजी गन, दो हैंड ग्रेनेड, 34 किलो हेरोइन और 26 कारतूस बरामद किये हैं। इसके साथ ही पुलिस ने फायरिंग की तीन वारदातों को भी सुलझाने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी विदेश में बैठे हैंडलरों के संपर्क में थे। (शेष पृष्ठ १० पर)

अब छह राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशोंमें होगा एसएसआर

नयी दिल्ली (आससे)। भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) की घोषणा की। इस प्रक्रिया का उद्देश्य पात्र मतदाताओं, खासकर युवाओं और पहली बार वोट देने वाले लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल करना है। आयोग के मुताबिक, अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव, मिजोरम, ओडिशा और सिक्किम में यह अभियान चलाया जायेगा। चुनाव आयोग (शेष पृष्ठ १० पर)

दिल्ली : चावड़ी बाजारमें अचानक ढही तीन मंजिला इमारत, दो की मौत



नयी दिल्ली (आससे)। दिल्ली के चांदनी चौक स्थित चावड़ी बाजार के गली सत्तारा, शीश महल इलाके में गुरुवार को एक निर्माणाधीन तीन मंजिला इमारत का हिस्सा ढहने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। हादसा चावड़ी बाजार मेट्रो स्टेशन के पास हुआ। मलबे में कुछ और लोगों के दबे होने की आशंका के चलते एनडीआरएफ, दिल्ली पुलिस, दमकल और डीडीएमए की टीमें राहत एवं बचाव अभियान में जुटी रहीं।मृतकों की पहचान 40 वर्षीय किशोरी और 45 वर्षीय संजीत के रूप में हुई है। दोनों मंडावली की रेलवे कॉलोनी के निवासी थे। घायलों सहदेव चौधरी (25) और फिरोज (37) की हालत स्थिर बताई गई है। हादसे के बाद एमसीडी ने ड्यूटी में लापरवाही के आरोप में क्षेत्र के जेई अमन दलाल और एई मोहम्मद (शेष पृष्ठ १० पर)

शिकायतोंका इंतजार कर जांच नहीं रोक सकते-सुप्रीम कोर्ट



नयी दिल्ली (आससे)। नीट प्रदर्शन के दौरान कथित पुलिस ज्यादती की जांच में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने

नीट प्रदर्शनमें पुलिस ज्यादतीपर की सख्त टिप्पणी

सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने हाई-पावर्ड कमेटी को निर्देश दिया कि शिकायतें कम मिलने या नई शिकायतों का इंतजार करने के नाम पर जांच अनिश्चितकाल तक लंबित नहीं रखी जा सकती। कमेटी अब तक उपलब्ध दस्तावेजों और साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाए और फैक्ट फाइंडिंग रिपोर्ट पेश करने की प्रक्रिया शुरू करे। सुनवाई के दौरान कमेटी ने अदालत को बताया कि उसे अब तक अपेक्षाकृत कम शिकायतें मिली हैं। इस पर कोर्ट ने कहा (शेष पृष्ठ १० पर)

यूपी अब देशकी तीन शीर्ष अर्थव्यवस्थाओंमें शामिल-योगी

प्रदेशमें कानून व्यवस्था-शासन व्यवस्थामें भी हुआ व्यापक सुधार



लखनऊ (आससे)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि राज्य ने पिछले नौ वर्षों में उल्लेखनीय बदलाव करते हुए आर्थिक रूप से देश के सबसे पिछड़े पांच राज्यों की श्रेणी से निकलकर शीर्ष तीन राज्यों में जगह बनाई है। उन्होंने दावा किया कि इस दौरान कानून-व्यवस्था और शासन व्यवस्था में भी व्यापक सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री यहां 28 नवनियुक्त अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक समय उत्तर प्रदेश अराजकता, दंगों और कर्फ्यू के दौर से गुजर रहा था तथा अपराधियों को कानून का कोई भय नहीं था। योगी ने कहा एक समय था जब अपराधी बेखौफ घूमते थे, क्योंकि उन्हें पता था कि उनका कुछ नहीं बिगड़ेगा। उन्हें कानून (शेष पृष्ठ १० पर)

यूपी : राहुलके खिलाफ एफआईआरकी मांग खारिज, इलाहाबाद हाईकोर्टका बड़ा फैसला



प्रयागराज (आससे.)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सिख समुदाय पर कथित

सिख समुदायपर आपत्ति-जनक टिप्पणीका मामला

आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अमेरिका दौरे के दौरान सिख समुदाय (शेष पृष्ठ १० पर)

भाजपाने बहुमतके लिए गोकुल डेयरी चुनावके लिए नियम बदले-राहुल

नयी दिल्ली (आससे.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र की गोकुल डेयरी के चुनाव को लेकर बीजेपी पर चुनाव के बाद नियम बदलकर बहुमत छीनने का आरोप लगाया है। उन्होंने इसे दूध उत्पादकों के वोटों की चोरी बताया। राहुल गांधी ने गुरुवार को एक्स पर लिखा- गोकुल में दूध डेयरी चलाने वालों ने भाजपा को हरा दिया। तो भाजपा ने (शेष पृष्ठ १० पर)

मथुरा : हादसेमें पिता-पुत्र समेत तीन की मौत

मथुरा (आससे)। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में गुरुवार सुबह अनियंत्रित होकर खेत में घुसी तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से पिता-पुत्र समेत एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई जबकि कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा राया थाना क्षेत्र के गजू गांव के पास भरतपुर-पीलीभीत राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। पुलिस उपाधीक्षक संजीव कुमार राय ने बताया कि सुबह करीब आठ बजे गजू गांव निवासी जवाहर सिंह (70), उनके बेटे (शेष पृष्ठ १० पर)

जौनपुरको मिली ३६५० करोड़ की सड़क परियोजनाओं की सौगात

जौनपुर (ह.स.)। मुंगराबादशाहपुर स्थित सार्वजनिक इंटर कॉलेज परिसर में गुरुवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की उपस्थिति में 3650 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली आठ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। इस दौरान 3210 करोड़ रुपये की लागत से पूरी हुई रायबरेली-प्रयागराज फोरलेन, जगतपुर-बाबूगंज-ऊंचाहार-आलापुर बाईपास और मछलीशहर-जंघई-भदोही मार्ग सहित तीन परियोजनाओं को जनता को समर्पित किया गया। वहीं करीब 400 करोड़ रुपये की लागत से पांच नई परियोजनाओं का कार्य शुरू कराया गया। इनमें मुंगराबादशाहपुर बाईपास, कुत्तूपुर से सरायख्वाजा तक फोरलेन (शेष पृष्ठ १० पर)



टीएमसी विधायकके ऑफिससे १.०२ करोड़ जब्त

कोलकाता (एजेंसी)। बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंड हार्बर में तृणमूल कांग्रेस कार्यालय से पुलिस ने 1.02 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद की है। ये ऑफिस बागी टीएमसी विधायक शमीम अहमद का बताया जा रहा है। सीएम शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी ने राज्य का सारा राजस्व हड़प लिया था। यह तो बड़े भ्रष्टाचार का छोटा हिस्सा है। टीएमसी ने कहा है कि पुलिस ने निगरानी में रखे गए कार्यालय में जानबूझकर झूठे सबूत प्लांट किए हैं। सीएम शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि यह पैसा उनके(ममता-अभिषेक) लिए यह कुछ भी नहीं है। यह उनकी रोज की कमाई थी।

Reliance

स्टोर्स खुलने का समय सुबह 9 बजे

धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं



iPhone 17 Pro 256 GB Starting at ₹54990.00*

iPhone 17 Pro Max 256 GB Starting at ₹66990.00*

*Price Post In-store Discount, Exchange, Exchange Bonus & Cashback



iPhone Air — Starting from ₹49990.00* — *Price post Instore Discount, Exchange, Exchange Bonus & Cashback.

oppo Find X10 Series — Starting from ₹59999.00* — Best upgrade offer. *Price post exchange, exchange bonus and cashback

motorola edge 70 fusion — Starting from ₹29499.00* — *Price inclusive of cashback & exchange offer

LOWEST PRICE EVER — 3 Year Warranty — xiaomi 109cm (43) FHD SMART TV Google TV — ₹19999.00* — Also available 81 cm (32) HD at ₹13999.00*

LG SMART TV AI — 3 YEARS WARRANTY UPGRADE ₹1999.00* — 26% CASH BACK* ₹26000.00*

*Prices after bank cashback

₹20000 तक एश्योर्ड एक्सचेंज बोनस*

upto 50% छूट दूसरे प्रॉडक्ट पर*

डायसन बिग बॉल वैक्यूम क्लीनर ₹43900 ₹14990*

*₹50000 और उससे अधिक की खरीदारी पर

₹30000 तक डिस्काउंट* लीडिंग बैंक कार्ड्स और कंज्यूमर लोन्स पर

AU SMALL FINANCE BANK · AXIS BANK · HDFC BANK · IDFC FIRST Bank · IndusInd Bank · kotak · onecard · RBL BANK · SBI card · YES BANK · HDB

#CelebrateWithNoExcuses

digital — PERSONALISING TECHNOLOGY — www.reliancedigital.in

INVERTER ACs

VOLTAS 1.5T VRTS RGALMAGNM ₹36990.00** 5 STAR

Kelvinator 1.5T KAS-V183ALSG6 ₹28990.00** 3 STAR

*Prices inclusive of cashback & exchange offers

RO WATER PURIFIER — BENEFITS: GET BAJAJ 3J 500W MIXER WORTH ₹5000.00 AT ₹499.00*

boAt PARTYPAL 450 180W FREE 2 MIC ₹13499.00* — BENEFITS: FREE ANC HEADPHONE WORTH ₹4499.00*

noise TWIST GO ₹4999.00 ₹1399.00*

ROBOTIC VACUUM CLEANER ₹34499.00 ₹24999.00* — FREE PRODUCTS WORTH ₹22999.00*

boAt 500W 5.1CH SOUNDBAR ₹10999.00*

*Price post cashback

ONEPLUS NORD BUDS 3 ANC ₹2799.00 ₹2499.00*

upto ₹15000.00 EXCHANGE BENEFIT* upto ₹20000.00 CASH BACK*

GET GIFTS WORTH upto ₹12490.00*

UPSIZE & UPGRADE To a Bigger Refrigerator — POWERED BY: LG Haier | CO-POWERED BY: Godrej



REFRIGERATORS

DOUBLE DOOR Starting from ₹17990.00* EMI of ₹1994.00*

SIDE BY SIDE Starting from ₹39990.00* EMI of ₹2994.00*

FRENCH DOOR Starting from ₹69990.00* EMI of ₹2994.00*

WASHING MACHINES

SEMI AUTOMATIC LG 7 Kg ₹11990.00* EMI of ₹999.00*

TOP LOAD VOLTAS 6.5 Kg ₹11990.00* EMI of ₹999.00*

FRONT LOAD HAIER 8 Kg ₹32990.00* EMI of ₹2749.00*

*Prices after bank cashback & under exchange.

BLUE STAR · BOSCH · BPL · Electrolux · Godrej · Haier · IFB · LG · LLOYD · VOLTAS · beko · Whirlpool

FLASH SALE

DELL 13 XPS TOUCH Intel® Core™ 5 Series 3 ₹100809.00 ₹74999.00*

MacBook Neo Powered by A18 Pro Built for Apple Intelligence. ₹79900.00 ₹64900.00*

HP Omnibook 3 Ryzen 3 7000 8 GB | 512 GB SSD ₹83421.00 ₹44999.00*

*Prices after discount & cashback

फ्री डिलीवरी* सबसे जल्दी इंस्टॉलेशन* | बिल्कुल नई टेक्नोलॉजी की विशाल रेंज | ईज़ी ईएमआई | सबसे कम कीमत* | 14-दिन आसान रिटर्न

SCAN TO VISIT WEBSITE OR STORE

शॉपिंग करें यहां से भी: MY JIO STORE | Jio DIGITAL LIFE

Unless specified, the retail prices shown are for 1 unit of the product.
Terms & Conditions Apply: AU Small Finance Bank/IDFC First Bank/Kotak Bank/RBL/Yes Bank: CC FS: 7.5% discount up to Rs 1,500 on transactions of Rs 10,000 & above. Flat Rs. 3,000 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. Flat Rs. 5,000 discount on a minimum transaction of Rs. 1,00,000 & above. Flat Rs. 10,000 discount on a minimum transaction of Rs. 2,00,000 & above. CC EMI: : 7.5% discount up to Rs 2,500 on transactions of Rs 10,000 & above. Flat Rs. 3,500 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. Flat Rs. 7,000 discount on a minimum transaction of Rs. 1,00,000 & above. Flat Rs. 15,000 discount on a minimum transaction of Rs. 2,00,000 & above. Flat Rs. 25,000 discount on a minimum transaction of Rs. 3,00,000 & above. IDFC: DC FS: 7.5% discount up to Rs 1,500 on transactions of Rs 10,000 & above. Flat Rs. 3,000 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. IndusInd: CC/DC FS: 7.5% discount up to Rs 1,500 on transactions of Rs 10,000 & above. Flat Rs. 3,000 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. Flat Rs. 5,000 discount on a minimum transaction of Rs. 1,00,000 & above. Flat Rs. 10,000 discount on a minimum transaction of Rs. 2,00,000 & above. CC EMI: 10% discount up to Rs 15,000 on transactions of Rs 10,000 & above. Axis/HDFC/SBI/OneCard: CC EMI: 7.5% discount up to Rs 2,500 on transactions of Rs 10,000 & above (SBI Card EMI- Rs. 15,000 & above). Flat Rs. 3,500 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. Flat Rs. 7,000 discount on a minimum transaction of Rs. 1,00,000 & above. Flat Rs. 15,000 discount on a minimum transaction of Rs. 2,00,000 & above. Flat Rs. 25,000 discount on a minimum transaction of Rs. 3,00,000 & above. For HDFC Bank & SBI Cards, EMI offer applicable on 6 months & above tenure only. Offers applicable on purchase of select product & brands only. Offers is applicable across Reliance digital, My Jio Stores, JioMart Signature stores & www.reliancedigital.in from 31st Oct to 11th Nov 2026. For the purpose of this offer, CC FS shall refer to Credit Card Full Swipe, CC EMI shall refer to Credit Card EMI, DC FS shall refer to Debit Card Full Swipe. Consumer Durable Loan Upto 20,000 Cashback on LED, Laptop, AC, Ref, Washing Machine & Mobile Phone with Bajaj Finserv. Offer validity : 31st Oct'26 to 11th Nov'26.Up to Rs 45000/- Cashback on Refrigerator, Panel, Washing Machine, Dish Washer, Smart phone & laptop with IDFC First Bank Ltd .Offer validity: 31st Oct'26 to 15th Nov'26 for IDFC First Bank. Up to Rs 31,000/- cash back on Consumer durable products, laptop & Digital Products with HDB Financial services, offer Validity 31st Oct'26 to 11th Nov'26 for Pan India. All Paper finance offers are available on select brands / products/ Schemes & select customers. offer valid in select states/cities. For more details contact in-store finance executive. For Paper Finance, benefit shall be given to the customer in form of cashback which shall be posted by respective financier as per their terms. Finance: Offer wherever applicable is at the sole discretion of the financing company. Brand Offers: Offers applicable on brands are sole discretion of the respective brands. *GST will be applicable on all the FREE products. All disputes are subject to the exclusive jurisdiction of the courts in Mumbai only.

किसान अब अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता भी बनेगा-नितिन गडकरी

3650 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का किया शिलान्यास एवं लोकार्पण

मुंगराबादशाहपुर। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि किसान अब सिर्फ अन्नदाता नहीं, बल्कि ऊर्जादाता भी बनेगा। किसानों की उपज और कृषि अपशिष्ट से इथेनाल, हाइड्रोजन और विमान का ईंधन तैयार होगा। इससे देश ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी। उक्त बातें उन्होंने गुरुवार दोपहर सार्वजनिक इंटर कालेज में 3650 करोड़ की लागत से कराये जाने वाले मुंगराबादशाहपुर बाईपास सहित विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास के अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आने वाले समय में ऊर्जा का निर्यात करने वाला प्रदेश बनेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत प्रतिवर्ष करीब 22 लाख करोड़



रुपये पेट्रोल और डीजल खरीदने के लिए विदेश भेजता है। इस धनराशि को देश के किसानों तक पहुंचाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। चावल की भूसी और अन्य कृषि अपशिष्ट से इथेनाल तैयार किया जा रहा है। अब किसान विमान के ईंधन का उत्पादन करने की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है। पराली से सड़क निर्माण का प्रयोग सफल हुआ है। सोयाबीन से हाइड्रोजन बनाने के प्रयोग भी किए जा रहे हैं, जिससे भविष्य में विमान और कारें चल सकेंगी। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति के लिए वाटर, पावर, कम्युनिकेशन और किसानों को सुलभ संसाधन उपलब्ध कराना जरूरी है। अमेरिका की सड़कें अच्छी हुईं तो वह आर्थिक रूप से समृद्ध हुआ। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से देश के साढ़े छह लाख गांवों में से करीब साढ़े तीन लाख गांवों को सड़क सुविधा का लाभ मिला है। परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें सड़क परिवहन मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी तो उन्होंने बेहतर सड़कें बनाने का संकल्प लिया था।आज वह अपना वचन पूरा कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में करीब पांच लाख करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। इसमें एक लाख करोड़ रुपये के कार्य पूरे हो चुके हैं, जबकि सवा लाख करोड़ रुपये के कार्य प्रगति पर हैं। शेष परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। इनसे प्रदेश की तस्वीर बदलने वाली है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रभु श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण की पावन भूमि है। भारतीय संस्कृति सर्वसमावेशी है। सभी धर्मों और आस्थाओं का सम्मान करना हमारी परंपरा है। जिस प्रकार सभी नदियां सागर में समाहित हो जाती हैं, उसी प्रकार भारत की संस्कृति सभी को साथ लेकर चलती है। इस अवसर पर प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव, महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह, पूर्व सांसद वीपी सरोज, विधायक रमेश मिश्र, विधायक रमेश सिंह, भाजपा के पूर्व प्रत्याशी अजय शंकर दुबे अज्जू, नगर पालिका अध्यक्ष कपिल मुनि, पूर्व विधायक सुषमा पटेल, बांके लाल सोनकर, सुरेंद्र सिंह, अंजय शंकर दूबे आदि ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बाईपास सड़क निर्माण हो जाने पर मुंगराबादशाहपुर में होने वाले यातायात जाम की समस्या से निजात मिलेगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति, अजय सिंह, एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंसू, पूर्व मंत्री जगदीश सोनकर मंडल अध्यक्ष राजीव केशरी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

एक नज़र इधर भी

डिवाइडर पर चढ़ी स्कूली बच्चों से भरी बस, ११ घायल

जौनपुर। बक्शा थाना क्षेत्र में बुधवार रात स्कूली बच्चों से भरी बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे में 10 छात्र समेत स्कूल का एक कर्मचारी घायल हो गया। सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया



गया, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। प्रतापगढ़ के पट्टी क्षेत्र स्थित जहानाबाद के कमला गोविंद एजुकेशनल स्कूल के 33 बच्चे बुधवार सुबह वाराणसी भ्रमण के लिए निकले थे। सारनाथ समेत अन्य स्थानों का भ्रमण कर वापसी के दौरान रात करीब 8ः30 बजे अलीगंज बाजार में दुबे ढाबा के पास बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। झटके से कई बच्चे सीटों से नीचे गिर पड़े और बस में चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने बच्चों को बस से बाहर निकाला और पुलिस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घायलों में खुशी सिंह, शिवानी, कोमल शर्मा, अनु गौतम, शिवानी गौतम, राधा सिंह, सोनाक्षी, लकी सरोज, ऋषभ चौहान और मनीष वर्मा समेत 10 छात्र और एक कर्मचारी शामिल हैं। सूचना पर एसडीएम सदर योगिता और सीएमओ डॉ. गंगाराम गौतम जिला अस्पताल पहुंचे और घायल बच्चों का हाल जाना। बक्शा थाना प्रभारी प्रशांत सिंह के मुताबिक सभी घायल खतरे से बाहर हैं, परिजनों को सूचना दे दी गई है। हादसे के बाद बस चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। बस जगत रोड लाइन्स, अजीत नगर, प्रतापगढ़ की बताई गई है। पुलिस जांच कर रही है। इस हादसे ने एक बार फिर स्कूली बच्चों के परिवहन और सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

साइकिल सवार को तेज रफ्तार कार ने घसीटा, मौत

धर्मापुर। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के धर्मापुर के बहोरा का पूरा गांव के पास गुरुवार सुबह तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से साइकिल सवार 50 वर्षीय रामू गौड़ की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के वक्त कार के बंपर में साइकिल फंस जाने से रामू गौड़ करीब 50 मीटर तक सड़क पर घिसटते चले गए। इसके बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, धर्मापुर गांव निवासी रामू गौड़ (50) पुत्र स्वर्गीय लक्षीराम गौड़ गुरुवार सुबह सब्जी मंडी में सब्जी बेचकर साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब छह बजे जौनपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि साइकिल कार के बंपर में फंस गई और रामू गौड़ करीब 50 मीटर तक घिसटते चले गए। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, कुछ दूर जाने के बाद कार भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

एसपी का बड़ा एक्शन, कोतवाल और चौकी प्रभारी निलंबित

जौनपुर। चोरी की घटना में प्रभावी कार्रवाई न करना और सक्रिय अपराधी को थाने लाने के बावजूद बिना गहन पूछताछ एवं विवेचनात्मक कार्रवाई के छोड़ देना कोतवाली पुलिस को भारी पड़ गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली की प्रभारी निरीक्षक अनीता सिंह और सरायपोख्ता चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राहुल रंजन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसपी की इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। मामले के अनुसार, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत प्राप्त हुई थी कि थाना कोतवाली क्षेत्र में हुई चोरी की घटना में पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई नहीं की। इतना ही नहीं, एक सक्रिय अपराधी को पूछताछ के लिए थाने पर लाए जाने के बावजूद उससे गहन पूछताछ और आवश्यक विवेचनात्मक कार्रवाई किए बिना ही छोड़ दिया गया। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच सहायक पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर से कराई गई। जांच में दोनों पुलिस अधिकारियों की प्रथम दृष्टया लापरवाही और स्वेच्छाचारिता सामने आई। इसे अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीर उदासीनता और पुलिस विभाग की छवि धूमिल करने वाला कृत्य मानते हुए एसपी ने दोनों को निलंबित कर दिया। एसपी के इस सख्त कदम से साफ संदेश गया है कि अपराधियों के प्रति लापरवाही और कर्तव्य निर्वहन में मनमानी करने वाले पुलिसकर्मियों को बख्शा नहीं जाएगा। वर्दी की जिम्मेदारी निभाने में चूक पर विभागीय कार्रवाई तय है।

दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

सुजानगंज। थाना पुलिस ने पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के प्रयास के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष अमित कुमार पाण्डेय ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई की। मामले में वांछित हरिश्चन्द्र बिन्द (62 वर्ष), निवासी घाटमपुर, थाना सुजानगंज को 4 नवंबर 2026 को उसके घर से हिरासत में लिया गया। इस मामले में सुजानगंज थाने में मुकदमा संख्या 367/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 65(2) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 5एम/6 में मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अमित कुमार पाण्डेय, कांस्टेबल श्यामसुन्दर, कांस्टेबल रवि साहनी और महिला कांस्टेबल प्रीती यादव शामिल रहीं।

कुत्तों के हमले से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

शाहगंज। क्षेत्र के खनुवाई गांव में बुधवार को रात भारतीय राष्ट्रीय पक्षी मोर को अचानक कुत्तों ने घेर कर हमला कर दिया मोर ने जान बचाने का बहुत प्रयास किया मगर आवारा कुत्तों की संख्या ज्यादा होने के कारण घेर कर उसे पर टूट पड़े जब तक आसपास के लोग समझ पाए तब तक उसे नोच कर पूरी तरह घायल कर चुके थे आसपास रहने वालों ने किसी तरीके से कुत्तों को लाठी डंडे से मार कर भगाया मगर तब तक बहुत देर हो चुकी थी देखने के बाद पता चला की मोर की मृत्यु हो चुकी है, इसके बाद सूचना पाकर मौके पर पहुंचे बड़ा गांव चौकी प्रभारी अजय सिंह मय हमराह आरक्षी सूर्यकुमार यादव, व सिजाउद्दीन शेख, ग्रामीणों के सहयोग से शाहगंज नायब तहसीलदार की उपस्थिति में मोर को तिरंगे में लपेटकर पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें खनुवाई ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार यादव, पूर्व प्रधान राजमन यादव, दिलीप गौतम, मोहम्मद हसन खान, त्रिभुवन यादव, नीलू यादव ने अंतिम संस्कार में प्रशासन का सहयोग किया।

विवाहिता की मारपीट कर हत्या करने का आरोप

केराकत। नगर के मध्य स्थित शेखजादा मोहल्ला में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। विवाहिता के स्वजनों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पति समेत छह लोगों पर दहेज मुकदमा दर्ज कराया है। युवती के स्वजनों ने थाने में हंगामा करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। रीना गुप्ता निवासी मुकीमगंज वाराणसी ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उनकी पुत्री अंजली गुप्ता (25) उर्फ रूपाली की शादी दिसम्बर 2022 में नितिन गुप्ता से हुई थी, शादी के समय से ही दहेज के रूप में छह लाख पचास लाख रूपया दिया गया था। आरोप है शादी के बाद से ही दहेज के लिए अंजली गुप्ता को प्रताड़ित किया जाता रहा। जिसके लिए मंगलवार को अंजली गुप्ता को जहरीला पदार्थ पिलाकर मारा पीटकर हत्या कर दी गयी। रीमा गुप्ता ने बताया कि अंजली के पति नितिन गुप्ता ने फोन कर बताया कि अंजली की तबियत खराब है, बीएचयू में इलाज चल रहा है। आरोप है कि जब वह बीएचयू ट्रामा सेन्टर पहुंची तो उनकी बेटी को चिकित्सक द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद स्वजन कोतवाली पंहुचे, हंगामा



करते हुए मुकदमा दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। मौके पर पुलिस ने मृतका के ससुर आत्माराम को हिरासत में ले लिया, जिसकी सूचना मिलने पर मृतका के स्वजनों ने उसे मारने पीटने के लिए थाने में हंगामा किया। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति नितिन गुप्ता, सास माया देवी, ससुर आत्माराम, ननद किरन व पूजा व नन्दोई रमेश गुप्ता के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

प्रसाद तिराहे के पास ट्रक से टकराया ट्रेलर, खलासी की मौत

धर्मापुर। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के प्रसाद तिराहे के पास हुए सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक अमन कुमार की मौत हो गई। अमन कुमार 19 आजमगढ़ के तहबरपुर का निवासी था। वह चालक सुजीत कुमार के साथ टेलर से आजमगढ़ से जौनपुर की तरफ जा रहा था। घटना के समय खलासी अमन ही टेलर चला रहा था जबकि चालक सुजीत पीछे सोया था। केराकत तिराहे के पास ईंट लदा खराब ट्रक सडक के किनारे खडा था और उसका चालक ट्रक का अगला पहिया बदल रहा था तभी आजमगढ की तरफ से तेज गति से आ रहे टेलर ने ट्रक में पीछे से टक्कर मार दिया। दुर्घटना में अमन की मौत हो गई। आरोप है कि हादसे के बाद चालक सुजीत कुमार ने निजी एंबुलेंस से अमन का शव उसके घर पहुंचवाया और बिना कुछ बताये वहां से चला गया। सुबह अमन के परिजन घटनास्थल की तलाश करते हुए केराकत तिराहे पर पहुंचे। वहां उन्हें पूरी घटना की जानकारी हुई। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

संदिग्ध परिस्थितिमें युवक की मौत से सनसनी

मैरेज हाल में निजी कार्यक्रम में शामिल होने गया था युवक, साथ गये युवकों पर हत्या का आरोप



खुटहन। मैरेज हाल में आयोजित निजी समारोह में शामिल होने गए युवक की अगली सुबह संदिग्ध हालात में मौत हो गई। लहूलुहान हालत में गांव की एक दुकान पर मिले युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर स्वजनों ने साथ गए युवकों पर मारपीट कर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। वहीं, साथ रहे एक युवक ने नकाबपोश बदमाशों द्वारा ईंट से हमला किए जाने की बात कही है। दोनों पक्षों के अलग-अलग दावों से युवक की मौत का मामला रहस्यमय बन गया है। तिलवारी गांव निवासी 39 वर्षीय नीरव सिंह उर्फ सेठ पुत्र धीरेंद्र सिंह बुधवार की शाम अपने दोस्त मुन्नू यादव निवासी बनगांव पट्टी, थाना बदलापुर के रिश्तेदार के निजी कार्यक्रम में शामिल होने बदलापुर बाजार स्थित एक मैरेज हाल गए थे। वहां नीरज यादव और डिहियां गांव निवासी मंतोष पांडेय भी मौजूद थे। गुरुवार सुबह नीरज ने फोन कर स्वजनों को नीरव के दुर्घटनाग्रस्त होने और बनगांव पट्टी स्थित एक दुकान पर पड़े होने की सूचना दी। स्वजन मौके पर पहुंचे तो नीरो अचेत अवस्था में मिले। उनके नाक और कान से खून निकल रहा था। आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। स्वजनों का आरोप है कि तीनों ने मिलकर रात में नीरो पर जानलेवा हमला किया और अचेत होने पर उन्हें गांव लाकर दुकान पर छोड़ दिया। उधर, नीरज यादव का कहना है कि वह नीरो के साथ बाइक से लौट रहे थे। रास्ते में सिगरेट लेने के लिए रुके थे, तभी तीन-चार नकाबपोश लोगों ने ईंट से नीरो के सिर पर हमला कर दिया। घबराहट में वह उन्हें अपने गांव लाकर दुकान पर लिटा दिए। खबर लिखे जाने तक मामले में थाने पर कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

सरस्वती विद्या मंदिर में संस्कृति बोध परियोजना प्रमुख का आगमन

भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत और प्राचीन सीमाओं की जानकारी देकर छात्राओं को किया जागरूक

जौनपुर। सरस्वती विद्या मंदिर, बारीनाथ, जौनपुर में संस्कृति बोध परियोजना के क्षेत्र प्रमुख राजेन्द्र देव त्रिपाठी का आगमन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित वंदना सभा में उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री दाऊजी उपाध्याय की उपस्थिति में विद्यालय की बहनों ने अतिथि महोदय को बैज लगाकर स्वागत किया तथा दीप प्रज्ज्वलित कर वंदना सभा का शुभारंभ किया। इसके पश्चात प्रधानाचार्य ने बहनों से अतिथि का परिचय कराया। अपने संबोधन में श्री राजेन्द्र देव त्रिपाठी ने संस्कृति बोध परियोजना के उद्देश्यों एवं महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत हम सभी भारतवासियों की माता है। यह केवल एक भूखंड मात्र नहीं, बल्कि हमारी आराध्य मातृभूमि है। हम सभी श्रद्धापूर्वक इसकी वंदना करते हैं। उन्होंने मातृभूमि के प्रति सम्मान और गौरव की भावना जागृत करने का संदेश दिया। उन्होंने भारत की प्राचीन सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक सीमाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि उत्तर में हिमालय, कैलाश-मानसरोवर, नेपाल और भूटान तक भारत की सांस्कृतिक पहचान का विस्तार रहा है। उत्तर-पश्चिम में अफगानिस्तान और गांधार क्षेत्र का ऐतिहासिक महत्व रहा है। उन्होंने सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य एवं सम्राट अशोक के शासनकाल, महाभारत काल के गांधार देश तथा गांधारी के प्रसंगों का भी उल्लेख किया। इसी क्रम में उन्होंने पूर्व दिशा में म्यांमार (ब्रह्मदेश), वर्तमान पाकिस्तान और बांग्लादेश तथा दक्षिण में हिंद महासागर स्थित श्रीलंका (सिंहलद्वीप) के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंधों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत की गौरवशाली सभ्यता, संस्कृति और परंपराओं को जानना प्रत्येक विद्यार्थी के लिए आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को संस्कृति बोध परियोजना के अंतर्गत निर्धारित गतिविधियों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने तथा भारतीय संस्कृति, इतिहास और परंपराओं के प्रति रुचि विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के उपरांत जौनपुर संकुल से जुड़े विद्यालयों के आचार्यों एवं प्रधानाचार्यों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें परियोजना की गतिविधियों और क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। विद्यालय अवकाश के बाद आचार्य एवं आचार्या बहनों के साथ भी बैठक कर आगामी सत्र के लिए संस्कृति बोध परियोजना के लक्ष्य निर्धारित किए गए।

लाठी-डंडों से हमला, पत्नी, दो बेटे घायल

खेतासराय। थाना क्षेत्र के मनेछा गाँव में गुरुवार की सुबह धान की कटाई कर रहे एक परिवार पर लाठी-डंडों से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गाँव के ही चार लोगों ने अचानक पहुँचकर गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी। हमले में महिला समेत दो युवक घायल हो गए। मनेछा गाँव निवासी सुभाष गौतम के मुताबिक, गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे उनकी पत्नी सुशीला देवी, बेटे प्रिंस कुमार और पुनीत कुमार धान के खेत में कटाई कर रहे थे। इसी दौरान गाँव के हर्षित कुमार पुत्र महेंद्र कुमार, शैलेंद्र, विजेंद्र और महेंद्र कुमार पुत्र मुरली अचानक खेत में पहुँच गए। आरोप है कि चारों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में उनकी पत्नी और दोनों बेटों को काफी चोटें आईं। आरोपित जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी देते हुए चले गए।

मोबाइल टावर पर चढ़ी युवती, काफी मशक्कत के बाद उतरी नीचे

मछलीशहर। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के रामनगर (पराहित) गांव में कथित प्रेमी के विवाह से मुकरने के बाद कायम मुकदमा में गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज युवती मोबाइल टावर पर चढ़ी। 5 घंटे के काफी मसक्कत के बाद पुलिस द्वारा आश्वासन देने पर नीचे उतरी। प्राप्त जानकारी अनुसार रामनगर गांव निवासी साधना गुप्ता पुत्री दिनेश (22) गुरुवार को सुबह लगभग साढ़े नौ बजे पराहित (बबुरा) गांव में लगे मोबाइल टावर पर चढ़ गई। 10 सितंबर को कोतवाली में दर्ज मुकदमे मेंअनिल गुप्ता पर आरोप लगाया कि उसने विवाह का झांसा देकर उसके साथ तीन साल तक अवैध संबंध बनाया। बाद में शादी करने से मुकर गया। मुकदमा की जानकारी होने पर आरोपी के पिता ने बेटे को नाबालिग बताते हुए हाईकोर्ट में मुकदमा दायर किया है। हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। पुलिस द्वारा गिरफ्तारी नहीं करने से नाराज युवती गुरुवार को टावर पर 75 फिट ऊपर चढ़ गई। घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस और बरसठी के थानाध्यक्ष जे पी यादव ने काफी देर तक मान मानमनौव्वल किया। 5 घंटे कड़ी मसक्कत के बाद उच्चाधिकारियों को सूचित कर कार्यवाही करने के आश्वासन पर युवती नीचे उतरी ।मामले में क्षेत्राधिकारी परमानंद कुशवाहा का कहना है कि युवती के उक्त प्रकरण में न्यायालय से गिरफ्तारी करने पर रोक लगाई गई है। ऐसे में विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर निर्देश प्राप्त करने के उपरांत कोई कार्यवाही की जायेगी।

नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का लगाया आरोप

तेजीबाजार। क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है जिसमें मां की तहरीर पर पुलिस ने एक युवक पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही हैं। पीड़ित महिला का आरोप है कि बीते 2 नवंबर को मेरी नाबालिग बेटी सामान लेने दुकान पर गयी थी मेरे ही गांव का एक युवक मेरी बेटी को बहला फुसलाकर कही भगा ले गया काफी खोजबीन किया गया परन्तु कुछ पता नहीं चल पा रहा हैं, पीड़ित महिला थानाध्यक्ष से बेटी को ढूंढने की गुहार लगाई हैं। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष सतेंद्र भाई पटेल ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर उक्त गांव निवासी विशाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर खोजबीन की जा रही है।

अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा जगदीशपुर-नेवादा सड़क मार्ग

जफराबाद। एक तरफ जहां सरकार के द्वारा सड़को को गड्ढा मुक्त बनाने का अभियान चलाया जा रहा है वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के जगदीशपुर चौराहा से राजकीय पालिटेक्निक कालेज होते हुए नेवादा चौराहा को जाने वाला सड़क मार्ग सरकार के गड्ढामुक्त अभियान को कई वर्षों से मुंह चिढ़ा रहा है। क्योंकि उक्त सड़क जगह-जगह टूट जाने के कारण सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन गये है। सड़क में बने गड्ढे के कारण हल्की बरसात होते ही उक्त सड़क पानी से लबालब हो जाता है। सड़क पर भारी जल जमाव के कारण राहगीरों एवं स्थानीय जनों की स्थिति आवागमन को लेकर नारकीय बन जाता है। उक्त सड़क पर हमेशा जल जमाव रहता है जिसके कारण होने से पैदल चलने वाले लोगों के साथ-साथ वाहन चालकों को भी भारी मुसीबत का सामना करना पड़ता है। इस जर्जर टूटे फूटे जल जमाव युक्त सड़क पर कब कौन गिरकर घायल हो जाए कुछ कहा नहीं जा सकता।

पत्नी की विदाई कराने गये युवक का शव पहुंचा घर

मछलीशहर। पत्नी की विदाई कराने मुंबई गए युवक की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। बृहस्पतिवार दोपहर शव पैतृक आवास पहुंचा तो कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी अनुसार सिकरारा थाना क्षेत्र के आनापुर निवासी प्रेमचंद बिंद द्वारिका प्रसाद इंटर कॉलेज दशरथपुर में प्रवक्ता थे। छह माह पहले उनका विवाह दाउदपुर गांव में हुई थी। पत्नी मायके वालों के साथ मुंबई गई थी, जिसकी विदाई कराने वे दशहरा पर मुंबई गए थे। परिजनों के अनुसार मंगलवार को अचानक तबीयत खराब होने पर दिवा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रात में निधन हो गया। बृहस्पतिवार दोपहर एंबुलेंस से शव घर पहुंचा तो श्रद्धांजलि देने वालों की भीड़ जुट गई। परिवार में कोहराम मच गया।

पूर्वांचल विश्वविद्यालय में दो शिक्षक बने ओएसडी

डॉ. प्रशांत को ओएसडी-तकनीकी और डॉ. दिव्येंदु को प्रशासन की जिम्मेदारी

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में प्रशासनिक एवं तकनीकी कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर दो सहायक आचार्यों को विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह की ओर से जारी कार्यालय आदेश के अनुसार, इंजीनियरिंग संस्थान के कम्प्यूटर साइंस विभाग के शिक्षक डॉ. प्रशांत कुमार यादव को ओएसडी-टेक (विशेष कार्याधिकारी, तकनीकी) तथा डॉ. दिव्येंदु मिश्रा को ओएसडी-एडमिन (विशेष कार्याधिकारी, प्रशासन) नियुक्त किया गया है। आदेश के तहत ओएसडी-टेक डॉ. प्रशांत परिसर नेटवर्क, ई-ऑफिस और डिजिटल कार्यप्रवाह सहित अनुमोदित सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी पहलों के क्रियान्वयन में समन्वय एवं अनुश्रवण करेंगे। वहीं, ओएसडी-एडमिन डॉ. दिव्येंदु मिश्रा कार्यालयी कार्यों, बैठकों, पत्रावलियों एवं पत्राचार का समन्वय करेंगे। साथ ही प्रशासनिक निर्णयों पर की गई कार्रवाई का अनुश्रवण भी उनकी जिम्मेदारी होगी। कार्यालय आदेश में स्पष्ट किया गया है कि दोनों विशेष कार्याधिकारी कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह के सीधे पर्यवेक्षण में कार्य करेंगे। इसके अतिरिक्त कुलपति की ओर से सौंपे गए अन्य दायित्वों का भी निर्वहन करेंगे।

डीएपी के लिए समितियों पर उमड़ी किसानों की भीड़

नौ समितियों में से दो पर पहुंची २५०-२५० बोरी डीएपी

सुइथाकला। किसान परेशान हैं और सरकार अपनी उपलब्धियां गिनाने में व्यस्त है। गेहूं और



सरसों की बुवाई के ऐन मौके पर डीएपी खाद की किल्लत ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। साधन सहकारी समितियों पर खाद लेने के लिए उमड़ रही किसानों की भीड़ सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच के अंतर को उजागर कर रही है। गौरतलब है कि विकासखंड क्षेत्र की कुल नौ साधन सहकारी समितियों में से अरसिया और सरायमोहिउद्दीनपुर समितियों पर 250-250 बोरी डीएपी की आपूर्ति हुई। खाद पहुंचने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में किसान समितियों पर पहुंच गए। सीमित मात्रा में खाद और जरूरतमंद किसानों की भारी तादाद के चलते यहां एक अनार सौ बीमार वाली कहावत चरितार्थ होती नजर आई। पर्याप्त डीएपी नहीं मिलने से किसानों को गेहूं और सरसों की बुवाई प्रभावित होने की चिंता सता रही है। विडंबना यह है कि किसानों की आय दोगुनी करने का सपना दिखाने वाली सरकार के सामने बुवाई के महत्वपूर्ण समय में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करना बड़ी चुनौती बना हुआ है। चुनावी वर्ष में किसानों की यह स्थिति सरकार के कृषि विकास और किसान हितैषी दावों पर सवाल खड़े कर रही है। किसान चाहते हैं कि समितियों पर पर्याप्त मात्रा में डीएपी उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें खाद के लिए भटकना न पड़े और समय से फसलों की बुवाई कर सकें। इस संबंध में जिला सहकारिता अधिकारी ब्रजेश पाठक वाराणसी में बैठक में शामिल होने के कारण समितियों पर डीएपी की अगली आपूर्ति के संबंध में जानकारी नहीं दे सके।

भरत को ग्रामीणों के साथ देख लक्ष्मण हुए क्रोधित, राम ने कराया शांत

जंघई। विकास खंड मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत असवां में आदर्श रामलीला एवं राघव सेवा ट्रस्ट के बैनर तले हो रही रामलीला के चौथे दिन भरत मिलाप, शूर्पणखा प्रसंग और सीता हरण का मार्मिक मंचन हुआ। जब भरत अपने समूह के साथ चित्रकूट में भगवान श्रीराम से मिलने पहुंचे, तो लक्ष्मण को लगा कि भरत सेना सहित युद्ध करने आ रहा है। इस पर लक्ष्मण क्रोधित होकर श्रीराम के पास पहुंचे। श्रीराम ने लक्ष्मण के क्रोध को शांत कराया कि भरत ऐसा नहीं कर सकता, उसके आने का इंतजार करो। जैसे ही भरत श्रीराम के पास पहुंचे, भगवान ने उन्हें गले लगा लिया।



रोजगार मेले में ४२७ अभ्यर्थियों को मिला रोजगार का अवसर

विधायक दीनानाथ भास्कर ने किया शुभारंभ एवं १५ अभ्यर्थियों को प्रदान किये आफर लेटर

ज्ञानपुर। प्रदेश सरकार की युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने की प्रतिबद्धता के क्रम में आज श्री काशी राज इंटर कॉलेज, जीटी रोड, विधानसभा क्षेत्र औराई में एक दिवसीय रोजगार मेले का भव्य आयोजन किया गया। रोजगार मेले में 25 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें लगभग 950 अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए रोजगार के अवसर प्राप्त करने के लिए साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया में भाग लिया। विभिन्न कंपनियों द्वारा चयन प्रक्रिया के उपरांत कुल 427 अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर प्रदान किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ औराई विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दीनानाथ भास्कर जी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक जी द्वारा प्रतीकात्मक रूप से 15 अभ्यर्थियों को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान कर उन्हें आशीर्वाद एवं प्रोत्साहन दिया गया। इस अवसर



पर विधायक दीनानाथ भास्कर ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रभावी कदम उठा रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि प्रदेश के शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को उनकी योग्यता और कौशल के अनुरूप रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। इसके लिए रोजगार मेलों का आयोजन एक सराहनीय पहल है, जिसके माध्यम से युवाओं और प्रतिष्ठित कंपनियों को एक मंच पर आने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ कौशल विकास, प्रशिक्षण और रोजगारपरक शिक्षा को भी बढ़ावा दे रही है। युवाओं को चाहिए कि वे इन अवसरों का लाभ उठाकर अपने कौशल एवं प्रतिभा का बेहतर उपयोग करें और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि रोजगार मेला केवल नौकरी प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह युवाओं को अपनी क्षमता पहचानने, विभिन्न औद्योगिक एवं व्यावसायिक क्षेत्रों की आवश्यकताओं को समझने तथा अपने करियर को नई दिशा देने का भी अवसर प्रदान करता है। सेवायोजन कार्यालय से लायक हुसैन, लव कुमार मिश्र, अनिल कुमार एवं वीरेन्द्र कुमार तथा कौशल विकास मिशन से एमआईएस शैलेन्द्र कुमार, रजनीश सिंह, योगेन्द्र कुमार एवं श्री प्रभाकर सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सेवायोजन विभाग, कौशल विकास मिशन तथा श्री काशी राज इंटर कॉलेज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

एसपी ने ज्ञानपुर थाने का किया औचक निरीक्षण

ज्ञानपुर। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल की उपस्थिति में ज्ञानपुर थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने नवनिर्मित पुलिस मेस, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, मालखाना और मिशन शक्ति केंद्र (महिला हेल्प डेस्क) का मुआयना किया। उन्होंने अपराध रजिस्टर सहित अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों की जांच की और उन्हें नियमित रूप से अद्यतन रखने का निर्देश दिया। एसपी ने कहा कि लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। थाने पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए उनका त्वरित समाधान किया जाए।

समुद्र से उत्पन्न हुए थे देवताओं के चिकित्सक भगवान धन्वंतरि, धनतेरस आज

ज्ञानपुर। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को धनतेरस का पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरि उत्पन्न हुए थे। इनके उत्पन्न होने के समय इनके हाथ में एक अमृत कलश था जिस कारण धनतेरस पर बर्तन खरीदने का भी रिवाज है। धन्वंतरि भगवान का जन्म त्रयोदशी तिथि के दिन होने के कारण इस दिन को धनत्रयोदशी और धनतेरस जैसे नाम से जाना जाता है। आचार्य शिवसागर पाण्डेय ने बताया कि धनतेरस से दिवाली पर्व की शुरुआत होती है जो भाई दूज तक रहती है। धनतेरस पर माता लक्ष्मी और भगवान कुबेर के साथ भगवान धन्वंतरि की भी पूजा की जाती है। इस दिन नया समान जैसे सोना, चांदी और अन्य बर्तन की खरीदारी करने से पूरे साल मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है। धनतेरस के मौके पर सोने के खरीदारी का विशेष प्रचलन है। इस बार धनतेरस का पर्व आज मनाया जायेगा। धनतेरस क्यो मनाया जाता है इस सम्बंध में उन्होंने कि इस दिन खरीदारी करने से उसमें तेरह गुणा वृद्धि होती है।

फरार पटाखा कारोबारी के प्रतिष्ठान पर पुलिस का पहरा

गोपीगंज। दीपावली के मद्देनजर अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई के बीच गोपीगंज में छापेमारी के दौरान दुकान और गोदाम बंद कर फरार हुए पटाखा कारोबारी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। पुलिस ने कारोबारी के प्रतिष्ठान के बाहर पहरा लगा दिया है। साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ कर उसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। बुधवार को क्षेत्राधिकारी चमन सिंह चावड़ा ने बताया कि संबंधित कारोबारी दुकान और गोदाम बंद कर फरार है। उससे संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। यदि संपर्क नहीं हो पाता है तो पुलिस अपने स्तर से अग्रिम कानूनी कार्रवाई करेगी। गौरतलब है कि मंगलवार को उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर अरुण कुमार और सीओ के नेतृत्व में प्रशासनिक एवं पुलिस टीम अवैध पटाखों के भंडारण की जांच करने गोपीगंज पहुंची थी। टीम कथित पटाखा कारोबारी रामचंद्र के प्रतिष्ठान और गोदाम पर जांच के लिए पहुंची, लेकिन अधिकारियों के आने से पहले ही संचालक दुकान और गोदाम बंद कर फरार हो गया था। काफी देर इंतजार के बाद भी उसके नहीं पहुंचने पर पुलिस ने प्रतिष्ठान के सामने सिपाहियों की तैनाती कर दी। बताया जाता है कि संबंधित कारोबारी के प्रतिष्ठान और गोदाम पर पूर्व में भी कई बार छापेमारी के दौरान अवैध पटाखे बरामद हो चुके हैं। पूर्व की कार्रवाई में वह जेल भी जा चुका है। इसके बावजूद दोबारा अवैध पटाखों के भंडारण का मामला सामने आने पर प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। दीपावली के मद्देनजर प्रशासन आबादी वाले क्षेत्रों में पटाखों के अवैध भंडारण और बिक्री पर निगरानी रख रहा है। अधिकारियों का कहना है कि बिना अनुमति और सुरक्षा मानकों के पटाखों का भंडारण बड़े हादसे का कारण बन सकता है। ऐसे में अब पुलिस की अगली कार्रवाई पर निगाहें टिकी हैं।

घटे २५ मतदेय स्थल, अब १३७९ बूथों पर होगा मतदान

ज्ञानपुर। आगामी चुनावों में मतदाताओं की सुविधा और सुगम मतदान व्यवस्था को लेकर जनपद में मतदेय स्थलों का समायोजन किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के पुनर्गठन प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके बाद अब जनपद में कुल 1379 मतदेय स्थल और 704 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। पूर्व में जिले में 1404 मतदेय स्थल और 705 मतदान केंद्र थे। इस तरह 25 मतदेय स्थल कम हुए हैं। गुरुवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रति मतदेय स्थल अधिकतम 1200 मतदाताओं के मानक को ध्यान में रखते हुए बूथों का समायोजन किया गया है। विधानसभा क्षेत्रवार जारी विवरण के अनुसार 392-भदोही में 497 मतदेय स्थल और 240 मतदान केंद्र, 393-ज्ञानपुर में 450 मतदेय स्थल और 237 मतदान केंद्र तथा 394-औराई (अजा) में 432 मतदेय स्थल और 227 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं।

सड़क हादसे में नारायणपुर के ओमप्रकाश की मौत

दो बेटों और तीन बेटियों के सिर से उठा पिता का साया

बाबूसराय। थाना औराई क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी ओमप्रकाश बिंद (पुत्र मोतीलाल) की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह वाराणसी में काम करके रात करीब 10 बजे घर लौट रहे थे। इसी दौरान मिर्जामुराद थाना क्षेत्र में उनका एक्सीडेंट हो गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल ओमप्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई। शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। ओमप्रकाश की मौत की खबर सुनकर गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। घर पर सांत्वना देने पहुंचे ग्रामीणों की आंखें भी नम हो गईं। ओमप्रकाश अपने परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे। उनके दो बेटे अभिषेक और विवेक तथा तीन बेटियां हैं। उनकी कमाई से ही पूरे परिवार का भरण-पोषण होता था। अचानक हुए इस हादसे ने परिवार के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। पिता की असमय मौत से बच्चों के सिर से सहारा छिन गया है। परिजनों का विलाप देख हर किसी की आंखें नम हो गईं। गांव के लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि परिवार का भरण-पोषण हो सके।

संदिग्ध परिस्थिति में युवती की मौत

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जखांव गांव में बुधवार की शाम एक दर्दनाक घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। 19 वर्षीय खुशबू बिंद की घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शाम को जब पिता घर लौटे तो शटर बंद था। काफी आवाज लगाने के बाद भी अंदर से कोई जवाब नहीं आया। शटर उठाकर अंदर गए तो बेटी का शव देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग भी दौड़ पड़े। जखांव गांव निवासी तेरस बिंद रोज की तरह बुधवार को भी फुलकी का खोमचा लगाने गए थे। शाम करीब सात बजे जब वे घर लौटे तो घर का शटर बंद मिला। उन्होंने कई बार बेटी खुशबू को आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। अनहोनी की आशंका से उन्होंने शटर उठाया और अंदर घुसे। अंदर का दृश्य देखकर वे सन्न रह गए। खुशबू अचेत अवस्था में पड़ी थी। परिजनों के अनुसार खुशबू की शादी की तैयारी चल रही थी। घर में खुशी का माहौल था, लेकिन इस घटना ने सब कुछ मातम में बदल दिया। परिजनों का कहना है कि खुशबू पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थी और उसका इलाज चल रहा था। लेकिन मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह अभी रहस्य बना हुआ है। क्या यह बीमारी से हुई मौत है या इसके पीछे कोई और वजह है, पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पुलिस ने परिजनों और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की है, सूचना मिलते ही गोपीगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

तीनों विधानसभा क्षेत्रों के मतदेय स्थलों की अंतिम सूची को निर्वाचन आयोग की मंजूरी

ज्ञानपुर। भारत निर्वाचन आयोग ने जनपद की तीनों विधानसभा क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के सम्भाजन संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही मतदेय स्थलों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। अब मतदाता, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और आम नागरिक इस सूची का अवलोकन कर सकेंगे। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शुभांगी शुक्ला ने गुरुवार को बताया कि जनपद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 392-भदोही, 393-ज्ञानपुर और 394-औराई (अजा) के मतदेय स्थलों के सम्भाजन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद तैयार अंतिम सूची को भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली ने अनुमोदित कर दिया है। उन्होंने बताया कि अंतिम सूची जनपद की आधिकारिक वेबसाइट वेबपेज पर उपलब्ध है। इसके अलावा जिला निर्वाचन कार्यालय भदोही और जनपद की सभी तहसीलों में स्थापित मतदाता पंजीकरण केंद्रों पर भी सूची नि:शुल्क निरीक्षण के लिए रखी गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं, संबंधित नागरिकों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अंतिम सूची का अवलोकन करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि मतदेय स्थलों के सम्भाजन का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के साथ मतदाताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

शिखर कैच-अप शिक्षण कार्यक्रम के प्रभावी संचालन के लिए दिया गया प्रशिक्षण

ज्ञानपुर। निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को हासिल करने और बच्चों के शैक्षिक स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से गुरुवार को विकासखंड ज्ञानपुर में कक्षा दो एवं



तीन के शिक्षकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आगामी कैच-अप शिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय चरण 'शिखर' के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों को शिखर कार्यपुस्तिका में शामिल भाषा एवं गणित के कार्यपत्रकों, साप्ताहिक शिक्षण योजना, बच्चों के समूह निर्माण और आकलन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही प्रतिदिन तीसरे कालांश के अंतिम 20 मिनट में कैच-अप शिक्षण संचालित करने की रणनीति समझाई गई। सुगमकर्ताओं ने कार्यपत्रकों के माध्यम से बच्चों की पठन, लेखन एवं गणितीय दक्षताओं को विकसित करने पर जोर दिया। शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए टीएलएम के उपयोग और बच्चों को नियमित रूप से सकारात्मक फीडबैक देने के तरीके भी बताए गए। इसके अलावा शीतकालीन अवकाश के अभ्यास पत्रकों का बेहतर उपयोग करने तथा बच्चों की पढ़ाई में अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर चचाज़् हुई। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न गतिविधियों और प्रश्नोत्तर के माध्यम से शिक्षकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम में एआरपी इबरार अहमद एवं लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन (एलएलएफ) के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मुकेश सिंह ने सुगमकर्ता की भूमिका निभाई। उन्मुखीकरण का उद्देश्य बच्चों के सीखने में रह गए अंतर को कम कर उनकी बुनियादी भाषा एवं गणितीय दक्षताओं को मजबूत करना है।

डोनिव पब्लिक स्कूल में मना दीपावली महोत्सव

गोपीगंज। नगर स्थित डोनिव पब्लिक स्कूल में दीपावली महोत्सव धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा और कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। महोत्सव के तहत कक्षा तीन से आठ तक के बच्चों के बीच आकर्षक दीपथाली सज्जा प्रतियोगिता, कक्षा पांच से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए कलशदीप एवं दीप सज्जा प्रतियोगिता तथा कक्षा छह से 12 तक के छात्र-छात्राओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने नारी शक्ति, छात्र आंदोलन, अनेकता में एकता, द्रौपदी चीरहरण और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे विषयों पर मनमोहक रंगोलियां बनाकर उपस्थित अभिभावकों एवं लोगों का ध्यान आकर्षित किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों में सांची श्रीवास्तव, अंशिका यादव, कार्तिक पांडेय, श्रेयश सिंह और नियति पांडेय शामिल रहे। द्वितीय स्थान पर सुम्पुल फातिमा, पलक मिश्रा, समृद्धि श्रीवास्तव और पिंकी चौहान रहीं। वहीं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों में किशन चौहान, अनन्या वर्मा, इंद्रेश जायसवाल, कृति पांडेय और जैनब मलिक शामिल रहीं। इसके अलावा अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक रत्न शंकर जायसवाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी संस्कृति, परंपराओं और त्योहारों के महत्व को रंगों एवं कलात्मक गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर मिलता है। उन्होंने सभी



प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में आरती विश्वकर्मा, अंश दुबे, शिवम पांडेय, मुकेश दुबे, संगीता श्रीवास्तव, प्रियंका श्रीवास्तव, सृष्टि त्रिपाठी, उन्नति दुबे, एरम फरीन सहित अभिभावक एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

युवा उत्सव में लोक संस्कृति, कला और रचनात्मक प्रतिभाओं का दिखा संगम

ज्ञानपुर। वुडवर्ड पब्लिक स्कूल में गुरुवार को युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग की ओर से जनपद स्तरीय युवा उत्सव-2026 का आयोजन किया गया। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 के तहत आयोजित उत्सव में युवाओं ने लोक संस्कृति, कला, साहित्य और रचनात्मक प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन किया। लोकनृत्य, लोकगीत, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग और कविता लेखन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में युवाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी शैलेष कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, औराई विधायक दीनानाथ भास्कर और भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं। ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं।जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि लोककलाएं और सांस्कृतिक परंपराएं हमारी पहचान हैं। कार्यक्रम में जिला युवा कल्याण अधिकारी रवि कुमार तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी भदोही सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

काशी क्षेत्र अध्यक्ष का गोपीगंज में हुआ जोरदार स्वागत

गोपीगंज। नगर स्थित वाराणसी से प्रयागराज जाते समय गुरुवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के काशी क्षेत्र अध्यक्ष फहद जमाल यासिर का गोपीगंज स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग जीटी रोड चुड़िहारी मोहाल पिलर नंबर 21 के पास पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री आसिफ खान के नेतृत्व में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। इस दौरान अच्छू खान (इमरान खान), शाहबाज खान, जावेद अली, रिंकू सिंह, वसीम खान, डॉ. अली हसन सिद्दीकी, याकूब प्रधान, विजय कौशल, आजाद सिद्दीकी, मोहसिन खान, हसनैन अंसारी और राजेंद्र पुष्कर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

रंगोली प्रतियोगिता, विद्यार्थियों ने दिखायी प्रतिभा

सुरियावां दीपावली पर्व के अवसर पर पीस कॉटेज स्कूल, सुरियावां में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और



कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक रंगोलियां बनाईं। रंग-बिरंगे रंगों से सजी रंगोलियों ने विद्यालय परिसर को दीपावली के उल्लास से सराबोर कर दिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दीपावली के पारंपरिक स्वरूप, सामाजिक सद्भाव, स्वच्छता और भारतीय संस्कृति पर आधारित विभिन्न रंगोलियां बनाकर अपनी कल्पनाशीलता का परिचय दिया। छात्र-छात्राओं की कलाकृतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया। इस दौरान कहा गया कि ऐसी रचनात्मक गतिविधियों से बच्चों की छिपी प्रतिभा निखरती है। साथ ही उनमें आत्मविश्वास, कलात्मक अभिरुचि और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास होता है। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

धनतेरस-दीपावली को लेकर एसपी ने बाजारों में किया पैदल भ्रमण

ज्ञानपुर। आगामी धनतेरस और दीपावली पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था तेज कर दी है। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी भदोही सुमित त्रिपाठी और भारी पुलिस बल के साथ थाना भदोही क्षेत्र के प्रमुख बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त की। इस दौरान एसपी ने बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और भीड़भाड़ वाले स्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने व्यापारियों और आम नागरिकों से सीधे संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में फीडबैक लिया। साथ ही उनकी समस्याओं और सुझावों को भी जाना। एसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि त्योहार के दौरान बाजारों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रहे। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगातार निगरानी रखी जाए और यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए प्रभावी इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता है कि बाजार में खरीदारी करने आने वाले लोगों और व्यापारियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। धनतेरस और दीपावली का त्योहार सभी लोग सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में हर्षोल्लास के साथ मना सकें, इसके लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है।

साइबर ठगी के शिकार युवक को वापस मिली रुपये की पूरी रकम

ज्ञानपुर। ऑनलाइन साइबर ठगी के शिकार सुरियावां निवासी युवक को भदोही पुलिस ने बड़ी राहत दिलाई है। फर्जी एप्लीकेशन के माध्यम से ठगी गई 71,500 रुपये की पूरी धनराशि साइबर क्राइम पुलिस ने वापस करा दी। खाते में पूरी रकम वापस आने पर पीडित ने पुलिस का आभार जताया। पुलिस के अनुसार, सुरियावां कस्बा निवासी सौरभ राज कौशल पुत्र सुरेश चंद्र कौशल के साथ ऑनलाइन फर्जी एप्लीकेशन के जरिए 71,500 रुपये की साइबर धोखाधड़ी हुई थी। पीडित ने इसकी शिकायत साइबर क्राइम थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में साइबर क्राइम पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित प्रक्रिया पूरी की और ठगी गई पूरी रकम पीडित के बैंक खाते में वापस करा दी।

छह से ३० नवंबर तक होगा नि:शुल्क राशन का वितरण

पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट पांच किलो खाद्यान्न मिलेगा

ज्ञानपुर। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत जनपद में नवंबर माह के राशन का नि:शुल्क वितरण छह नवंबर से 30 नवंबर तक किया जाएगा। इसके तहत अंत्योदय और पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा में गेहूं और चावल उपलब्ध कराया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी सुनील ने बताया कि अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न दिया जाएगा। इसमें 10 किलोग्राम गेहूं और 25 किलोग्राम चावल शामिल है। वहीं, पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट पांच किलोग्राम खाद्यान्न मिलेगा, जिसमें दो किलोग्राम गेहूं और तीन किलोग्राम चावल शामिल है। लाभार्थियों को यह खाद्यान्न उचित दर की दुकानों पर पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए नामित नोडल अधिकारियों की मौजूदगी में ई-पॉस मशीन के माध्यम से राशन का वितरण कराया जाएगा। इसके साथ ही लाभार्थियों को पोर्टेबिलिटी की सुविधा भी मिलेगी, जिससे वे अपनी सुविधा के अनुसार दूसरी उचित दर दुकान से भी राशन प्राप्त कर सकेंगे। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी पात्र राशन कार्डधारकों से अपील की है कि वे छह से 30 नवंबर के बीच अपनी उचित दर दुकान पर पहुंचकर निधाज़्रित मात्रा में नि:शुल्क खाद्यान्न प्राप्त कर लें।

बीच सड़क बैरिकेटिंग लगाने से व्यापरियों में आक्रोश

गोपीगंज। दीपावली पर्व को लेकर व्यापारियों ने जहां अपनी दुकानों और प्रतिष्ठानों में व्यवसाय को लेकर भारी उत्साह और तैयारी चल रही है ऐसे में गुरुवार को राजमार्ग चौराहे पर तैनात पिकेट के जवानों ने बीच सड़क पर बेरीकटिंग को लगा दिए जाने से ग्राहकों और आम जन राहगिरो को आने-जाने में हो रही परेशानी को देखते हुए व्यापारियों में आक्रोश फैल गया बताया जाता है कि मामलों को लेकर व्यापारियों ने इसकी जानकारी नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल को दिया मौके पर पहुंचे व्यापार मंडल के अध्यक्ष से सहित महामंत्री दिनेश कुमार उमर ने चौकी इंचार्ज अजय ओझा को समस्याओं से अवगत कराया चौकी इंचार्ज ने तेनात जवानों सहित यातायात उपनिरीक्षक को बुलाकर बीच सड़क पर लगाए गए बेरी केटिंग को आधा हटवाया व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने मामले की शिकायत कोतवाली प्रभारी सच्चिदानंद पांडे से भी कहा व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल ने पुलिस अधीक्षक से मांग किया कि राजमार्ग चौराहे पर पुलिस की मौजूदगी में तोड़े गए गोलंबर को तत्काल बनाया जाए आने वाले दिनों में लग्न का समय शुरू होने के कारण भीषण जाम लगना तय है गोलम्बर बनाए जाने से यातायात सुचारू रूप से चल रहा था क्षेत्रीय सभासद आनंद कुमार गुप्ता ने बड़ी चौराहे से बेरी केटिंग हटाने की व्यापारियों की मांग को सही बताया कहा कि चौराहे के आसपास ठेले वाले सड़कों ने पर कब्जा कर लिया है जिससे आने-जाने में परेशानी होती है। मौके पर मुख्य रूप से दिनेश उमर ,प्रदीप साहू, अनिल दुबे ,अनिस जायसवाल ,अनूप जायसवाल ,विजय कुमार, विनोद कुमार, अजय कुमार ,पवन चौधरी ,पंकज कुमार आदि लोग रहे।

ट्रेन चपेट में आने से युवक की मौत

भदोही। भदोही रेलवे स्टेशन पर गुरुवार दोपहर करीब 1ः30 बजे छपरा से दुर्ग जा रही डाउन सारनाथ एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। युवक की उम्र करीब 32 साल बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, युवक प्लेटफॉर्म नंबर दो की तरफ ट्रेन के सामने कूदा। ट्रेन गुजरने के बाद रेलवे ट्रैक पर उसका शव दो हिस्सों में मिला। चेहरे पर चोट के निशान भी थे। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस के लिए भेज दिया। युवक की पहचान फिलहाल अभी तक नहीं हो सकी थी। पहचान के लिए जीआरपी सोशल मीडिया की मदद ले रही है। जीआरपी चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि मृतक युवक की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है। पहली नजर में मामला आत्महत्या का लग रहा है।

लंबित चालानों का २८ नवंबर को होगा निस्तारण

ज्ञानपुर। मोटर वाहन अधिनियम के तहत लंबित चालानों के निस्तारण के लिए आगामी 28 नवंबर 2026 को जनपद न्यायालय भदोही में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर आयोजित इस लोक अदालत में लंबित चालानों से संबंधित मामलों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष दिनेश चन्द के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत का उद्देश्य वाहन चालकों और अन्य संबंधित वादकारियों को उनके लंबित चालानों का समाधान कराने का अवसर प्रदान करना है। इसके माध्यम से लोगों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिलेगी और समय व धन की बचत भी होगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सभी संबंधित वादकारियों से अपील की गई है कि वे 28 नवंबर को जनपद न्यायालय पहुंचकर अपने लंबित चालानों एवं वादों का निस्तारण कराएं।

अंश यादव ने स्टेट लेवल अथलेटिक्स में जीता पहला स्थान



विधायक जाहिद बेग ने फूल माला पहनाकर दी बधाई

भदोही। नगर से सटे नगुआ ग्राम सभा के होनहार खिलाड़ी अंश यादव ने स्टेट लेवल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंश की इस सफलता पर विधायक जाहिद बेग उनके घर पहुंचकर फूल माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा उत्साहवर्धन किया। इस दौरान विधायक जाहिद बेग ने कहा कि अंश की यह उपलब्धि भदोही जनपद के लिए काफी गर्व की बात है। इन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से स्टेट लेवल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सफलता हासिल की और भदोही का नाम रौशन किया गया। उनकी मेहनत और लगन से जनपद के और भी युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि अंश यादव इसी तरह मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ते रहें और आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का परचम लहराएं और जिले का नाम रौशन करें। अंश उक्त गांव निवासी जटाशंकर यादव के पुत्र और रामजियावन यादव के पौत्र है। विधायक जाहिद बेग ने अंश यादव के पिता और दादा को भी फूल माला पहनाकर बधाई दी। इस मौके पर बृजेश यादव, मशन लाल यादव, गणेश यादव, आनंद यादव, जवाहर लाल यादव व हनुमान यादव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

चंचल मौर्य ने जीते दो स्वर्ण और एक रजत पदक

ज्ञानपुर। लखनऊ विश्वविद्यालय खेल परिसर में 31 अक्टूबर से एक नवंबर तक आयोजित 34वीं उत्तर प्रदेश मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2026 में भदोही के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में खमरिया निवासी चंचल कुमार मौर्य ने दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। चंचल कुमार मौर्य ने 35 प्लस आयु वर्ग की 5000 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके साथ ही 5000 मीटर वॉक रेस में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 10000 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक अपने नाम किया। इसी प्रतियोगिता में देवनाथपुर निवासी सुरेंद्र कुमार मौर्य ने 35 प्लस आयु वर्ग की 5000 मीटर वॉक रेस में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता।

बगैर समस्या का निदान किये आईजीआरएस का कर दिया निस्तारण

गोपीगंज। मुख्यमंत्री पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए जहां आला अधिकारियों द्वारा आए दिन बैठक कर आईजीआरएस की समीक्षा किया जाता रहा है वही इसके निस्तारण को लेकर नगर पालिका गोपीगंज उदासीन बना हुआ है बगैर समस्या का निदान किये आइजीआरएस पोर्टल पर निपटा दिया गया गौरतलब हो की उन्नीस नवंबर को भाजपा सभासद आनंद कुमार गुप्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर नगर के प्रमुख सर्राफ बाजार सदर मोहल्ला में विद्युत पोल पर खराब तिरंगा लाइटों को बदलवाने के लिए शिकायत किया गया था पंद्रह दिन बाद भी नगर पालिका प्रशासन द्वारा बगैर समस्या का निदान किये उक्त आइजीआरएस को यह कहकर फर्जी ढंग से निपटा दिया गया कि इस संबंध में संबंधित कर्मचारियों को अवगत करा दिया गया।

बदहाल सड़क और टूटी पुलिया से परेशान ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

भदोही। अभोली ब्लॉक के शेरपुर गोपलहा गांव में बदहाल सड़क और क्षतिग्रस्त पुलिया को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश सामने आया। आवागमन की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द सड़क निर्माण और पुलिया की मरम्मत कराने की मांग उठाई। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में आने-जाने के लिए आज तक बेहतर सड़क की व्यवस्था नहीं हो सकी है।

आटो से गिरकर छात्र की मौत

दुद्धी(सोनभद्र)। कोतवाली क्षेत्र के कटौली गांव में बुधवार सुबह साढ़े छह बजे एक टेम्पो से गिरकर 10 वर्षीय बालक रिशु राज पुत्र दीपक की मौत हो गई। मृतक गांव के ही एक निजी विद्यालय में कक्षा तीन का छात्र था। परिजनों के अनुसार रिशु सहित गांव के पांच से छह बच्चे सेमर टोला से पड़ोसी के आटों से घूमने के लिए घर से निकला था। सेमर मोड़ से कसिवा मोड़ की ओर जाते समय आटो के चालक सीट पर बैठे एक बालक ने अचानक आटो मोड़ दी, जिससे रिशु गिर गया और टेम्पो के पहिये के नीचे आ गया। घटना के बाद अन्य बच्चों ने गंभीर रूप से घायल रिशु को आटो से पास के ही एक निजी अस्पताल ले आये जहां हालत में सुधार न हो पाने की दशा में चिकित्सक ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुद्धी रेफर कर लिया सीएचसी के चिकित्सकों ने बालक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुद्धी भेजते हुए जांच में जुट गई।

परिजनों में मचा कोहराम, पुलिस जांच में जुटी

परिजनों ने बताया कि रिशु दो भाइयों में बड़ा था और उसकी एक छोटी बहन भी है। घटना से परिजनों सहित पूरे गांव में शोक का माहौल है।

पांच साल से फरार शातिर चोर को पुलिस ने दबोचा

रेणुकूट(सोनभद्र)। वर्ष 2021 से चोरी के मुकदमे में फरार चल रहे वारंटी आरोपी को पिपरी पुलिस ने दीपावली पर आये घर से घेराबंदी करते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों और वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को थाना पिपरी पुलिस क्षेत्र में गश्त और अपराध नियंत्रण के लिए भ्रमण कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली और आरोपी लाला कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी लाला कुमार पुत्र मिन्द्रा उर्फ मोहन, निवासी जैन सिनेमा हॉल के सामने वार्ड नंबर एक मलिन बस्ती पिपरी शामिल हैं।

चोरी की १५१ मोबाइल बरामद, स्वामियों को सौंपा

सोनभद्र। दीपावली पर्व के अवसर पर आमजन की खुशियों को दोगुना करते हुए पुलिस द्वारा खोए,गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी कर उन्हें उनके वास्तविक स्वामियों तक वापस पहुंचाने की दिशा में सराहनीय कार्य किया गया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रूणवाल के कुशल मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में संचालित विशेष अभियान के अंतर्गत जनपद पुलिस को उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। इसी क्रम में सर्विलांस सेल, एसओजी टीम एवं जनपद के समस्त थानों की संयुक्त टीमों द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से तकनीकी विश्लेषण एवं सतत मॉनिटरिंग करते हुए माह सितम्बर-2026 से अब तक कुल 27 लाख रुपये कीमत के कुल 151 खोए, गुम हुए मोबाइल फोन सफलतापूर्वक ट्रेस कर बरामद किए गए। बरामद मोबाइल फोन को आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा द्वारा मोबाइल फोन उनके स्वामियों को वितरित किए गए। दीपावली के अवसर पर अपने खोए हुए बहुमूल्य मोबाइल फोन पुनः प्राप्त कर नागरिकों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली तथा उन्होंने सोनभद्र पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया है। यह सफलता सर्विलांस सेल, एसओजी टीम एवं जनपद के समस्त थानों द्वारा किए गए समन्वित प्रयास, तकनीकी दक्षता एवं सतत अनुश्रवण का परिणाम है। पुलिस क्षेत्राधिकारी रणधीर मिश्रा ने बताया कि मोबाइल फोन गुम होने की स्थिति में तत्काल सीईआईआर पोर्टल अथवा निकटतम थाने पर सूचना दें, जिससे समयबद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

गांजा बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन शुद्धि के क्रम में बुधवार की रात्रि करीब 8.45 बजे मुखबिर की सूचना पर ग्राम लोढ़ी स्थित टीवीएस गोदाम के पास से दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 60.500 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। बरामद गांजा सियाज कार से संबलपुर उड़ीसा से शाहजहांपुर जा रहा था जिसकी अनुमानित कीमत 30 लाख रुपये बताई जाती है। जनपद मुख्यालय स्थित चुर्क पुलिस लाइन में गुरुवार को अपरान्ह दो बजे अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन मोविस टाक ने गांजा के साथ गिरफ्तार अभियुक्तों को पत्रकारों के सामने किया। उन्होंने बताया पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मेंजनपद में चलाये जा रहे ऑपरेशन शुद्धि के क्रम में जिले की एसओजी व रॉबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस शक्तिनगर वाराणसी राजमार्ग पर टीवीएस गोदाम लोढ़ी में वाहनों की जांच कर रही थी, इसी दौरान चोपन की तरफसे एक सियाज कार आती हुई दिखाई दी जिसे पुलिस ने मुखबिर के इशारे पर रोकने का प्रयास किया तो वे भागने का प्रयास करने लगे,लेकिन सक्रिय पुलिस टीम ने मौके पर ही रोक लिया और जब कार की तलाशी लिया तो गुप्त केबिन में छिपाकर उड़ीसा के सम्बलपुर से शाहजहांपुर ले जाया जा रहा तीन प्लास्टिक के कट्टो में रखा 43 पैकेट गांजा बरामद हुआ तथा सीबू अली पुत्र सब्बन अली, निवासी ब्रह्मनान, थाना अल्लागंज के पीछे, जनपद शाहजहांपुर शामिल हैं। पुलिस ने सुजुकी सियाज कार को धारा 60 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत पुलिस कब्जे में लेने के साथ ही गिरफ्तार अभियुक्तों को धारा 8/20/27ए/29/60/61 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय के लिये रवाना किया।

संबलपुर उड़ीसा से शाहजहांपुर ले जाया जा रहा गांजा, राबर्ट्सगंज के लोढ़ी में वाहन जांच के दौरान पुलिस ने किया बरामद

नशे के अवैध कारोबार पर सख्त काररवाई करें अधिकारी

सिंगरौली। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के अधिकारियों को त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा खाद के भंडारण एवं वितरण की सतत निगरानी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि नशे का अवैध व्यापार करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए और ड्रग माफिया के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली एवं गोवर्धन पूजा प्रदेशभर में उल्लास के साथ मनाई जाएगी। गोवर्धन पूजा के कार्यक्रम गौशालाओं में आयोजित किए जाएं तथा इन कार्यक्रमों में गोपाल कृष्ण पुरस्कार से सम्मानित गौपालकों को सम्मानित किया जाए। धनतेरस के अवसर पर स्वामित्व योजना से लाभान्वित गांवों में कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें मंत्री, सांसद एवं विधायक शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत रीवा जिले में प्रदेश में सर्वाधिक 84.83 प्रतिशत भू-अधिकार पत्रों का पंजीयन किया गया है। मुख्यमंत्री ने त्योहारों के दौरान कानून और व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश देते हुए कहा कि पटाखों एवं विस्फोटक पदार्थों की बिक्री और भंडारण स्थलों की लगातार जांच की जाए। पटाखा बिक्री केंद्रों पर सुरक्षा तथा आग बुझाने के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित हों। अवैध बिक्री और भंडारण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। कार्बाइड गन एवं कार्बाइड लैंप के उपयोग पर प्रतिबंध का कठोरता से पालन कराया जाए। छात्रावासों और शिक्षण संस्थानों में गठित होंगी समितियां मुख्यमंत्री ने नशामुक्त भारत अभियान के तहत व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी छात्रावासों एवं शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों और शिक्षकों की संयुक्त समितियां गठित कर नशे के विरुद्ध जागरूकता एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक छात्रावास में नोडल अधिकारी नियुक्त कर विद्यार्थियों को नशे से दूर रखने के साथ उनके करियर संबंधी मार्गदर्शन की व्यवस्था भी की जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

ड्रग माफिया के खिलाफ चलेगा अभियान-मुख्यमंत्री

५.६० लाख की हेरोइन के साथ महिला गिरफ्तार

सिंगरौली। सिंगरौली जिले में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बरगवां पुलिस ने पुनः बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला के कब्जे से 56 ग्राम हेरोइन (ब्राउन शुगर) बरामद की है। जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख 60 हजार रुपए बताई गई है। आरोपी महिला अपने घर के पास मादक पदार्थ की बिक्री कर रही थी। चार नवंबर को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम बाघाडीह के कजरदह टोला में एक महिला अपने घर के पास ब्राउन शुगर बेच रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए बरगवां थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पटेल ने पुलिस टीम गठित कर मौके पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी महिला रामबाई बसोर पुत्र धर्मेन्द्र बसोर के कब्जे से 56 ग्राम हेरोइन बरामद की। जब्त मादक पदार्थ की कीमत 5 लाख 60 हजार रुपए आंकी गई है।

बल्कर की भिड़ंत से पुल के नीचे गिरी कार

सिंगरौली। तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का एक खौफनाक मामला गुरुवार शाम करीब चार बजे परेवा नाला पुल पर सामने आया। सिंगरौली से बरगवां की ओर जा रही मारुति सिलेरियो कार को विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार बल्कर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार अनियंत्रित होकर पलटते हुए पुल से नीचे नाले में जा गिरी। पुल से नीचे गिरने के कारण कार के परखच्चे उड़ गए और वह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि, इस भीषण हादसे में आश्चर्यजनक रूप से कार सवार दोनों व्यक्ति सुरक्षित बच गए।

डिबाए ने की अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने की मांग

सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की बैठक बुधवार को अधिवक्ता भवन, तहसील परिसर राबर्ट्सगंज में एसोसिएशन के उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। वह समाज के शोषित, पीड़ित और वंचित लोगों को न्याय दिलाने के लिए निरंतर संघर्ष करता है। लेकिन आज अधिवक्ताओं पर हमले, धमकी और उत्पीड़न की घटनाएं चिंता का विषय हैं। ऐसी परिस्थितियों में अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं को निर्भीक होकर अपने पेशेवर दायित्वों का निर्वहन करने के लिए एक प्रभावी एवं व्यापक अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम बनाया जाना समय की मांग है। वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार यादव ने कहा कि अधिवक्ता केवल अपने मुवक्किल का प्रतिनिधित्व नहीं करता, बल्कि संविधान, न्याय और विधि के शासन की रक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संचालन मृगराज सिंह एडवोकेट ने किया। बैठक में सुरेश सिंह कुशवाहा, रमेश चंद्र सिंह, बीपी सिंह, चंद्र प्रकाश सिंह, विजय शंकर सिंह, दशरथ यादव, संतोष पांडेय, मनीष कुमार पटेल मौजूद रहे।



निर्मला कान्वेंट के मेधावी खिलाड़ियों का सम्मान

रेणुकूट(सोनभद्र)। नगर स्थित अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में गुरुवार को विभिन्न खेलकूद एवं शैक्षिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले प्रतिभागियों की उपलब्धियों पर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर रेजी ने बताया कि कक्षा 10 की छात्रा यशोधरा ने जिला स्तरीय पावर लिफ्टिंग चौंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया, जबकि कक्षा 11 के छात्र यथार्थ सिंह ने सिल्वर मेडल हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। वहीं जिला खो-खो एसोसिएशन की ओर से जिला मुख्यालय पर आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सीबीएसई की ओर से मिर्जापुर में आयोजित इंटर स्कूल प्रतियोगिता के अंतर्गत सेंट मैरी स्कूल में आयोजित मेरियन फेस्ट-2026 में भी निर्मला कॉन्वेंट के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय की बालक खो-खो टीम ने गोल्ड मेडल जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। रस्साकशी प्रतियोगिता में टीम को ब्रांज मेडल मिला। भाव अभिव्यक्ति प्रतियोगिता में अदिति मौर्य, कृतिकांत चौबे और आयुष्मान सिंह ने सिल्वर मेडल हासिल किया। वहीं हिंदी स्टोरी राइटिंग में शुभांगी पांडेय ने ब्रांज मेडल प्राप्त किया। कोडिंग मास्टर्स प्रतियोगिता में रुद्राक्ष सिंह और स्वास्तिक नंदी ने भी पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सिस्टर रेजी ने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धियां उनकी मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम हैं। उन्होंने भविष्य में भी इसी तरह बेहतर प्रदर्शन करने के लिए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाया दम-खम

शक्तिनगर(सोनभद्र)। एनटीपीसी शक्तिनगर स्थित संत जोसेफ स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन उत्साह एवं खेल भावना के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एनटीपीसी के जीएम टीएस अवनीश कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि एजीएम मानव संसाधन प्रणव वर्मा तथा विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन अनुग्रह मिश्रा मौजूद रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं अभिनंदन के साथ हुआ। विद्यालय की स्कूल कैप्टन जाह्नवी पांडेय ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर अतिथियों, प्रधानाचार्य, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया। इसके बाद विभिन्न सदनों के विद्यार्थियों ने शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत कर अनुशासन, एकजुटता और टीम भावना का परिचय दिया। मुख्य अतिथि अवनीश कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास, धैर्य, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा एवं कौशल का प्रदर्शन किया। पुरस्कार वितरण समारोह में विभिन्न सदनों की उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। ब्लू हाउस ने मार्च पास्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। साथ ही सर्वश्रेष्ठ अनुशासित सदन एवं ओवरऑल रनर-अप की ट्रॉफी भी अपने नाम की। ये ट्रॉफ्यिां सदन के मॉडरेटर डॉ. योगेंद्र तिवारी एवं जिशा मैथ्यू तथा कैप्टन एंजेला मारिया, तनिष सिंह एवं त्रिशा सिंह ने प्राप्त कीं। वहीं गोल्ड हाउस को उत्कृष्ट अनुशासन एवं गरिमामय सहभागिता के लिए सर्वश्रेष्ठ अनुशासित सदन की ट्रॉफी प्रदान की गई। ग्रीन हाउस ने कॉक हाउस ट्रॉफी जीतकर अपनी उपलब्धि दर्ज की। यह ट्रॉफी सदन के मॉडरेटर मायाराम एवं सॉली मोल तथा कैप्टन विशाल, अनन्या एवं स्नेहा ने ग्रहण की।समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि फादर ग्रेगरी डिसूजा, प्रबंधक संत फ्रांसिस स्कूल, अनपरा ने विजेताओं को ट्रॉफ्यिां प्रदान कीं। उन्होंने कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन के लिए खेल अत्यंत आवश्यक हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर डॉ. विंसेंट परेरा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं विशेष अतिथि के प्रति आभार जताया।

संत जोसेफ स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन

वैवाहिक मंगल सूत्र में बंधे कई जोड़े

सोनभद्र। शक्तिपीठ मां ज्वालामुखी मंदिर प्रांगण में दिव्य अखण्ड ज्योति का चौदहवां वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस मौके पर चार नवम्बर को मां का श्रृंगार एवं पूजन का आयोजन किया गया। उसी दिन सामूहिक विवाह हुआ। कई जोडे वैवाहिक मंगल सूत्र में बंधे और साथ रहने की कसमें खायीं। इस मौके पर विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह, भाजपा जिलाध्यक्ष सिंगरौली विरेन्द्र गोयल, वरिष्ठ समाजसेवी शेखर सिंह, पूर्व विधायक प्रत्याशी दुद्धी भाजपा श्रवण सिंह गोंड, वरिष्ठ समाजसेवी एस डी सिंह, प्रमोद द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

मजदूरों के हक और सम्मान की लड़ाई को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प

शक्तिनगर(सोनभद्र)। दुद्धी विधानसभा क्षेत्र के परसवार राजा तारापुर में बुधवार, 5 नवंबर को समाजवादी मजदूर सभा के तत्वावधान में मजदूर पीडीए जनपंचायत का आयोजन किया गया। जनपंचायत में औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत मजदूरों के शोषण, अन्याय, रोजगार की असुरक्षा और उनके अधिकारों की अनदेखी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। वक्ताओं ने मजदूरों से संगठित होकर अपने हक, सम्मान और अधिकारों की लड़ाई लड़ने का आह्वान किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष छेदीलाल राजभर ने की। इस अवसर पर लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय से पहुंचे मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष धनीलाल श्रमिक, पूर्व एमएलसी शशांक यादव, अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रवि गोंड, बीओसीडब्ल्यू सदस्य राजनाथ यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार यादव तथा सोनभद्र जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव सहित संगठन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। जनपंचायत को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मजदूर देश और प्रदेश के विकास की रीढ़ हैं। वे दिन-रात मेहनत कर औद्योगिक संस्थानों और विकास कार्यों में अपना योगदान देते हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें सम्मानजनक मजदूरी, रोजगार की सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। वक्ताओं ने मजदूरों के साथ हो रहे कथित शोषण और अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने की बात कही। वक्ताओं ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूरों को उनके श्रम के अनुरूप उचित मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक कार्य परिस्थितियां मिलनी चाहिए। मजदूरों के अधिकारों की अनदेखी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। कार्यक्रम के आयोजक एवं समाजवादी मजदूर सभा के प्रदेश सचिव मुकेश सिंह ने कहा कि मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई को गांव-गांव और औद्योगिक क्षेत्रों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मजदूरों की एकजुटता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। जनपंचायत में उपस्थित मजदूरों एवं कार्यकर्ताओं ने समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प से जुड़े संगठनात्मक अभियान को आगे बढ़ाने की बात कही। जनपंचायत के अंत में मजदूरों के शोषण के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने तथा उनके हक, सम्मान और अधिकारों की आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर प्रशांत सिंह, रविन्द्र यादव, सुगेश यादव, शकील अहमद, अंशु यादव, आकाश गिरी, इरफान अहमद, शांति देवी, इन्द्रेश यादव, विशाल, सलमान समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



खेलकूद में विद्यार्थियों ने की जोर आजमाइश

दुद्धी(सोनभद्र)। स्थानीय रामलीला मैदान में बृहस्पतिवार को परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की वार्षिक ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम में बच्चों ने न सिर्फ खेल प्रतियोगिताओं में दमखम दिखाया, बल्कि सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भी दर्शकों का मन मोह लिया। विजेता बच्चों ने अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में ब्लॉक दुद्धी का प्रतिनिधित्व करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कमलेश मोहन अध्यक्ष दुद्धी नगर पंचायत, विशिष्ट अतिथि अजय कुमार सिंह प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज दुद्धी, डॉ. संजय कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी, तथा खंड शिक्षा अधिकारी प्रेमशंकर राम ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर की। इसके बाद मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मैदान में बच्चों का जोश देखते ही बनता था। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षक रहा,विशेष रूप से लोकनृत्य करमा और देवी दुर्गा के स्वरूप में बालिका का भावपूर्ण नृत्य उपस्थित जनसमुदाय से खूब वाहवाही बटोरी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में खेल शिक्षक दयाशंकर, संजीव, सुनील और लोकपति वर्मा का विशेष योगदान रहा। उन्होंने बच्चों को स्पर्धाओं के लिए प्रेरित किया तथा खेल के दौरान उनका मार्गदर्शन किया। इस मौके पर एआरपी उज्ज्वल मौर्य, रामसूरत, योगेंद्र यादव, वरिष्ठ शिक्षक शैलेश मोहन, नीरज कुमार, मुसईराम, अवधेश कन्नौजिया, संतोष सिंह, सदानंद मिश्र, जितेंद्र चौबे, रविकांत पांडेय, भोलानाथ, चंद्रेश मौर्य, धर्मेंद्र सिंह, श्याम बिहारी चौधरी, मनोज जायसवाल, रामरक्षा, राजेश झा, लल्लू राम, मो. इलियास, मो. आजम, प्रवीण द्विवेदी, विजय गुप्ता, हृदय नारायण गिरि, अरुण राय, बृजेश, रमेश, प्रमोद, राहुल रंजन, नौशाद, निरंजन, पीयूष, अनिल, पूजा और वंदना मौजूद रहीं। संचालन जितेंद्र चौबे, अविनाश गुप्ता और प्रीति चौरसिया ने किया।

परिषदीय विद्यालयों की ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव

बभनी(सोनभद्र)। ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता तथा शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में लगे बैनर पर चल रहे मीडिया के खबरों पर खंड शिक्षा अधिकारी बभनी ने संज्ञान में लेते हुए तत्काल एक शिक्षक एवं सहायक लेखाकार को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। भाजपा के मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं को जब मीडिया में चल रही खबरों की जानकारी हुई तो उन्होंने सर्वप्रथम खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर विरोध किया। तत्पश्चात बभनी थाने पर पहुंचकर एक पत्र के माध्यम से थाना प्रभारी बभनी को भी मामले से अवगत कराया एवं थाना प्रभारी महोदय से भाजपा कार्यकर्ताओं ने यह मांग की है कि जिसने भी मुख्यमंत्री एवं मंत्री की छवि को धूमिल करने का काम किया है उन पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रभारी निरीक्षक बभनी अरविंद सरोज ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा तहरीर मिली है तहरीर को संज्ञान में लेते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारी को मामले से अवगत करा दिया गया है इस बावत भाजपा बभनी के मंडल अध्यक्ष लालकेश कुशवाहा ने बताया की जैसे ही हम लोगों को मीडिया के माध्यम से यह जानकारी हुई की मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री की छवि को धूमिल करने का काम कुछ लोगों द्वारा किया गया है तत्काल हमने इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर अपना विरोध दर्ज किया हालांकि खंड शिक्षा अधिकारी बभनी आज जिले पर थे इसलिए उनसे मुलाकात नहीं हो सकी पर उनसे सेल फोन के माध्यम से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जो भी इसमें दोषी होंगे उन पर हम तत्काल कार्रवाई कर रहे हैं।
प्रदर्शन में लालकेश कुशवाहा, लक्ष्मी प्रसाद, प्रमोद दूबे, रामेश्वर शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी संजय जायसवाल प्रेमचंद गुप्ता मौजूद रहे। खंड शिक्षा अधिकारी ने तत्काल सहायक लेखाकार विजय कुमार एवं सहायक अध्यापक प्रमोद कुमार प्राथमिक विद्यालय नवाटोला तृतीय का वेतन रोकते हुए तीन कदबिग कार्य दिवस में स्पष्टीकरण मांगा है।

ट्रैफिक सबइंस्पेक्टर ने चलाया जागरुकता अभियान, बांटे गये पम्पलेट

ओबरा(सोनभद्र)। जनपद के ओबरा नगर में यातायात माह को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को ट्रैफिक इंस्पेक्टर राजेश सिंह यादव के नेतृत्व में ओबरा नगर के टेंपो स्टैंड और मुख्य मार्गों पर विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मौके पर मौजूद ट्रैफिक कांस्टेबल ओम प्रकाश उपाध्याय और त्रिपुरारी राय ने सक्रिय रूप से वाहन चालकों को रोककर यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। नियमों की अनदेखी पर चालकों को दी कड़ी हिदायत अभियान के तहत ट्रैफिक इंस्पेक्टर और उनकी टीम ने टेंपो संचालकों और चालकों से सख्त संवाद स्थापित किया। उन्होंने निर्देश दिए कि टेंपो चालक निर्धारित संख्या में ही सवारियों को बैठाएं तथा अपनी निर्धारित गति सीमा का पूरी तरह पालन करें। इसके साथ ही, सड़क पर बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चला रहे चालकों को रोककर उन्हें समझाइश दी गई। इस दौरान सुरक्षा नियमों से जुड़े पम्फलेट भी बड़े पैमाने पर वितरित किए गए।

दुर्घटना के बाद जीवन में सुधार की गुंजाइश नहीं बचती

मौके पर मौजूद लोगों और वाहन चालकों को संबोधित करते हुए ट्रैफिक इंस्पेक्टर राजेश सिंह यादव ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पुलिस प्रशासन का मुख्य कार्य केवल चालान काटना नहीं है, बल्कि नागरिकों की जान-माल की रक्षा करना है। हमारी वर्तमान जिम्मेदारी यातायात व्यवस्था को सुधारना है, जिसके तहत हम आप सभी से लगातार अनुरोध कर रहे हैं। जीवन अनमोल है और यह एक ही बार मिला हैय सड़क पर नियमों की अनदेखी के कारण एक बार दुर्घटना हो जाने के बाद फिर उसमें सुधार या भरपाई की कोई गुंजाइश नहीं बचती। यदि इसके बाद भी नियमों का उल्लंघन किया जाएगा, तो विवश होकर



नीम के पेड़ से लटका मिला किशोर का शव

निजामाबाद क्षेत्र के फरिहां गांव में खंडहर के पास हुई घटना से सनसनी

फरिहां, आजमगढ़। निजामाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम फरिहां (उमा का पूरा) में गुरुवार को दोपहर लगभग

दु:खद

पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम ने भी शुरू की मामले की जांच-पड़ताल

एक बजे एक 17 वर्षीय किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से गांव में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गांव के ही अनिकेश पुत्र धर्मराज यादव के रूप में हुई। वह घर से कब निकला, यह जानकारी किसी को नहीं हो सकी। घटना की सूचना मिलते ही निजामाबाद थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह और फरिहां पुलिस चौकी प्रभारी चित्रांशु मिश्रा, फोरेंसिक टीम और आईपीएस



सीओ सदर ईश्वर लाल गुर्जर ने भी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

ग्रामीणों के अनुसार अनिकेश का शव पुराने खंडहर के पास स्थित नीम के पेड़ पर गमछे के सहारे लटका हुआ मिला। बताया जा रहा है कि गांव की एक महिला की नजर शव पर पड़ी, जिसके बाद घर वाले और ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। किशोर की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया और परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था। घटना को लेकर गांव में शोक की लहर के बीच तरह-तरह की चर्चाएं भी व्याप्त हैं। मृतक तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। छोटी बहन अंशू पन्द्रह वर्ष और सबसे छोटा भाई अनुराग बारह वर्ष का है। मृतक के पिता जीवन-यापन के लिए चंडीगढ़ में खुद का ट्रक चलाते हैं। फिलहाल किशोर की मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण का स्पष्ट पता चल सकेगा।

मूंगफली विक्रेता ने घर में फांसी लगाकर दी जान

रानी की सराय, आजमगढ़। क्षेत्र के चकखैरुल्लाह गांव में मूगंफली विक्रेता ने गुरुवार को दोपहर में घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चकखैरुल्लाह गांव स्थित मुख्य मार्ग पर ही साठ वर्षीय श्री गुप्ता का परिवार रहता है। जीविकोपार्जन के लिए ठेले पर मूगंफली आदि बेचते थे। गुरुवार को दोपहर में परिवार के अन्य सदस्य बाहर थे और उसी दौरान घर के अंदर श्री गुप्ता ने चुल्ले से फंदा लगा ली। काफी देर बाद सदस्य घर के अंदर गए तो शव झूलते देख अवाक रह गए। सूचना डायल 112 को दी। प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कारण स्पष्ट होगा।

बाइक की टक्कर से घायल दो बुजुर्गों की मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। अलग-अलग सड़क हादसों में घायल दो बुजुर्गों की उपचार के दौरान मौत हो

मेंहनगर के गौरा गांव के पास साइकिल सवार वृद्ध को बाइक ने मारी थी टक्कर

गई। मेंहनगर थाना क्षेत्र के गौरा गांव के पास बुधवार शाम बाइक की टक्कर से घायल साइकिल सवार वृद्ध ने मंडलीय अस्पताल में दम तोड़ दिया। वहीं, अंबेडकरनगर जनपद के एक बुजुर्ग की भी बुधवार को मंडलीय अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

मेंहनगर थाना क्षेत्र के गौरा गांव निवासी 65 वर्षीय रामदयाल बुधवार को बाजार गए थे। शाम को वह साइकिल से घर लौट रहे थे। गांव में स्कूल के पास पहुंचे थे, तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में रामदयाल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। यहां उपचार के दौरान देर रात उनकी मौत हो गई। अंबेडकरनगर जनपद के गुरुआ बाजार निवासी 60 वर्षीय मातादीन बीते 24 अक्टूबर को घर के पास सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान बाइक की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों ने उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से हालत गंभीर देख डाक्टरों ने रेफर कर दिया। इसके बाद उन्हें मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां बुधवार को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

छत से गिरकर मजदूर की मौत

शाहपुर, आजमगढ़। अहरौला थाना अंतर्गत बसही गांव में गुरुवार की सुबह लगभग 9 बजे निर्माणाधीन मकान की छत से

दूसरी तल की पाइप बढ़ाते वक्त हाथ छूटने से नीचे गिरा

गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय सूरज निषाद पुत्र राधेश्याम निषाद निवासी ग्राम बनकट पास के गांव बसही में मकान की छत लादने के लिए गया था। दूसरी तल की पाइप बढ़ाते वक्त उसका हाथ छूटा और वह नीचे गिर पड़ा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौला लाते वक्त रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

राजनीतिक दलों को दी गयी मतदेय स्थलों में परिवर्तन की जानकारी

लालगंज, आजमगढ़। मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं निर्वाचन संबंधी कार्यों को लेकर गुरुवार को एसडीएम लालगंज नेहा मिश्रा की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदेय स्थलों में हुए परिवर्तन के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई। साथ ही उनसे आवश्यक सुझाव भी मांगे गए। नेहा मिश्रा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अधिक से अधिक पात्र मतदाताओं के फार्म भरवाने के लिए लोगों को जागरूक एवं प्रोत्साहित करने की अपील की, ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रह जाए। इसके साथ ही एईआरओ एवं सुपरवाइजरों के साथ भी बैठक कर निर्वाचन कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में ट्रांसजेंडर, 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं तथा दिव्यांगजनों की पात्रता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। एसडीएम ने निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी प्राप्त फार्मों का निस्तारण करने तथा बीएलओ के कार्यों पर प्रभावी नियंत्रण एवं निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए।

विहिप २२ से चलायेगा हित चिंतक अभियान

आजमगढ़। विश्व हिंदू परिषद की जिला सांगठनिक बैठक एनआइएसटी कैंपस में संपन्न हुई। जिसमें 22 नवंबर से छह दिसंबर तक चलने वाले हित चिंतक अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई। बताया गया कि विहिप हर तीन वर्ष बाद यह अभियान चलाती है। जिसके तहत कार्यकर्ताओं को एप के माध्यम से गांव-गांव और मोहल्ले-मोहल्ले जाकर लोगों को जोड़ने का प्रशिक्षण दिया जाता है। अभियान को सफल बनाने के लिए जिले के प्रत्येक प्रखंड और नगर स्तर पर विस्तारक बनाने का निर्णय लिया गया।

दुकान का ताला काटकर ६१ हजार नकदी, ५.५० लाख के कपड़े चोरी

अतरौलिया, आजमगढ़। क्षेत्र के खानपुर फतेह में रोडवेज के पास स्थित एक कपड़े की दुकान का ताला काटकर

कारोबारी ने दो नामजद समेत पांच के खिलाफ दी तहरीर, पुलिस जांच में जुटी

चोरों ने 61 हजार रुपये नकद और करीब 5.50 लाख रुपये के कपड़ों की चोरी कर ली। पीड़ित दुकानदार ने दो नामजद समेत पांच लोगों पर चोरी का आरोप लगाते हुए अतरौलिया थाने में तहरीर दी है। क्षेत्र के मड़ोही गांव निवासी अमित कुमार पुत्र स्व. लालबहादुर खानपुर फतेह में शीतला निषाद की दुकान में एसकेएफ गारमेंट्स नाम से कपड़े की दुकान चलाते हैं। पीड़ित के मुताबिक वह बुधवार की शाम करीब 7.30 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। गुरुवार की सुबह दुकान पर पहुंचे तो शटर का ताला कटा मिला।



अंदर काउंटर में रखे 61 हजार रुपये और करीब 5.50 लाख रुपये के कपड़े गायब मिले। दुकान में एक आरी, पिछले हिस्से में लटकी रस्सी और भीगा हुआ पैंट मिला। दुकान में बिछा मैट और कपड़े भी भीगे हुए थे। पीड़ित ने आशंका जताई कि चोरी की घटना देर रात करीब दो बजे के बाद हुई होगी। अमित कुमार ने खानपुर फतेह निवासी रोशन निषाद पुत्र शशिकांत निषाद और अंबेडकरनगर जिले के करीमनगर निवासी सचिन पुत्र कर्मराज व तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार दुबे ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस गहनता से जांच कर रही है।

भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जोहान बने क्षेत्रीय महामंत्री, विजय मंत्री

आजमगढ़। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व की संस्तुति पर गोरखपुर क्षेत्र अंतर्गत अनुसूचित मोर्चा की नई क्षेत्रीय कार्यसमिति की घोषणा कर दी गई है। इस नई घोषणा में जोहान सोनकर को क्षेत्रीय महामंत्री का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है, वहीं विजय सोनकर को क्षेत्रीय मंत्री बनाया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों के मनोनयन की खबर मिलते ही उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया तथा नवनियुक्त क्षेत्रीय महामंत्री जोहान सोनकर व क्षेत्रीय मंत्री विजय सोनकर को फूल-मालाओं से लादकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय महामंत्री जोहान सोनकर ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे पार्टी की मजबूती और कार्यकर्ताओं के परिश्रम का परिणाम बताया। उन्होंने आगामी चुनावों के दृष्टिगत संगठन को और अधिक सुदृढ़ करने का संकल्प लिया।

पटाखों के अवैध भण्डारण मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार



आजमगढ़। मुबारकपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक शशिचन्द्र चौधरी, चौकी प्रभारी कस्बा मुबारकपुर धर्मेन्द्र शर्मा की टीम ने 323 किलोग्राम अवैध पटाखों के भण्डारण के मामले में वांछित आरोपी गुलाब गुप्ता पुत्र स्व. कन्हैयालाल गुप्ता निवासी पुरारानी को बुधवार की शाम लगभग साढ़े पांच बजे गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि 29 अक्टूबर को एसआई प्रदीप वाजपेयी की टीम ने कस्बा मुबारकपुर के ग्राम पुरारानी स्थित एक आवासीय मकान में छापेमारी की गई थी। मकान में किराये पर रह रहे गुलाब गुप्ता द्वारा बिना किसी वैध लाइसेंस/अनुमति के अवैध पटाखों का भण्डारण कर बिक्री की जा रही थी। पुलिस की छापेमारी के दौरान गुलाब मौके से फरार हो गया था। मौके से विभिन्न प्रकार के पटाखों से भरी कुल 14 बोरियां, जिनका कुल वजन लगभग 323 किलोग्राम था, बरामद की गई थीं। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 50 हजार रुपये है। बरामदगी के आधार पर विस्फोटक अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था।

बड़ादेव हनुमान मंदिर पर हुई हरिहरात्मक महायज्ञ की पूर्णाहुति

आजमगढ़। जहानागंज के निकट ग्राम धरवारा स्थित बड़ादेव हनुमान मंदिर पर रामकृष्ण दास जी महाराज की अध्यक्षता में 27 अक्टूबर से चल रहे 9 दिवसीय हरिहरात्मक महायज्ञ की बुधवार को पूर्णाहुति हुई। यज्ञाचार्य काशी के कपिलदेव शर्मा के नेतृत्व में विद्वान ब्राह्मणों ने वैदिक रीति से मुख्य यजमान लालदास जी महाराज, सुधीर कुमार सिंह आदि के हाथों पूर्णाहुति सम्पन्न करायी। यज्ञकर्ता रामकृष्ण दास जी महाराज ने कहा कि यज्ञ की आहुति से वायुमंडल शुद्ध होता है और विश्व का कल्याण होता है। मानस प्रवक्ता रामेश्वरानंद जी महाराज ने हनुमत महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि सारे संसार का संकट दूर करने के लिए भगवान का अवतार हुआ, जबकि भगवान के संकट को मिटाने के लिए हनुमान का अवतार हुआ। संचालन शम्भूदास ने किया। रामेश्वर सिंह ने लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन, संजय कुमार पाण्डेय सरस, हवलदार सिंह, रामप्रवेश सिंह, श्रीप्रकाश सिंह, इन्द्रसेन सिंह, जितेंद्र सिंह, सुनील सिंह, संजय दास, विश्वदेव उपाध्याय, पंचदेव पांडेय आदि मौजूद रहे।

मांगें पूरी न हुईं तो शिक्षक आने वाले चुनावों में अपनी ताकत का अहसास करायेंगे

आजमगढ़। उच्च शिक्षा के शिक्षकों ने उत्तर प्रदेश विश्विद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ

विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने जिला प्रशासन को सौंपा मुख्यमंत्री को सम्बोधित ३१ सूत्री ज्ञापन

(फुपुक्टा) के आह्वान पर 2 नवंबर से काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य करते हुए गुरुवार को विश्विद्यालय शिक्षक संघ के नेतृत्व में जिला प्रशासन को मुख्यमंत्री को संबोधित 31 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि सरकार ने वर्षों से लंबित डिग्री शिक्षकों की पुरानी पेंशन, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष, पीएचडी इंक्रीमेंट, पारिश्रमिक दरों में वृद्धि, अनुदानित महाविद्यालयों के स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों को अनुदान पर लेने, नई शिक्षा नीति में सेमेस्टर प्रणाली जारी रखते हुए मुख्य परीक्षा वर्ष में केवल बार कराने की मांगों को अब तक पूरा नहीं किया है। इसी कारण प्रदेश संगठन के निर्देश पर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया है। मांगें पूरी न होने पर क्रमिक रूप से यह आंदोलन और तीव्र होगा और शिक्षक आने वाले चुनावों में सत्ता को अपनी ताकत का एहसास कराएगा। महामंत्री डॉ. जर्रार अहमद ने कहा कि शिक्षकों की सभी मांगें जायज हैं और सरकार को सामान्य क्रम में उन्हें पूरा करना चाहिए अन्यथा शिक्षक समुदाय आन्दोलित होगा तो सत्ता की चूलें हिलेंगी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है उनकी उपेक्षा राष्ट्र की उपेक्षा है, इसलिए सरकार को चेतना होगा और हमारी मांगों को पूरा करना ही होगा। सयुंक्त मंत्री डॉ. अजय सोनकर ने कहा कि शिक्षक सदैव समाज की रचनात्मक शक्तियों के निर्माण में संलग्न होता है यदि उसकी मांगो को पूरा नहीं किया जाएगा तो उसकी खंडित मनोदशा से समाज की रचनात्मक शक्ति भी प्रभावित होगी। महिला संयुक्त मंत्री डॉ. रूबी अहमद ने कहा कि शासन का कार्य समाज के सभी घटकों को समन्वित करना होता है इसलिए शिक्षा के वाहकों, शिक्षकों की मांगे बिना शर्त पूरी करनी चाहिए। कार्यालय मंत्री गौरव कुमार सिंह ने कहा कि सरकार को शिक्षकों को सड़क पर उतरने का अवसर नहीं देना चाहिए और जायज मांगों को स्वीकार कर लेना चाहिए।



मेला देखने के बहाने बुलाकर ले गये थे दोस्त, दूसरे दिन नाले में मिला शव

बलरामपुर/रानी की सराय, आजमगढ़। सिधारी थाने के बेलइसा नाले में मिले शव की शिनाख्त होते ही परिजनों ने आरोपियों कर गिरफ्तारी की मांग को लेकर रानी की सराय- ऊंजीगोदाम मार्ग स्थित ओवरब्रिज के पास सड़क पर जाम लगा दिया। आधे घंटे तक चले जाम की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर हटा दिया। शव की शिनाख्त रानी की सराय के जलालपुर निवासी निवासी 33 वर्षीय राजगीर सुदामा भारती के रूप में हुई। मृतक मंगलवार को घर से काम करने के लिए निकला था परंतु वापस नहीं लौटा। गुरुवार को शिनाख्त के बाद शव का जहां पोस्टमार्टम हुआ वहीं चार लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी सिधारी थाने में दर्ज कराई गई। इधर चार बजे घर पर शव आने से पहले ही रानी की सराय-ऊंजीगोदाम मार्ग पर ओवरब्रिज के पास सड़क जाम कर दिया। ग्रामीणों की मांग थी कि आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। सब इंसपेक्टर सुशील यादव ने जाम समाप्त करवा दिया। उधर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के बड़े भाई चंदन भारती ने बताया कि तीन नवंबर की रात करीब नौ बजे पड़ोस के चार लोग घर पहुंचे थे। चारों धर्मकांटा का मेला दिखाने के बहाने सुदामा को अपने साथ ले गए। चंदन के अनुसार चार नवंबर की सुबह करीब 10 बजे संदीप घर पहुंचा और सुदामा के बारे में उसकी पत्नी काजल से पूछताछ करने के बाद मोबाइल देकर चला गया।

जनता की फरियाद सुन एसपी ने दिये निर्देश

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी कार्यालय किरन पाल सिंह व क्षेत्राधिकारी आंकिक अजय प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए अधिकारीगण द्वारा संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही निर्देशित किया गया कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता बनाए रखते हुए पीड़ितों को प्रभावी एवं त्वरित न्याय दिलाया जाए।

निषाद पार्टी के दोनों जिला अध्यक्षों का अतरौलिया में स्वागत

अतरौलिया, आजमगढ़। निषाद पार्टी के आजमगढ़ सदर लोकसभा क्षेत्र के जिला अध्यक्ष अनिल निषाद एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अंगद निषाद का स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जय नाथ सिंह ने दोनों नवनियुक्त जिला अध्यक्षों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। स्वागत समारोह के क्रम में आजमगढ़ टोल प्लाजा से लेकर महाराजगंज ब्लॉक तक जगह-जगह दोनों जिला अध्यक्षों का स्वागत किया गया। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अंगद निषाद ने कहा कि जिस तरह लालगंज क्षेत्र में निषाद समाज को संगठित कर मजबूत किया गया है, उसी तरह अब आजमगढ़ सदर लोकसभा क्षेत्र में भी निषाद समाज को जागृत, संगठित और मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि निषाद समाज के लोगों को एकजुट कर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि समाज के लोगों को एक मंच पर लाकर उनके अधिकारों और सम्मान की लड़ाई को मजबूती प्रदान करें।

अवैध पटाखों के कारोबार पर प्रशासन सख्त, टीमें गठित

आजमगढ़। अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि/रा) राजीव कुमार शुक्ल ने बताया कि आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत जनपद में स्थित आतिशबाजी के लाइसेंसियों के दुकानों की जांच उप जिला मजिस्ट्रेट/क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन कर पटाखों के विनिर्माण, भण्डारण एवं विक्रय की जांच करायी जा रही है। यदि किसी स्थान पर बिना लाइसेंस के या आबादी के मध्य पटाखों का विनिर्माण, भण्डारण एवं विक्रय किए जाने की जानकारी हो तो तत्काल कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट के कंट्रोल रूम में दूरभाष 9454417172 पर सूचित करें। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

भारद ने भगत सिंह का चित्र भेंट कर किया अलंकार का स्वागत

आजमगढ़। राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के अध्यक्ष व पूर्व अपर जिला मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री गुरुवार को भारत रक्षा दल के कटरा स्थित कार्यालय पहुंचे, जहां दल के कार्यकर्ताओं ने उन्हें भगत सिंह का चित्र भेंट कर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। सर्वप्रथम हरिकेश विक्रम श्रीवास्तव ने दल की विचारधारा, नीतियों, कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। फिर अलंकार अग्निहोत्री ने कहा कि जो लोग भ्रष्टाचार समाप्त करने का संकल्प लेकर आये थे उन्होंने कई गुना भ्रष्टाचार बढ़ा दिया। दलालों की बड़ी फौज खड़ी कर दी और अपनी सत्ता के लिए समाज को जाति वर्ग में बांट रहे। यूजीसी कानून कलंक है, छात्रों, युवाओं को जाति में बांटकर युवा शक्ति को लड़ाकर कमजोर करने की इनकी नीयत सफल नहीं होगी। यह सब बर्दाश्त से बाहर जा रहा था, देश समाज जले और हम चुपचाप तमाशा देखें, ऐसा नहीं हो सकता इसलिए हमने नौकरी से त्याग पत्र दिया और अब निकल पड़े हैं। बदलाव कराकर ही दम लेंगें। कहा कि 2027 के विधान सभा चुनाव में 403 सीटों पर प्रत्याशी खड़े करेंगे, भारत रक्षा दल के लोगों से बहुत कुछ सीखने को मिला, इनका साथ मिलने से हम लोग और मजबूत होंगे।

प्रथम स्तरीय जांच प्रक्रिया पूरी, वेयर हाउस सील

आजमगढ़। जिला निर्वाचन अधिकारी/ डीएम रविंद्र कुमार ने गुरुवार को आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों के दृष्टिगत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपरांत वेयर हाउस को सील करने की कार्रवाई कराई गई। एसडीएम सिद्धार्थ, ईवीएम प्रभारी विकास सिंह सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मौसम साफ होने से किसानों में राहत, धान की कटाई तेज


मार्टीनगंज, आजमगढ़। तहसील क्षेत्र के किसानों ने मौसम साफ होने से राहत की सांस ली है और धान की कटाई का काम तेज कर दिया है। किसान राजेंद्र सिंह, शिवम यादव, अजीत सिंह आदि दर्जनों किसानों ने बताया कि गत दिवस बिन मौसम बंगाल की खाड़ी से आए अर्णव तूफान से धान की फसल गिरकर नष्ट हो गई। जिसकी जानकारी क्षेत्रीय लेखपाल एवं एसडीएम को दी गई, परंतु अभी तक कोई लेखपाल एवं राजस्व अधिकारी हम किसानों की सुधि लेने नहीं आए। अब किसी प्रकार से हम गिरे हुए धान के फसल की कटाई मड़ाई करेंगे। वहीं उपजिलाधिकारी ने कहा कि जब 33 प्रतिशत से अधिक फसलों की क्षति होती है तो राजस्व आपदा प्रबंधन समिति से मुवायजा प्रदान किया जाता है। हमारे यहां राजस्व विभाग द्वारा सर्वे कराया गया है जिसमें 18 प्रतिशत किसानों की फसल की क्षति होने की रिपोर्ट आई।

सराय मोहन में जलभराव से सैकड़ों बीघा धान की फसल गिरी

भीरा, आजमगढ़। सराय मोहन व बरबसपुर गांव में जलनिकासी की गंभीर समस्या ने किसानों की कमर तोड़ दी है।

बरबसपुर गांव के खेतों में भी वही हाल, अन्नदाता हो रहे बेहाल

नाले की सफाई और जलनिकासी की व्यवस्था नहीं होने से सैकड़ों बीघा कृषि भूमि पानी में डूबी हुई है। खेतों में लंबे समय से पानी जमा होने के कारण धान की फसल गिरकर सड़ने लगी है। हालात ऐसे हैं कि किसानों की महीनों की मेंहनत और खेती में लगाई गई पूंजी बर्बाद होने की कगार पर पहुंच गई है। ग्रामीणों के मुताबिक, पहले गांव के पानी की निकासी के लिए नाला बना हुआ था, जिसके माध्यम से पानी बेसो नदी में चला जाता था। समय के साथ नाला पट गया और उसकी सफाई नहीं



कराई गई। नतीजा यह है कि बरसात का पानी खेतों से निकलने का रास्ता नहीं पा रहा है। खेत तालाब में तब्दील हो चुके हैं और किसान चाहकर भी समय से अगली खेती नहीं कर पा रहे हैं। सराय मोहन गांव निवासी अश्वनी राय का ढाई बीघा की फसल पानी में डूब कर सड़ रही है। उनका का कहना है कि जब पहले नाले से पानी की निकासी होती थी, तो खेती समय पर हो जाती थी। आज नाला बंद होने के कारण खेतों में पानी भरा रहता है। फसलें सड़ रही हैं और लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर किसानों की इस बदहाली की जिम्मेदारी कौन लेगा। किसान कई बार इस समस्या को उठा चुके हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है।

धन वर्षा की उम्मीदों में सजा बाजार, आज ग्राहकों से होगा गुलजार

इलेक्ट्रानिक से लेकर सराफा कारोबारियों को भी ग्राहकों के आने का इंतजार

आजमगढ़। हर साल का वही हाल, कहा जाता है कि महंगाई से हर कोई बेहाल, लेकिन हर त्योहार की तरह

धनतेरस

धनवंतरि की पूजा के लिए आयुर्वेद प्रतिष्ठानों में की गयी तैयारी

से दीप पर्व पर भी ऐसा कुछ कहीं नहीं दिख रहा है। धन वर्षा की उम्मीदों के साथ बाजार धनतेरस के एक दिन पहले ही तैयार दिखा। महंगाई के बावजूद इलेक्ट्रानिक से लेकर सराफा कारोबारियों को भी ग्राहकों की अच्छी आमद का इंतजार था। तो दूसरी ओर आदि वैद्य धनवंतरि जयंती पर उनकी पूजा के



लिए आयुर्वेद प्रतिष्ठानों पर विशेष तैयारी की गई। दुकानों को कहीं विद्युत झालर तो कहीं पुष्पमालाओं से सजाया गया। पर्व को लेकर हर ओर उल्लास व उत्साह है। एक दिन पहले से लोगों की हो रही भीड़ को देखते हुए कारोबारी उत्साहित हैं। स्वर्ण आभूषण के दाम तो आसमान पर हैं, लेकिन उसके बाद भी जेवर, वाहन, कपड़ा, बर्तन व इलेक्ट्रानिक उत्पाद आदि के कारोबार में काफी लाभ की संभावना है। टीवी, फ्रिजि, वाशिंग मशीन, कंप्यूटर, लैपटाप, ओवेन, मोबाइल आदि का कारोबार इस बार भी ठीक-ठाक होने की संभावना है। ऐसे में दुकानों पर सभी अपने-अपने उत्पादों को सजाने व

शहर से लेकर गांव तक सजीं बर्तन, झालर और झाड़ू की दुकानें

संवारने में लगे रहे। पर्व में बिकने वाले छोटे-छोटे उत्पादों की भी अच्छी मांग दिखी।

मिट्टी के दीये और झालर आदि सामान की अभी से अच्छी बिक्री शुरू हो गई है। सबसे अधिक मांग रेडीमेड कपड़ों की दिखी। धनतेरस को लेकर स्वर्ण कारोबारियों में उत्साह का आलम यह रहा कि कई स्थानों पर दुकानों के सामने फूलों से तोरण द्वार बनाया गया था। दूसरी ओर सराफा से लेकर माल तक में ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए अलग-अलग आफर की घोषणा की गई है।

इस बार धनतेरस के दिन शनिवार नहीं होने के कारण पिछले वर्ष की तरह से एक दिन पहले बर्तन, टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, एसी, कंप्यूटर, लैपटाप, ओवेन व मोबाइल आदि की दुकानों पर पिछले साल की तरह से ग्राहकों की भीड़ फिलहाल नहीं देखी गई। हालांकि, वरिष्ठ कर्मकांडी गिरजा शंकर पाठक का कहना है कि मुहुर्त आधारित किसी भी पर्व या आयोजन में आम दिनों की तरह से परहेज जैसी बात नहीं होनी चाहिए। इस बार तो वह संशय भी नहीं रहेगा।

त्योहार के दौरान डीजे निर्धारित ध्वनि मानकों के अनुरूप ही बजाये जायं

आजमगढ़। सहायक पुलिस अधीक्षक ईश्वर लाल गुर्जर ने गुरुवार को थाना निजामाबाद पर आगामी त्योहार एवं मेले के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक ने सभी से संवाद स्थापित कर डीजे संचालन एवं ध्वनि सीमा के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि त्योहार एवं मेले के दौरान डीजे निर्धारित ध्वनि मानकों के अनुरूप ही बजाए जाएं। डीजे की आवाज अत्यधिक तेज न रखी जाए तथा अधिक ऊंचाई वाले डीजे सेटअप न लगाए जाएं। ध्वनि प्रदूषण एवं सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले डीजे संचालकों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

बताया कि आवासीय क्षेत्र में दिन में 55 डेसीबल तथा रात्रि में 45 डेसीबल, व्यावसायिक क्षेत्र में दिन में 65 डेसीबल तथा रात्रि में 55 डेसीबल, औद्योगिक क्षेत्र में दिन में 75 डेसीबल तथा रात्रि में



70 डेसीबल, शांति क्षेत्र (अस्पताल, स्कूल एवं न्यायालय के 100 मीटर के दायरे में) दिन में 50 डेसीबल तथा रात्रि में 40 डेसीबल से ज्यादा आवाज नहीं होनी चाहिए। सीसीटीवी कैमरों के संबंध में दुकानों एवं निजी प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता सुनिश्चित कर ली जाए तथा कैमरों को सड़क एवं गलियों की तरफ इस प्रकार लगाया जाए, जिससे अधिक से अधिक क्षेत्र की निगरानी हो सके। मूर्ति स्थापना एवं विसर्जन स्थलों के संबंध में मूर्ति स्थापना एवं विसर्जन स्थलों पर साफ-सफाई के साथ-साथ पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। पटाखों का प्रयोग करते समय विशेष सावधानी बरती जाए तथा सुरक्षा मानकों का पूर्णत: पालन किया जाए। सभी लोग आपसी सौहार्द्र एवं भाईचारा बनाए रखें। किसी भी पुराने विवाद को अनावश्यक रूप से न बढ़ाएं तथा किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।

दीपावली पर मिलावटखोरों पर एफएसडीए की कार्रवाई

लखनऊ, दीपावली के त्योहार पर लोगों की थाली तक मिलावटी और असुरक्षित खाद्य पदार्थों की पहुंच रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) प्रदेशभर में प्रवर्तन कार्रवाई कर रहा है। विभाग के 'शुद्ध ही शुभ है' अभियान के तहत एक ओर करीब 12 टोल नाकों और प्रमुख चौराहों पर वाहनों की सघन जांच की गई, तो दूसरी ओर मिठाई और खाद्य पदार्थ बनाने वाली इकाइयों पर छापेमारी कर मिलावट तथा गंदगी के गंभीर मामले पकड़े गए। वाहन जांच के दौरान 48 वाहनों से खाद्य पदार्थों की ढुलाई की पड़ताल की गई। इसमें कानपुर नगर में करीब 22 कुंतल दुर्गंधयुक्त खोया और हापुड़ में अस्वच्छ परिस्थितियों में ले जाया जा रहा करीब 28 कुंतल पनीर पकड़ा गया। अभियान के दौरान करीब 60 कुंतल असुरक्षित एवं अस्वच्छ परिस्थितियों में रखे या परिवहन किए जा रहे खाद्य पदार्थ नष्ट कराए गए। वहीं, गंभीर अनियमितताओं पर प्रदेश में अब तक 32 प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित कर कारोबार बंद कराया जा चुका है।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों के लिये ई-निविदा वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है:-

क्रम सं.-1, निविदा सं.: वमंविइं-टीआरडी-लर्ज-ओटी-240, कार्य का विवरण: पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के टिनिच मे NCML बस्ती प्राइवेट लिमिटेड के लिए एसपी प्रावधान। ई-निविदा बन्द होने की तिथि व समय: 04-12-2026 व 15:00 बजे, ई-निविदा खुलने की तिथि व समय: 04-12-2026 व 15:30 बजे, अनुमानित लागत: ₹ 42,27,710.51, बयाना राशि: ₹ 84,600/-, निविदा मूल्य: ₹ 0.00, कार्य सम्पादन की अवधि: 06 माह। **क्रम सं.-2,** निविदा सं.: वमंविइं-टीआरडी-लर्ज-ओटी-241, कार्य का विवरण: नकाहा में HURL प्राइवेट साइडिंग के लिए एसएसपी का प्रावधान। ई-निविदा बन्द होने की तिथि व समय: 04-12-2026 व 15:00 बजे, ई-निविदा खुलने की तिथि व समय: 04-12-2026 व 15:30 बजे, अनुमानित लागत: ₹ 87,18,422.53, बयाना राशि: ₹ 1,74,400/-, निविदा मूल्य: ₹ 0.00, कार्य सम्पादन की अवधि: 06 माह।

नोट: (1) इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। **(2)** विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट ***http://www.ireps.gov.in*** को देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी

मुजाधि/विद्युत-252 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय- अपर जिला जज कोर्ट नम्बर- 1
गोरखपुर
प्रकीर्ण वाद संख्या -408/2026
सिविल जजेज अपील संख्या- 13/2011
अरविन्द कुमार बनाम ओमप्रकाश जायसवाल वगैरह

बनाम-(6) श्रीमती आशा जायसवाल उम्र लगभग 65 वर्ष पत्नी स्वर्गीय कन्हैया लाल जायसवाल निवासी मोहल्ला शिवपुर, शहर व जिला-वाराणसी/काशी- 221003, (9) श्रीमती रीता जायसवाल उम्र लगभग 59 वर्ष पत्नी श्री सुनील कुमार जायसवाल निवासी मोहल्ला-होटल हिन्दुस्तान इण्टरनेशनल कैम्पस मलदहिया, शहर व जिला-वाराणसी/काशी-221002, (11) श्रीमती शीतल जायसवाल उम्र लगभग 55 वर्ष पत्नी अजय कुमार जायसवाल साकिन मोहल्ला जगतगंज, शहर व जिला वाराणसी/काशी-221002

-विपक्षीगण द्वितीयगण/प्रत्यर्थीगण द्वितीयपक्ष

चूंकि ऊपर नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के माह 11 के 17 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यकरुपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवतरित किया जायेगा।

बस्दस्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 31 माह 10 सन् 2026 ई. को जारी किया गया।

ह. मुंसरिम
मोहर न्यायालय

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
सोन यांत्रिक निर्माण खण्ड, वाराणसी

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-03/अधि0अभि0,सो0यां0नि0ख0वा0/2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु सिंचाई विभाग में यॉत्रिक कार्यो हेतु ए श्रेणी में पंजीकृत अनुभव प्राप्त ठेकेदारों से मुहर बन्द निविदायें दिनांक 20.11.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, सोन यांत्रिक निर्माण खण्ड, वाराणसी के कार्यालय में गठित निविदा समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारो/उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 14.11.2026 से दिनांक 19.11.2026 तक सायं 05.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में अधिशासी अभियन्ता, सोन यांत्रिक निर्माण खण्ड, वाराणसी व लिफ्ट सिंचाई निर्माण खण्ड, वाराणसी से ऐसे निविदा दाता जो निम्नलिखित नियम व शर्तें पूरी करते हो, निर्धारित शुल्क जमा कर एवं वांछित अभिलेखों की मूल प्रतियां एवं सत्यापित छाया प्रति प्रस्तुत करने पर निविदा प्राप्त कर सकते है। कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह निविदा अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगा। निविदा-प्रपत्र सिंचाई विभाग की वेबसाइट (www.idup.gov.in) से डाउनलोड किये जा सकते हैं परन्तु निविदा-प्रपत्र का निर्धारित मूल्य अधिशासी अभियन्ता, सोन यांत्रिक निर्माण खण्ड, वाराणसी के नाम देय रेखांकित भारतीय पोस्टल आर्डर/डी.डी. के रूप में (रू0 725.00 किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक एवं रू0 41.00 मात्र भारतीय स्टेट बैंक का ही होना चाहिए) निविदा ऑफर के साथ आवश्यक रूप से जमा किया जायेगा। निविदा-प्रपत्र का मूल्य, निविदा के साथ संलग्न न किये जाने की स्थिति में उनकी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा-प्रपत्र प्राप्त करने हेतु विभाग मे पंजीकरण, जिलाधिकारी के स्वयं के हस्ताक्षर द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र (आई0डी0टी0-1) तथा हैसियत प्रमाण-पत्र (आई0डी0टी0-2) की मूल प्रतियॉं प्रस्तुत की जायेंगी तथा उनकी सत्यापित प्रतियॉं ठेकेदार अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदा ऑफर के साथ जमा की जायेगी। अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा जो कि ठेकेदार द्वारा प्रदत्त अधिकार पत्र जिसमें प्रतिनिधि का हस्ताक्षर प्रमाणित किया हो, भी निर्धारित शुल्क तथा उक्त अभिलेख प्रस्तुत कर निविदा-प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।

धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 अथवा नियमानुसार अनुमन्य अन्य प्रतिभूति के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता, सोन यांत्रिक निर्माण खण्ड, वाराणसी के पक्ष में बंधक होगी, जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नही की जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

लाट सं0	कार्य का नाम	मात्रा	अनुमानित लागत (भारतीय लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (भारतीय लाख रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य (भारतीय रू0 में)	ठेकेदार की श्रेणी
01	देवकली पम्प नहर फेज-2 (मरदह पम्प नहर) जनपद गाजीपुर में स्थापित मरदह पम्प नहर पर आई0ओ0टी0 प्रणालियॉं हेतु एंड्रॉइड आधारित रियल-टाइम मॉनिटरिंग एप्लिकेशन के विकास, परिनियोजन, परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य। (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)	01 जाब	5.99	0.12	20 दिवस	500.00+ 225.00+ 18 % GST	यांत्रिक "A" श्रेणी एवं सम्बन्धित कार्य का अनुभव (प्रमाण पत्र सहित)

इस निविदा सूचना की नियम एवं शर्तें सिंचाई विभाग की वेबसाइट www.idup.gov.in एवं उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट एवं सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
सोन यांत्रिक निर्माण खण्ड
वाराणसी

उ.प्र.:- 260347
दिनांक- 04.11.2026

वेबसाईट:- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लोक निर्माण विभाग, वाराणसी

पत्रांक- 5262 /183काम-वा0वृत्त/2026-27 दिनांक 31/10/2026

ई-निविदा सूचना

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0, लोक निर्माण विभाग के निम्नानुसार निम्नलिखित मार्ग कार्य हेतु श्रेणी के पात्र एवं पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्रम सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	अधि0अभि0 कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	पंजीकरण श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
विधानसभा-पिण्डरा(राज्य सड़क निधि-3054, विशेष मरम्मत)										
1	वाराणसी	सारोगंज भीटी हमीरापुर वाया खत्तवन मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	59.39	4.97	2714.00 (जीएसटी सहित)	2 माह	निर्माण खण्ड-1 लो0नि0वि0 वाराणसी	वा0वृत्त, लो0नि0वि0 वाराणसी	वा0क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A,B,C
2	वाराणसी	बड़ागॉव से नेवादा वाया अनेई तक मार्ग के चैनेज 0.000 से 3.500 तक के विशेष मरम्मत का कार्य	122.86	8.14	2714.00 (जीएसटी सहित)	3 माह	निर्माण खण्ड-1 लो0नि0वि0 वाराणसी	वा0वृत्त, लो0नि0वि0 वाराणसी	वा0क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A,B
3	वाराणसी	बड़ागॉव ब्लाक-सारोगंज भीटी दादूपुर महिमापुर होते हुए चोरघटा पुल तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	46.31	4.32	2714.00 (जीएसटी सहित)	2 माह	निर्माण खण्ड-1 लो0नि0वि0 वाराणसी	वा0वृत्त, लो0नि0वि0 वाराणसी	वा0क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A,B,C
विधानसभा-सेवापुरी (राज्य सड़क निधि-3054, विशेष मरम्मत)										
4	वाराणसी	कल्लीपुर बेनीपुर दिनदासपुर मार्ग पर सी0सी0 के साथ विशेष मरम्मत का कार्य	48.70	4.44	2714.00 (जीएसटी सहित)	2 माह	निर्माण खण्ड-1 लो0नि0वि0 वाराणसी	वा0वृत्त, लो0नि0वि0 वाराणसी	वा0क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A,B,C

बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट वेबसाइट http://e-tender.up.nic.in पर दिनांक 12.11.2026 अपरान्ह 12.00 बजे से दिनांक 19.11.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 19.11.2026 को समय 12:00 बजे अपरान्ह तक अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 19.11.2026 को 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी में खोली जायेगी।

निविदाएं प्रहरी सॉफ्टवेयर पर अपलोड की जायेगी तथा निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा, जिसका विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है।

(प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगायी गयीं समस्त शर्तें/नियमों की अधोहस्ताक्षरी द्वारा जॉच कर ली गयी है जो सही है)।

(आशुतोष कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, वाराणसी

(प्रवीण कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी

उ.प्र.:- 260309
दिनांक- 04.11.2026 वेबसाईट:- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., मऊ

पत्रांक:- 2300/12ए दिनांक:- 29.10.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना
ई-निविदा सूचना

1.इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई-टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनॉंक 12.11.2026 से दिनॉंक 19.11..2026 को दोपहर 12:00 बजे तक आनलाइन अपलोड की जा सकती है। दिनॉंक 19.11.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे तकनीकी बिड आनलाइन खोली जायेगी। उक्त कार्यों के लिये लोक निर्माण विभाग में क्लास "ए. बी. सी एवं डी" (रोड सेफ्टी) श्रेणी में कार्य की प्रकृति के अनुरूप पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डालने योग्य होंगे।

2.कार्यों का विवरण

क्र. स0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की श्रेणी
1		3	4	5	6	7	8	9	10	11
विशेष मरम्मत के कार्य (स्वीकृति की प्रत्याशा में) (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)										
1	मऊ	पिलखी से चौड़ी मार्ग (लम्बाई 0.200कि.मी.)	10.00	1.00	855	2 माह	अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मऊ	अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आजमगढ़ क्षेत्र, लो0नि0वि0, आजमगढ़	ए.बी.सी डी
2	मऊ	मऊ रानीपुर मार्ग से लोहाटीकर प्रा0पाठशाला तक स0मार्ग (लम्बाई 0.750कि.मी.)	35.75	3.58	944	2 माह	—तदैव—	तदैव	तदैव	ए.बी.सी डी
3	मऊ	शमशाबाद दक्षिणी पासी बस्ती सम्पर्क मार्ग (लम्बाई 0.200कि.मी.)	9.50	0.95	855	2 माह	—तदैव—	तदैव	तदैव	ए.बी.सी डी
4	मऊ	नियामूपुर सुल्तानीपुर सम्पर्क मार्ग (लम्बाई 1.250कि.मी.)	36.80	3.68	944	2 माह	—तदैव—	तदैव	तदैव	ए.बी.सी डी
5	मऊ	बहलोलपुर मौर्य बस्ती सम्पर्क मार्ग (लम्बाई 0.930कि.मी.)	25.95	2.60	944	2 माह	—तदैव—	तदैव	तदैव	ए.बी.सी डी
6	मऊ	वयामपुर सम्पर्क मार्ग (लम्बाई 0.800कि.मी.)	28.22	2.82	944	2 माह	—तदैव—	तदैव	तदैव	ए.बी.सी डी
7	मऊ	मुहम्मदाबाद चिरैयाकोट से कस्तूरीपुर (लम्बाई 0.900कि.मी.)	13.33	1.33	855	2 माह	—तदैव—	तदैव	तदैव	ए.बी.सी डी
8	मऊ	मुहम्मदाबाद चिरैयाकोट से मांटीकला मार्ग (लम्बाई 1.000कि.मी.)	14.10	1.41	855	2 माह	—तदैव—	तदैव	तदैव	ए.बी.सी डी
9	मऊ	बन्दीकला बन्धे से होकर समसा बाद होते हेए पुलिया रोड तक (लम्बाई 1.500कि.मी.)	25.40	2.54	944	2 माह	—तदैव—	तदैव	तदैव	ए.बी.सी डी
10	मऊ	लखनऊ बलिया से बरहदपुर मार्ग (लम्बाई 1.500कि.मी.)	32.90	3.29	944	2 माह	—तदैव—	तदैव	तदैव	ए.बी.सी डी
11	मऊ	लखनऊ बलिया से बरामदपुर मार्ग (लम्बाई 0.800कि.मी.)	13.00	1.30	855	2 माह	—तदैव—	तदैव	तदैव	ए.बी.सी डी
12	मऊ	सुरहुरपुर सम्पर्क मार्ग (लम्बाई 0.070 कि.मी.)	3.35	0.35	767	2 माह	—तदैव—	तदैव	तदैव	ए.बी.सी डी
13	मऊ	मुहम्मदाबाद चिरैयाकोट से भुजहीं (लम्बाई 1.000कि.मी.)	15.35	1.53	944	2 माह	—तदैव—	तदैव	तदैव	ए.बी.सी डी
14	मऊ	सुहवल फतेहपुर मार्ग से मण्डूसरा बुजुर्ग सम्पर्क मार्ग (लम्बाई 1.265 कि.मी.)	18.25	1.82	944	2 माह	—तदैव—	तदैव	तदैव	ए.बी.सी डी
15	मऊ	मण्डूसरा बुजुर्ग प्रा0विद्यालय से अस्सी भवन तक सम्पर्क मार्ग (लम्बाई 1.570 कि.मी.)	22.85	2.28	944	2 माह	—तदैव—	तदैव	तदैव	ए.बी.सी डी
16	मऊ	शेखमतपुर से सुल्तानपुर मार्ग (लम्बाई 0.600कि.मी.)	8.70	0.87	855	2 माह	—तदैव—	तदैव	तदैव	ए.बी.सी डी
17	मऊ	लखनऊ बलिया के कि.मी. 296 से उत्तरेजपुर सम्पर्क मार्ग (लम्बाई 0.100कि.मी.)	4.90	0.49	767	2 माह	—तदैव—	तदैव	तदैव	ए.बी.सी डी
18	मऊ	हाफिजपुर पुलिया से मेढ़ीयाघर सम्पर्क मार्ग (लम्बाई 2.000कि.मी.)	27.95	2.79	944	2 माह	—तदैव—	तदैव	तदैव	ए.बी.सी डी
19	मऊ	सलाहाबाद इटौरा मार्ग के कि.मी.11 से बिनोदपुर खिरिया सम्पर्क मार्ग (लम्बाई 1.700कि.मी.)	37.20	3.72	944	2 माह	—तदैव—	तदैव	तदैव	ए.बी.सी डी
20	मऊ	सरसेना विशुनपुर से जसड़ा यादव बस्ती सम्पर्क मार्ग (लम्बाई 1.810कि.मी.)	31.25	3.12	944	2 माह	—तदैव—	तदैव	तदैव	ए.बी.सी डी
21	मऊ	रेकवारेडीह सम्पर्क मार्ग (लम्बाई 0.510कि.मी.)	24.45	2.44	944	2 माह	—तदैव—	तदैव	तदैव	ए.बी.सी डी
22	मऊ	लो.नि.वि.मार्ग से अहिरटोला मार्ग (लम्बाई 0.250कि.मी.)	15.10	1.51	944	2 माह	—तदैव—	तदैव	तदैव	ए.बी.सी डी

प्रत्येक निविदा का शुल्क खाता UP e-tender online Account Government Internet Banking के द्वारा ही स्वीकार की जायेगी।

प्रत्येक निविदा सिक्योरिटी धनराशि खाता UP e-tender Online Account-Government के Internet Banking के द्वारा ही स्वीकार की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है जिसकी विस्तृत जानकारी विड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

इसकी तकनीकी बिड अंतिम तिथि 19.11.2026 को 12.00 बजे तक शुद्वि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

निविदा से संबंधित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

उ.प्र.:- 260389 अधिशासी अभियन्ता
दिनांक:- 04.11.2026 प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.व., मऊ

वेबसाईट:- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-आजमगढ़
विकास भवन, आजमगढ़, पिनकोड-276001

पत्रांक:- /ग्रा.अ.वि./टेण्डर/वरि.सहा./2026-27 दिनांक:-

मैनुअल निविदा सूचना

1:- महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-आजमगढ़ द्वारा निम्न कार्यो हेतु उ0प्र0 ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में अर्ह एवं पंजीकृत "ए0", "बी0" "सी0" एवं "डी0" श्रेणी पात्र ठेकेदारों/फर्मो से प्रतिशत दरों पर अधोलिखित कार्य की निविदा आमंत्रित करते है।

2:- योजना का नाम :- विधायक निधि

3:- कार्य का नाम सारणी के अनुसार-

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत(लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा मूल्य (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
विधानसभा गोपालपुर						
1	आजमगढ़	ग्रामसभा टेड़वा में दुकान से पुराने सी0सी0रोड तक सी0सी0 रोड 60 मी0	5.16	0.10	225.00+500.00+131	तीन माह
2	"	ग्रामसभा भितेहरा में बहादुर राम के घर से राजदेव यादव के घर तक सोलिंग कार्य	3.56	0.07	150.00+ 500.00 +27	तीन माह
3	"	ग्रामसभा देवमनपुर में पुराने सी0सी0रोड से हीरा तिवारी के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	3.87	0.08	150.00+ 500.00 +27	तीन माह
4	"	ग्रामसभा गढ़कौशिक में पी0डब्लू0डी0 पिच रोड से पुराने सी0सी0रोड की तरफ इण्टरलाकिंग कार्य	8.32	0.17	225.00+500.00+131	तीन माह
5	"	ग्रामसभा सैदपुर में पिच रोड से यादव बस्ती की तरफ इण्टरलाकिंग कार्य	6.64	0.13	225.00+500.00+131	तीन माह
6	"	ग्रामसभा गोपालपुर में पुराने सी0सी0रोड से आबादी की तरफ इण्टरलाकिंग कार्य	6.21	0.12	225.00+500.00+131	तीन माह
7	"	ग्रामसभा सरदहा में पी0एम0जी0एस0वाई रोड से पुराने नाले तक इण्टरलाकिंग कार्य	7.97	0.16	225.00+500.00+131	तीन माह
8	"	सरदहा में पुराने नाले से बाजार की तरफ नाली निर्माण कार्य	7.93	0.16	225.00+500.00+131	तीन माह
9	"	ग्रामसभा मल्लूपुर में पुराने सी0सी0रोड से मकबूल के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	5.24	0.10	225.00+500.00+131	तीन माह
10	"	ग्रामसभा गदनपुर हिच्छनपट्टी में आजमगढ़ फैजाबाद फोर लेन से मन्दिर की तरफ सोलिंग कार्य	1.67	0.03	75+500+14	तीन माह
11	"	ग्रामसभा बसिला में आबादी से पिच रोड के तरफ इण्टरलाकिंग कार्य	5.59	0.11	225.00+500.00+131	तीन माह
12	"	सुगौटी में मेन रोड गोमती यादव के घर से बलजीत यादव के घर तक सी0सी0रोड	7.35	0.15	225.00+500.00+131	तीन माह
13	"	नगवा बहाउद्दीन में उमेश सिंह के घर से बूथ प्रभारी अरविन्द सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	4.46	0.09	150.00+ 500.00 +27	तीन माह
14	"	नौबरार देवारा जदीद किता- द्वितीय में आयमा सी0सी0 रोड से हीरा के घर तक सोलिंग कार्य	5.27	0.11	225.00+500.00+131	तीन माह
15	"	ग्रामसभा प्रतापपुर में महीम के घर से रामसमुझ के घर तक नाली व इण्टरलाकिंग कार्य	3.30	0.07	150.00+ 500.00 +27	तीन माह
16	"	हजियापुर में पिच रोड से धनस्याम यादव के घर तक खडण्जा कार्य	2.47	0.05	150.00+ 500.00 +27	तीन माह
17	"	गद्दीपुर में पिच रोड से ध्यिान यादव के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	6.64	0.13	225.00+500.00+131	तीन माह
18	"	सलेमपुर में पिच रोड से पुराने इण्टरलाकिंग तक इण्टरलाकिंग कार्य	4.46	0.09	150.00+ 500.00 +27	तीन माह
19	"	बिन्दवल में पिच रोड से मतीउर्रहमान के ट्यूबेल तक सोलिंग कार्य	3.28	0.07	150.00+ 500.00 +27	तीन माह
20	"	ग्राम तोफापुर में बस्ती से पंचायत भवन के तरफ इण्टरलाकिंग कार्य	7.16	0.14	225.00+500.00+131	तीन माह
21	"	ग्रामसभा जमीन रसूलपुर में नजरे आलम के घर से सुफीयान के घर तक सोलिंग कार्य	3.66	0.07	150.00+ 500.00 +27	तीन माह
22	"	ग्रामसभा जयराजपुर में पुराने नाले से अब्बू प्रधान जी के घर की तरफ नाला निर्माण कार्य	8.73	0.17	225.00+500.00+131	तीन माह
23	"	ग्रामसभा ओरा में बस्ती से पुराने सोलिंग की तरफ इण्टरलाकिंग	9.95	0.20	225.00+500.00+131	तीन माह
24	"	अवती में पिच रोड से उदयराज के घर की तरफ सी0सी0रोड	7.85	0.16	225.00+500.00+131	तीन माह
25	"	नगर पालिका बिलरियागंज के जौहर अली पार्क में 20 मी0 लम्बा राष्ट्रीय ध्वज व सुन्दरीकरण का अवशेष कार्य	9.41	0.19	225.00+500.00+131	तीन माह
26	"	वि0ख0 मार्टिनगंज ग्राम जगदीशपुर में काली माता के स्थान पर, ग्राम सोहौली में डीहबाबा के स्थान पर, ग्राम सोहौली में संतोशी माता जी के मन्दिर के स्थान पर इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट	7.77	0.16	225.00+500.00+131	तीन माह
27	"	वि0ख0 मार्टिनगंज ग्राम दशमड़ा में शिव बाबा के स्थान पर, ग्राम जगदीशपुर में दुर्गामाता जी मन्दिर के सामने, ग्राम खेतापट्टी में शिव बाबा के स्थान पर इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट	7.77	0.16	225.00+500.00+131	तीन माह
28	"	वि0ख0 ठेकमा में ग्राम बालपुर में पातालपुरी स्वंयभू बाबा के स्थान पर, ग्राम कुड़ीहर में रवि दीक्षित घर के सामने सार्वजनिक स्थल पर इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट	5.18	0.10	225.00+500.00+131	तीन माह
29	"	वि0ख0 रानी की सराय के ग्राम बेहरा में दुर्गा जी मन्दिर के स्थान पर (सौरभ उपाध्याय) इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट	2.59	0.05	150.00+ 500.00 +27	तीन माह
30	"	वि0ख0 पल्हनी के ग्राम नीबी में ठाकुर जी मन्दिर के पास इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट	2.59	0.05	150.00+ 500.00 +27	तीन माह
31	"	ग्रामसभा छाऊ में ढाबा पर एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट,ग्राम छाऊ में पूरब कब्रिस्तान पर एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट, ग्राम छाऊ में पोखरे के पास एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट	7.77	0.16	225.00+500.00+131	तीन माह
32	"	ग्रामसभा छाऊ में अम्बेडकर पार्क के पास एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट, ग्राम मोहिद्दीनपुर में मनोज यादव के घर के पास एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट, ग्राम विसया भोला पासवान पूर्व विधायक के घर के पास एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट	7.77	0.16	225.00+500.00+131	तीन माह
33	"	ग्राम बनगॉव रिवो में बाबा साहेब मूर्ति के पास एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट, ग्राम बमनगॉव रिवो में गुलाब यादव के घर के पास एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट, ग्राम बमनगॉव रिवों में धर्मू यादव के पास एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट	7.77	0.16	225.00+500.00+131	तीन माह
34	"	ग्राम शाहपुर में मस्जिद के पास एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट, ग्राम मलगॉव में आकृशि क्लिनिक के पास एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट	5.18	0.10	225.00+500.00+131	तीन माह
35	"	ग्राम चरौवा में मन्दिर के पास एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट, ग्राम दरियापुर में दरियापुर अतरगंज रोड पर एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट, ग्राम शाहपुर में सरावॉं मोड़ बैचन के घर के पास एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट	7.77	0.16	225.00+500.00+131	तीन माह
36	"	ग्राम बूढ़ापुर वि0ख0 फूलपुर में तिराहा के पास एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट, ग्राम शाहपुर में इमामबाड़ा के पास एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट, ग्राम नौहरा में शमसान घाट पर एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट	7.77	0.16	225.00+500.00+131	तीन माह
37	"	ग्राम बूढ़ीपुर में रामनवल की दुकान के पास एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट, ग्राम गद्दोपुर में अम्बेडकर मूर्ति के पास एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट, ग्राम बूढ़ापुर में चक घटना में बाग के पास एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट	7.77	0.16	225.00+500.00+131	तीन माह
38	"	ग्राम ईशापुर में मन्दिर के पास एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट, ग्राम महुआरा कला में मस्जिद के पास एक अदद एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट, खदरा में हनुमान मन्दिर पर एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट	7.77	0.16	225.00+500.00+131	तीन माह
38	"	ग्राम विहटा में अम्बेडकर मूर्ति के पास एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट, ग्राम दरियापुर में मस्जिद के पास एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट, ग्राम महुआरा खुर्द में जुमा मस्जिद के पास एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट	7.77	0.16	225.00+500.00+131	तीन माह
39	"	ग्राम भादो में राजभर तिराहा बस्ती में एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट, चितारा महमूदपुर में मिडिल स्कूल के पास एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट	5.18	0.10	225.00+500.00+131	तीन माह
40	"	ग्राम भादो वि0ख0 मार्टीनगंज में नई मस्जिद रिलायंस टावर के पास एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट, ग्राम करुई में रामसिंह के दुकान के पास एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट	5.18	0.10	225.00+500.00+131	तीन माह
41	"	ग्राम खराटी में रामलीला मैदान के पास एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट, ग्राम सिरसाल में आमख्या मन्दिर पर एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट, ग्राम विशया में मोड़ पर एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट	7.77	0.16	225.00+500.00+131	तीन माह
42	"	ग्राम कमरावॉं में जुमा मस्जिद के पास एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट, ग्राम अमौड़ा में काली माता मन्दिर के पास एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट, ग्राम विशयॉं पर मन्दिर के पास एक अदद इलेक्ट्रानिक हाई मास्ट लाईट	7.77	0.16	225.00+500.00+131	तीन माह
43	"	ग्रामसभा हमीदपुर वि0ख0 अहरौला में श्री मदनराम के घर से श्री अभय यादव के खेत की तरफ सी0सी0रोड का निर्माण कार्य	9.50	0.19	225.00+500.00+131	तीन माह
44	"	ग्रामसभा भैरोपुर मु0 छतौना वि0ख0 कोयलसा में गौरा सम्पर्क मार्ग से श्री गोरखनाथ बाबा जी स्थान होते हुए सिहोरा सम्पर्क मार्ग की तरफ खडण्जा निर्माण कार्य	7.77	0.16	225.00+500.00+131	तीन माह
45	"	ग्रामसभा हैदरपुर के गोरहरपुर वि0ख0 अतरौलिया में पिच रोड श्री रामप्रीत मौर्या के घर से श्री रामजीत गौड़ के खेत तक खडण्जा निर्माण कार्य	4.46	0.09	150.00+ 500.00 +27	तीन माह
46	"	ग्रामसभा पखुवाडीह मु0 अचलीपुर वि0ख0 अतरौलिया में श्री अमरजीत यादव के घर से श्री रमेश यादव के खेत तक सी0सी0रोड का निर्माण कार्य	5.78	0.12	225.00+500.00+131	तीन माह
47	"	ग्रामसभा मुखलिसपुर वि0ख0 कोयलसा में पिच रोड से श्री बाकेलाल निशाद के घर तक खडण्जा कार्य	9.48	0.19	225.00+500.00+131	तीन माह
48	"	ग्रामसभा अतरैठ वि0ख0 कोयलसा में मन्दिर से नाला तक एवं इब्राहीम के घर से नदी तक नाला निर्माण कार्य	4.90	0.10	150.00+ 500.00 +27	तीन माह
49	"	ग्रामसभा बनकट जगदीश वि0ख0 कोयलसा में श्री श्याम नरायन विश्वकर्मा के घर से श्री रामनरायन प्रजापति के घर होते हुए श्री हुबराज वर्मा के घर तक नाली एवं सी0सी0रोड का निर्माण कार्य	6.11	0.12	225.00+500.00+131	तीन माह
50	"	ग्रामसभा रामपुर खास वि0ख0 अतरौलिया में श्री रामधनी मौर्या के घर से श्री हरिलाल मौर्या के घर तक सी0सी0रोड का निर्माण कार्य	4.51	0.09	150.00+ 500.00 +27	तीन माह
51	"	ग्रामसभा चिश्तीपुर (देहुला गोसाई) वि0ख0 अतरौलिया में श्री लाल बिहारी निशाद के घर से श्री राजेन्द्र निशाद के घर तक नाली निर्माण कार्य	7.37	0.15	225.00+500.00+131	तीन माह
52	"	ग्रामसभा रायपुर काजी वि0ख0 कोयलसा में पिच रोड मो0 हाजी नसीर के घर से श्री सुरेन्द्र यादव के ट्यूबेल तक खडण्जा निर्माण कार्य	6.65	0.13	225.00+500.00+131	तीन माह
53	"	ग्रामसभा बूढ़नपुर वि0ख0 कोलया में सी0सी0रोड से श्री गंगाराम पूर्व प्रधान के घर तक सी0सी0रोड का निर्माण कार्य	2.30	0.05	150.00+ 500.00 +27	तीन माह
54	"	ग्रामसभा पटाधन (दारूपुर) वि0ख0 कोयलसा में श्री रामनरायन के घर से श्री इन्द्रजीत यादव के ट्यूबेल तक सी0सी0रोड का निर्माण कार्य	9.04	0.18	225.00+500.00+131	तीन माह
55	"	ग्रामसभा गोविन्दपुर वि0ख0 अतरौलिया मे श्री रामबचन विश्वकर्मा के घर से श्री राजमन पाण्डेय जी के घर की तरफ सी0सी0रोड का निर्माण	8.29	0.17	225.00+500.00+131	तीन माह
56	"	ग्रामसभा जमीन दशाव (खास) वि0ख0 अतरौलिया में नाला पर पुलिया निर्माण कार्य	8.96	0.18	225.00+500.00+131	तीन माह
57	"	ग्रामसभा अरूशा वि0ख0 अहरौला में हरिजन बस्ती में श्री शिवमूरत राजभर के घर से धर्मेन्द्र कुमार के घर की तरफ खडण्जा निर्माण कार्य	7.18	0.14	225.00+500.00+131	तीन माह
58	"	ग्रामसभा शम्भुपुर दमदीयवना वि0ख0 अहरौला में पिच रोड श्री खेदनराम के खेत से तिलकधारी यादव के खेत तक खडण्जा निर्माण कार्य	5.93	0.12	225.00+500.00+131	तीन माह
59	"	वि0ख0 पल्हनी ग्राम हेंगापुर में राजस्व ग्राम वजहद्दीनपुर पुरवा दलित बस्ती में खडण्जा कार्य	1.86	0.04	75+500+14	तीन माह

4:- निविदा बिक्री की तिथि :- 23.11.2026 से 26.11.2026 तक

5:- निविदा डाले जाने की तिथि:- 27.11.2026, समय:-दौपहर 12.00 बजे तक

6:- निविदा खोलने की तिथि:-27.11.2026, समय:-01.00 बजे

7:- निविदाकर्ता को आई0टी0बी0 के क्लाज-9 के अनुसार परिवर्तन/कोरिजेण्डम का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही कराया जायेगा। सभी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है। नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

उ.प्र.:- 260342 अधिशासी अभियन्ता
दिनांक:- 04.11.2026 ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-आजमगढ़

वेबसाईट:- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

एक नजर इधर भी

बीएचयू अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट के पास महिला ने फांसी लगाकर दी जान

बीएचयू अस्पताल परिसर में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब ऑक्सीजन प्लांट के बगल में ३५ वर्षीय महिला का शव फंदे से लटकता मिला। महिला ने अपनी साड़ी का फंदा बनाकर खिड़की के छज्जे से लटककर जान दे दी। सूचना मिलते ही बीएचयू पुलिस चौकी प्रभारी सौरभ तिवारी फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।मृतका की पहचान निकी के रूप में हुई है। वह मूल रूप से सोनभद्र जिले की रहने वाली थी। बताया जा रहा है कि २८ अक्टूबर को उसने एक बेटे को जन्म दिया था। नवजात की हालत ठीक नहीं होने के कारण उसे अस्पताल में इलाज के लिए रखा गया था। परिजनों के मुताबिक, महिला बच्चे को घर ले जाने की जिद कर रही थी, लेकिन चिकित्सकों ने नवजात की स्थिति को देखते हुए उसे डिस्चार्ज नहीं किया। इसके बाद चार अक्टूबर की रात करीब १० बजे से महिला लापता हो गयी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

मेडिकल की तैयारी कर रहे छात्र को घेरकर पीटा, हमला कर मोबाइल तोड़ा, मुकदमा दर्ज

भेलूपुर थाना क्षेत्र के दुर्गाकुंड में रहकर मेडिकल परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र के साथ मारपीट के मामले में छात्र प्रिंस कुमार पांडेय की शिकायत पर पुलिस ने रुद्र तिवारी, आर्यन सिंह, शुभराज, प्रियांशु राय समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रिंस का आरोप है कि बीते २७ अक्टूबर की शाम वह सीएमओ कार्यालय की तरफ से गुजर रहे थे। इसी दौरान आरोपियों ने उन्हें रास्ते में घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि डंडे से हमला कर उनका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया गया। छात्र ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उन्हें घेरकर बंधक बना लिया था और उनके साथ मारपीट की। मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद भेलूपुर पुलिस जांच में जुट गयी है। अब पुलिस आरोपों की जांच कर आरोपियों की भूमिका का पता लगा रही है।

दूकान जाने के लिए निकली किशोरी रहस्यमय ढंग से गायब

बड़ागांव। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासिनी १७ वर्षीय किशोरी तीन नवंबर को शाम छह बजे घर से दुकान जाने के लिए निकली और आज तक घर वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद उसकी मां ने एक युवक के विरुद्ध पुत्री को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है। पुलिस को दिये गये प्रार्थना पत्र में किशोरी की मां ने आरोप लगाया है कि मेरी पुत्री घटना के समय घर से सामान खरीदने के बहाने निकली और घर में रखा साठ हजार रुपए नगद और कीमती आभुषण साथ ले गयी। देर रात तक वापस नहीं लौटी तो खोजबीन करने पर पता चला कि राजातालाब थानाक्षेत्र के शहंशाह पुर गांव निवासी अफसर उर्फ नवाब नामक युवक मेरी पुत्री को भगा ले गया है।

जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद मुकदमा दर्ज

लंका, सिगरा और कैण्ट थाना प्रभारियों को किया गया अलर्ट, जांच पड़ताल में जुटी सुरक्षा एजेंसियां, लंका में भी धमकी भरे ई-मेल का मुकदमा दर्ज

जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद गुरुवारको जिला कोर्ट की तरफ से कैण्ट थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। जबकि कचहरी परिसर में पूर्व में आतंकवादी घटनाएं हो चुकी है। इस हादसे में कई वकीलों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। धमकी भरे ई-मेल से गुरुवार को कचहरी परिसर में दहशत और भय का माहौल बना हुआ है। वही लंका, सिगरा और कैण्ट थाने को अलर्ट किया गया है। आतंक वादियों के टारगेट पर काशी केन्द्र बिन्दु रहा है। यहां कैण्ट रेलवे स्टेशन, संकटमोचन मंदिर, दशाश्वमेध घाट, कचहरी में श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोट की घटनाएं हो चुकी है। जबकि एक दिन पूर्व काशी हिन्दू विश्वविद्यालय और नगर निगम को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल उनके विभाग की वेबसाइट पर मिल चुका है। फिलहाल वाराणसी की सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह से अलर्ट मोड पर हो गयी है। खुफिया विभाग के अधिकारियों ने जिला पुलिस प्रशासन को अलर्ट रहने की गोपनीय सूचना दे चुकी है। जबकि नगर निगम और बीएचयू में धमकी भरा ई-मेल मिलने के दूसरे दिन भी लोगों में दहशत का माहौल रहा जबकि स्थानीय थाने इसको गंभीरता से ले रहे हैं। दीपावली त्योहार से पहले बम धमको की धमकी मिलने सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गयी है कथिततौर पर नेशनल आर्मी के नाम से धमकी भरा ई-मेल संदेश भेजा गया है जिसमें काशी को बम से दहलाने की बात कही गयी है फिलहाल शहर में चेकिंग अभियान तेज कर दिया गया। ऐसे में दीपावली और धनतेरस का त्योहार होने की वजह से जिला प्रशासन के लिए चुनौती खड़ा कर दिया है इन त्योहारों पर सड़कों पर लोगों की भारी भीड़ जुटी रहती है लोग त्योहारों पर खरीददारी में काफी व्यस्त रहते हैं।

जनपद न्यायालय को मिला धमकी भराईमेल

जनपद न्यायाधीश न्यायालय परिसर के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्रीशचंद्र दुबे को धमकी भरा ई-मेल मिलने से हड़कंप मच गया। ई-मेल में दिवाली पर बम धमाके करने और पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ को निशाना बनाने की धमकी दी गयी है। मामले में श्रीशचंद्र दुबे की शिकायत पर कैंट पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, बुधवार को दोपहर १२.४८ बजे प्राप्त ई-मेल में खालिस्तान नेशनल आर्मी और बब्बर खालसा इंटरनेशनल (परमार-कनाडा) का नाम इस्तेमाल किया गया है। संदेश में दिवाली पर बम धमाके करने की धमकी के साथ पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ को निशाना बनाने का भी उल्लेख है। इस संबंध में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ने पुलिस को लिखित शिकायत दी। इसके आधार पर कैंट थाने में धमकी देने और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना इंस्पेक्टर क्राइम राज बहादुर मौर्य को सौंपी गयी है।

महिला का शव सड़क पर रखकर किया चक्का जाम

गोसाईंपुर। चोलापुर थाना क्षेत्र के गोसाईपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम सभा गुरवट में गत दिनौ सड़क हादसे में महिला के शव का पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार करने से परिजनों व ग्रामीणों ने इंकार करते हुए उचित मुआवजे और लापरवाह चालक के खिलाफ कड़ी काररवाई की मांग को लेकर ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन और चक्का जाम करने का प्रयास किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरवट गांव में कल हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गयी थी। गुरुवार को सुबह शव का पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद जब शव परिजनों को सौंपा गया, तो ग्रामीण और परिवारजन आक्रोशित हो गये। उनका आरोप था कि हादसे के लिए जिम्मेदार वाहन और चालक पर सख्त काररवाई करने के साथ-साथ पीड़ित गरीब परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता एवं उचित मुआवजा की मांग कर रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही चोलापुर थाना पुलिस और गोसाईपुर चौकी के अधिकारी तुरंत भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उचित मुआवजे का आश्वासन दिये जाने और दोषियों के विरुद्ध वैधानिक काररवाई की ब प्रशासनिक अधिकारीनायब तहसीलदार श्वेता मिश्रा व न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित सरोज मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को आश्वासन दिये जाने पर शांत हुए।

अस्सी घाट पर मां के साथ गंगा में डूब रहे दो मासूमों को बचाया गया

अस्सी घाट पर गुरुवार की रात उस समय अफरा-तफरी मच गयी, जब गंगा आरती समाप्त होने के बाद एक महिला ने अपने दो दूधमुंहे बच्चों के साथ गंगा में छलांग लगा दी। तीनों को डूबता देख घाट पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। इसी दौरान मां गंगा निषादराज सेवा समिति के सदस्यों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए बिना देर किये गंगा में छलांग लगा दी और महिला सहित दोनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। समिति के अनुसार, घटना के समय अभिषेक साहनी, करण साहनी, दीपक साहनी, कमलेश साहनी और शुभम साहनी सहित अन्य सदस्य आनंद काशी क्रूज के पास मौजूद थे। महिला और दोनों बच्चों को गहरे पानी में डूबता देख सभी ने अपनी जान की परवाह किये बिना बचाव अभियान शुरू कर दिया। काफी मशक्कत के बाद तीनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। उनकी तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया।

मजदूरी मांगने पर मजदूर का सिर फोड़ा, चार नामजद समेत आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा

चौबेपुर क्षेत्र के उमरहां गांव में मजदूरी के बकाया १० हजार रुपये मांगना पर मजदूर पर ईंट-पत्थर से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया गया। सिर में गंभीर चोट लगने से वह घायल हो गया। मामले में पुलिस ने चार नामजद और दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित ने बताया कि वह गांव के साजन के साथ मजदूरी करता है। २५ अक्टूबर की रात सादे आठ बजे वह साजन के घर अपना बकाया करीब १० हजार रुपये मांगने पहुंचा था।

जलालीपुरा में सरदार एवं महतो की हुई दस्तारबंदी

जलालीपुरा मुहल्ले के सरदार एवं महतो की खाली चल रहे पद को भरने के लिए नये गुरूवार को सरदार एवं महतो की दस्तार बंदी बुनकर बिरादराना तंजीम बाईसी के सरदार हाजी हाफिज मोइनुद्दीन साहब के हाथों हुई। जिसमें मोहल्ला जलालीपुरा के सरदार की जिम्मेदारी हाजी मोहम्मद इकराम अंसारी को एवं महतो की जिम्मेदारी इकबाल अहमद अंसारी को जो मुहल्ले की आवाम ने सर्वसम्मति से चुना था उनको ये अहम जिम्मेदारी दी। इस मौके पर तकरीर करते हुए मौलाना जाहिद साहब ने कहा कि आज जो ये हाजी मोहम्मद इकराम अंसारी साहब को सरदार की और इकबाल अहमद अंसारी साहब को महतो की जिम्मेदारी बाईसी के सरदार हाजी हाफिज मोइनुद्दीन साहब ने सर पर साफा बांध कर दी है। ये पदवी बहुत ही जिम्मेदारी से भरी पद है जो काँटो भरा ये पद है । जिसमें सभी के साथ बिना भेद भाव किये हुए सभी के साथ इंसाफ करना है। इस दस्तारबंदी में आये हुए सभी मेहमानों का स्वागत क्षेत्रीय पार्षद हाजी ओकास अंसारी ने किया।

लक्सा में अवैध पटाखा बरामद, एक गिरफ्तार

लक्सा थाना क्षेत्र के मिसिर पोखरा में गुरूवार को पुलिस ने एक मकान में छापा मारकर १४५ किलीग्राम अवैध पटाखा बरामद किया और मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया संजय कुमार लक्सा थाना क्षेत्र के मिसिर पोखरा का निवासी है।

सड़क हादसे में प्रधानपति घायल

रोहनिया थाना क्षेत्र के जगतपुर गांव के समीप बुधवार की रात्रि में अज्ञात वाहन की टक्कर से प्रधानपति अमरनाथ सिंह उर्फ तूफानी 50 वर्ष गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलवस्था में उन्हें अखरी स्थित निजी चित्सालय में भर्ती कार्य गया जहां हालत गम्भीर बताया गया है।वह जगतपुर के निवासी है।

मजदूर की पिटायी, मुकदमा दर्ज

बड़ागांव। थानाक्षेत्र के सोनपुरवा गांव में स्थित एक ईंट भट्ठे पर कार्यरत मजदूर भौली चौहान निवासी दरुआरा बेलदारी जिला नालंदा बिहार काम करता है जिसे मंगलवार को उसी गांव के निवासी भुल्लन यादव ने उसे अकारण ही लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया उसकी चीख पुकार सुनकर आसपास के मजदूरों ने बीच-बचाव करते हुए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर उसका प्रारंभिक उपचार कराया जिसकी गंभीर चोटों को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

मारपीट कर युवक को किया घायल, जान से मारने की दी धमकी

सेवापुरी। जंसा थाना क्षेत्र के भड़ाव सजोई गांव निवासी गोपालजी यादव पुत्र मौजीराम यादव ने गांव के ही तीन लोगों पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार, वह देर शाम जंसा से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के त्रिलोकी पुत्र अलियार, रतन पुत्र दूधनाथ और बहादुर पुत्र रामअधार ने उन्हें रास्ते में रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि रुपये छीनने का विरोध करने पर तीनों ने उनके शरीर पर कई जगह मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी उन्हें घायल अवस्था में छोड़कर मौके से फरार हो गए।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लोक निर्माण विभाग, वाराणसी

ई-निविदा सूचना

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, वाराणसी की ई0 निविदा सूचना संख्या- 5777/15ए/2026-27 दिनांक 24.102026 द्वारा निम्नलिखित कार्यो की निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 10.11.2026 अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 17.11.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक https://etender.up.nic.in पर निविदा सूचना टी0-1 पर बी0ओ0क्यू0 के साथ उपलब्ध होगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 17.11.2026 अपरान्ह 12:00 बजे तक होगी एवं टेक्निकल बिड्स दिनांक 17.11.2026 अपरान्ह 12:30 खोली जायेगी। यदि कोई शुद्धि पत्र होगा तो https://etender.up.nic.in पर दिनांक 17.11.2026 के अपरान्ह 12:00 बजे से पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण हेतु https://etender.up.nic.in पर लागइन करें।

क्रम सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अधिशासी अभियन्ता	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8
		विधानसभा-रोहनियां (विशेष मरम्त)					
1	वाराणसी	मोहनसराय अदलपुरा मार्ग के किमी0-6 से पैढे गांव तक सम्पर्क मार्ग।	18.33	1.83	854.00	निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, वाराणसी	2 माह
2	वाराणसी	जूनियर हाईस्कूल प्रयागपुर पंचकोशी रोड सूर्य देव तिवारी के खेत से बुढ़ापुर सरहद (रामकरन पटेल के मशीन) होतें हुये बढ़ैनी खुर्द पश्चिम तक सम्पर्क मार्ग।	21.95	2.20	854.00	-तदैव-	2 माह
3	वाराणसी	धन्नीपुर सम्पर्क मार्ग।	17.08	1.71	854.00	-तदैव-	2 माह
4	वाराणसी	चुरामनपुर गांव से जी0टी0 रोड तक अवशेष भाग।	8.59	0.86	854.00	-तदैव-	2 माह
5	वाराणसी	विकास खण्ड आराजीलाइन ग्राम पंचायत भवानीपुर से भगेलूराम के घर में शक्तियारपुर पिच रोड तक।	11.03	1.10	854.00	-तदैव-	2 माह
6	वाराणसी	जीटी मार्ग से कनेरी सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	16.81	1.68	854.00	-तदैव-	2 माह
7		कोरौता पुल पहुँच मार्ग (कोरौता साइड) के विशेष मरम्मत का कार्य।	16.81	1.68	854.00	-तदैव-	2 माह
8	वाराणसी	जगतपुर मिशिरपुर करनाडाड़ी मार्ग से नरउर सम्पर्क मार्ग।	28.25	2.83	854.00	-तदैव-	2 माह

:- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
:- निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

(आशुतोष कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड -1, लो0नि0वि0
वाराणसी

उ.प्र.-260314
दिनांक-04.11.2026

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
अष्टदशम् मण्डल, सिंचाई कार्य प्रयागराज

ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित अल्पकालीन निविदा सूचना
संख्या-06/अधी0अभि0/2026-27

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाइन http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री-क्वालीफिकेशन, टेक्निक्ल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक-10.11.2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक-16.11.2026 को अपराहन 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। मुख्य अभियन्ता (शारदा सहायक), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा निर्धारित समिति द्वारा निविदा दिनांक-16.11.2026 को अपराहन 04:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी तथा प्री-क्वालीफिकेशन एवं टेक्निकल बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं की फाइनेन्शियल बिड खोलने की तिथि कुल प्राप्त निविदाओ की संख्या के आधार पर ई-पोर्टल पर सूचित किया जायेगा। कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

लाट सं0	कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	संबंधित अधिशासी अभियन्ता	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0टी +स्टेशनरी का मूल्य (रू0 में)	पंजीकृत श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	सिंचाई खण्ड जौनपुर के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत जनपद वाराणसी में लाल बहादुर भास्त्री अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बाबतपुर, वाराणसी के विस्तारीकरण (पैकेज-1 में नये टर्मिनल भवन) एवं रनवे विस्तारीकरण क्षेत्र के जल निकासी हेतु पक्का नाला तथा दल्लीपुर ड्रेन पर दो अदद नये पुलों के निर्माण का कार्य।	852.97	17.06	सिंचाई खण्ड-जौनपुर	90 दिवस	6354	"एए"

1- यह निविदा सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http://up.gov.in/ सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in/ तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in/ पर भी उपलब्ध है।
2- आन-लाईन बिडिंग से संबंधित प्रकिया एवं कार्य से संबंधित जानकारी हेतु प्री-बिड मीटिंग दिनांक-10.11.2026 को अपरान्ह 13.00 बजे से 15.00 बजे तक अधीक्षण अभियन्ता, अष्टदशम् मण्डल, सिंचाई कार्य, प्रयागराज के कार्यालय में आयोजित की जायेगी, यदि किसी कारणवश समय अथवा स्थान में परिवर्तन होता है तो उसकी सूचना बेबसाइट http://etender.up.nic.in/ पर एक दिवस पूर्व घोषित कर दी जायेगी।

उ.प्र.-260327
दिनांक-04.11.2026

(सुरेन्द्र पाल सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

वर्गीकृत विज्ञापन

सूचना

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पासपोर्ट संख्या H9702791 में मेरा नाम भूलवश शिवाक्ष मिश्रा (SHIVAKSH MISHRA) अंकित है, जो गलत है वास्तविक में आधार कार्ड एवं सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र के अनुसार सही नाम शिवाक्ष कुमार मिश्रा (SHIVAKSH KUMAR MISHRA) पुत्र **अंजनी कुमार मिश्रा**, निवासी मकान नंबर S 10/33, मकबूल आलम रोड, चौकाघाट, थाना कैंट, वाराणसी है। इसका संशोधन किया जाना न्याय संगत होगा।

सूचना-मै राजेश नुनिया पुत्र धरमु नुनिया निवासी खड़िया कॉलोनी शक्तिनगर हैं मेरे पुत्र का नाम वैभव सभी दस्तावेजों में अंकित है जिसे बदल कर वैभव चौहान करना है आज से मेरे पुत्र का नाम **वैभव चौहान** दर्ज किया जाए।

सूचना मेरी पुत्री **DIVYANKA GAUTAM** के हाई स्कूल के रीजल्ट में पिता का नाम PAWAN KUMAR GAUTAM और माता का नाम सरिता गौतम जो गलत हैं और कार्ड में पिता का नाम **PAWAN KUMAR GOUTAM** और माता का नाम सरिता **SARITA GOUTAM** दर्ज है जो सही है और आधार कार्ड में दर्ज नाम को ही सही माना जाए।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड सं. 836344691102 में मेरा नाम लालचन्द प्रसाद रजई जैसवार लिखा गया है। जबकि मेरा सही नाम लालचन्द पुत्र रजई है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **लालचन्द** पुत्र स्व. रजई ग्रा. मकसुदिया पो. अम्बारी थाना व तहसील फूलपुर जिला- आजमगढ़ उ.प्र.

सूचना

सूचना-मेरा इण्टरमिडिएट वर्ष 2014 अनुक्रमांक 2720411 का मूल प्रमाण सह अंक पत्र कहीं खो गया है। **बबिता यादव**, पुत्री विजय बहादुर सिंह यादव, ग्राम-बहरामपुर, पोस्ट- शेखनपुर, जिला-गाजीपुर

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम पॉलिसी संख्या 2823 00817 में मेरा नाम मनीष राजाबा. बू अंकित हो गया है जो कि गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य प्रपत्र में मेरा नाम रवीश कुमार बिंद है जो सही है। मनीष राजाबा. बू और रवीश कुमार बिंद दोनों मेरे ही नाम है। **रवीश कुमार बिंद** पुत्र अजय कुमार बिंद निवासी हुसैनीपुर पखवैया चील्ह मिर्जापुर।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम पॉलिसी संख्या 2823 25912 में मेरा नाम डाली गुप्ता अंकित हो गया है जो कि गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य प्रपत्र में मेरा नाम स्नेहा बलिराम गुप्ता है जो सही है डाली गुप्ता, स्नेहा बलराम गुप्ता दोनों मेरे ही नाम है मुझे इन दोनों नाम से जाना व पहचान जाए। **स्नेहा बलराम गुप्ता** पता रूम नंबर 2065 शिव कॉलोनी बखार गल्ली, प्रजापति हाल, जबल, सेक्टर 1/ए नवी मुंबई एरोली ,ठाणे एरोली महाराष्ट्र 400708।

सूचना-मैं, ललिता देवी/ ललिता राय(आधार कार्ड/पैनकार्ड के अनुसार) नाम ललिता राय से बदलकर लालिता देबी पत्नी अक्षयबर राय कर लिया है । मैं **ललिता देवी** पत्नी अक्षयबर राय ग्राम व पोस्ट कनुआन जिला गाजीपुर उत्तर प्रदेश पिन कोड 23 32 31 की मूल निवासी हूं यह बदलाव दिनांक 04,11.2026 के मेरे द्वारा दिये गये शपथ पत्र के अनुसार किया गया है।

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वतः जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबन्धक

समन बिनावर इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय अतिरिक्त उपजिलाधिकारी सदर जनपद मीरजापुर
अपील मु. नं. T202616530116422 सन 2026
जंग बहादुर सिंह
बनाम हनुमान सिंह आदि

अपील अन्तर्गत धारा 207 बाबत मौजा-जिगना, तप्पा 96 परगना कंतित तहसील-सदर जनपद मीरजापुर
प्रतिवादी- प्रेमा देवी पत्नी राजेन्द्र प्रसाद निवासिनी-मौजा-जिगना तप्पा 96 , परगना कंतित तहसील-सदर जनपद मीरजापुर (उ.प्र.)
साकिन प्रसाद,
हरगाह में आपके नाम नालिश के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 13 माह 11 सन् 2026 बक्क्त बजे दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और उमरानबरून मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिस के साथ और कोई सख्त हो जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताइव अपना जबा. बदेही के इस्तेमाल करना चाहते हो आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर मजकूर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके समसूअ और होगा सख्त मेरें दस्तखत मुहर अदालत के आज बतारीख सन 201 ई० जारी किया ।

मुहर अदालत जज

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लोक निर्माण विभाग, वाराणसी

पत्रांक-5781 /15ए/2026-27 ; दिनांक- 24.10.2026

प्रेस विज्ञप्ति
अल्पकालीन निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित तालिका में अंकित कार्य की आफलाइन निविदाएं लो0नि0वि0, उ0प्र0 में ए0, बी0, सी0 एवं डी श्रेणी के मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत एवं अर्ह ठेकेदारों से प्रतिशत दर के आधार पर आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता बिड डाक्यूमेन्ट में उल्लिखित अनुबन्ध की शर्तें, निविदा की सामान्य शर्तें, कान्ट्रेक्ट डाटा मे दिये गये विवरण, अन्य शर्तें, तकनीकी विशिष्टियां, बिल ऑफ क्वांटिटी एवं आई0टी0बी0के संशोधन इत्यादि की समस्त जानकारी ग्रहण करने के उपरान्त ही निविदा अपलोड करेंगें।
2.

क्रम सं0/ लॉट संख्या	जनपद	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि	अधिशासी अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8
		विधानसभा-रोहनिया					
1	वाराणसी	गौरा हरिजन बस्ती सम्पर्क मार्ग।	5.46	0.55	854.00	02 माह	
2	वाराणसी	जी०टी० रोड वीरमानपुर टोडरपुर सीमा से 500 मी0 लम्बाई तक मार्ग।	5.47	0.55	854.00	02 माह	
3	वाराणसी	रोहनिया कुरौता मार्ग से विशुनपुर से विसुनपुर हरिजन बस्ती मार्ग	8.45	0.85	854.00	02 माह	
4	वाराणसी	काशीपुर चौराहा से जगरदेवपुर मार्ग से काशीपुर हरिजन बस्ती सम्पर्क मार्ग।	3.81	0.38	854.00	02 माह	
		विधानसभा-सेवापुरी					
5	वाराणसी	भाऊपुर कालिकाधाम मार्ग पर बरनी डीह में ब्राम्हण बस्ती संपर्क मार्ग	7.58	0.76	854.00	02 माह	
6	वाराणसी	राजातालाब जक्खिनी से ब्लाक तक मार्ग के चौनेज 0+000 से चौनेज 0+150 पर सीसी से विशेष मरम्मत का कार्य।	7.70	0.77	854.00	02 माह	

उपरोक्त निविदा दिनांक-10.11.2026 प्रातः 11.00 बजे से 17.11.2026 प्रातः 11.00 बजे तक विक्रय की जायेगी तथा दिनांक-17.11.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक निविदा पेटिका में डाली जायेगी एवं सायं 03:30 बजे जिलाधिकारी कार्यालय में खोली जायेगी।
नोट-निविदा की समस्त शर्ते कार्यालय में कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं।

(आशुतोष कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड -1, लो0नि0वि0
वाराणसी

उ.प्र.-260316
दिनांक-04.11.2026

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि.,चन्दौली
(pwdchandauli.cd@gmail.com)

पत्रांक- 2430/4ए./26-27 दिनांक- 31.10.2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में ए, बी, सी एवं डी श्रेणी में मार्ग कार्यो हेतु अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डिरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करनें नियमों से अवगत हो लें।

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0)	धरोहर धनराशि लाख रू0	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह)	अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय का पता
1	2	3	4	5	6	7	8
	पाण्टून (विधान सभा चकिया) स्वीकृति की प्रत्याशा में-						
1	चन्दौली	जनपद चन्दौली के विकास खण्ड, नौगढ़ से चन्द्रकान्ता किला के समीप कर्मनाशा नदी पर पीपा पुल के तोड़ने जोड़ने एवं वार्षिक अनुरक्षण का कार्य।	14.00	1.40	856.00 (Including GST)	09 माह	निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- शासनादेश सं0-879(1)/23-7-2020, दिनांक-25.08.2020 32प57में निहित प्राविधानानुसार प्रहरी एप्लीकेशन पर वांछित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
- निविदा की धरोहर धनराशि शासनादेश सं0-63/78-2-2018-42आई0टी0/2017टी0सी0 दि0 07.02.2018 के क्रम में इण्टरनेट बैकिंग के माध्यम से ऑनलाइन ई-टेण्डर पोर्टल पर भुगतान की जायेगी।
- निविदा ऑनलाईन दिनांक-12.11.2026 अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक-20.11.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक-20.11.2026 को 12:30 बजे खोली जायेगी तथा अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिडें कार्यालय आदेशानुसार निर्धारित समय दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि दिनांक-20.11.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक यदि कोई शुद्धि पत्र होगा तो उसे http://etender.up.nic.in पर अपलोड कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण हेतु http://etender.up.nic.in पर Login करें।

(कृष्ण कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
चन्दौली

उ.प्र.-260348
दिनांक-04.11.2026

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, बाराचवर, गाजीपुर

पत्रांक :1285/लेखा0/राज्य वित्त-केन्द्रीय वित्त/2026-27 दिनांक : 05.11.2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत बाराचवर के पंचम राज्य वित्त आयोग एवं केन्द्रीय वित्त आयोग (टाईड एवं अनटाईड फण्ड) योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में कराये जाने हेतु ई-निविदा प्रकाशित है। ई-निविदा दिनांक 06.11.2026 को साय 3:00 बजे से दिनांक 20.11.2026 को अपरान्ह 12 बजे तक उपलब्ध रहेगा। जो https://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है। ई-निविदा की समस्त शर्ते साईट पर उपलब्ध है, अस्तु इच्छुक ठेकेदार/फर्म ई-निविदा दिनांक 20.11.2026 को अपरान्ह 12 बजे तक ऑनलाईन डाल सकते है।

खण्ड विकास अधिकारी,
बाराचवर, गाजीपुर।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रतिष्ठान के इंजिनियरिंग विभाग में निम्नलिखित पुरानी मोटर साइकिल खड़ी हैं जिनकी बिक्री किया जाना है। अतः आप अपना कोटेशन अधोहस्ताक्षरी को 7 दिन के अन्दर-अन्दर सीलबन्द लिफाफे में प्रेषित करें। गाड़ी जैसी हालतमें है वैसी ही बिक्री की जायेगी। कोटेशन फाइनल होने पर 7 दिन के अन्दर वांक्षित राशि प्रतिष्ठान में कैशियर के पास जमा किया जायेगा और गाड़ी सभी कागजात के साथ क्रेता को दे दिया जायेगा। क्रेता को गाड़ी को 15 दिन के अन्दर अपने नाम कराना आवश्यक होगा। गाड़ी नं0- UP63J 5819, UP63J 5820, UP63J 8211, UP63J 8212, UP63L 8252,UP63L 9592, UP63P 1487, UP63R 4716, UP63U 0692.

(आई0बी0सिंह)
कारखाना प्रबंधकवास्ते ओबीटी प्रा0लि0
गोपपुर, गोपीगंज संत रविदास नगर भदोही

सुभाषित

पद और अधिकारोंका परिवर्तन भी समय-समयपर बहुत जरूरी होता है। वर्तमान अधिकारको हमेशा अपने ही पास रखनेकी इच्छा मनमें कभी नहीं आने देनी चाहिए। ❑ **शुक्रनीति**

अग्निवीरोंको सौगात

केन्द्र सरकारने अग्निपथ योजना २०२२ के तहत भर्ती अग्निवीरोंको दीपावलीके पहले बड़ी सौगात दी है। सरकारने अग्निपथ योजनामें आवश्यक परिवर्तन करते हुए अग्निवीरोंकी सेवा जहां दो वर्षोंके लिए बढ़ा दी है वहीं दूसरी ओर उनके लिए सेनामें स्थायी नौकरीका मार्ग भी प्रशस्त कर दिया गया है। बुधवारको प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीकी अध्यक्षतामें हुई केन्द्रीय मंत्रिमण्डलकी बैठकमें यह महत्वपूर्ण निर्णय किया गया है, जो स्वागतयोग्य है। मंत्रिमण्डलकी बैठकके बाद चीफ आफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल राजा सुब्रमणिने कहा है कि यह बदलाव सेनाओंमें शामिल हो चुके करीब तीन लाख अग्निवीरोंके लिए है। जो अग्निवीर अब भरती होने वाले हैं, उनके लिए यह व्यवस्था नहीं है। अब यह भी प्रश्न उठता है कि अग्निपथ योजनामें परिवर्तनकी आवश्यकता क्यों पड़ गयी? यह योजना १४ जून २०२२ को प्रारम्भ की गयी थी। इसके पीछे सेनाकी भर्ती व्यवस्थामें बदलाव, सैन्य बलोंकी औसत आयु कम करना, आधुनिक तकनीकके अनुरूप युवा सैनिकोंकी संख्या बढ़ाना और रक्षा बजटमें वेतन तथा पेंशनके बोझको सन्तुलित करना जैसे प्रमुख उद्देश्य थे। लेकिन योजनाकी शुरुआतमें ही कुछ गम्भीर प्रश्न सामने आ गये। पहले बैचके अग्निवीरोंकी चार वर्षकी सेवा समाप्त होनेका समय निकट आनेके साथ यह प्रश्न और महत्व पूर्ण हो गया। सरकारका नया फैसला इसी पृष्ठभूमिमें आया है। इस फैसलेके सबसे महत्वपूर्ण पहलू सेनामें प्रशिक्षित मानव संसाधनको अधिक समयतक बनाये रखना है। अनुभवी सैनिकोंकी उपलब्धता, प्रशिक्षणपर निवेशका लाभ, सैन्य क्षमतामें निरन्तरता, सैनिकोंका मनोबल जैसे विषय महत्वपूर्ण हैं। नये नियमोंसे अग्निवीरोंको काफी राहत मिलेगी और भविष्यको लेकर बनी उनकी अनिश्चितता भी कम होगी। जो अग्निवीर नियमित सैन्य सेवामें शामिल नहीं हो पाते, उनके लिए अन्य सरकारी सेवाओंमें अवसर उपलब्ध करानेकी व्यवस्था भी महत्वपूर्ण है। सरकारकी नयी व्यवस्थाके बावजूद कुछ प्रश्नोंका समाधान भी आवश्यक होगा। इनमें स्थायी नियुक्तिकी वास्तविक गारण्टी, वरिष्ठताका प्रश्न, आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा, सेनाकी संघटनात्मक आवश्यकताएं योजनाकी निरन्तर समीक्षा जैसे महत्वपूर्ण विचारणीय मुद्दे हैं। अग्निवीरोंके लिए दो वर्षकी अतिरिक्त सेवा और उसके बाद नियमित सैनिक बननेका अवसर उपलब्ध करानेका फैसला भारतीय सैन्य भर्ती व्यवस्थामें एक महत्वपूर्ण नीतिगत परिवर्तन है। इससे उन युवाओंको राहत मिलेगी जो सेनामें स्थायी कैरियर बनानेका सपना लेकर अग्निपथ योजनासे जुड़े थे। इसका दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि सेनाको प्रशिक्षित और अनुभवी जवानोंकी सेवाएं अधिक समयतक मिल सकेगी।

अधिभारका अधिकार

सर्वोच्च न्यायालयने अपने एक अहम फैसलेमें बुधवारको राज्योंको बिक्री कर पर अतिरिक्त बिक्री कर या अधिभार लगानेके अधिकारको सही ठहराया है। कोर्टने साफ किया कि राज्योंके इस वित्तीय अधिकारको चुनौती देने वाला एक लम्बे समयसे लम्बित कानूनी मामला, वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) लागू होनेके बाद अब केवल एक सैद्धान्तिक मुद्दा बन चुका है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकान्तकी अध्यक्षता वाली सात जजोंकी संविधान पीठने सर्वसम्मतिसे कहा कि १९७४ की संविधान पीठका वह फैसला अब भी प्रभावी है, जिसमें राज्योंको अतिरिक्त बिक्री कर या अधिभार लगानेका अधिकार दिया गया था। यह अधिभार मौजूदा बिक्री कर या अधिभारके रूपमें तय किया जाता है। कोर्टने स्पष्ट किया कि पांच जजोंकी पीठका 'एस कोदार' बनाम केरल राज्य (१९७४) का फैसला अब भी पूरी तरह प्रभावी है। इस फैसलेमें अतिरिक्त कर या अधिभार, वास्तवमें बिक्री करकी दरमें वृद्धि ही है, न कि डीलरोंकी आयपर कर है। पीठने माना कि सन्दर्भित सवालका अब कोई व्यावहारिक महत्व नहीं रह गया है। क्योंकि इस सवालका अब कोई औचित्य नहीं है, इसलिए सात जजोंकी पीठका इस सवालपर दोबारा निर्णय किये जानेकी आवश्यकता नहीं। इस मामलेमें पीठका यह कहना भी महत्वपूर्ण है कि चुनौती दिये गये वैधानिक प्रावधानोंको तबसे बदला जा चुका है या उनमें संशोधन किया जा चुका है और जीएसटी कानून लागू हो चुका है। सीजेआई सूर्यकान्तने पांच अन्य जजोंकी ओरसे फैसला लिखा इसलिए सात जजकी पीठका इस सवालपर निर्णय किये जानेकी जरूरत नहीं रह गयी। न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथनने अलगसे सहमति वाला फैसला लिखा। इस तरह सर्वसम्मतिसे लिया गया सात जजोंका फैसला याचिकाकर्ताके लिए बड़ा सबक है।

लोक संवाद

मधुमेहसे बचावके उपाय

महोदय,-शरीरमें शुगर यानी ग्लूकोजका स्तर कम होना एक ऐसी स्थिति है जिसे मेडिकल भाषामें हाइपोग्लाइसीमिया कहा जाता है। हमारे दिमाग और शरीरको ठीकसे काम करनेके लिए ग्लूकोजकी लगातार जरूरत होती है। जब इसका स्तर नीचे चला जाता है तो शरीर तुरंत खतरेके संकेत भेजने लगता है। आम तौरपर यह समस्या मधुमेहके मरीजोंमें अधिक देखी जाती है, लेकिन कई बार लम्बे समयतक भूखे रहने, अत्यधिक व्यायाम, कुछ दवाओंके सेवन या अन्य स्वास्थ्य कारणोंसे गैर-डायबिटिक लोगोंमें भी हो सकती है। शुरुआतमें हल्की कमजोरी, पसीना आना या चक्कर जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं, लेकिन यदि समयपर ध्यान न दिया जाय तो यह स्थिति गम्भीर भी हो सकती है। इसलिए यह जानना जरूरी है कि शुगर कम होनेपर शरीरमें क्या-क्या परेशानियां हो सकती हैं, उनके शुरुआती संकेत क्या हैं और ऐसी स्थितिमें तुरन्त क्या करना चाहिए। बारिशके मौसमके लिये जानें खास सात डाइट प्लान और इम्युनिटी बढ़ाने वाले घरेलू उपाय। जब शुगर कम होना शुरू होती है, जानें शुरुआती लक्षण, जैसे ही ब्लड शुगरका लेवल गिरता है, शरीरमें एड्रेनालाईन हार्मोन बढ़ने लगता है, जिससे ये शुरुआती परेशानियां होती हैं। अचानक तेज भूख लगना, शरीर ऊर्जाकी कमीको पूरा करनेके लिए तुरन्त खानेके संकेत देता है। चक्कर आना या कमजोरी, सिर हल्का महसूस होने लगता है और पैर डगमगाने लगते हैं। चिड़चिड़ापन या मूड बदलना, अचानक बिना बातके गुस्सा आना, रोनेका मन करना या घबराहट होना। हाथ-पैरोंमें कंपन या घबराहट, बिना किसी कारणके शरीरमें कंपकंपी महसूस होने लगती है। अत्यधिक पसीना आना और ठंड लगना, बिना गर्मीके भी अचानक विशेषकर गर्दनके पीछे ठंडा पसीना आने लगता है। दिल की धड़कन तेज होना, ऐसा महसूस होना कि दिल बहुत तेजीसे धड़क रहा है। जब शुगर बहुत ज्यादा गिर जाय और दिमागको पर्याप्त ग्लूकोज न मिले तो स्थिति गंभीर हो सकती है। आंखोंके सामने धुंधलापन आना, साफ दिखाई न देना या एक की जगह दो चीजें दिखना। भ्रमकी स्थिति, बात समझनेमें दिक्कत होना या लड़खड़ाती आवाजमें बोलना या सहीसे बोल न पाना। नींद न खुलना या सुस्ती, बहुत ज्यादा सुस्ती छा जाना और सोनेकी इच्छा होना। दौरे पड़ना या बेहोशी, यह सबसे खतरनाक स्थिति है, जहां व्यक्ति अचानक अचेत हो सकता है। आपातकालीन स्थितिमें क्या करें। यदि आपको या आपके आस-पास किसीको शुगर कम होनेके लक्षण दिखें, तो १५ ग्राम तुरन्त पचने वाला कार्बोहाइड्रेट लें, जैसे ही लक्षण दिखें, मरीजको तीन-चार चम्मच चीनी/ग्लूकोज पाउडर, १/२ कप फ्रूट जूस, या चार-पांच टॉफी चूसनेके लिए दें। ध्यान रखें, चॉकलेट या बिस्कुट न दें, क्योंकि इनमें मौजूद फैट शुगरको जल्दी बढ़ने नहीं देता। कुछ भी मीठा खिलानेके बाद मरीजको शांत बैठने दें या आराम करने दें और १५ मिनटतक इंतजार करें ताकि शुगर शरीरमें एब्जॉर्ब हो सके। १५ मिनट बाद ग्लूकोमीटरसे शुगर लेवल दोबारा मापें। यदि लेवल अब भी कम है तो स्टेप एकको दोबारा दोहरायें। जब शुगर लेवल ऊपर आ जाय तो मरीजको एक रोटी या बिस्कुट जैसी ठोस चीज खिलायें, ताकि शुगर लेवल दोबारा नीचे न गिरे। यह शुगर लेवलको स्थिर रखनेमें मदद करेंगा। यदि व्यक्ति बेहोश हो गया हो या कुछ भी निगलनेकी स्थितिमें न हो तो उसके मुंहमें जबरदस्ती पानी, जूस या चीनी बिल्कुल न डालें। इससे वह उसकी सांसकी नलीमें फंस सकता है। ऐसी स्थितिमें तुरंत मरीजको नजदीकी अस्पताल ले जायं ताकि उसे ग्लूकोजका इंजेक्शन दिया जा सके। **-राजश्री, वाया ईमेल।**

तत्ववेत्ता श्री सत्येन्द्र कुमार गुप्त

स्वतंत्रताके बाद हिन्दी पत्रकारिता समाजके प्रति अपने मूल धर्मसे विरत होने लगी थी। राजनीतिक, सामाजिक दबावमें समाचार-पत्र धन अर्जित करनेका साधन बन गये थे। पुरानी पीढ़ीके सम्पादकोंने आजादी पूर्व जो भावी स्वरूपपर आशंका प्रकट की थी, वह सच साबित होने लगी थी परन्तु यहींपर महान सम्पादककी विद्वता परिलक्षित होती है। इस कार्यमें श्रद्धेय गुप्त जीने अपने उच्च आदर्शों और संस्कारोंको मद्देनजर रखते हुए गिरावट आने नहीं दिया। हिन्दीके प्रति आपके अप्रतिम प्रेमने 'आज' को गौरव प्रदान किया। परम श्रद्धेय श्री सत्येन्द्र कुमार गुप्त जी द्वारा राष्ट्रके लिए किये गये त्याग और संघर्षके अनेकों उदाहरण हैं, जो राष्ट्रप्रेमकी भावनाके बिना सम्भव ही नहीं है। सत्ताकी मोह-मायासे कोसों दूर आप निरन्तर समाजको दिशा देनेमें लगे रहे। अतः गर्वके साथ कहा जा सकता है कि एक भारतीय होनेके नाते परम श्रद्धेय श्री सत्येन्द्र कुमार गुप्त जी हर कठिन परीक्षामें सफल हुए तथा अनेक मुश्किलोंके बाद मजबूत होकर कुंदनकी भांति चमके। सही मायनेमें आप तत्वद्रष्टा थे। ऐसे महापुरुषकी पुण्यतिथिपर हृदयकी अतल गहराइयोंसे श्रद्धांजलि।

❑ सुमन द्विवेदी

यशस्वी सम्पादक परम श्रद्धेय श्री सत्येन्द्र कुमार गुप्तजीका बहुमुखी व्यक्तित्व था। श्री सत्येन्द्र कुमार जी प्रारम्भसे ही अपने दादा जी राजश्री राष्ट्ररत्न बाबू शिवप्रसाद गुप्त जीके साथ गहन संवेदनासे जुड़े रहे। उनके व्यक्तित्वकी गहरी छाप आपके जीवनमें दिखती रही। प्रेरक व्यक्तियोंका सानिध्य भारतीयताकी नरमीका स्पर्श स्पष्ट रूपसे दिखता है साथ ही निजी अनुभवकी परिवक्वताकी खनक श्रद्धेय सत्येन्द्र जीके समस्त जीवनकालमें देखनेको मिला। समाचार-पत्रके सम्पूर्ण विकासमें भारतीय विश्व दृष्टिसे तादात्मयका बोध कराती है। आजकी तमाम प्रतियां संसदके गलियारोंकी अनुगूंज बनती थी। अपने जीवनकालमें स्वाधीनताके महत्वपूर्ण मानवीय मूल्योंको रेखांकित करती सतत् जागरूक प्रक्रियाको उनकी सम्पादकीय मनोदशाके उद्वेलनको समझा जा सकता है। आपने अभिव्यक्तिके लिए कई विधाओं, कलाओं और भाषाओंका प्रयोग किया। समाचार-पत्रमें कविता, कहानी, उपन्यास, वृतान्त, वैयक्तिक निबन्ध, वैचारिक निबन्ध, आत्मचिन्तन, समीक्षाका समावेश किया, जिससे आपके व्यक्तित्वकी विशालता समाचार-पत्रके साथ एकाकार करने लगी। यही वजह रहा कि समस्त पाठकगण स्वयंको 'आज' के साथ गहरे रिश्तेमें बंधा अनुभव करने लगता था। आपने भाषापर विशेष ध्यान दिया। उसे स्पष्ट और सहज बनानेपर जोर दिया। श्रद्धेय श्री सत्येन्द्र कुमार जीने तार्किकताको महत्व दिया।

आपके तर्क आकाट्य होते। अपनी बात छोटे-छोटे वाक्योंमें आरम्भ करते। कभी-कभी बातपर बल देनेके लिए वाक्योंको अधूरा ही छोड़ देते जिससे लोगोंका ध्यान आकर्षित हो। अपने विषयोंको स्पष्ट करनेके लिए प्रश्न भी उठाते और फिर अगले वाक्योंमें उसका समाधान भी कर देते। उनकी अभिव्यक्तिकी शैली अद्भुत थी। प्रश्नोत्तर शैलीसे आप लोगोंको बांध रहते। आपकी भाषा सहज, सरल और आडम्बरहीन होती तथा शैली प्रभावपूर्ण जोशीली एवं निरन्तरतासे युक्त होती। यही वजह था कि तत्कालीन लोग प्रधान सम्पादक श्री सत्येन्द्र कुमार गुप्त जीके सामने पूर्ण तैयारीके साथ जाते थे। घोर संकटकी स्थितिमें आपने जिस साहस, संकल्प और दूरदृष्टिसे 'आज' को सम्पूर्ण समाचार-पत्र बनाया, इसकी दूसरी मिसाल मिलना कठिन है। आपने तमाम भावनाओंके द्वारा चिन्तनके दृष्टिकोणसे आच्छादित कर समस्त 'आज' परिवारको सकारात्मकतासे भर दिया। समाजके प्रति अपने दायित्वोंको लेकर आप हमेशा ही मुखर रहते थे। आपका कथन प्रासंगिक है कि नियमित चिन्तनसे व्यक्तिको सहज ही विकृतियोंसे मुक्ति मिल सकती है। व्यसन और वासनाओंका मूल मनुष्यके अन्तसमें ही निहित होता है। यह कथन आपका समाजको बदलनेके लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण रहा। धीरे-धीरे समस्याका मूल व्यक्तिकी समझमें भी जाता है और व्यक्तिके दबे हुए मनोभाव जागृत होते हैं। ऐसेमें शक्तियों और सकारात्मक कार्योंका प्राकृत रूपसे विकास होता है। आजके परिवेशमें आपका चिन्तन सर्वथा गहरा है। आपने एक पूरी पीढ़ीको जागृत किया। स्वाध्याय, क्रियाशीलता, निर्माणशीलता, संकल्पना युगधर्मके प्रति सजगता और आत्मविश्वास आपकी बहुमुखी प्रतिभाके प्रतीक थे। आपने समाचार-पत्रके माध्यमसे देशको नवचेतनाका सार्थक सन्देश दिया। एकाग्रतापर आपका विशेष ध्यान होता था। आपका कथन था कि मन इधर-उधर भटकता रहता है, मन इन्द्रियोंका राजा है। वह सदा चंचल, अस्थिर तथा भ्रमणशील रहता है। तृप्तिका भाव शान्त होने नहीं देता। मन चाहता है शुद्ध ज्ञान और आनन्द, जो उसका मूल स्वभाव है जब उसकी यह भूख शान्त हो जाती है तो मनकी चंचलता भी शान्त हो जाती है।

श्रीमद्‌भगवद्गीताके १८वें अध्यायका आप नियमित पाठ करते थे। आपने अपने जीवनमें भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुनके संवादको आत्मसात किया। भगवान सभी जीवोंके हृदयमें स्थित हैं। अत: कर्मोंके अनुसार वे गति प्रदान करते हैं। यदि हम उनका स्मरण करते हुए अपने सभी कर्म उन्हें समर्पित करते हैं तथा उनका आश्रय लेकर उन्हें अपना लक्ष्य बनाते हैं तो उनके कृपासे सभी प्रकारकी कठिनाइयोंको पार कर लेते हैं। श्रीमद्‌भगवद्‌गीताकी इस प्रेरणामयी विचारधाराको आप सदैव अपने हृदयमें धारण करते थे और अपने अधीनस्थको सलाह दिया करते थे कि ईश्वरमें सर्वोपरि विश्वास होना चाहिए। आप सदैव श्रीमद्‌भगवद्गीता साथ रखते थे। भगवानकी भक्ति ही गहनतम ज्ञान है। यही कारण था कि



जन्मतिथि ३ अप्रैल, १९१८ — पुण्यतिथि ६ नवम्बर, १९८४

आपसे भगवद् चर्चाके लिए दूर-दूरसे लोग मिलने आया करते थे। आत्मा ही मनका आनन्द है। सत, रज, तमके आवरणके कारण मन आत्माको देख नहीं पाता। अंततक कण-कणमें ढूंढ़ता रहता है। यही आध्यात्मिक सोच आपको अत्यन्त विराट व्यक्तित्व प्रदान करता है। सही अर्थोंमें आप तत्वदर्शी, आत्मदृष्टा थे। समचेतन भाव आपको अद्वितीय बनाता है।

आजादीके पूर्व लोकमान्य गंगाधर तिलक, गोपाल कृष्ण गोखले, महामना मदन मोहन मालवीय, महात्मा गांधी, राष्ट्ररत्न बाबू शिवप्रसाद गुप्त एवं सम्पादकाचार्य बाबूराव विष्णु पराडकर जैसे मनीषियोंने स्वतंत्रताके साथ न सिर्फ हिन्दी पत्रकारिताको परिभाषित किया अपितु उसे स्वस्थ स्वरूप भी प्रदान किया। किन्तु देशकी स्वाधीनताके साथ सब कुछ बदलने लगा। आदर्शों और मूल्योंका क्षरण शुरू होने लगा। हालांकि उस समयकी पत्रकारिता सीमित संसाधनोंके बीच अंगड़ाई ले रही थी। आपने हिन्दी पत्रकारितामें जो मजबूत नींव तैयार की, वह कमोबेश आज भी कायम है। आप मानते थे कि पत्रकारिताको प्रतिशीलताका वाहन होना चाहिए और पत्रकारको प्रगतिशील। आप समाचार और विचार अलग-अलग मानते थे। आप हमेशा कहते थे समाचार लिखते समय पत्रकारको अपनी भावना तथा विचारको अलग रख देना चाहिए। यही वजह रहा कि आपने 'आज' के नवीन विचारको सर्वथा उचित स्थान दिया। हालांकि आजादीके लिए लाखों भारतीयोंने जो त्याग और बलिदान दिया उसे समयके प्रवाहमें भुला दिया गया। भ्रष्टाचार, घूसखोरी जैसी कुव्यवस्थाएं समानान्तर व्यवस्थापर होवी होने लगी। गरीबी, अभाव और संवेदनहीनता लोगोंकी साखको संकुचित कर रही थी। आन्तरिक और बाह्य खतरे लगातार बढ़ रहे थे। तिब्बतपर अधिकारके बाद चीनकी कुदृष्टि भारतपर भी थी। ऐसे कठिन समयमें श्रद्धेय सत्येन्द्र कुमार गुप्त जीने 'आज' के प्रधान सम्पादकके गुरुतर दायित्वका निर्वाह किया था। उस समय समाचार-पत्र भी राष्ट्रीय संकटसे अछूते नहीं थे। कागजसे लेकर प्रिण्टिंग सामग्रीसे सम्बन्धित संकट था परन्तु आपने पृष्ठ संख्यामें कटौती नहीं की। आजादीसे पूर्व मिशनपर चल रहा 'आज' आजादीके बाद घाटेमें चल रहा था। 'आज' के सामने विषम परिस्थितियोंके बावजूद आपने निर्भीकताका परिचय देते हुए तूफानोंको चीरते हुए प्रगति-पथपर अग्रसर रहे। अपनी अनवरत साधनाके जरिये आपने जो समृद्धि दी उसके लिए हिन्दी संसार आपका हमेशा ऋणी है और रहेगा। आपने बदली परिस्थितियों और नवयुगकी आवश्यकताओंके अनुरूप 'आज' को नया स्वरूप प्रदान करनेके साथ ही पृष्ठोंका विस्तार भी किया। अति कुशलताके साथ समस्त समाचारोंको पाठकोंतक पहुंचानेके लिए विशेष प्रबन्ध किये। यही वजह था कि 'आज' नित नये सोपान गढ़ने लगा। आपकी मेहनत और लगनने 'आज' को शिखर प्रदान किया। आपने शब्दों और वाक्य-विन्यासपर विशेष ध्यान दिया जिससे समस्त हिन्दीप्रेमी 'आज' को पढ़कर अपना ज्ञान बढ़ाते। यह उत्कृष्टता 'आज' को विशेषता प्रदान करती है। जब भारतीय नवजागरण एवं जनजागरणके अधिकांश लेख अनुवादोंको ही महत्व देने लगे थे और उपनिवेशवादियोंने भी अनुवादोंको महत्व देना शुरू किया तब परम श्रद्धेय सत्येन्द्र कुमार गुप्त जीने अपनी परम्परा एवं स्वत्वको पहचानका माध्यम बनाया तथा हिन्दी विरासतको जन-जनतक पहुंचाया।

स्वतंत्रताके बाद हिन्दी पत्रकारिता समाजके प्रति अपने मूल धर्मसे विरत होने लगी थी। राजनीतिक, सामाजिक दबावमें समाचार-पत्र धन अर्जित करनेका साधन बन गये थे। पुरानी पीढ़ीके सम्पादकोंने आजादी पूर्व जो भावी स्वरूपपर आशंका प्रकट की थी, वह सच साबित होने लगी थी परन्तु यहींपर महान सम्पादककी विद्वता परिलक्षित होती है। इस कार्यमें श्रद्धेय गुप्त जीने अपने उच्च आदर्शों और संस्कारोंको मद्देनजर रखते हुए गिरावट आने नहीं दिया। हिन्दीके प्रति आपके अप्रतिम प्रेमने 'आज' को गौरव प्रदान किया। परम श्रद्धेय श्री सत्येन्द्र कुमार गुप्त जी द्वारा राष्ट्रके लिए किये गये त्याग और संघर्षके अनेकों उदाहरण हैं, जो राष्ट्रप्रेमकी भावनाके बिना सम्भव ही नहीं है। सत्ताकी मोह-मायासे कोसों दूर आप निरन्तर समाजको दिशा देनेमें लगे रहे। अत: गर्वके साथ कहा जा सकता है कि एक भारतीय होनेके नाते परम श्रद्धेय श्री सत्येन्द्र कुमार गुप्त जी हर कठिन परीक्षामें सफल हुए तथा अनेक मुश्किलोंके बाद मजबूत होकर कुंदनकी भांति चमके। सही मायनेमें आप तत्वद्रष्टा थे। ऐसे महापुरुषकी पुण्यतिथिपर हृदयकी अतल गहराइयोंसे श्रद्धांजलि।

ईशावास्योपनिषदसे आनन्दकी प्राप्ति

❑ स्वामी सर्वानन्द

ईशावास्योपनिषद्‌में त्यागपूर्वक-लोभरहित दिव्य जीवन जीनेकी प्रेरणा मिलती है। उपनिषदोंके ज्ञानका मुख्य उद्देश्य समस्त मानव जातिको सुख-शान्ति एवं आनन्दकी प्राप्ति कराना है। वस्तुत: यदि जीव स्थायी सुख-शान्तिकी प्राप्ति करना चाहता है तो उसे आत्मानुभूति, आत्मोन्नतिके लिए प्रयत्नशील होना ही पड़ेगा। अध्यात्मकी ओर गतिके बिना, शुद्ध-ज्ञान, शुद्ध-कर्म, शुद्ध-उपासनाके बिना त्याग, तपस्या, सेवा, श्रद्धा, समर्पण, चित्तकी शुद्धताके बिना आत्मानन्द असम्भव है। ईशावास्योपनिषद्‌का पहला मन्त्र ईश्वरकी सर्वव्यापकता, संसारकी नश्वरता, त्याग और समर्पणकी उदात्त भावना तथा लोभ मुक्त जीवन जीनेकी कामनाका समग्रदर्शन हमारे सामने प्रस्तुत करता है। इस मन्त्रका एक अंश भी यदि हम अपने जीवनमें उतारते हैं तो हमारा जीवन पराधीनताओं, न्यूनताओं एवं अपूर्णताओंसे ऊपर उठकर दिव्यताको प्राप्त होता है।

ईशा वास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृध: कस्यस्विद्धनम्॥

अर्थात् मन्त्रका प्रथम उपदेश यह है कि ईश्वरको सर्वव्यापक, इस ब्रह्माण्डकी प्रत्येक वस्तु और स्थानमें ओत-प्रोत समझना। स ओत: प्रोतश्च विभु: प्रजासु। वह परमात्मा सभी प्रजाओंमें ताने-बानेके समान ओत-प्रोत है, वह खुदा खुद आया हुआ है, जर्रे-जर्रेमें समाया हुआ है। किसी कविने बहुत सुन्दर कहा है-कणमें जो रमा है, हर दिलमें है समाया, उसकी उपासना ही कर्तव्य है बताया। उस परमात्माकी सत्ता और व्यवस्थाको पत्ता-पत्ता बता रहा है। जो मनुष्य उसको इस प्रकारसे समझता है, स्वीकार करता है, वह पापसे बच जाता है। क्योंकि मनुष्य जो भी तथा जहां भी अनैतिक, अमर्यादित (हिंसा, चोरी, नशा, व्याभिचार आदि) कर्म करता है, तब वहां वह अपनेको अकेला समझ बैठता है और न करने योग्य पाप युक्त कर्मको कर डालता है। जिससे बादमें उसको बहुत पश्चाताप् होता है, दु:ख एवं आत्मग्लानिकी पीड़ा सहनी पड़ती है। यदि वह ईश्वरके प्रति ऐसा विश्वास करे कि ईश्वर मुझे हर क्षण हर पल देख, सुन, जान रहा है और मेरे द्वारा किये गये प्रत्येक कर्मका उसकी न्यायव्यवस्थानुसार फल मिलेगा, किये गये पापका दण्ड अवश्य भोगना पड़ेगा तो वह पापसे बच जाता है।

इस मन्त्रका दूसरा उपदेश इस प्रकार समझना चाहिये कि 'ज' का अर्थ जन्मना और 'गत्' का अर्थ चले जाना अर्थात् यह संसार गतिशील है, गम्यमानायां सृष्टौ जगत् यद् गच्छति तत्। जो सदैव चलता रहता है और बनता बिगड़ता रहता है, इसका बनना बिगड़ना अनादि कालसे चलता आ रहा है और सदा चलता रहेगा। यह संसार परिवर्तनशील है, एक क्षणके लिए भी रुकता नहीं 'संसरतीति संसार:' जो सदा सर-सर सरकता है। अत: इस रहस्यको जान कर धीर-गम्भीर विद्वान्जन सांसारिक विषय भोगोंके प्रति आसक्त नहीं होते हैं। भौतिकताकी अन्धी दौड़में आध्यात्मिकताको नहीं भूलते हैं, अपने दिव्य स्वभाव, सुसंस्कारोंसे समझौता नहीं करते, क्योंकि वे जानते हैं कि परिवर्तन तो शाश्वत है, मिथ्या अहंकार जीवनके दिव्य उद्देश्योंको नष्ट करके असंख्य कष्ट देने वाला है। इसलिए हे मनुष्य इस अपार संसार सागरमें मत फंस। इस मन्त्रका तीसरा उपदेश यह है कि तेन त्यक्तेन भुन्जीथा:। अर्थात् हे मनुष्यों! संसारकी वस्तुओंका अनासक्त भावसे त्यागपूर्वक उपभोग करो। लोभ, मोह मत करो, संसारके भोगोंको भोगो जो नितान्त आवश्यक हैं, क्योंकि आसक्तिपूर्वक, अमर्यादित, असंयमित भोग अनेक रोगोंको जन्म देता है, महाराज भर्तृहरिने बहुत ही अच्छा कहा है. 'भोगे रोगभयम्' अन्य किसी स्थान में. 'यत्र भोगा: तत्र रोगा:' कहा गया है, इसलिए 'भोगी नहीं, रोगी नहीं, योगी बनो अपने तथा संसारके लिए उपयोगी एवं सहयोगी बनो' भोग ऐसे भोगो जो हमारे शरीर, मन, आत्माके बलको बढ़ानेके लिए, समाजके लिए राष्ट्रके लिए कल्याणकारी हैं, जिससे सदा उत्कर्ष, उत्थानकी प्राप्ति हो। आजकल समस्त विश्वमें हाहाकार-अशान्ति है। 'त्राहि मां त्राहि माम्' मुझे बचाओ, मेरी रक्षा करोकी करुण-क्रन्दन आवाज सुनाई दे रही है। जिसके उत्तरदायी हम स्वयं ही हैं।

माता-पिता जब सन्तानको कर्तव्य पालनकी दृष्टिसे पालते-पोषते हैं और गुरुजन शिक्षा देते हैं, बड़ा होनेपर वह सन्तान सेवा सत्कार करे या न करे कोई दु:ख नहीं होगा, परन्तु जब मोहकी दृष्टिसे पालन-पोषण होगा तब यदि वह वृद्ध-अवस्थामें सेवा सत्कार न करे तो अत्यन्त दु:ख होगा। इसलिए कर्तव्य भावनासे ईश्वरको समर्पित किये गये कर्मोंके फलका ही उपभोग करना है। अविवेकपूर्ण अन्याय एवं अज्ञानतापूर्ण कर्मोंका परित्याग करें। वैसे भी व्यवहारिक रूपमें जिन भी संसाधनोंका उपयोग हम करते हैं उनको अपने साथ-साथ लेकर नहीं फिरते। अत: संग्रह मत करें संग्रहका कहीं अन्त नहीं है। एक इच्छा होती है दूसरी आवश्यकता होती है आवश्यकताओंकी पूर्ति तो येन-केन-प्रकारेण हो ही जाती है परन्तु इच्छाओंकी पूर्ति कभी भी नहीं हो सकती, क्योंकि मनुष्यकी इच्छाओंका कोई अन्त नहीं है, इच्छाही दु:खका कारण है।

मन्त्रका चौथा उपदेश और विशेष है- मा गृध: कस्य स्विद्धनम् किसीके भी धनकी इच्छा अथवा लालच मत करो दूसरे शब्दोंमें कहें तो दूसरेके हिस्सेका जो धन है उसका लोभ मत करो, क्योंकि लोभ अनेक पापोंका मूल है गीतामें इसे नरकका द्वार कहा गया है।

त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मन:। काम: क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत्त्रयं त्यजेत्॥

गीतामें कहा गया है कि काम, क्रोध तथा लोभ ये तीनों नरकके द्वार हैं- अधोगतिकी ओर ले जाने वाले हैं और साथ ही आत्माका नाश करने वाले-गिराने वाले हैं, इसलिए इन तीनोंको छोड़ देना चाहिए। इस संसारमें लोभ लालच करना उचित नहीं है, इससे हमारी मति, गति, प्रकृति तथा संस्कृतिकी क्षति होती है। काम, क्रोध तथा लोभ ये तीनों ही मानवके महाविनाशके कारण बनते हैं-

काम एष क्रोध एष रजोगुणसमुद्भव:। महाशनो महापाप्मा विद्ध्येनमिह वैरिणम्॥

विषयोंका स्वाद और सौन्दर्य हमें अपनी ओर आकृष्ट करके हमारे निधन-मृत्युका कारण बन जाते हैं। हम पूरे जीवन धनके लालचमें छल कपट, झूठ, चोरी, बेईमानी, द्वेष, दंगा, भ्रष्टाचार आदि अनैतिक कर्मोंके माध्यमसे प्रचुर मात्रामें धनको एकत्रित करके, निर्धनोंको सत्ता करके धनवान तो बन जाते हैं परन्तु अन्तिम समयमें इस संसारसे धनहीन होकरके जाते हैं, हमारा निधन हो जाता है। सारा धन ऐश्वर्य धराका धरा धरामें रह जाता है अतएव कहा गया है कि 'सन्तोष एव पुरुषस्य परं निधानम्' सन्तोष ही सबसे बड़ा धन है। 'जब आवे सन्तोष धन सब धन धूरि समान' लोभको छोड़ दो, पराई सम्पत्तिपर कुदृष्टि न डालो, स्व-उपार्जित और पुरुषार्थ लब्ध धन अपना है, उसका भोग करें, उसीमें सुख है, शान्ति है और मानसिक आनन्द है। लोभ-लालच-पाप एवं विपत्तियोंका कारण है 'लोभ: पापस्य कारणं' तथा इसीको 'लोभमूलानि पापानि' भी कहा गया है। लोभ लालचको छोड़कर सन्तोषपूर्वक जीवन व्यतीत करें, परन्तु इस बातका सदैव ध्यान रखें कि ईश्वर भक्तिमें अध्ययन, अध्यापनमें योग, यज्ञ, ध्यानमें, सेवा-सत्कार, लोकोपकार, राष्ट्रोद्धार, पुरुषार्थ, परमार्थमें अच्छे लोगोंकी संगति आदि शुभ कर्मोंमें यथासामर्थ्य, यथायोग्य, मर्यादित अनुशासित लोभ अवश्य करें। कभी भी ऐसा विचार मनमें नहीं आना चाहिए कि बहुत ईश्वर भक्ति अध्ययन, अध्यापन, योग, यज्ञ, ध्यान, सेवा-सत्कार आदि कर लिया है। अब इन सबमें लालच क्या करना। क्योंकि कहा गया है मा गृध: अर्थात् लालच मत करो तो यह बात उचित नहीं है। प्रतिदिन 'कस्य स्वित् धनम्' का विचार हमारी आंखें खोल देगा और हम लोभसे ऊपर उठेंगे। यह धन किसका है। यह सम्पूर्ण धन निश्चित रूपसे कस्य- (कं सुखम्‌ए क: प्रजापति) आनन्दघन, अनिर्वचनीय प्रभुका है। मैं और मेरा तू और तेरा कुछ भी नहीं (मैं-मैं, तू-तूसे बचें), अत: हे मनुष्य! धनका अभिमान मत कर। 'मत कर तू अभिमान रे बन्दे, झूठी तेरी शान रे बन्दे' संसारके प्रत्येक पदार्थोंका त्यागपूर्वक भोग करें।

असतो मा सद्गमय तमसो मा ज्योतिर्गमय मृत्योर्माऽमृतं गमय।

दयालुता

❑ गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर

हर व्यक्तिका स्वाभाविक स्वरूप दयालु, प्रेमपूर्ण, करुणामय और आनन्दमय होता है। कोई भी बच्चा बिना किसी कारणके नहीं रोता। वह तभी रोता है जब उसे भूख लगी हो, नींद आ रही हो या वह भयभीत हो। इसी प्रकार यदि कोई व्यक्ति हिंसक है तो उसके पीछे कोई न कोई कारण अवश्य होता है। यदि किसीमें करुणाका अभाव है तो उसके पीछे भी कोई कारण छिपा होता है और यदि हम वास्तवमें उसकी जड़तक जायं तो हमें वहां अकेलापन, भय, अस्वीकृतिकी भावना और अपनेपनका अभाव ही देखनेको मिलेगा। जब कोई व्यक्ति शारीरिक रूपसे बीमार होता है तो हम उसे अस्पताल भेजते हैं। वहीं जब उसके व्यवहारमें विकृति आ जाती है तो हम उसे जेल भेज देते हैं। लेकिन जेल भेजनेके बाद भी हम उसे ऐसे साधन और तकनीकें उपलब्ध नहीं कराते, जिनसे वह अपने व्यवहारमें सुधार ला सके और अपनी भावनाओंको समझकर उन्हें बदल सके।

आत्मबोध

आज दुनियामें होने वाली आधीसे अधिक हिंसाके पीछे मानसिक स्वास्थ्यसे जुड़ी चुनौतियां हैं। मानसिक स्वास्थ्य आज पूरे विश्वके सामने खड़ी सबसे बड़ी चुनौतियोंमेंसे एक है। चाहे देश विकासशील हो या विकसित, क्षेत्र युद्धग्रस्त हो या शांतिपूर्ण समाज-यह संकट हम सभीको प्रभावित करता है। यह अत्यंत चिन्ताजनक विषय है कि विश्वमें हर ४२ सेकंडमें एक व्यक्ति अपना जीवन समाप्त कर रहा है। असंख्य युवा या तो आक्रामक और हिंसक होते जा रहे हैं या फिर अवसादका शिकार हो रहे हैं। भारत अपनी समृद्ध आध्यात्मिक परंपराके माध्यमसे इस वैश्विक मानसिक स्वास्थ्य संकटसे निबटनेमें दुनियाका मार्गदर्शन कर रहा है। सामान्यत: न तो घरपर और न ही विद्यालयमें हमें अपनी भावनाओंको संभालना सिखाया जाता है। कभी-कभी अकेलापन महसूस होना स्वाभाविक है। पर्याप्त धन, परिवार और मित्र होनेपर भी व्यक्ति भीतरसे उदास या अकेला अनुभव कर सकता है। आज मानसिक स्वास्थ्यके एक बड़े संकटके रूपमें उभर रहा यह अकेलापन इसलिए है, क्योंकि हमने स्वयंके साथ समय बिताना और अपने भीतर शांत रहना सीखा ही नहीं है। यदि हम यह कला सीख लें तो हमारे भीतरका आनन्द हमारे आसपासके प्रत्येक व्यक्तितक स्वत: पहुंचने लगेगा। यहां हमारी श्वास एक स्वस्थ मनकी कुंजी बनती है। एक स्वस्थ मनके लक्षण क्या हैं। आपके चेहरेपर एक ऐसी मुस्कान जिसे कोई आपसे छीन न सके और अपने भीतर एक ऐसा आत्मविश्वास कि आप किसी भी चुनौतीका निर्भीकतासे सामना कर सकें। स्वस्थ मन वह है जो रचनात्मक आलोचनाको स्वीकार कर सके और स्वयं भी स्वस्थ एवं सकारात्मक आलोचना करनेका साहस रखे। यह निर्भय होनेके साथ-साथ विनम्र बने रहनेकी अद्भुत क्षमता है। प्रत्येक भावना शरीरके किसी न किसी विशेष हिस्सेमें विशिष्ट संवेदनाएं उत्पन्न करती है और इसका सीधा संबंध हमारी श्वाससे होता है। जब हम उदास होते हैं तब हमारी श्वासकी गति एवं ढंग अलग होता है और जब हम प्रसन्न होते हैं तब वह भिन्न होता है।

शेयर बाजार में तूफानी तेजी, सेंसेक्स 2,144 अंक उछला

मुंबई। कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट और पश्चिम एशिया संघर्ष का जल्द समाधान निकलने की उम्मीद के बीच बृहस्पतिवार को सेंसेक्स और निफ्टी में जोरदार तेजी आई। बीएसई सेंसेक्स 2,144.21 अंक उछलकर 79,445.61 अंक पर और एनएसई निफ्टी 614.05 अंक चढ़कर 24,574.65 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से इंटरग्लोब एविएशन, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस, मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे। वहीं कोटक महिंद्रा बैंक और भारती एयरटेल के शेयर में गिरावट रही। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल का भाव 1.07 प्रतिशत फिसलकर 93.61 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को शुद्ध रूप से 7,284.03 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की 225 सूचकांक गिरावट में कारोबार कर रहे हैं।

अमूल के बाद अब नंदिनी ने दिया ग्राहकों को झटका, बढ़ाए घी-मक्खन के दाम

बेंगलुरु। अमूल के बाद अब नंदिनी ने भी घी, मक्खन के दामों में बढ़ोतरी की है। बेंगलुरु मिल्क यूनियन (बीएएमयूएल) ने नंदिनी घी, मक्खन, पनीर और तृप्ति दूध के खुदरा दामों में संशोधन किया है। नई दरें चार नवंबर से लागू हो गई हैं। यह बदलाव कर्नाटक मिल्क फेडरेशन (केएमएफ) द्वारा अपने लोकप्रिय नंदिनी दूध के दाम आठ रुपए प्रति लीटर और दही के दाम 14 रुपए प्रति लीटर बढ़ाए जाने के करीब एक सप्ताह बाद किया गया है। बीएएमयूएल की चार नवंबर को जारी अधिसूचना के अनुसार, नंदिनी घी के 200 मिलीलीटर के पैकेट का अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) 95 रुपए तय किया गया है।

OFFICE OF THE PROJECT MANAGER

Construction & Design Services, (E/M Wing), U.P. Jal Nigam (Urban), Varanasi

Letter No.: 1354/M-4/252 **Date:** 05.11.2026

SHORT TERM E-Tender Notice

Digitally signed e-bids are invited on behalf of the Chairman , U.P. Jal Nigam (URBAN) for execution of following works from eligible, reputed and experienced bidder. Detailed E-b id documents will be available for download from 10.11.2026 by 12.00 Hrs., submission of e-bid till 17-11-2026 upto 17.00 Hrs. and opening of e-bid (technical) on 18.11.2026 at 14.00 Hrs. Details are also available on U.P. Govt e-procurement portal http://etender.up.nic.in .

A- S.I.T.C. of 9 mtr Semi High Mast Light at Different places in Distt-Mirzapur Under Vidhan Mandal Kshetra Vikas Nidhi Programme.

Project Manager

OFFICE OF THE PROJECT MANAGER

Construction & Design Services, (E/M Wing), U.P. Jal Nigam (Urban), Varanasi

Letter No.: 1352/M-4/250 **Date:** 05.11.2026

E-Tender Notice

Digitally signed e-bids are invited on behalf of the Chairman , U.P. Jal Nigam (URBAN) for execution of following works from eligible, reputed and experienced bidder. Detailed E-b id documents will be available for download from 18.11.2026 by 12.00 Hrs., submission of e-bid till 25-11-2026 upto 17.00 Hrs. and opening of e-bid (technical) on 26.11.2026 at 14.00 Hrs. Details are also available on U.P. Govt e-procurement portal http://etender.up.nic.in .

A- S.I.T.C. of 10 mtr Semi High Mast Light with 6x200 watt LED Flood Light in District-Mirzapur Under CSR Programme Proposed by Hon. MP.Mirzapur

Project Manager

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, सी. एण्ड डी.एस. (वि./यॉ विंग) उ.प्र. जल निगम (नगरीय) वाराणसी

पत्रांक-1353/M-4 /251 दिनांक-05.11.2026

निविदा सूचना

अध्यक्ष उ.प्र. जल निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. जनपद मीरजापुर के विभिन्न 02 स्थलों पर 12.5 मी. के पोल के साथ हाई मास्ट लाईट अधिष्ठापन का कार्य।

प्रत्येक कार्य निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 1000.00+18% GST (Rs.1180.00) है। निविदा सूचना का विवरण निम्नवत हैं-

निविदा विक्रय की तिथि- 10.11.2026 से 17.11.2026 अपराहन 03.00 बजे तक।

निविदा डालने की तिथि-17.11.2026 सायं 05.00 बजे तक।

निविदा खोलने की तिथि-18.11.2026 अपरापन्ह 01.00 बजे।

परियोजना प्रबन्धक

वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी

सार्वजनिक सूचना

श्रीमती राजश्री सिंह पत्नी श्री कृष्ण कुमार सिंह द्वारा आराजी सं./105/2 मौजा-सिकरौल परगना-शिवपुर वार्ड-सिकरौल, जिला-वाराणसी पर होटल का निर्माण कराया गया है, जिसे शमनित कराने हेतु प्राधिकरण में शमन मानचित्र प्रस्तुत किया गया है। वाराणसी महायोजना-2031 के अनुसार प्रश्नगत भूमि जिस पर होटल निर्मित है, का भू-उपयोग आवासीय क्षेत्र है इस भू-उपयोग में वाराणसी महायोजना-2031 के जोनिंग रेगुलेशन्स के अनुसार आवासीय क्षेत्र मे होटल का निर्माण अनुमन्य उपयोग की श्रेणी के अन्तर्गत आता है। प्रचलित वाराणसी महायोजना - 2031 के जोनिंग रेगुलेशन्स के प्रस्तर सं.-15.1.3 के बिन्दु सं.-4 में यह प्राविधान है "कि प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत कुल विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग (भले ही जोनिंग रेगुलेशन्स के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग सामान्यत: अनुमन्य/सशर्त अनुमन्य / विशेष अनुम. ति से अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु न्यूनतम 15 दिन की समयावधि प्रदान करते हुये जनता से आपत्ति/सुझाव उचित माध्यमों से आमंत्रित किये जायेगें एवं इन आपत्तियों एवं सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति कार्यवाही की जायेगी।" चूंकि प्रश्नगत प्रकरण में प्रमुख भू-उपयोग आवासीय है एवं होटल संचालन की क्रिया इस मूल उपयोग से इतर होने के कारण जनता से आपत्ति / सुझाव प्राप्त किया जाना आवश्यक है।

अत: उक्त प्राविधान के दृष्टिगत यदि किसी हितबद्ध व्यक्ति /संस्था को प्रश्नगत होटल के शमन मानचित्र के सम्बन्ध में कोई आपत्ति/सुझाव प्रस्तुत करना हो, तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति/सुझाव भवन अनुभाग (जोन-1) वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी के कार्यालय कक्ष में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समय अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

नगर नियोजक/प्रभारी अधिकारी (मानचित्र)

Digitally signed by Prabhat Kumar
Date- 28.9.2026

वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रा.ख., लो.नि.वि., भदोही

(Email ID:- pwdgyanpur@gmail.com)

पत्रांकः- /24ए दिनांकः-

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

महामहिम राज्यपालमहोदय उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता प्रा0ख0 लो0नि0वि0, भदोही द्वारा लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में "A", "B","C", और "D" मार्ग श्रेणी में पंजीकृत एवं अर्ह ठेकेदारों से प्रतिशत दर के आधार पर आन-लाइन ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है।

क्रम सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रु0 लाख में)	(निविदा मूल्क प्रपत्र का मूल्य, स्टेशनरी प्रभार, जी.एस.टी.)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	ठेकेदार का पंजीयन श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। (स्वीकृति की प्रत्याशा में)										
क्रम सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रु0 लाख में)	(निविदा मूल्क प्रपत्र का मूल्य, स्टेशनरी प्रभार, जी.एस.टी.)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	प्राप्तीय खण्ड लो0नि0वि0 भदोही	वीरजापुर वृत, लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर	वीरजापुर क्षेत्र, लो0नि0वि0 मीरजापुर	A,B,C,D
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	भदोही	लालानगर पिण्ड रोड से हाइवे वाराणसी प्रयागराज तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	22.40	2.24	रु0 944	02 माह	"	"	"	"
2	भदोही	झींवा मार्ग से अनुसूचित बस्ती तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	12.00	1.20	रु0 856	"	"	"	"	"
3	भदोही	पिलखिनी से रजईपुर गोहिलाव मार्ग मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	18.30	1.83	रु0 944	"	"	"	"	"
4	भदोही	झींवा पावर हाउस मार्ग से नहर की पटरी तक एवं राजेन्द्र बिंद के घर तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	13.30	1.33	रु0 856	"	"	"	"	"
5	भदोही	मानिकपुर उगापुर रोड से भगवानपुर कनेहरी रोड के विशेष मरम्मत का कार्य।	5.80	0.58	रु0 856	"	"	"	"	"
6	भदोही	घोसिया नहर होते हुए सेउज चिन्तामणिपुर तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	27.90	2.79	रु0 944	"	"	"	"	"
7	भदोही	उथेरा रोड पर सदा धमार के घर से सत्यनारायण सिंह तथा उनके घर से सुनील सिंह के घर तक एवं शीतलनाथ पाण्डेय तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	19.60	1.96	रु0 944	"	"	"	"	"
8	भदोही	सरई राजपूतानी मार्ग से बनपुरवा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	12.60	1.26	रु0 856	"	"	"	"	"
9	भदोही	गोपीगंज भदोही से बड़वापुर मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	13.85	1.39	रु0 856	"	"	"	"	"
10	भदोही	प्रा0प0 जखौंव से प्रा0प0 सरई मिश्रानी मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	13.85	1.39	रु0 856	"	"	"	"	"
11	भदोही	नटवां से बजारी मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	9.35	0.94	रु0 856	"	"	"	"	"
12	भदोही	कोईलसा थाना से छोटा कोइलसा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	3.65	0.37	रु0 856	"	"	"	"	"
13	भदोही	जी0टी0 रोड से टेलरिंग कम्पनी मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	6.30	0.63	रु0 856	"	"	"	"	"
14	भदोही	अहिरुनपुर फाटक से खमरिया लालानगर रोड तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	14.55	1.46	रु0 856	"	"	"	"	"
15	भदोही	मेहनीपुर बिन्द बस्ती सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	9.35	0.94	रु0 856	"	"	"	"	"
16	भदोही	कठारी चिनुहानी से बिड़लपुर होते हुए महदेवा पट्टी तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	11.75	1.18	रु0 856	"	"	"	"	"
17	भदोही	जी0टी0 रोड से बाबू सराय हरिजन बस्ती मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	12.25	1.23	रु0 856	"	"	"	"	"
18	भदोही	झींवा पिलखिनी का शेष भाग मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	7.55	0.76	रु0 856	"	"	"	"	"
19	भदोही	जी0टी0 रोड से झींवा पिलखिनी पिछड़ी जाति बस्ती मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	4.40	0.44	रु0 856	"	"	"	"	"
20	भदोही	मझमेहिया से दुरासी मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	15.00	1.50	रु0 944	"	"	"	"	"
21	भदोही	महराजगंज परसीपुर से धरौलीपुर मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	15.35	1.54	रु0 944	"	"	"	"	"
22	भदोही	तिरिया मुख्य बस्ती सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	5.80	0.58	रु0 856	"	"	"	"	"
23	भदोही	खेतलपुर से बीसापुर तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	35.00	3.50	रु0 944	"	"	"	"	"
24	भदोही	महराजगंज परसीपुर मार्ग से बसन्तापुर मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	17.15	1.72	रु0 944	"	"	"	"	"
25	भदोही	सेमराध मार्ग ईमार गॉव यूनियन बैंक से डूहिया तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	14.10	1.41	रु0 856	"	"	"	"	"
26	भदोही	केवलापुर सेमराध मार्ग (बटरी) से पश्चिम छोर होते हुये पुरवा सेमराध मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	34.30	3.43	रु0 944	"	"	"	"	"
27	भदोही	नेवाजी सेमराध से तुलसीपट्टी से मरहट मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	20.80	2.08	रु0 944	"	"	"	"	"
28	भदोही	केवलापुर सेमराध मार्ग से बिहरीजपुर मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	20.60	2.06	रु0 944	"	"	"	"	"
29	भदोही	जगापुर से बिसई धैरापुर का अवशेष भाग मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	20.80	2.08	रु0 944	"	"	"	"	"
30	भदोही	नेवाजी सेमराध मार्ग से जगापुर पड़ान मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	27.85	2.79	रु0 944	"	"	"	"	"
31	भदोही	गोपीगंज तिलंगा मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	25.80	2.58	रु0 944	"	"	"	"	"
32	भदोही	घनश्यामपुर से बिरनई सेतु तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	20.75	2.08	रु0 944	"	"	"	"	"
33	भदोही	इनारगांव सोनपुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	13.55	1.36	रु0 856	"	"	"	"	"
34	भदोही	सुरियावा कलिंजरा से बसही बिन्द बस्ती मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	24.54	2.45	रु0 944	"	"	"	"	"
35	भदोही	जंगीगंज धनतुलसी मार्ग से भूमिहार बस्ती दरवारी मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	29.00	2.90	रु0 944	"	"	"	"	"
36	भदोही	इनारगांव से डंकापुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	23.40	2.34	रु0 944	"	"	"	"	"
37	भदोही	ज्ञानपुर नथईपुर मार्ग से बनपुरवा होते हुये कसिहहा शिव मंदिर तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	29.75	2.98	रु0 944	"	"	"	"	"
38	भदोही	गोपीगंज बेदापाली से बनपुरवां तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	15.45	1.55	रु0 944	"	"	"	"	"
39	भदोही	मोढ़ सरपतहां मार्ग से नन्दापुर होते हुये चकधरनी सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	16.30	1.63	रु0 944	"	"	"	"	"
40	भदोही	गडेरियापुर से तारी मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	26.80	2.68	रु0 944	"	"	"	"	"
41	भदोही	ज्ञानपुर दुर्गागंज मार्ग से पलवारपुर दशरथपुर मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	35.00	3.50	रु0 944	"	"	"	"	"
42	भदोही	मोढ़ सरपतहां से चकसिखारी मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	10.35	1.04	रु0 856	"	"	"	"	"
43	भदोही	ज्ञानपुर दुर्गागंज मार्ग से शिवरामपुर यादव बस्ती तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	16.20	1.62	रु0 944	"	"	"	"	"
44	भदोही	चकलौटी से इण्टर कालेज तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	19.60	1.96	रु0 944	"	"	"	"	"
45	भदोही	ज्ञानपुर दुर्गागंज मार्ग से टकटैया मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	18.30	1.83	रु0 944	"	"	"	"	"
46	भदोही	नेवाजी सेमराध से बैरीबीसापुर मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	31.25	3.13	रु0 944	"	"	"	"	"
47	भदोही	कोईरौना बाजार से अंगिलहवा ठाकुर बस्ती मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	17.65	1.77	रु0 944	"	"	"	"	"
48	भदोही	जंगीगंज धनतुलसी से ईटहरा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	19.40	1.94	रु0 944	"	"	"	"	"
49	भदोही	जंगीगंज धनतुलसी से बहपुरा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	22.90	2.29	रु0 944	"	"	"	"	"
50	भदोही	जंगीगंज धनतुलसी से शेरपुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	13.70	1.37	रु0 856	"	"	"	"	"
51	भदोही	कनकपुर से मेढ़ी मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	5.80	0.58	रु0 856	"	"	"	"	"
52	भदोही	बीरमपुर इमामगंज मार्ग से रौंही मोहनपुर मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	35.00	3.50	रु0 944	"	"	"	"	"
53	भदोही	जगापुर बिठौली में ब्राहमण व बिंद बस्ती मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	24.30	2.43	रु0 944	"	"	"	"	"
54	भदोही	कुरमैया मार्ग से इलाहाबाद बार्डर मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	35.00	3.50	रु0 944	"	"	"	"	"
55	भदोही	अमिलहरा थाम से चिवाली बस्ती मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	19.72	1.97	रु0 944	"	"	"	"	"
56	भदोही	गऊ रामशाला में ब्राहमण बस्ती ठाकुर बस्ती सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	4.50	0.45	रु0 856	"	"	"	"	"
57	भदोही	सुरियावां कलिजरा से चकगुमानी संपर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	27.65	2.77	रु0 944	"	"	"	"	"
58	भदोही	राममनोहर लोहिया योजना के अन्तर्गत बैरीपरवा अनु0 बस्ती में दक्षिण सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	8.65	0.87	रु0 856	"	"	"	"	"
59	भदोही	कारीखास से खटौरा कोईरान बस्ती सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	17.40	1.74	रु0 944	"	"	"	"	"
60	भदोही	गिराई दानूपुर मार्ग से गुप्ता जी के घर तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	15.20	1.52	रु0 944	"	"	"	"	"
61	भदोही	चकसहाब मुस्लिम बस्ती होते हुये हिंछनपुर संपर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	28.35	2.84	रु0 944	"	"	"	"	"
62	भदोही	गिराई दानूपुर चकमानाथाता कम्पोजिट विद्यालय धनापुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	26.75	2.68	रु0 944	"	"	"	"	"
63	भदोही	ज्ञानपुर मुख्य शहर से दौंडीयाही बड़ा गांव होते हुए विभुवनपुर संपर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	28.45	2.85	रु0 944	"	"	"	"	"
64	भदोही	महुआपुर विष्णुपुर मार्ग से रामलखन प्रधान के घर तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	15.20	1.52	रु0 944	"	"	"	"	"
65	भदोही	लक्षापुर पचपटिया मार्ग से राजपुताना नई सामान्य बस्ती मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	29.70	2.97	रु0 944	"	"	"	"	"
66	भदोही	परगामपुर से शेरवां धोबी बस्ती सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	23.75	2.34	रु0 944	"	"	"	"	"
67	भदोही	लक्षापुर पचपटिया से राजपुताना नई मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	34.80	3.48	रु0 944	"	"	"	"	"
68	भदोही	सरायआबसिंह सिंहपुर ब्राहमण बस्ती कल्हईपुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	5.20	0.52	रु0 856	"	"	"	"	"
69	भदोही	ज्ञानपुर दुर्गागंज से प्रतापसिंह पट्टी मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	25.95	2.60	रु0 944	"	"	"	"	"
70	भदोही	भदोही दुर्गागंज मार्ग से डुडवा धरमपुर यादव बस्ती मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	15.40	1.54	रु0 944	"	"	"	"	"
71	भदोही	पाली सुरियावा मार्ग से प्रतापसिंह पट्टी धोबी सरोज बस्ती सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	6.00	0.60	रु0 856	"	"	"	"	"
72	भदोही	भदोही दुर्गागंज से सहुआपुर मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	31.00	3.10	रु0 944	"	"	"	"	"
73	भदोही	आनन्दडीह मुस्लिम बस्ती सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	20.20	2.02	रु0 944	"	"	"	"	"
74	भदोही	महजूदा बाजार से महदेपुर तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	22.80	2.28	रु0 944	"	"	"	"	"
75	भदोही	अझौली गढ़ीरा कि0मी0 3 से (580) से पाल बस्ती सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	31.10	3.11	रु0 944	"	"	"	"	"
76	भदोही	ज्ञानपुर दुर्गागंज से चाँद मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	29.80	2.98	रु0 944	"	"	"	"	"
77	भदोही	बसवापुर से फत्तुपुर मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	25.60	2.56	रु0 944	"	"	"	"	"
78	भदोही	सनाथपट्टी नहर से पासी बस्ती मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	20.25	2.03	रु0 944	"	"	"	"	"
79	भदोही	रामचन्दरपुर से सदीपुर मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	32.60	3.26	रु0 944	"	"	"	"	"
80	भदोही	माधोरामपुर से कान्तापुर का अवशेष भाग मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	16.55	1.66	रु0 944	"	"	"	"	"
81	भदोही	मोढ़ करियांव से मुण्डफोरवा मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	29.10	2.91	रु0 944	"	"	"	"	"
82	भदोही	भदोही दुर्गागंज मार्ग से नयनपुर मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	29.00	2.90	रु0 944	"	"	"	"	"
83	भदोही	मोढ़ बाईपास से चकजुरानी मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	22.00	2.20	रु0 944	"	"	"	"	"
84	भदोही	ठठरा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	30.20	3.02	रु0 944	"	"	"	"	"
85	भदोही	भदोही दुर्गागंज से मकनपुर मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	27.55	2.76	रु0 944	"	"	"	"	"
86	भदोही	मोढ सरपतहां मार्ग से मेनावरी से वीरापट्टी मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	26.95	2.70	रु0 944	"	"	"	"	"
87	भदोही	जमुनीपुर अठगवा मार्ग से रामबन सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	19.45	1.95	रु0 944	"	"	"	"	"
88	भदोही	बरेला निदूर मार्ग से नहरपुर सामान्य बस्ती तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	9.00	0.90	रु0 856	"	"	"	"	"
89	भदोही	जमुनीपुर अठगवा मार्ग से रबरनपुर मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	21.85	2.19	रु0 944	"	"	"	"	"
90	भदोही	मोढ सरपतहां मार्ग से चकधरनी मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	19.85	1.99	रु0 944	"	"	"	"	"
91	भदोही	लठिया चौहान बस्ती मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	30.75	3.06	रु0 944	"	"	"	"	"
92	भदोही	भदोही बाईपास से भिखारीपुर मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	29.95	3.00	रु0 944	"	"	"	"	"
93	भदोही	भीमसेनपुर से केण्डा पी.एम.जी.एस.वाई. मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	28.10	2.81	रु0 944	"	"	"	"	"
94	भदोही	चौरी महराजगंज मार्ग पर स्थित बरेला से सतरपुर मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	33.80	3.38	रु0 944	"	"	"	"	"
95	भदोही	भीमसेनपुर सम्पर्क मार्ग का अवशेष भाग मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	33.00	3.30	रु0 944	"	"	"	"	"
96	भदोही	आनन्दडीह से नीबी घोर मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	25.30	2.53	रु0 944	"	"	"	"	"

बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://tender.up.nic.in पर दिनांक 13.11.2026 अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 27.11.2026 अपरान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगा, जो दिनांक 27.11.2026 को समय 12:00 बजे अपरान्ह तक अपलोड किया जा सकता है, जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 27.11.2026 को समय 12:30 बजे, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग भदोही में खोली जायेगी। निविदाएं ग्रहरी साफ्टवेयर पर अपलोड की जायेगी तथा निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन ग्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा, जिसका विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है।
निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी वेबसाइट http://tender.up.nic.inपर उपलब्ध है।

उ.प्र.:- 260273
दिनांकः- 04.11.2026

(एस.के. सरोज)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., भदोही

वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

बिहार समाचार

रोहतास में चोरी करने वाले गिरोह के छह गिरफ्तार, नौ कांडों का खुलासा

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास जिले के विभिन्न थानों में पिछले एक-दो माह से हो रही चोरी की घटनाओं का पुलिस ने सफल उद्भेदन किया है। यह जानकारी देते हुए रोहतास के पुलिस कप्तान मिस्टर राज ने बताया कि डेहरी मुफस्सिल पुलिस ने रात्रि छापेमारी और आसूचना संकलन के आधार पर एक सक्रिय चोर गिरोह के सभी सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में रमेश मुसहर थाना माली, जिला औरंगाबाद, पवन मुसहर, देवरिया, थाना डेहरी मुफस्सिल, मदन मुसहर, देवरिया, थाना डेहरी मुफस्सिल, विकास मुसहर, अकोढ़ा, थाना माली, जिला औरंगाबाद, मुन्ना मुसहर, नासरीगंज शामिल हैं। एक विधि विरुद्ध बालक को भी निरुद्ध किया गया है।इनकी निशानदेही पर कुल नौ कांडों का खुलासा हुआ है। इसमें सासाराम मुफस्सिल के 2, डेहरी मुफस्सिल के 5 और करवंदिया के 2 कांड शामिल हैं। इनके कब्जे से चोरी किए गए सोना-चांदी के आभूषण, टीवी, घड़ी, ईयरबड, मोबाइल, बैटरी, पीतल के बर्तन, डेबिट कार्ड और पासबुक बरामद किया गया हैं। कांड में शामिल पुलिस टीम को पुरस्कृत किया। जाएगा।

युवती से दुष्कर्म मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास जिले के ताराचंडी मंदिर के समीप 4 नवंबर को एक युवती के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। पीड़िता ने बेदा जाने के लिए ऑटो किराये पर लिया था। आरोप है कि ऑटो चालक और उसके सहयोगी ने युवती को अकेली पाकर सुनसान रास्ते से करवंदिया स्थित एक दुकान पर ले जाकर घटना को अंजाम दिया।सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संदीप कुमार (27), पिता स्वर्गीय विश्वनाथ साह, ग्राम करवंदिया और चितरंजन कुमार (27), पिता स्वर्गीय राजेश पासवान, ग्राम बांसा, दोनों थाना करवंदिया के रूप में हुई है।पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त ऑटो भी बरामद कर लिया है। पीड़िता के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कारवाई की जा रही है।

बाइक सवार से लूट, बैग- मोबाइल और नकदी लेकर फरार हुए बदमाश

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। मुफस्सिल थाना क्षेत्र में बुधवार रात बाइक सवार युवक से लूटपाट की घटना सामने आई। बदमाशों ने रास्ते में बाइक रुकवाकर बैग, मोबाइल, नकदी और जरूरी कागजात लूट लिए और फरार हो गए।पीड़ित की पहचान अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र के वार्ड नौ निवासी रजनीकांत सिंह, पिता चंद्रमा सिंह के रूप में हुई है। उसने बताया कि 4 नवंबर की रात करीब 10-15 बजे वह भाई के साथ सासाराम से घर लौट रहा था। इसी दौरान मुफस्सिल थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने बाइक रोककर लूटपाट की।बदमाश बैग में रखे करीब 10 हजार रुपये नकद, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, एटीएम कार्ड और वीवो टी-4एक्स 5जी मोबाइल लेकर चले गए। घटना के बाद पीड़ित शिकायत लेकर अकोढ़ीगोला थाना पहुंचा, लेकिन वारदात दूसरे थाना क्षेत्र की होने से मामला क्षेत्राधिकार में उलझ गया। पीड़ित ने बदमाशों की पहचान और सामान बरामदगी की मांग की है।

हाईवे किनारे मिला युवक का शव, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र में आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे किनारे गुरुवार सुबह एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। उसरांव गांव के समीप मझौली गेट के पास नाले के किनारे शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान कोचस थाना क्षेत्र के अमैसी डिहरा गांव निवासी 35 वर्षीय बच्चा यादव, पिता प्रहलाद यादव के रूप में हुई है।बताया जाता है कि बच्चा यादव

कांग्रेस-सपाको लोकतंत्र की नहीं, अपने परिवारों की चिंता-मुख्यमंत्री

गाजियाबाद (आससे)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों दलों का अभियान लोकतंत्र बचाने का नहीं, बल्कि अपने परिवारों को बचाने का है और आरोप लगाया कि परिवारवादी राजनीति के कारण इन दलों में एक ही परिवार के लोग नेतृत्व करते हैं। प्रदेश के गाजियाबाद में भाजपा की ओर से आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस चुनाव हारने के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम), निर्वाचन आयोग और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सवाल उठाती है। योगी ने कहा कि अपनी हार की समीक्षा करने के बजाय संवैधानिक संस्थाओं को कठघरे में खड़ा करना उसकी आदत बन गयी है। मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए उनकी तुलना ऐसे विद्यार्थी से की, जो परीक्षा में असफल होने पर अपनी गलतियां



स्वीकार करने के बजाय नये-नये बहाने बनाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता का विश्वास खोने के बावजूद आत्ममंथन करने को तैयार नहीं है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस शासनकाल के राष्ट्रमंडल, 2जी और कोयला घोटालों का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार और अराजकता से परेशान जनता ने 2014 में नरेंद्र मोदी को देश की बागडोर सौंपी। सपा पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी की पिछली चार सरकारों में गुंडागर्दी, दंगे और कर्फ्यू उत्तर प्रदेश की पहचान बन गये थे। उन्होंने कोसीकलां, मुजफ्फरनगर, मथुरा, बरेली, संभल, मुरादाबाद, बुलंदशहर, मेरठ और सहारनपुर की घटनाओं का उल्ले किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा शासन में महिलाओं, व्यापारियों और मीडिया की सुरक्षा भी खतरे में थी। योगी ने कांग्रेस पर 1975 में आपातकाल लगाने और 1984 की सिख विरोधी हिंसा का जिक्र करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों के उल्लंघन का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का विरोध किया, जबकि आज वहां भव्य मंदिर बनकर तैयार है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विरासत और विकास के साथ आगे बढ़ने का दावा करते हुए राम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम और गरीबों को आवास उपलब्ध कराने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कई राज्यों में लंबे समय से सत्ता से बाहर है। ऐसे में अपनी चुनावी हार के लिए निर्वाचन आयोग को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। उन्होंने लोगों से लोकतांत्रिक संस्थाओं का सम्मान करने और लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान में भाग लेने की अपील की।

यूपी : १७ नवंबर तक सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद

लखनऊ (आससे)। दिवाली और छठ सहित सभी त्योहारों पर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए 5 से 17 नवम्बर तक प्रदेश भर के सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां निरस्त कर दी गयी हैं। इस संबंध में डीजीपी राजीव कृष्ण ने निर्देश जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार, सामान्य परिस्थितियों में किसी भी पुलिस अधिकारी या कर्मचारी को अवकाश नहीं दिया जायेगा। केवल अपरिहार्य और विशेष परिस्थितियों में ही संबंधित अधिकारियों को छुट्टी मंजूर करने का अधिकार होगा। डीजीपी राजीव कृष्ण ने प्रदेश के सभी डीजी, एडीजी, आईजी, डीआईजी और जिलों के एसएसपी को निर्देश दिये हैं कि इस आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, छठ पूजा और देव दीपावली जैसे प्रमुख त्योहारों को देखते हुए पुलिस बल को पूरी तरह अलर्ट मोड में रखने के लिए यह फैसला लिया गया है।

देशमें फिरसे मतपत्रके जरिये मतदान की मांग-मायावती

लखनऊ (आससे)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन-आधारित चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर गुरुवार को सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि ईवीएम का इस्तेमाल स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान को प्रभावित करने के लिए किया जा रहा है। मायावती ने साथ ही यह दावा भी किया कि आबादी का एक बड़ा वर्ग मतपत्र प्रणाली की वापसी की मांग कर रहा है। बसपा उत्तर प्रदेश प्रदेश कार्यालय कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रदेश, मंडल सहित सभी स्तर के पदाधिकारी और राज्य के 75 जिलों के जिला अध्यक्ष शामिल हुए। पार्टी द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक मायावती ने कहा कि मतदान प्रक्रिया की विश्वसनीयता को लेकर चिंताएं सामने आने के बाद उनकी पार्टी ईवीएम के इस्तेमाल का विरोध करने वाली पहली पार्टी थी। उन्होंने कहा बसपा द्वारा 'बहुजन समाज' की एकजुटता और जागरुकता के बाद ईवीएम (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) को भी हथियार बनाकर स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान को प्रभावित करने का नया तरीका अविष्कार करने के आरोपों के मद्देनजर जब उसका सर्वप्रथम विरोध बसपा ने मतदान की अविश्वसनीयता को देख कर किया तब विरोधी पार्टियों व यथा-व्यवस्थावादी तत्वों आदि को यह अच्छा नहीं लगा। उन्होंने कहा कि आज देश की अधिकतर जनता ईवीएम पद्धति आदि को स्वतंत्र व



निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया को प्रथमदृष्टया सही नहीं मानकर मतपत्रर से चुनाव कराने की पहली जैसी व्यवस्था बहाली की मांग कर रही है। वैसे चुनावी धांधलियों के मामलों में कांग्रेस पार्टी का दामन भी सर्वविदित तौर पर काफी दागदार रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था के खोखले होने का मूल कारण एक पूरी तरह से विश्वसनीय, स्वतंत्र, निष्पक्ष और जवाबदेह चुनाव प्रणाली का न होना है। मायावती ने कहा कि यह मुद्दा कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों के समय से ही बसपा के लिए चिंता का विषय रहा है और पार्टी के राजनीतिक संघर्ष का एक बड़ा कारण भी बना हुआ है। उन्होंने इस मुद्दे को उठाने में 'जेन जी' (युवा पीढ़ी) की भागीदारी का भी उल्लेख किया और कहा कि युवाओं ने इसे एक नयी दिशा दी है और इसे एक प्रमुख सार्वजनिक मुद्दा बना दिया है। उन्होंने सवाल किया इस मुद्दे को दबाने के लिए हर स्तर पर कोशिशें की जा रही हैं। लेकिन क्या आग से आग बुझाना सही है? मायावती ने आरोप लगाया कि धन-बल, सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग और राजनीति के अपराधीकरण ने लंबे समय से चुनावों को प्रभावित किया है। उन्होंने एक स्वतंत्र, निष्पक्ष और विश्वसनीय मतदान प्रक्रिया की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गरीबों, मजदूरों और बेरोजगार युवाओं के हितों की रक्षा के लिए चुनावी शुचिता (ईमानदारी) बहुत जरूरी है।

राहुल संसदमें पांच-छह मिनट भी नहीं बैठ पाते-भाजपा

नयी दिल्ली (आससे)। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने राहुल गांधी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खुली बहस की चुनौती पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को संसद में बहस करनी चाहिए, न कि सड़कों पर। उन्होंने सवाल किया कि नेताओं के बीच बहस सड़कों पर होनी चाहिए या लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर यानी संसद में? पात्रा ने कहा राहुल गांधी कल प्रधानमंत्री के साथ बहस करना चाहते थे। एक तरफ प्रधानमंत्री बैठे होंगे और दूसरी तरफ वह खुद बैठेंगे। राहुल गांधी के पास किसी भी मुद्दे पर कोई आंकड़ा नहीं होता। उन्हें देश में चल रही ज्यादातर मुद्दों की जानकारी भी नहीं है। लेकिन जहां तक अव्यवस्था फैलाने की बात है, उसमें वह सबसे आगे हैं। नेताओं के बीच बहस सड़कों पर होनी चाहिए या लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर संसद में? उन्होंने कहा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी में संसद में लगातार पांच-छह मिनट से ज्यादा बैठने का धैर्य नहीं है। जो व्यक्ति संसद में लगातार पांच-छह मिनट नहीं बैठ सकता, वह वहां बहस भी नहीं करना चाहेगा। वह संसद में बहस करने के बजाय सड़क पर झगड़ा करना पसंद करेगा। एक अन्य बयान में संबित पात्रा ने विपक्षी गठबंधन इंडी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हाल ही में गठबंधन के सभी नेता रामलीला मैदान में जुटे थे। उन्होंने दावा किया था कि वहां 10 लाख लोग आएंगे, लेकिन वास्तव में 20 हजार से ज्यादा लोग नहीं पहुंचे। पात्रा ने कहा यह पूरे इंडी गठबंधन की कुल ताकत है। मेरी राहुल गांधी को सलाह है कि अगर आप बहस करना चाहते हैं तो अपने तथाकथित गठबंधन सहयोगी से बहस कीजिए। आप कहते हैं कि अरविंद केजरीवाल आपके दोस्त हैं और इंडी गठबंधन का हिस्सा हैं। लेकिन कल आप ही कह रहे थे कि अगर सबसे भ्रष्ट सरकार कोई है तो वह पंजाब में अरविंद केजरीवाल की सरकार है। उन्होंने कहा दिल्ली में आप दोनों भाई-भाई की तरह रहते हैं, लेकिन पंजाब में आप उनकी सरकार को सबसे भ्रष्ट बताते हैं। आखिर सच क्या है? आप दोनों साथ हैं या अलग-अलग? इस मुद्दे पर बहस होनी चाहिए।

शेष

पंजाबमें...

ये हैंडलर आरोपियों को अवैध हथियारों की सप्लाई करवाते थे, जिन्हें आगे आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों तक पहुंचाया जाना था। पुलिस ने इस संबंध में थाना घरिंडा, थाना ब्यास, थाना मेहता, थाना लोपोके और थाना चाटीविंड में अलग-अलग एफआईआर दर्ज की हैं। पुलिस अब आरोपियों के नेटवर्क की आगे और पीछे की कड़ियां जोड़ने में जुटी है।

अब छह...

के अनुसार, इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मसौदा मतदाता सूची 30 नवम्बर को प्रकाशित की जायेगी। वहीं, अंतिम मतदाता सूची 21 जनवरी 2027 को जारी होगी। इस अभियान के तहत उन लोगों को भी पहले से आवेदन करने की सुविधा मिलेगी, जो 2027 में 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्तूबर को मतदान के योग्य हो जायेंगे। चुनाव आयोग ने संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को निर्देश दिया है कि वे इस प्रक्रिया को पूरा कराने के लिए पर्याप्त कर्मचारियों और जरूरी संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

दिल्ली : चावड़ी...

नईम को निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घटना पर दुख जताते हुए ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता देने के निर्देश दिए हैं।

शिकायतोंका...

कि जांच केवल शिकायतों की संख्या पर निर्भर नहीं हो सकती। उपलब्ध सामग्री के आधार पर संबंधित अधिकारियों से जवाब लेकर तथ्यों की पड़ताल की जानी चाहिए। अदालत ने याचिकाकर्ताओं के वकीलों को निर्देश दिया कि वे कथित पीड़ितों से जुड़ी शिकायतें, दस्तावेज, वीडियो और तस्वीरें कमेटी तक पहुंचाएं। कोर्ट ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ताओं की ओर से दाखिल किए गए दस्तावेजों और कमेटी तक पहुंची सामग्री में अंतर है। इसे दूर किया जाना जरूरी है, ताकि जांच पूरी जानकारी के आधार पर हो सके।

मथुरा : हादसे...

हरवीर सिंह (45) और नाती अंकित (24) खेत में अपने पूर्वजों की समाधि का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण करा रहे थे। उन्होंने बताया कि इसी दौरान अलीगढ़ से वृंदावन जा रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खेत में घुस गई और तीनों को कुचलते हुए कुछ दूरी पर जाकर पलट गई। अधिकारी ने बताया कि हादसे में जवाहर, हरवीर और अंकित की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार चालक अमन शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। राय ने बताया कि घायल चालक को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया जबकि तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

जौनपुरको...

सड़क, मड़ियाहूं रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज, लता मंगेशकर तिराहे से प्रसाद इंस्टीट्यूट तक फोरलेन मार्ग और रामदयालगंज में सई नदी पर पुल निर्माण शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पांच लाख करोड़ रुपये के राष्ट्रीय राजमार्ग कार्य चल रहे हैं। बेहतर सड़क, बिजली, पानी और संचार व्यवस्था से विकास के साथ रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि उत्तर प्रदेश जल्द ही ऊर्जा निर्यातक राज्य बनेगा। कार्यक्रम में राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव, राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह, राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, विधायक रमेश चंद्र मिश्र, रमेश सिंह, डॉ. आरके पटेल, एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंसू, जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन., पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

यूपी : राहुलके खिलाफ...

को लेकर दिये गये उनके कथित बयान के मामले में एफआईआर दर्ज कराने की मांग वाली याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान की एकल पीठ ने यह फैसला सुनाया। राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग को लेकर नागेश्वर मिश्रा और अन्य की ओर से याचिका दाखिल की गयी थी। याचिकाकर्ताओं ने सिख समुदाय के बारे में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की थी। इससे पहले वाराणसी की ट्रायल कोर्ट ने भी इस संबंध में दाखिल अर्जी खारिज कर दी थी। ट्रायल कोर्ट के फैसले को याचिकाकर्ताओं ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अब अदालत ने याचिका खारिज करते हुए राहुल गांधी को बड़ी राहत दी है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता सत्येंद्र कुमार त्रिपाठी के मुताबिक, राहुल गांधी ने सितंबर 2024 में अमेरिका यात्रा के दौरान सिख समुदाय की धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर टिप्पणी की थी।

यूपी : राज्यकर्मियों...

मैट्रिक्स लेवल-8 (47,600 - 1,51,100) या अपुनरीक्षित वेतनमान में ग्रेड पे 4800 रुपये तक है। यदि किसी कर्मचारी को एसीपी के तहत इससे उच्च वेतन लेवल मिल रहा है, तब भी वह बोनस का पात्र होगा। बोनस का लाभ केवल उन्हीं को मिलेगा जिन्होंने 31 मार्च, 2026 को एक वर्ष की निरंतर सेवा पूरी कर ली थी।विभाग ने बोनस भुगतान के लिए नगद और बचत का एक मिलाजुला फॉर्मूला तय किया है। 75 फीसदी हिस्सा कर्मचारियों के भविष्य निधि (जीपीएफ) खाते में जमा किया जाएगा। 25 फीसदी हिस्सा तत्काल नकद भुगतान किया जाएगा।जो कर्मचारी भविष्य निधि के सदस्य नहीं हैं, उन्हें यह राशि नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट (एनएससी) या पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) के रूप में दी जाएगी।

भाजपाने...

चुनाव के बाद नियम बदल दिए। 4 डायरेक्टर ठूंसो, 12 को 16 बनाओ, बहुमत चुराओ। गोकुल दूध डेयरी में 19 अक्टूबर को 25 निदेशक पदों के लिए चुनाव हुआ था। इसमें कांग्रेस समर्थित पैनल को 13 और भाजपा नीत महायुति गठबंधन को 12 सीटें मिलीं थीं।कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भी महाराष्ट्र सरकार के फैसले की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार निर्वाचित बोर्ड की संरचना बदलकर चुनावी नतीजे को प्रभावित करना चाहती है। खेड़ा के मुताबिक, चुनाव में जीत के बाद महायुति समर्थित निदेशक बैठक से अनुपस्थित रहे, जिसके कारण अध्यक्ष का चुनाव नहीं हो सका। इसके बाद बॉम्बे हाईकोर्ट ने 10 नवंबर को नए चुनाव कराने का निर्देश दिया था। खेड़ा ने कहा कि निर्वाचित बोर्ड को काम करने देने के बजाय सरकार चार सरकारी निदेशकों को वोटिंग अधिकार के साथ शामिल करना चाहती है।

यूपी अब...

का सम्मान नहीं था, क्योंकि वे जानते थे कि उन्हें कानून के दायरे में नहीं लाया जा सकता। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक निष्क्रियता और अराजकता के कारण उत्तर प्रदेश बीमारू राज्यों की श्रेणी में पहुंच गया था, लेकिन विभिन्न क्षेत्रों में किए गए सुधारों के परिणाम अब सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश में जब भी कानून-व्यवस्था की चर्चा होती है तो उत्तर प्रदेश का भी उल्लेख किया जाता है। उन्होंने दावा किया कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में राज्य में दो लाख 30 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की भर्ती पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ की गई है। योगी ने अपराधों की जांच में फॉरेंसिक साक्ष्यों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि अदालत में सत्य की स्थापना तभी संभव है, जब जांच एजेंसियां विश्वसनीय साक्ष्य प्रस्तुत करें। उन्होंने महर्षि गौतम के प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान और शब्द सहित प्रमाण के चार सिद्धांतों का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जुलाई 2024 में लागू तीन नए आपराधिक कानूनों के तहत सात वर्ष या उससे अधिक सजा वाले अपराधों में फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाना अनिवार्य किया गया है, इसके लिए राज्य में 500 प्रशिक्षित कर्मियों की आवश्यकता के मुकाबले 600 से अधिक पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने कहा नए कानून लागू होने से पहले ही लखनऊ में राज्य फॉरेंसिक विज्ञान संस्थान स्थापित किया गया था। हर जिले को दो फॉरेंसिक मोबाइल वैन उपलब्ध कराई गई हैं और जांच व्यवस्था मजबूत करने के लिए नई प्रयोगशालाएं भी स्थापित की जा रही हैं। योगी ने नवनियुक्त अधिकारियों से पूरी ईमानदारी और सटीकता के साथ काम करने की अपील करते हुए कहा कि फॉरेंसिक साक्ष्य निर्धारित समयसीमा में जुटाए जाने चाहिए, ताकि पीड़ितों को न्याय और दोषियों को सजा मिल सके। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में साढ़े नौ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई हैं और अगले छह महीनों में एक लाख नियुक्ति पत्र वितरित करने की योजना है।

पूर्व मध्य रेल

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मंडल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल से आरंभिक निम्नवत कोचिंग ट्रेन के एस.एल.आर. कोच में पार्सल स्थान को पट्टे पर देने के लिए ई-नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है:-

1. AA/1 : कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : गाड़ी संख्या 13024 (गया से हावड़ा) गया-हावड़ा एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (4टी) का आवंटन ।, ई-नीलामी कैटेलॉग संख्या : SLR-LEASE-26-11, ई-नीलामी लॉट संख्या: 13024-SLR-F1-GAYA-HWH-25-1, ई-नीलामी की तिथि एवं समय: ई-नीलामी दिनांक 13.11.2026 को 10:00 बजे शुरू होगी और 10:30 बजे बंद होगी।

AA/2 : कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : गाड़ी संख्या 15619 (गया से कामख्या) गया-कामख्या एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (4टी) का आवंटन ।, ई-नीलामी कैटेलॉग संख्या : SLR-LEASE-26-11, ई-नीलामी लॉट संख्या: 15619-SLR-F1-GAYA-KYQ-26-1, ई-नीलामी की तिथि एवं समय: ई-नीलामी दिनांक 13.11.2026 को 10:00 बजे शुरू होगी और 10:40 बजे बंद होगी।

AA/3 : कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : गाड़ी संख्या 12397 (गया से नई-दिल्ली) गया-नई-दिल्ली महाबोधि एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (4टी) का आवंटन ।, ई-नीलामी कैटेलॉग संख्या : SLR-LEASE-26-11, ई-नीलामी लॉट संख्या : 12397-SLR-F1-GAYA-NDLS-25-1, ई-नीलामी की तिथि एवं समय : ई-नीलामी दिनांक 13.11.2026 को 10:00 बजे शुरू होगी और 10:50 बजे बंद होगी।

AA/4 : कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : गाड़ी संख्या 12389 (गया से चेन्नई) गया- चेन्नई एग्मोर एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (4टी) का आवंटन ।, ई-नीलामी कैटेलॉग संख्या : SLR-LEASE-26-11, ई-नीलामी लॉट संख्या: 12389-SLR-F1-GAYA-MAS-25-1, ई-नीलामी की तिथि एवं समय: ई-नीलामी दिनांक 13.11.2026 को 10:00 बजे शुरू होगी और 11:00 बजे बंद होगी।

AA/5 : कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : गाड़ी संख्या 22409 (गया से आनन्द विहार टर्मिनस) गया- ANVT गरीबरथ एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (3.9टी) का आवंटन ।, ई-नीलामी कैटेलॉग संख्या : SLR-LEASE-26-11, ई-नीलामी लॉट संख्या : 22409-SLR-F1-GAYA-ANVT-25-1, ई-नीलामी की तिथि एवं समय : ई-नीलामी दिनांक 13.11.2026 को 10:00 बजे शुरू होगी और 11:10 बजे बंद होगी।

AA/6 : कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : गाड़ी संख्या 13697 (गया से दिल्ली) गया- दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (4टी) का आवंटन ।, ई-नीलामी कैटेलॉग संख्या : SLR-LEASE-26-11, ई-नीलामी लॉट संख्या : 13697-SLR-F1-GAYA-DLI-25-1, ई-नीलामी की तिथि एवं समय: ई-नीलामी दिनांक 13.11.2026 को 10:00 बजे शुरू होगी और 11:20 बजे बंद होगी।

2. वेबसाईट का पता जहाँ ई-नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पू०म०रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/1273/डीडीयू/सीओएमएमएल/ईएन/26-27/88

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुरः** बैंक रोड, **प्रयागराजः 3**,लीडर रोड, **कानपुरः** बांसमण्डी, **झांसीः** झोंकन बाग, **लखनऊः 1**,जापलिंग रोड, **आगराः** महात्मा गांधी रोड, **बरेलीः** रोड नं. **3** परसाखेड़ा, **पटनाः** फ्रेजर रोड, **रांचीः** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुरः** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022472
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोन:- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
आज
निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राइब करें।

सूर्योदय : ०६.०८
सूर्यास्त : ०५.१५
तापमान
अधि. : ३४.०
न्यून. : १९.०

पूर्वोत्तर रेलवे सूचना सं. 194/2026

रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जा रहा है कि यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा के लिए विशेष गाड़ी का संचलन निम्नलिखित समयानुसार किया जायेगा।



08639/08640 रांची-प्रयागराज रामबाग-रांची विशेष गाड़ी

गाडी सं0 08639 रांची से प्रत्येक शुक्रवार दिनांक 06.11.2026 से 20.11.2026 कुल = 03 ट्रिप
गाड़ी सं0 08640 प्रयागराज रामबाग से प्रत्येक शनिवार दिनांक 07.11.2026 से 21.11.2026 कुल = 03 ट्रिप

08639 रांची-प्रयागराज रामबाग			08640 प्रयागराज रामबाग-रांची	
आ0	प्र0	स्टेशन	आ0	प्र0
-	18.25	रांची	00.15	-
19.33	19.35	लोहरदगा	22.23	22.25
20.45	20.47	टोरी	21.30	21.32
21.10	21.12	लातेहार	20.15	20.17
21.40	21.42	बरवाडीह	19.40	19.42
22.20	22.30	डालटनगंज	19.15	19.17
23.35	23.40	गढ़वा रोड	18.45	18.50
00.45	00.47	जपला	17.08	17.10
01.46	01.48	डेहरी ऑन सोन	16.05	16.07
02.00	02.02	सासाराम	15.48	15.50
02.30	02.32	भभुआ रोड	15.15	15.17
03.40	03.50	दीन दयाल उपाध्याय जं0	14.20	14.30
04.40	04.45	वाराणसी ज0	13.30	13.35
05.05	05.10	बनारस	13.05	13.10
06.08	06.10	ज्ञानपुर रोड	12.08	12.10
07.30	-	प्रयागराज रामबाग	-	10.30

रेक संरचना:- शयनयान-14, सामान्य द्वितीय श्रेणी-4, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-02, एसएलआरडी-2 कुल-22 कोच

मुजाधि/टी-79 मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
सीआईएन:एल 65110टीएन2014पीएलसी097792, पंजीकृत कार्यालय: केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड चेतपेट, चेन्नई-600031, दूरभाष: 91 44 4564 4000 | फैक्स: 91 44 4564 4022

सार्वजनिक सूचना
स्वर्ण पुनः नीलामी सह आमंत्रण सूचना

नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि कहा कि उधारकर्ताओं ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (बैंक) से ऋण सुविधाओं का लाभ उठाया है सोने के गहने गिरवी रखना और बार बार याद दिलाने और नोटिस के बावजूद, उधारकर्ताओं ने सुविधा के तहत निर्धारित समय के भीतर बकाया राशि चुकाने में विफल रहे है। तदनुसार, द बैंक, अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए, गिरवी रखे सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी 26-नवंबर-2026 से इसकी बकाया राशि की वसूली के लिए करेगा। उधारकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि यह क्या लागू प्रासंगिक के साथ संपूर्ण बकाया राशि चुकाने का अंतिम अवसर है निरीक्षण/बोली की तारीख से पहले ब्याज, शुल्क और व्यय, जिसमें विफल होने पर गिरवी रखा गया सोना आभूषणों को नियामकों द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार नीलामी के माध्यम से बेचा जाएगा ।

ऋण खाता सं.	उधारकर्ता का नाम	शाखा का नाम
175404626	राम प्रवेश यादव	मौउनाथ भंजन ग्रामीण

नीलामी की स्थिति में इस नीलामी से किसी भी अधिशेष राशि का एहसास होता है, वही होगा संबंधित उधारकर्ता को वापस कर दिया गया है और यदि नीलामी के बाद कोई कमी / कमी है, तो शेष राशि उधारकर्ता से उचित कानूनी कार्यवाही के माध्यम से वसूली योग्य होगी । आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के पास बिना किसी पूर्व नीलामी से किसी भी खाते को हटाने का अधिकार है सूचना। इसके अलावा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के पास नीलामी अनुसूची को संशोधित करने या स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है किसी भी पूर्व सूचना की सेवा के बिना, अपने विवेक पर बाद की तारीख तक । नीलामी में आयोजित किया जाएगा अपने सूचीबद्ध नीलामी सेवा प्रदाताओं मैसर्स श्रीराम ऑटो मॉल इंडिया के माध्यम से भौतिक मोड में सुबह 10:00 बजे से शाम 01:00 बजे तक किया जायेगा । यदि ग्राहक मृत है, तो संबंधित सभी शर्तें नीलामी उनके नामिती/कानूनी उत्तराधिकारी पर लागू होंगी ।

नीलामी बिक्री के नियम और शर्तें:

1) संबंधित सोने के आभूषणों की बिक्री "जैसा है वैसा ही है" "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" आधार पर की जायेगी।
चंदौली। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रति अभिरूचि उत्पन्न करनें, प्रदेश की परम्परागत लोक संस्कृतियों की प्रस्तुति, ग्रामीण युवा कलाकारों को बदलते सांस्कृतिक परिवेश के सन्दर्भ में तैयार किये जाने हेतु एक दिवसीय जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन विधा-लोकनृत्य (समूह) लोकगीत (समूह) नुक्कड़ नाटक, कविता लेखन, पेन्टिंग में 05 नवम्बर, को स्थान कृषि विज्ञान केन्द्र बिछियां, चन्दौली के हॉल में कराया गया है। उक्त आयोजित हो रहे कार्यक्रम /प्रतियोगिता में जनपद के समस्त विकास खण्डों तथा जनपद के समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय शिक्षण संस्थानों तथा निजी संस्थानों से भी निपुण कलाकार / प्रतिभागी प्रतिभाग किये है। युवा उत्सव का शुभारम्भ विकास खण्ड-सदर के खण्ड विकास अधिकारी शशिकान्त पाण्डेय द्वारा मों सरस्वती के चित्र पर माल्यर्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत धर्मेन्द्र कुमार, जिला युवा कल्याण एवं प्रा०वि० 80 अधिकारी द्वारा स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर किया। मुख्य अतिथि द्वारा युवा उत्सव में आगुन्तक कलाकारों का उत्साह वर्धन करते हुये प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने हेतु आवाहन किया गया है। यही कलाकार भी समाज को एक नई दिशा प्रदान करते है। अन्त में समस्त प्रतिभागियों को शुभकामनाये देते हुये कार्यक्रम को आगे बढ़ाये जाने की कामना किया गया। मुख्य अतिथि एवं आगुन्तक अतिथियों का स्वागत जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि080 अधिकारी द्वारा किया गया,जिसमें उन्होनें आये हुये अतिथिगण का हार्दिक अभिनन्दन करते हुये जनपद के युवा कलाकारों को प्रोत्साहित करते हुये शतत् लगन एवं मेहनत से अपनी प्रतिभा में निखार लाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर किशोरी सशक्तीकरण एवं महिलाओं के हुनर को प्रदर्शित करने वाले प्रदर्शनीय की भूरि-भूरि प्रसंशा करते हुये प्रतिभागी बालिकाओं को भी अपनी कला के साथ शिल्प कला में भी दक्ष होनें की प्रेरण दी। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी युवा उत्सव श्वेतांक मिश्रा, क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी एवं मंच संचालन सुनील कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नौगढ़ द्वारा किया गया।



फर्जी बिल के माध्यम से धड़ल्ले से राजस्व की चोरी

चंदौली। यूपी, बिहार, नौबतपुर सीमा से एक बार पुन: कोयला लदी ट्रकों से राजस्व चोरी कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि एक संगठित गिरोह के लोगों द्वारा बिहार की ओर से ट्रकों पर लद कर आने वाले सस्ते दर के कल कारखानों के लिंकेज कोयला के माध्यम से राजस्व को चुना लगाया जा रहा है। इस कार्य में कथित तौर पर कुछ व्यापार कर के अधिकारियों का भी सहयोग रहता है। बताते है कि नौबतपुर सीमा पर कोयला लदी ट्रकों के आने के पश्चात संगठित गिरोह के लोगों द्वारा चंधासी कोयला मंडी के कुछ चुनिंदा फर्मों के फर्जी बिल लगाकर कोयला लदी ट्रकों को पंजाब, हरियाणा, राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर भेजा जाता है। लोगों का यह भी कहना है कि जब उपरोक्त ट्रकें चंधासी कोयला मंडी आकर कोयलों की बिक्री करते तो इससे सरकार को राजस्व की प्राप्ति होती किंतु उपरोक्त ट्रकों को फर्जी बिल देकर आगे को रवाना कर दिया जाता है। ऐसे मे प्रतिदिन लाखों रूपये राजस्व की क्षति उठानी पड़ती है। जानकारों का कहना है कि विगत एक माह के बीच उत्तर प्रदेश के कई जिलों में फर्जी बिल के माध्यम से कोयला लेकर जा रही कई ट्रकें जाँच पड़ताल के दौरान पकड़ में भी आई है। लोगों ने शासन व प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कारगर कदम उठाने का आग्रह किया है।



किसानों ने प्रदर्शन कर उठायी मुआवजे की मांग

चकिया। फसल बर्बादी समेत किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर गुरुवार को उत्तर प्रदेश किसान सभा के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने चकिया नगर में जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। जिला मंत्री लालचंद सिंह एडवोकेट की अगुवाई में निकले जुलूस में किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र उपजिलाधिकारी को सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की। किसानों का कहना था कि एक सप्ताह पूर्व हुई भारी बारिश और तेज हवाओं से धान की खड़ी फसल पानी में डूबकर नष्ट हो गई है। इससे अन्नदाताओं को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रभावित गांवों में फसलों का निष्पक्ष सर्वे कराकर किसानों को 30 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से मुआवजा देने की मांग की। इसके साथ ही किसानों के कृषि सहित सभी प्रकार के कर्ज और बिजली बिल माफ करने की मांग उठाई। किसानों ने सरकारी समितियों पर पर्याप्त डीएपी खाद मुहैया कराने,सभी समितियों पर धान खरीद केंद्र स्थापित करने और किसानों की उपज की शत-प्रतिशत खरीद सुनिश्चित करने की बात कही। वहीं, सिंचाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए बंधियों, माइनरों और नहरों की सफाई, खुदाई व मरम्मत का काम मार्च-अप्रैल में ही पूरा कराने की मांग की। प्रदर्शन के बाद हुई सभा में परमानंद सिंह, लालचंद सिंह एडवोकेट, भुगुघुनाथ विश्वकर्मा, गौरीशंकर, बजरंगी चौहान, जयनाथ, नंदलाल, स्वामीनाथ, राजेंद्र यादव और रामनिवास पांडेय ने विचार व्यक्त किए।

सीआरएम टीम के निरीक्षण की तैयारी में जुटा स्वास्थ्य विभाग

इलिया । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शहाबगंज में सीआरएम टीम के प्रस्तावित जांच को लेकर स्वास्थ्य विभाग तैयारियों में जुट गया है। गुरुवार को राज्य स्तरीय स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पीएचसी की जांच कर स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान साफ-सफाई, दवा स्टॉक, पर्ची काउंटर, ओपीडी रजिस्टर, शौचालय और कर्मचारियों की ड्यूटी व्यवस्था परखी। टीम ने मरीजों की सुविधा के लिए पर्ची काउंटर बढ़ाने तथा उपलब्ध दवाओं की सूची सफेद फ्लैक्स बोर्ड पर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। साथ ही ओपीडी रजिस्टर नियमित अपडेट रखने, शौचालयों की साफ.सफाई और आकस्मिक सेवाओं के लिए रोस्टर के अनुसार ड्यूटी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जीएम ने बताया कि 20 नवंबर के बाद सीआरएम टीम निरीक्षण करेगी। इसके पहले सभी कमियों को दूर करने का निर्देश दिया गया है। पीएचसी के बाद टीम ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर बेन और श्यामपुर का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी जेपी गुप्ता, डॉ. निलेश मालवीय, डॉ. रजनीश सिंह सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।



पांच दिन बीत गये, धान क्रय केंद्रों पर नहीं हुई बोहनी

केंद्रों पर बैठकर किसानों का इंतजार कर रहे हैं केंद्र प्रभारी, सूना पड़ा केंद्र



नगरा (बलिया)। सरकार ने धान खरीद के लिए 1 नवंबर की तिथि निर्धारित की है, पांच दिन बीत जाने के बाद भी नगरा ब्लॉक क्षेत्र के किसी भी क्रय केंद्र पर खरीद की बोहनी तक नहीं हो सकी है। केंद्र प्रभारी केंद्रों पर बैठकर किसानों का इंतजार कर रहे हैं, जबकि क्रय केंद्र सूने पड़े हैं। गुरुवार को क्षेत्रीय विपणन अधिकारी सौरभ द्विवेदी ने खाद्य विभाग द्वारा निछुआडीह में संचालित धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र प्रभारी को धान खरीद के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए और व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा। नगरा ब्लॉक क्षेत्र में खाद्य विभाग के नगरा, (निछुआडीह), बीपैक्स के करनी व कसौंडर, पीसीयू के पंचायत भवन लहसनी और पंचायत भवन हजिया रामपुर, सद्दोपुर को धान क्रय केंद्र बनाया गया है। लेकिन इनमें से किसी भी केंद्र पर अभी तक एक छटाक धान की भी खरीद नहीं हो सकी है। अधिकारियों के अनुसार इसका मुख्य कारण अर्नब तूफान के चलते हुई बारिश है। बारिश के कारण धान की फसल पूरी तरह पककर तैयार नहीं हो सकी है। खेतों में नमी अधिक है, जिससे किसान धान काटकर केंद्रों तक नहीं ला पा रहे हैं। इधर, सरकारी खरीद शुरू होने से

जमीन विवाद में पिता की मौत के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

भीमपुरा (बलिया)। थाना भीमपुरा क्षेत्र के आरीपुर सरयां गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत के मामले में भीमपुरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, आरीपुर सरयां गांव निवासी एक व्यक्ति ने चार नवंबर को थाना भीमपुरा पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप लगाया गया था कि बीते 19 अक्टूबर को जमीन संबंधी विवाद को लेकर गांव के ही अनिल कुमार, मनीष, अवनीश और राधेश्याम ने एकराय होकर उनके पिता के साथ मारपीट की थी। आरोप है कि इस दौरान आरोपितों ने उनके पिता पर फावड़े से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़े। घटना के बाद परिजनों द्वारा घायल व्यक्ति का उपचार कराया जा रहा था। काफी प्रयासों के बावजूद तीन नवंबर को सुबह करीब नौ बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पिता की मौत के बाद पीड़ित पक्ष की ओर से थाना भीमपुरा में तहरीर दी गई। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी। इसी क्रम में पांच नवंबर को थाना भीमपुरा पुलिस टीम ने कसेसर बाजार के पास घेराबंदी कर मामले में नामजद दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनिल कुमार (40) पुत्र स्वर्गीय टेंगरी तथा राधेश्याम (35) पुत्र स्वर्गीय टेंगरी निवासी आरीपुर सरयां, थाना भीमपुरा के रूप में हुई है।

दीपावली, छठ पर पालिटेक्निक परिसर में लगेंगी पटाखों की दुकानें

बलिया। दीपावली एवं छठ पर्व के मद्देनजर जिला प्रशासन ने आतिशबाजी (पटाखों) की बिक्री के लिए राजकीय पॉलिटेक्निक परिसर में अस्थायी दुकानें लगाने की अनुमति प्रदान की है। जिला मजिस्ट्रेट ज्ञानेन्द्र सिंह ने शासन के निर्देशों एवं सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देश के अनुसार, नियमानुसार अर्ह आवेदकों को राजकीय पॉलिटेक्निक परिसर में ही अस्थायी पटाखा दुकान लगाने के लिए अनुज्ञा पत्र (लाइसेंस) जारी किया जाएगा। इसके साथ ही दुकानों के सुव्यवस्थित संचालन और सुरक्षा के लिए स्थल का लेआउट तैयार कराने की जिम्मेदारी अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग बलिया को सौंपी गई है। लेआउट तैयार करते समय सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत दुकानों के बीच कम से कम तीन मीटर की दूरी तथा 50 मीटर का खुला क्षेत्र सुनिश्चित किया जाएगा। जिला मजिस्ट्रेट ने दुकानदारों और संबंधित अधिकारियों को अग्नि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश भी दिए हैं। परिसर में पानी और बालू से भरी बाल्टियों के साथ पर्याप्त संख्या में अग्निशमन यंत्र उपलब्ध रखने होंगे। इसके अलावा आतिशबाजी नियमावली-2008 और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। इसमें ग्रीन क्रैकर्स की बिक्री और लड़ियों वाले पटाखों पर प्रतिबंध संबंधी निर्देश भी शामिल हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के दौरान पटाखों की बिक्री निर्धारित स्थल पर ही सुरक्षा मानकों के अनुरूप कराई जाएगी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

काजल हत्याकांड के मुख्य आरोपी ने किया समर्पण

पूर (बलिया)। पकड़ी थाना क्षेत्र के मुजही गांव निवासी 17 वर्षीय काजल गोंड हत्याकांड के मुख्य आरोपी भानु प्रताप तिवारी ने न्यायालय में समर्पण कर दिया है। आरोपी के समर्पण के बाद मामले में नया घटनाक्रम सामने आया है। बताया जाता है कि 20 अक्टूबर की रात करीब नौ बजे काजल घर के बगल में रहने वाले भानु प्रताप तिवारी के यहां लैपटॉप और मोबाइल देने गई थी। इसके बाद वह लापता हो गई थी। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। बाद में गाजीपुर जिले में नदी किनारे एक सूटकेस में उसका शव बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम हाउस में परिजनों ने कपड़ों के आधार पर शव की पहचान की थी। काजल की हत्या के मामले में भानु प्रताप तिवारी को मुख्य आरोपी बनाया गया था। अब उसके न्यायालय में समर्पण करने के बाद मामले की जांच और आगे की कानूनी कार्रवाई पर नजर बनी हुई है।

क्यूआर कोड आधारित पुलिस गश्त लागू करने की मांग, एसपी को सौंपा प्रतिवेदन

बलिया। ध्रुवजी सिंह स्मृति सेवा संस्थान, पूर के सचिव भानु प्रकाश सिंह 'बबलू' ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक डा.ईरज राजा से मुलाकात कर जनपद में प्रभावी रात्रि पुलिस गश्त, क्यूआर कोड एवं जीओ टैगिंग आधारित डिजिटल निगरानी तथा थानों में शिकायत प्राप्ति की पारदर्शी व्यवस्था लागू कराने के संबंध में पांच सूत्रीय प्रतिवेदन सौंपा। प्रतिवेदन में शाहजहांपुर पुलिस की क्यूआर कोड आधारित गश्त व्यवस्था का उदाहरण देते हुए बलिया में भी संवेदनशील स्थानों पर क्यूआर कोड लगाकर पुलिसकर्मियों की उपस्थिति, समय एवं लोकेशन का डिजिटल रिकॉर्ड रखने का सुझाव दिया गया है। साथ ही ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नियमित रात्रि गश्त, डायल-112 को व्यवस्था से जोड़ने तथा वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण की मांग की गई है। उन्होंने थानों में शिकायत अथवा एफआईआर के लिए प्रार्थना-पत्र देने वाले नागरिकों को दिनांक एवं समय अंकित प्राप्ति रसीद उपलब्ध कराने का भी सुझाव दिया, ताकि शिकायतों पर हुई कार्रवाई की पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। भानु प्रकाश सिंह ने कहा कि इन व्यवस्थाओं के लागू होने से पुलिस गश्त की प्रभावी निगरानी होगी, लापरवाही पर अंकुश लगेगा और आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी।

बीसीडीए की बैठक में सौंपी जिम्मेदारी

बलिया। बलिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन (बीसीडीए) की बैठक गुरुवार को अध्यक्ष आनंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें जनपद के दवा व्यवसायियों को शासन एवं प्रशासन की ओर से जारी निर्देशों की जानकारी देने और उनके अनुपालन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन कार्यालय, बलिया की ओर से 23 अक्टूबर 2026 को जारी पत्र में दिए गए निर्देशों पर विचार-विमर्श किया गया। इसमें आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत जिले के सभी मेडिकल स्टोर की एचएफआर (हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री) आईडी बनवाने तथा भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की सदस्यता ग्रहण करने पर विशेष जोर दिया गया। बीसीडीए अध्यक्ष आनंद कुमार सिंह ने सभी तहसील इकाइयों के अध्यक्षों और महामंत्रियों से अपील की कि वे अपनी-अपनी तहसीलों के सभी थोक एवं फुटकर दवा विक्रेताओं को इन निर्देशों से अवगत कराएं। बैठक में अनिल त्रिपाठी, मनोज श्रीवास्तव, विशाल सिंह, महामंत्री बब्बन यादव, वरुण तिवारी, लाल बहादुर वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। सभी ने निर्देशों का प्रचार-प्रसार कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराने में सहयोग का भरोसा दिलाया।

फेफना खेल महोत्सव-क्लस्टर पांच का आगाज



बलिया। 'जननायक चंद्रशेखर फेफना खेल महोत्सव' क्लस्टर पांच का आगाज बृहस्पतिवार को मिनी स्टेडियम, बलेजी के खेल मैदान पर हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य उपेंद्र नाथ पांडे ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर को पुष्प अर्पित कर एवं दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिता के आयोजक पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने भी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के पहले दिन जहां एथलेटिक्स, बालिका कबड्डी, वॉलीबॉल एवं फुटबॉल के मुकाबले खेले गए। शुक्रवार को प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। सीनियर बालक वॉलीबॉल के रोमांचक मुकाबल में सिंहपुर ने एकौनी को 2-0 से मात दिया। सीनियर बालिका कबड्डी में महर्षि अरविंद इंटर कॉलेज, फेफना ने हॉली पथ कॉन्वेंट स्कूल, सिंहपुर को 30-14 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं सब जूनियर बालिका कबड्डी के फाइनल में उच्च प्राथमिक विद्यालय फेफना ने एस एस पब्लिक स्कूल, बलेजी को 18-12 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। जबकि जूनियर बालिका वर्ग में इस्लामिया इंटर कॉलेज, फेफना की टीम ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। बालिका वर्ग में कुल 9 एवं बालक वर्ग की कबड्डी में कुल 21 टीमों ने प्रतिभाग किया। सब जूनियर बालक वर्ग में हॉलीपथ स्कूल, सिंहपुर ने एस एस पब्लिक स्कूल बलेजी ने 16-7 से पराजित किया। निर्णायक की भूमिका सच्चिदानंद राय, विनय राय, अनूप राय, कवींद्र सिंह यादव, मोहम्मद शमशाद खान, सरदार वर्मा, राधेश्याम यादव, सीमा देवी, नूरजहां खातून, यशवंत राय, आशीष तिवारी, गोलू यादव आदि ने निभाई।

प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है, भाजपा सरकार से लोगों का मोहभंग-रिजवी



सिकंदरपुर (बलिया)। समाजवादी पार्टी के सिकंदरपुर स्थित कैंप कार्यालय पर गुरुवार को आयोजित मासिक बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी और विधानसभा संगठन के पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक मो. जियाउद्दीन रिजवी ने प्रदेश सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कार्यकर्ताओं से मतदाता सूची पर विशेष ध्यान देने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक मो. जियाउद्दीन रिजवी ने कहा कि प्रदेश की जनता वर्तमान सरकार की नीतियों से परेशान है और अब बदलाव चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि नौजवानों को अपनी मांगों के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है, जहां उन्हें लाठियां खानी पड़ रही हैं। वहीं, साधन सहकारी समितियों पर खाद और बीज की उपलब्धता नहीं होने से किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने कहा कि अर्नव चक्रवात के कारण किसानों की फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा है, लेकिन प्रभावित किसानों को अब तक अपेक्षित सहायता नहीं मिल सकी है। बैठक में डॉ. मदन राय, भीष्म यादव, अनंत मिश्रा, गुरुज लाल राजभर, हीरा गौड़, विनोद राम, हृदय यादव, देवनारायण यादव, बबलू सिंह, धनंजय सिंह, अरविंद चौहान, चंद्रबली राजभर, नंदू चौहान आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता रामजी यादव व संचालन वीरबहादुर वर्मा ने किया।

सड़क दुर्घटनाओं में पांच घायल


बेल्थरारोड (बलिया)। गुरुवार को करीब 3 बजे अलग अलग दो सड़क दुर्घटनाओं में दो महिला सहित पांच लोग चोटिल हो गये। उभांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फरसाटार - शाह पुर अफगा मोड़ पर बुधवार की अपरान्ह करीब 3 बजे दो बाईकों की आपस मे भिडन्त में ग्राम शाहपुर अफगा निवासी शेषनाथ गुप्ता (65) व दीक्षा गुप्ता (25) वर्ष तथा दूसरी बाईक पर सवार ग्राम जमुआंव निवासी रवि (17) तथा दिव्यांशु (19) चोटिल हो गए। दोनो बाईकों की आमने सामने भिडन्त हुई है। घटना होते ही वहाँ काफी लोग एकत्र हो गए थे। दूसरी दुर्घटना नगरा थाना क्षेत्र के ग्राम परासिया चट्टी पर एक बाइक की चपेट में आने से ग्राम रूप पुर परसिया निवासी श्याम दुलारी (50) उस समय चोटिल हो गयी, जब वे घर से दवा लेने अकेले परसिया चट्टी पर जाकर सड़क पार कर रही थी। सभी का उपचार सीएचसी सीयर में कराया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद श्याम दुलारी को सीटी स्कैन कराने हेतु रेफर किया है।

सब्जी बाजार में चोरों का आतंक, एक माह में दो दर्जन मोबाइल चोरी

खेजुरी (बलिया)। खेजुरी थाना क्षेत्र के हरिपुर-बैलौना मोड़ पर लगने वाले साप्ताहिक बाजार में भीड़ के बीच जेब कतरों की सक्रियता लोगों पर भारी पड़ने लगी है। आए दिन उचक्के लोगों जेब से मोबाइल और पैसे निकाल कर गायब हो जा रहे हैं। बीते एक माह में करीब 22 से अधिक मोबाइल चोरी होने की बात सामने आई है। लगातार हो रही घटनाओं से बाजार में खरीदारी करने आने वाले लोगों में दहशत व्याप्त है। हर रविवार और बुधवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार में खड़सरा, बेलौना, रुपवार, बनकटा, पटपर, पिपरा, चंवरी, सरदही, अखैनी, हरिपुर, कल्याण डेहरा समेत आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने पहुंचते हैं। इसी भीड़ का फायदा उठाकर चोर लोगों की जेब से मोबाइल और पैसे पार कर दे रहे हैं। भरखरा निवासी तेजनारायण यादव, खड़सरा निवासी जनार्दन सिंह, राजेश प्रसाद और अश्वनी पाठक समेत कई लोगों ने खरीदारी के दौरान मोबाइल चोरी होने की शिकायत पुलिस को की है। इस संबंध में निरीक्षक सुशील कुमार दुबे का कहना है कि ऐसी शिकायतें मिली नहीं हैं, बाजार के दिन विशेष निगरानी भी रखी जाती है। बावजूद ऐसी धृष्टता कोई कर रहा है तो उसकी पहचान कर दंडित किया जाएगा।

ट्रेन से कटकर मूक-बधिर की मौत

परिवार में मचा को.



घोसी(मऊ)। घोसी कोतवाली क्षेत्र के मझवारा मोड़ स्थित रेलवे लाइन के पास गुरुवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से 55 वर्षीय मूक-बधिर व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान मिश्रौली गांव निवासी श्रीराम यादव पुत्र राजदेव यादव के रूप में हुई है। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार श्रीराम यादव गुरुवार सुबह करीब 7.30 बजे मझवारा मोड़ के पास रेलवे ट्रैक की ओर गए थे। इसी दौरान इंदारा से दोहरीघाट की ओर जा रही मेमू ट्रेन संख्या 25122 वहां से गुजर रही थी। बताया जाता है कि श्रीराम यादव सुनने में असमर्थ थे। ऐसे में ट्रेन की आवाज सुनाई नहीं देने के कारण वह उसकी चपेट में आ गए। हादसा इतना गंभीर था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आस-पास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही घोसी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कारवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। बताया जाता है कि श्रीराम यादव अविवाहित थे और लंबे समय से घोसी के मझवारा मोड़ स्थित एक मिठाई की दुकान पर काम करते थे। इसी के सहारे वह अपना जीवनयापन करते थे। उनकी असामयिक मौत से परिवार और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। हादसे के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बन्दियों को मिले अनुमन्य सुविधाएं

डीएम ने जनपद कारागार का किया निरीक्षण




मऊ। जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने गुरूवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला. धिकारी ने कारागार परिसर, रसोईघर एवं भोजन तैयार किए जाने की व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने रसोईघर में भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, खाद्य सामग्री के रखरखाव तथा भोजन तैयार करने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिका. रियों एवं कारागार प्रशासन को निर्देशित किया कि कारागार में निरुद्ध सभी बंदियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण, स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए। भोजन तैयार करने में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा खाद्य सामग्री की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने रसोईघर एवं भोजन वितरण स्थल पर नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला. धिकारी ने कारागार में उपलब्ध अन्य व्यवस्थाओं की भी जानक. ारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बंदियों को शासन द्वारा निर्धारित सुविधाएं समय से उपलब्ध कराई जाए। कारागार में स्वच्छता, अनुशासन एवं व्यवस्थाओं का उचित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिक. ारी ने कहा कि कारागार में निरुद्ध बंदियों के स्वास्थ्य एवं सुविधाओं का ध्यान रखना प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

खेल मैदान में बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा, मेडल जीतकर बढ़ाया मान

नदवासराय (मऊ)। मुहम्मदाबाद गोहना ब्लाक के मालव संकुल अंतर्गत 14 परिषदीय विद्यालयों के नौनिहालों ने गुरुवार को खेल मैदान में अपनी प्रतिभा और दमखम का शानदार प्रदर्शन किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय मालव परिसर में आयोजित संकुल स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्राथमिक और जूनियर वर्ग के बच्चों ने कबड्डी, खो-खो, दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक समेत विभिन्न स्पर्धाओं में उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश तिवारी ने की। मुख्य अतिथि के पहुंचने पर प्राथमिक विद्यालय मालव के बच्चों ने बैंड-बाजे के साथ स्वागत किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। खेल प्रतियोगिताओं में प्राथमिक वर्ग की कबड्डी और खो-खो दोनों स्पर्धाओं में प्राथमिक विद्यालय मालव ने बाजी मारी, जबकि लग्गुपुर की टीम उपविजेता रही। जूनियर वर्ग में भी उच्च प्राथमिक विद्यालय मालव ने कबड्डी और खो-खो में प्रथम स्थान हासिल किया। कंपोजिट विद्यालय तिलसवां दूसरे स्थान पर रहा। 100 मीटर दौड़ में मालव के संगम राजभर ने पहला और चकजाफरी के पीयूष कुमार ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अन्य स्पर्धाओं में भी बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। प्राथमिक विद्यालय सौसरवां के विद्यार्थियों ने योगाभ्यास की मनमोहक प्रस्तुति से उपस्थित लोगों की सराहना बटोरी।समापन अवसर पर विजेता टीमों और प्रतिभागियों को गोल्ड एवं सिल्वर मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। संयोजन एवं संचालन प्राथमिक विद्यालय मालव के प्रधानाध्यापक धनंजय सिंह ने किया, जबकि नोडल संकुल शिक्षक फहद अहमद ने निर्देशन किया। खेल अनुदेशक महेश कुमार, राजेश कुमार और रामकिशोर राम ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस दौरान गंगा प्रसाद, सुमित यादव, आशीष पांडेय, ज्योतेंद्र पति पांडेय, शगुफ्ता यासमीन, शिवदान चौहान, विवेक चंद्र रंजन, धर्मेंद्र राव, मोहम्मद असलम, गणेश प्रसाद और सुरेंद्र प्रसाद सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक मौजूद रहे।

अनाथ बच्चों के घर सांसद ने भेजवाया दीपावली का उपहार



मऊ। घोसी लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद राजीव राय ने एक बार फिर सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदना की मिसाल पेश की है। दीपावली के पावन अवसर पर सांसद राजीव राय ने अपने प्रतिनिधिमंडल को बड़ागाँव (मऊ) स्थित स्व. बाबूलाल राजभर के परिजनों के बीच भेजकर उन्हें फल, मिठाई, कपड़े, पटाखे और आर्थिक सहयोग प्रदान कराया। सांसद राजीव राय ने बताया कि आज से लगभग 6 वर्ष पूर्व बड़ागाँव के गरीब मजदूर बाबूलाल राजभर का अचानक देहांत हो गया था। उस समय 7 मासूम बच्चों समेत 10 सदस्यों का परिवार पूरी तरह अनाथ और बेसहारा हो गया था। परिवार की स्थिति इतनी दयनीय थी कि अंतिम संस्कार तक के पैसे नहीं थे और सिर छुपाने के लिए केवल एक कच्ची झोपड़ी थी। उस विकट और दुखद समय में सांसद राजीव राय ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अंतिम संस्कार से लेकर पूरे परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की शिक्षा, पक्के मकान का निर्माण और बिटिया का विवाह संपन्न कराने तक की पूरी जिम्मेदारी ली और परिवार को गोद ले लिया था। आज ईश्वर की अनु. कंपा और सामूहिक प्रयासों से सभी बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और परिवार पक्के मकान में सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर रहा है। सांसद राजीव राय ने अपना संकल्प दोहराते हुए कहा, मैं कहीं भी रहूं, यदि मेरे बच्चों की दिवाली मनती है तो इस परिवार की दिवाली भी खुशहाली से मनेगी, इसकी जिम्मेदारी मेरी है। इसी प्रतिबद्धता के तहत हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली पर प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से परिवार तक त्योहार की खुशियां और राहत सामग्री पहुंचाई गई। इस अवसर पर सांसद राजीव राय ने क्षेत्रवासियों एवं देशवासियों को शुभ दीपावली की बधाई देते हुए एक भावुक अपील की। उन्होंने कहा कि दीपावली का असली मर्म केवल अपने घर को सजाना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े किसी गरीब और असहाय व्यक्ति के जीवन में भी उजाला फैलाना है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अपने हिस्से की खुशियों में से थोड़ा योगदान देकर किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रण लें।

थानीदास मोड़ पर ८० मौतों के बाद भी असमंजस

मऊ। वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन हाइवे पर स्थित बाबा थानीदास मोड़ (अमिला) पर सड़क पार करने के लिए बनाए गए कट स्थानीय लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, अब तक इस कट पर 80 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। इसके बावजूद विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से लोगों में नाराजगी है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए क्षेत्रीय लोगों ने लिखित रूप से समस्या से अवगत कराया और फ्लाईओवर निर्माण की मांग उठाई। इसके बावजूद फ्लाईओवर की जगह अंडरपास बनाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। जानकारी के अनुसार, करीब 700 मीटर के अंतराल पर स्थित इस कट की जगह दो बाक्स वाला अंडरपास बनाने की योजना है। इसके लिए जेम और सीपीपीपी पोर्टल पर लगभग 26 करोड़ रुपये की लागत से टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई है। हालांकि, टेंडर की बिड खुलने की तारीख अब तक छह बार टल चुकी है। अब इसके लिए 18 नवंबर की नई तिथि निर्धारित की गई है। इसी बीच बाबा थानीदास मोड़ पर फ्लाईओवर निर्माण की मांग को प्रमुखता से उठाने वाले सामाजिक कार्यकर्ता दुर्गेश सिंह ने एनएचएआई के क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी पहुंचकर अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने अंडरपास निर्माण से उत्पन्न होने वाली संभावित समस्याओं की ओर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया। उनका कहना था कि अंडरपास बनने के बाद भी यातायात की मौजूदा समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। इसके अलावा सड़क पर नया ब्लाइंड स्पाट बनने से दुर्घटनाएं कम होने के बजाय और बढ़ सकती हैं।

पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने की छठ घाट की सफाई

मधुबन(मऊ)। दीपावली व लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को देखते हुए मधुबन नगर पंचायत के वार्ड नंबर-9 स्थित खीरीकोठा के एमएम पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने गुरुवार को सराहनीय पहल करते हुए छठ घाट की साफ-सफाई किया। विद्यालय के बच्चों ने पूरे उत्साह और लगन के साथ घाट परिसर में सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। बताते चलें कि खीरीकोठा स्थित यह पोखरा क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक एवं आस्था के केंद्रों में से एक है। यहां प्रत्येक वर्ष छठ पूजा के अवसर पर खीरीकोठा, गागेंबीर, कटघरा शंकर, शिवपुरी पांती, नेवादा, ककराडीह समेत आसपास के दर्जनों गांवों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। छठ महापर्व के दौरान इस घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में पर्व से पूर्व घाट की साफ-सफाई करना बेहद आवश्यक है।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत



परिजनों ने चार पहिया वाहन द्वारा जानबूझकर धक्का मारने का लगाया आरोप

राजगढ़। स्थानीय क्षेत्र के हिनौता गांव के पास बुधवार की रात्रि में सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम छा गया। स्थानीय व परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के हिनौता गाँव निवासी विक्रम सिंह उर्फ वीरू 32 वर्ष पुत्र स्व. दिनेश कुमार सिंह जनपद के चुनार बाज़ार में एचडीएफसी बैंक में कार्यरत है। प्रतिदिन की तरह वह बैंक से छुट्टी होने के बाद अपनी बाइक से बुधवार की रात्रि में अपने घर हिनौता वापस आ रहा था कि जैसे ही स्थानीय थाना क्षेत्र के सेमरी के पास स्थित टेड़िया पुल के पास पहुंचा ही था कि इसी दौरान स्थानीय थाना क्षेत्र के नदिहार बाज़ार की तरफ से जम्मू कश्मीर के लगे नंबर प्लेट की चार पहिया वाहन में सवार लोग किसी जन्मदिन की पार्टी मनाकर चुनार की तरफ जा रहे थे कि इसी दौरान रास्ते में विक्रम से ओवरटेक को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी होने के बाद बिक्रम जब अपने घर की तरफ आने लगा तो इस दौरान वाहन में सवार लोग विक्रम का पिछा करने लगे, जिस पर भय के चलते विक्रम ने अपने बड़े भाई अजय कुमार सिंह उर्फ सुग्गु 36 वर्ष को फ़ोन करके पूरी घटनाक्रम की जानकारी दी। जिस पर अजय हिनौता स्थिति प्राचीन हनुमान मंदिर के पास में चार पहिया वाहन का इंतजार करने लगा। वाहन सवार को पहुंचते ही दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। बीच-बचाव होने के बाद चार पहिया वाहन कुछ दूर आगे बढ़ने पर वापस आकर सड़क पर खड़े हुए विक्रम के बड़े भाई अजय सिंह को जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी होते ही अचेतावस्था में परिजनों द्वारा अजय को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ ले जाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों द्वारा बेहतर इलाज के लिए वाराणसी ट्रामा सेन्टर के लिए रेफर कर दिया गया। देर रात वाराणसी ट्रामा सेन्टर में इलाज के दौरान चिकित्सकों ने अजय को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होते ही स्थानीय क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। राजगढ़ थानाध्यक्ष बालमुकुंद मिश्र ने बताया कि हिनौता गांव निवासी अजय कुमार सिंह हनुमान मंदिर के पास से अपने घर जा रहे थे कि इसी दौरान अज्ञात चार पहिया वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। अभी तक परिजनों द्वारा कोई प्रार्थना पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

पीस कमेटी की बैठक

चुनार। दीपावली त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए कोतवाली परिसर में बृहस्पतिवार की शाम साढ़े पांच बजे शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में त्यौहार के अवसर पर नगर स्थित बाजार व अन्य स्थानों पर होने वाली भीड़ को देखते हुए उस क्षेत्र में चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने पर चर्चा हुई। बैठक में यह बात तय हुआ कि भीड़ भाड़ वाले मार्ग की ओर चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है। पुलिस द्वारा कलर में लिखा हुआ बोर्ड लगाया जाएगा। प्रशासन द्वारा गंगाघाट पर पटाखे की दुकान लगाने की बात आपसी सहमति से तय हुई। वहीं, डीजे कम ध्वनि से बजाने की बात भी कही गई। बैठक में बचाऊ लाल सेठ, यासीन राईन, मनीष राय, गौतम बाबू जायसवाल, नसीम अहमद, अनिल गुप्ता, विनोद सोनकर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

पटेहरा। विकास खंड अंतर्गत अमोई पुरवा गांव के कचरिया में जन समस्याओं के त्वरित समाधान और शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर पर परखने के उद्देश्य से चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व ऊर्जा राज्य मंत्री रमाशंकर सिंह पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने चौपाल के माध्यम से सीधे ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी एक-एक फरियाद को गंभीरता से सुना। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न मूलभूत समस्याओं, जैसे सड़क, पेयजल, बिजली, राशन और पेंशन से जुड़ी कठिनाइयों को विधायक के समक्ष रखा। ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्रीय विधायक व पूर्व ऊर्जा राज्य मंत्री रमाशंकर सिंह पटेल ने तत्काल संबंधित विभागों के अधिकारियों से फोन पर वार्ता की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का निस्तारण पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। विधायक ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने विधायक द्वारा की गई इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि अधिकारियों को दिए गए निर्देशों के बाद उनकी समस्याओं का जल्द ही समाधान होगा। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य मनीष कुमार सिंह, रामबली सिंह, विपिन सिंह समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहें।

ट्रक की टक्कर से ११ केवी विद्युत पोल क्षतिग्रस्त

अदलहाट। थाना क्षेत्र के ग्राम भुईली खास स्थित भू मार्क डेयरी के पास गुरुवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे एक ट्रक ने सड़क किनारे लगे विद्युत पोल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 11 केवी विद्युत लाइन का एक पोल क्षतिग्रस्त हो गया। लाइन का तार टूटकर गिर गया, इससे क्षेत्र के 15 गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक विद्युत पोल में टक्कर मारने के बाद चालक वाहन लेकर शेरवा की ओर फरार हो गया। घटना के संबंध में विद्युत उपकेंद्र भुईली, हाजीपुर, चुनार के अवर अभियंता अरविन्द कुमार ने थाना अदलहाट प्रभारी को लिखित प्रार्थना पत्र देकर प्राथमिकी दर्ज करने तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

पटाखा विरोधी अभियान पर बाजार में हंगामा

मीरजापुर। कछवां बाजार में दीपावली पर पटाखे न जलाने की अपील को लेकर विवाद खड़ा हो गया। कछवां क्रिश्चियन स्कूल की एक शिक्षिका बच्चों की टीम के साथ बाजार में जागरूकता अभियान चलाने पहुंची थीं। इसी दौरान एक दुकानदार ने अभियान पर सवाल उठाते हुए शिक्षिका से तीखी बहस शुरू कर दी। दुकानदार ने मकर संक्रांति पर पतंग, होली पर रंग और दीपावली पर पटाखों के विरोध का आरोप लगाया। साथ ही क्रिसमस पर लंबी छुट्टी और हिंदू त्योहारों पर स्कूल बंद नहीं होने का मुद्दा भी उठाया। जिलाधिकारी के निर्देश के बावजूद स्कूल खुलने की शिकायत का भी जिक्र किया। बहस बढ़ने पर शिक्षिका बच्चों को लेकर वापस स्कूल लौट गईं। घटना के बाद बाजार में चर्चा तेज हो गई।

होटल मालिक पर महिला संग दुष्कर्म का मामला

जांच का हवाला देकर मामले को टाल रही पुलिस

मीरजापुर। कटरा कोतवाली क्षेत्र स्थित होटल विनायक के मालिक पर होटल में काम करने वाली महिला ने दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार, होटल के कर्मचारियों की गलत हरकतों की शिकायत उसने मालिक से की थी। आरोप है कि इसके बाद होटल मालिक उसे प्रयागराज के एक होटल में ले गए, जहां नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर असलहा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गई। महिला ने कटरा कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, पीड़िता का आरोप है कि पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही न करते हुए सुलह-समझौते के कागजात पर हस्ताक्षर करा लिए। न्याय नहीं मिलने पर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से भी शिकायत की। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं होने का आरोप है। मामले को सोशल मीडिया और समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद पुलिस ने जांच का हवाला दिया। लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर

मड़िहान। ससुराल से हंसते-खेलते अपने घर लौट रहे 25 वर्षीय धनंजय को शायद अंदाजा भी नहीं था कि रास्ते में एक हादसा उसकी जिंदगी की मुश्किलें बढ़ा देगा। बृहस्पतिवार दोपहर बघैला गांव स्थित अपनी ससुराल से कोयलरिया मांडा के लिए निकला धनंजय करौदा गांव के समीप पड़रिया मोड़ पर पहुंचा ही था कि अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सड़क पर घायल अवस्था में पड़े धनंजय को देखकर लोगों ने तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़िहान पहुंचाया, वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

विंध्यवासिनी महाविद्यालय में मेंहदी प्रतियोगिता

छात्राओं ने दिखायी कलात्मक प्रतिभा, किया गया सम्मानित

मीरजापुर। स्थानीय विंध्यवासिनी महाविद्यालय, भरूहना में गृह विज्ञान विभाग के तत्वावधान में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बीए, बीकॉम और बीएससी की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी रचनात्मकता और कलात्मक हुनर का प्रदर्शन किया। छात्राओं ने मेहंदी की आकर्षक डिजाइनों के माध्यम से अपनी कल्पनाशीलता और कला का सुंदर परिचय दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह की रचनात्मक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इससे छात्राओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ आत्मविश्वास और सृजनात्मकता विकसित करने का अवसर मिलता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रवीण कुमार सेठी ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में कलात्मक अभिरुचि, रचनात्मक सोच और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम सेमेस्टर की आफरीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बीएससी प्रथम सेमेस्टर की छाया विश्वकर्मा, बीकॉम पंचम सेमेस्टर की आकांक्षा पांडेय और बीए तृतीय सेमेस्टर की सिमरन सोनकर को द्वितीय स्थान मिला। बीए तृतीय सेमेस्टर की अरीबा, बीएससी प्रथम सेमेस्टर की अलीजा और बीए प्रथम सेमेस्टर की रेखा तृतीय स्थान पर रहीं। बीएससी तृतीय सेमेस्टर की अंजू शर्मा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में श्रीमती कमला देवी और अंजु दुबे का विशेष योगदान रहा। आयोजन से छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला।



अवलोकन करते डायरेक्टर। छाया:आज

अखिलेश यादव ने मृतक के घर जाकर दी शोक संवेदना

नरायनपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को वाराणसी दौरे के दौरान कमालपुर गांव निवासी इंजीनियर सत्य प्रकाश बौद्ध के आवास पहुंचकर उनके पौत्र प्रिंस कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की। सत्य प्रकाश बौद्ध समाजवादी अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव हैं और वाराणसी के राजेंद्र बिहार कॉलोनी, नेवादा सुंदरपुर में रहते हैं। प्रिंस कुमार का कुछ महीने पहले असामयिक निधन हो गया था। वह अपने दादा के इकलौते पुत्र के इकलौते बेटे थे। उनके निधन से परिवार गहरे सदमे में है। अखिलेश यादव ने प्रिंस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान डॉ. देवेंद्र भारती, वरिष्ठ सपा नेता सुबास गुप्ता, मो. रफीक, रामजन भारती सहित परिवार के सदस्य मौजूद रहे।



पुष्गुच्छ देकर अखिलेश यादव का स्वागत करते लोग। छाया:आज

धनतेरस, दीपावली की रौनक से गुलजार हुआ बाजार

कछवां। धनतेरस और दीपावली के पावन पर्व को लेकर कछवां बाजार में इन दिनों रौनक देखते ही बन रही है। त्योहारों का उत्साह बाजारों में साफ नजर आ रहा है। सुबह से लेकर देर शाम तक बाजार में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही है। बाजार की दुकानों पर ग्राहकों की चहल-पहल से व्यापारियों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। धनतेरस और दीपावली के मद्देनजर बाजार में बर्तन, सराफा, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा, मिठाई, सजावटी सामान, मिट्टी के दीये, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों तथा पूजा सामग्री की दुकानों पर ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ दिखाई दे रही है। लोग अपने घरों को सजाने और त्योहार को खास बनाने के लिए जमकर खरीदारी कर रहे हैं। वहीं, दुकानदारों ने भी ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए अपनी दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया है। त्योहारों के सीजन में बढ़ी खरीदारी से स्थानीय व्यापारियों के चेहरे खिल उठे हैं। व्यापारियों का कहना है कि धनतेरस और दीपावली के अवसर पर बाजार में ग्राहकों की अच्छी आमद हो रही है, जिससे कारोबार में तेजी आने की उम्मीद है। लंबे समय से त्योहारों के इस सीजन का इंतजार कर रहे व्यापारियों को इस बार बेहतर व्यापार की आस जगी है। कुल मिलाकर धनतेरस और दीपावली के उल्लास ने कछवां बाजार की रौनक बढ़ा दी है। बाजार में उमड़ रही भीड़ और लोगों के उत्साह से पूरा क्षेत्र दीपावली के रंग में रंगा नजर आ रहा है।

शबरी की नवधा भक्ति का प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

जमालपुर। विकासखंड जमालपुर के बहुआर गांव स्थित रविन्द्रालय में श्रीराम कथा यज्ञ समिति के तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के छठवें दिन माता शबरी की नवधा भक्ति का भावपूर्ण वर्णन किया गया। वाराणसी से पधारीं मानस बाल विदुषी शिखा तिवारी ने भगवान राम और भक्त शबरी के मिलन का अद्भुत प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सपा प्रदेश सचिव रामराज पटेल एवं वरिष्ठ पत्रकार राजेश सिंह पटेल ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। कथा का संचालन समिति के व्यवस्थापक रविप्रकाश त्रिपाठी ने किया। इस दौरान अजय शंकर पांडेय, डॉ. दूधनाथ यादव, संजय तिवारी, अरुण प्रकाश त्रिपाठी, वीणा उपाध्याय, विजेंद्र सिंह सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

जंगल में तेंदुए ने पशुपालक पर किया हमला

ड्रमंडगंज। वनरेंज के बबुरा रघुनाथ सिंह गांव के गंगहर जंगल में गुरुवार दोपहर एक पशुपालक पर तेंदुए ने हमला कर लहूलुहान कर दिया। करीब दस मिनट तक पशुपालक तेंदुए से जूझता रहा। मौके पर मौजूद महिला वन वाचर की हिम्मत से उसकी जान बच सकी। बबुरा रघुनाथ सिंह गांव के सझिया बस्ती निवासी केवला शंकर उर्फ लड़ाका कोल दोपहर में भैंस चराने गए थे। भैंसों को चराने के बाद वे सुखनई नदी में पानी पिलाने ले गए। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने उन पर हमला बोल दिया। पशुपालक की चीख-पुकार सुनकर बगल के प्लांटेशन में ड्यूटी पर तैनात महिला वाचर श्याम देई हाथ में लाठी लेकर शोर मचाते हुए दौड़ी। महिला वाचर के हल्ला-गुल्ला करने पर तेंदुआ पशुपालक को छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला। इसके बाद पास में बकरी चरा रहे सियाराम पाल और ग्रामीणों की मदद से घायल को चारपाई पर लिटाकर घर पहुंचाया गया। हमले में पशुपालक के जांघ, पेट, हाथ और गर्दन पर गंभीर चोटें आई हैं। सूचना पर ग्राम प्रशासक पति पुंडरीक सिंह मोनू ने मौके पर पहुंचकर निजी साधन से घायल को पीएचसी हलिया भिजवाया, जहां चिकित्सक रीना सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर एसआई गुलाब सोनकर, वन दारोगा अखिलेश्वर दुबे, कुमार कार्तिकेय, वनकर्मी रामसजीवन वर्मा, सियाराम पाल ने ग्रामीणों के साथ घटनास्थल का जायजा लिया। वन दारोगा कुमार कार्तिकेय ने बताया कि मौके पर मिले पदचिह्न तेंदुआ का ही हैं। इस दौरान ग्रामीण वनपाल सिंह, लवकुश सिंह, बब्बू पाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

ग्राम सचिव को हटाने की मांग

जमालपुर। विकास खंड के ग्राम पंचायत करजी, धोबही, सकरौड़ी एवं हसौली में तैनात ग्राम सचिव की मनमानी से ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं नही मिल पा रही है। ग्रामीण जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए ग्राम पंचायत कार्यालय का परिक्रमा लगा रहे है, लेकिन ग्राम सचिव के नही मिलने से लोगों को मायूसी हाथ लग रही है। ग्राम सचिव के गांवों में न आने से ग्राम पंचायतों का विकास कार्य भी प्रभावित हो रहा है।करजी, सकरौड़ी एवं धोबही ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों ने बुधवार को डीपीआरओ राम उदय यादव को पत्रक सौंपकर ग्राम सचिव की शिकायत कर हटाए जाने की मांग किया।

सोशल मीडिया संयोजक बने नीरज गुप्त

नरायनपुर। भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा ने संगठन का विस्तार करते हुए रसूलपुर ग्राम सभा की एक छोटी बस्ती निवासी नीरज गुप्ता को जिला सोशल मीडिया संयोजक मनोनीत किया है। साधारण और गरीब परिवार से आने वाले नीरज को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने को जमीनी कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने की पहल के रूप में देखा जा रहा है। क्षेत्रीय भाजपा कार्यकर्ताओं के अनुसार, नीरज की संगठन के प्रति निष्ठा, समर्पण और डिजिटल मीडिया में सक्रियता को देखते हुए नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताया है। उनकी नियुक्ति को युवाओं को संगठन में अवसर देने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। नियुक्ति पर नीरज गुप्ता ने शीर्ष नेतृत्व और जिला पदाधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएंगे। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्रवासियों और कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए बधाई दी।

परिषदीय स्कूलों में बच्चों को मिलेगा मीठा हलुआ और नमकीन उपमा

सीखड़। पीएम पोषण योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को मध्यान्ह भोजन के साथ अब मीठा हलुआ और नमकीन उपमा भी दिया जाएगा। इस व्यवस्था की शुरुआत यानी धनतेरस से होगी। योजना के तहत प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय सप्ताह में मीठा हलुआ, जबकि द्वितीय, चतुर्थ और पांचवें सप्ताह में नमकीन उपमा दिया जाएगा। जनपद के सभी परिषदीय विद्यालयों में व्यवस्था लागू कराने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, स्वच्छता और निर्धारित मानकों का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है। वितरण की निगरानी मां समूह, विद्यालय प्रबंध समिति और टास्क फोर्स करेगी। खंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह ने बताया कि बच्चों को मध्यान्ह भोजन के साथ अतिरिक्त पोषण भी उपलब्ध कराया जाएगा।

बिरला कार्पोरेशन का दिवाली मिलन समारोह संपन्न

मीरजापुर। देश की अग्रणी और 106 वर्ष पुरानी कंपनी बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड एमपी बिरला सीमेंट ने अपना वार्षिक दिवाली मिलन समारोह मंगलवार को मिर्जापुर के होटल जेनेक्स में धूमधाम से संपन्न किया। समारोह में मीरजापुर, भदोही और सोनभद्र जिलों से 100 से अधिक डीलरों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रांच हेड विवेक गुप्ता जी और ब्रांच टेक्निकल मैनेजर अतुल श्रीवास्तव जी ने की। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, गेम्स और क्विज के माध्यम से डीलरों का मनोरंजन किया गया। डीलरों के उत्साहवर्धन के लिए कंपनी की ओर से बोनस की भी घोषणा की गई, जिसे मंच के माध्यम से डीलरों में बांटा गया और उनका सम्मान किया गया। इस मौके पर ब्रांच हेड विवेक गुप्ता ने कंपनी की भावी नीतियों और योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और एमपी बिरला सीमेंट की विरासत को बताया, साथ ही अतुल श्रीवास्तव जी ने एमपी बिरला सीमेंट के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो, गुणवत्ता और सर्विसे के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में डिपो मैनेजर प्रभात पांडे, प्रणव सिंह, सी.पी. श्रीवास्तव, अमित केसरी, आकाश मौर्य सहित सभी सेल्स प्रमोटर इंद्र कुमार चौबे, गौरव गोयल, विजय सिंह और विजय शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

सीसी सड़क निर्माण कार्य का नपाध्यक्ष ने किया उद्घाटन

मीरजापुर। नगर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में नगर पालिका परिषद की ओर से लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने संकटमोचन एवं भटवा की पोखरी में सीसी सड़क एवं नाले निर्माण कार्य का विधिवत पूजन अर्चन के बाद फीता काटकर उदघाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगर के सभी वार्डों में सड़क, नाली सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का विकास नगर पालिका की प्राथमिकता है। सीसी सड़क के निर्माण से स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और जलभराव व जर्जर रास्तों की समस्या से भी राहत मिलेगी।

एनएचएआई ने ओवरब्रिज की एक लेन करायी बंद

हलिया। लालगंज-रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बस्तरा मोड़ स्थित ओवरब्रिज का हिस्सा टूटने की खबर प्रकाशित होने के बाद एनएचएआई हरकत में आ गया। सुरक्षा के मद्देनजर ओवरब्रिज की एक लेन को बंद कराकर बैरिकेडिंग लगा दी गई है। अब वाहनों को आवागमन ओवर के नीचे बनी सर्विस लेन से कराया जा रहा है। ओवरब्रिज का हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के बावजूद वाहनों के बगल से गुजरने को लेकर हादसे की आशंका जताई जा रही थी। इस गंभीर समस्या को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद एनएचएआई ने एहतियाती कदम उठाया है। क्षतिग्रस्त हिस्से की ओर वाहनों का आवागमन रोकने के लिए बैरिकेडिंग कराई गई है। गौरतलब है कि एनएच 135 के तहत निर्मित लालगंज रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण दिलीप बिल्डकॉन कंपनी ने कराया है। हाईवे निर्माण के बाद से ही जगह जगह मरम्मत और टूट फूट की शिकायतें सामने आती रही हैं। करीब 50 किलोमीटर से अधिक सड़क के हिस्से क्षतिग्रस्त है। फिलहाल एनएचएआई की ओर से एक लेन बंद कर बैरिकेडिंग कराना राहगीरों की सुरक्षा के लिहाज से जरूरी कदम माना जा रहा है। हालांकि, क्षतिग्रस्त हिस्से की स्थायी मरम्मत खबर लिखे जाने तक शुरू नहीं कराई गई थी।



वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

चुनार। नगर के लोअर लाइन स्थित संत थॉमस स्कूल का वार्षिक उत्सव बुधवार को देर शाम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रयागराज के धर्म प्रान्त अध्यक्ष लुईस मेसकरेनस, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मंसूर अहमद, चुनार क्षेत्राधिकारी गायत्री यादव व सेटलमेंट एरीया के सभासद संगीता सिंह, श्वेता मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर संतोष कुमार ने मुख्य अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। समारोह में विद्यार्थियों ने गीत संगीत नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से चुनार की ऐतिहासिक विरासत धार्मिक सांस्कृतिक परंपराओं और आध्यात्मिक चेतना की जिवंत कर दिया। विद्यार्थियों द्वारा मां गंगा के महत्व को रेखांकित कर प्रस्तुति के साथ योगीराज भरथरी को समर्पित कार्यक्रमों ने दर्शकों को भाव विभोर किया। गुप्त वृंदावन की प्रस्तुति ने भारतीय आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की। आर्केस्ट्रा की मधुर ध्वनि और नन्हे मुन्ने बच्चों ने मनमोहन नृत्य दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से पुरा विद्यालय परिसर गूज उठा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष मंसूर अहमद ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने प्रतिभा का सकारात्मक उपयोग करते हुए जीवन में बेहतर लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। सभी बच्चे बंधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर सफाई इन्स्पेक्टर शेषमणि यादव, मेजर कृपा शंकर सिंह, पूर्व सभासद ज्योति प्रकाश सिंह, किसान नेता भानू यादव, सौरभ पुजारी, विद्यालय के स्टाफ सहित हजारों बच्चों के अभिभावक गण मौजूद रहे।



कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। छाया:आज

कछवां के प्रतिष्ठित डा. मार्कंडेय सिंह का निधन

कछवां। क्षेत्र के संभ्रांत व प्रतिष्ठित व्यक्ति तथा जखीनी डिग्री कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. मार्कंडेय सिंह का गुरुवार सुबह करीब 10 बजे निधन हो गया। वे लंबे समय से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। डॉ. मार्कंडेय सिंह अपने पीछे दो पुत्रों पवन और पंकज सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। डॉ. सिंह ने जखमी डिग्री कॉलेज के प्राचार्य के रूप में कई वर्षों तक सेवा दी। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को क्षेत्र के लोग हमेशा याद रखेंगे। वे न केवल एक कुशल प्रशासक थे, बल्कि एक सरल, सहज और अनुशासनप्रिय शिक्षक के रूप में भी जाने जाते थे। क्षेत्र के 15 वर्ष से लेकर 40 वर्ष की उम्र के लोग उन्हें देखकर सदैव आदर से नतमस्तक हो जाते थे, वहीं 40 वर्ष से ऊपर के लोग उन्हें अपना मार्गदर्शक मानकर उनसे सलाह लिया करते थे।

भाजपा नेता रायचंद दुबे का हृदय गति रुकने से निधन

चील्ह। भारतीय जनता पार्टी के प्रयागराज जिले की मेजा विधानसभा के प्रभारी रायचंद दुबे का बुधवार रात निधन हो गया। वह कोन ब्लॉक के तिलठी गांव के रहने वाले थे। उनके निधन की खबर मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के मुताबिक, रायचंद दुबे को कुछ दिनों से शारीरिक परेशानी थी, जो ठीक हो गई थी। बुधवार रात करीब 11 बजे उन्हें अचानक सीने में तकलीफ हुई। परिजन उन्हें इलाज के लिए वाराणसी के बीएचयू ले गए, जहां हृदय गति रुकने से उनकी मौत हो गई। उनके निधन की खबर मिलते ही भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उनके पैतृक घर तिलठी पहुंचे। सभी ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। रायचंद दुबे पहले कोन ब्लॉक के भाजपा मंडल अध्यक्ष, मिर्जापुर जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष और जिला महामंत्री रहे थे। वर्तमान में वह प्रयागराज की मेजा विधानसभा के प्रभारी थे। पार्टी संगठन में उन्होंने लंबे समय तक सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यकर्ताओं के बीच वे सरल, सौम्य और मिलनसार नेता के रूप में जाने जाते थे। भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज, वरिष्ठ नेता रमेश कुमार दुबे, मनोज दुबे, कोन ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी सिंह, अनिल कुमार सिंह, अरुण कुमार दुबे, राजनाथ चौबे, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजधर दुबे और अशोक कुमार गुप्ता सहित कई नेताओं ने उनके निधन पर शोक जताया।

मांगों को लेकर सड़क पर उतरे ग्रामीण

महिलाओं ने किया चक्का जाम

जखनिया (गाजीपुर)। जखनिया विधानसभा क्षेत्र की ग्राम सभा बल्लीपुर अंतर्गत जगमालजोत गांव में छह सूत्रीय जनहित मांगों को लेकर बृहस्पतिवार को ग्रामीणों का आक्रोश सड़क पर देखने को मिला। रामपुर बलभद्र स्थित बल्लीपुर हनुमान मंदिर के समीप मुख्य मार्ग पर बड़ी संख्या में महिलाओं एवं समाजसेवियों ने चक्का जाम कर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगों में जगमालजोत स्थित श्री रामदास ब्रह्म बाबा स्थान सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों के आवागमन के लिए सड़क निर्माण कराने समेत छह सूत्रीय मांगें शामिल रहीं। इस दौरान समाजसेवी सूर्यभान पाण्डेय ने बताया कि ग्रामीण लंबे समय से अपनी समस्याओं को लेकर मनिहारी खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) सहित संबंधित अधिकारियों को अवगत करा रहे थे, लेकिन बार-बार शिकायत और सूचना देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अधिकारियों की कथित उदासीनता से परेशान होकर ग्रामीणों को चक्का जाम और धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होना पड़ा।चक्का जाम की सूचना मिलते ही भुड़कुड़ा कोतवाल धर्मेंद्र पाण्डेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अब ग्रामीणों की निगाहें संबंधित विभाग के अधिकारियों पर टिकी हैं। देखना यह है कि छह सूत्रीय मांगों को लेकर प्रशासन कब तक ठोस कदम उठाता है और गांव की मूलभूत समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करता है।

सड़क हादसे में स्टांप विक्रेता की मौत

जमानियां,गाजीपुर। कोतवाली क्षेत्र के भैदपुर गांव के पास बुधवार की शाम सड़क हादसे में 40 वर्षीय स्टांप विक्रेता प्यारेलाल बिंद की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के छोटे भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के छोटे भाई इंद्रजीत ने बताया कि भैदपुर गांव निवासी प्यारेलाल बिंद पेशे से स्टांप विक्रेता थे। वह बुधवार को शौच के बाद घर लौट रहे थे, तभी भैदपुर पुलिया के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि प्यारेलाल के सिर में गंभीर चोटें आई और वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। आनन-फानन में परिजन उन्हें नगर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्यारेलाल की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वह अपने पीछे पत्नी सुनीता, दो बेटे विकास व आकाश और एक बेटी नेहा को छोड़ गए हैं। परिवार के भरण-पोषण का जिम्मा उन्हीं के कंधों पर था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



धरना-प्रदर्शन करते ग्रामीण। छाया:आज

तीन बच्चों की हत्यारिन मां को उम्रकैद की सजा

गाजीपुर। मां और बच्चों के पवित्र रिश्ते को शर्मसार करने वाले एक सनसनीखेज हत्याकांड में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। अपने ही तीन मासूम बच्चों को चाय में सल्फास मिलाकर पिलाने की दोषी सुनीता देवी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने फैसले में मां के रिश्ते की गरिमा और बच्चों के भरोसे का जिक्र करते हुए इस अपराध को पूरी मानव सभ्यता को शर्मसार करने वाला बताया है। इस बात की जानकारी शासकीय अधिवक्ता अखिलेश सिंह ने दी है। इस दौरान उन्होंने बताया कि मामला 15 अगस्त 2022 का है। थाना सुहवल क्षेत्र से जुड़े इस मामले में अभियुक्ता सुनीता देवी की शादी रेवतीपुर के सईताबाद निवासी बालेश्वर यादव से हुई थी। घटना से करीब एक महीने पहले वह अपने मायके ढढ़नी भानमल राय आ गई थी। उसके चार बच्चे थे, जिनमें तीन बेटे और एक बेटी शामिल थी। बताया गया कि घटना वाले दिन सुनीता देवी ने चाय में सल्फास मिलाकर अपने तीन बच्चों को पिला दिया। संयोगवश उसका सबसे छोटा बेटा दिव्यांशु उस समय अपनी नानी के साथ चला गया था, जबकि हिमांशु, प्रियांशु और सुप्रिया जहरीली चाय की चपेट में आ गए। इस घटना में हिमांशु और प्रियांशु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुप्रिया ने वाराणसी में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से सात गवाहों को परीक्षित कराया गया। गवाहों के बयान और प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर माननीय न्यायालय ने अभियुक्ता सुनीता देवी को दोषी करार दिया। माननीय शक्ति सिंह, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, गाजीपुर की अदालत ने स्टेट बनाम सुनीता देवी, धारा 302 आईपीसी, थाना सुहवल के मुकदमे में आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अदालत ने अपने फैसले में बेहद महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि भारतीय समाज व्यवस्था में मां का स्थान बच्चों के लिए ईश्वर के समान माना जाता है। बच्चे अपने परिवार में सबसे ज्यादा भरोसा और सुरक्षा अपनी मां से महसूस करते हैं। ऐसे में जिस मां ने नौ महीने अपनी कोख में रखकर बच्चों को जन्म दिया, उसी के द्वारा उनके प्रति इतनी क्रूरता न केवल मां-बच्चों के रिश्ते, बल्कि पूरी मानव सभ्यता को शर्मसार करने वाली है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अखिलेश सिंह ने बताया कि अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी और सात गवाहों की गवाही के आधार पर अदालत ने यह फैसला सुनाया है। सजा सुनाए जाने के दौरान अभियुक्ता की ओर से कोई विशेष प्रतिक्रिया दिखाई नहीं दी।

अनियंत्रित पिकअप नहर में पलटी, चालक घयल

जमानियां,गाजीपुर। स्थानीय स्टेशन बाजार स्थित काशीराम आवास तिराहे पर बृहस्पतिवार कि सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक अनियंत्रित पिकअप वाहन सीधे नहर में जा गिरा। गनीमत रही कि नहर में पानी नहीं था, जिसके चलते एक बड़ा हादसा होने से टल गया। दुर्घटना में वाहन चालक को मामूली चोटें आई हैं। पिकअप वाहन का चालक बिक्री तिराहे पर वाहन को बैक कर बाजार की ओर मोड़ रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित होकर पिकअप का पिछला हिस्सा नहर में चला गया और देखते ही देखते गाड़ी नहर में पलट गई। घटना के बाद तेज आवाज सुनकर आसपास के राहगीर और स्थानीय दुकानदार मौके पर दौड़ पड़े तथा चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने संबंधित प्रशासनिक व सिंचाई विभाग से मांग की है कि तिराहे के पास नहर किनारे तत्काल प्रभाव से मजबूत डिवाइडर अथवा सुरक्षा रेलिंग का निर्माण कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी गंभीर जानलेवा हादसे को रोका जा सके।इस संबंध में एई सुभाष सिंह ने बताया कि नहर की सफाई के दौरान पैरापेट का निर्माण करा दिया जाएगा। भांवरकोल प्रतिनिधि के अनुसार- क्षेत्र के लोहारपुर गांव के पास गुरुवार की शाम पहिया टूट जाने के कारण अनियंत्रित होकर एक निजी पब्लिक स्कूल का वाहन धान के खेत में पलट गया। संजोग ही रहा कि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। मिर्जाबाद स्थित एक निजी स्कूल का वाहन शाम को विद्यालय के बच्चों को लेकर उन्हें उनके घर पहुंचाने जा रहा था। जैसे ही वह स्कूल वाहन लोहारपुर गांव के पास पहुंचा अचानक उसके बांयी तरफ का अगला चक्का टूट गया। चक्का टूट जाने के कारण वह स्कूल वाहन अनियंत्रित होकर के किनारे धान के खेत में पलट गया।

धनतेरस पर आज बाजारों में उमड़ेगी खरीदारों की भीड़

नंदगंज (गाजीपुर)। दीपावली पर्व से दो दिन पूर्व मनाया जाने वाला धनतेरस हिंदू धर्म में विशेष धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व रखता है। इस दिन भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी और भगवान कुबेर की पूजा-अर्चना की जाती है।

वरिष्ठता सूची की विसंगतियों पर शिक्षकों में आक्रोश

गाजीपुर। जिले में जारी अनंतिम वरिष्ठता सूची में कथित अनियमितताओं को लेकर शिक्षकों में असंतोष गहराने लगा है। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ की जनपद शाखा के पदाधिकारियों ने मंगलवार को बीएसए प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपकर सूची में मौजूद खामियों को दूर करने और संशोधित सूची जारी करने की मांग की। संघ ने ज्ञापन के माध्यम से तीन प्रमुख मांगें उठाईं। पहली मांग है कि प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के सहायक अध्यापकों की वरिष्ठता का निर्धारण नियमानुसार पदोन्नति की तिथि के आधार पर किया जाए। पदाधिकारियों का कहना है कि मौजूदा सूची में इस नियम की अनदेखी किए जाने से कई वरिष्ठ शिक्षक कनिष्ठ श्रेणी में पहुंच गए हैं। दूसरी मांग दिव्यांग शिक्षकों की वरिष्ठता से जुड़ी है।

धूमधाम से मना रामेश्वरम मंदिर का वार्षिकोत्सव

भांवरकोल/गाजीपुर। ब्लॉक मुख्यालय परिसर में नवनिर्मित रामेश्वरम मंदिर का प्रथम वार्षिक स्थापना दिवस गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्र पंचायत प्रशासक श्रीमती श्रद्धा राय एवं भाजपा नेता तथा प्रमुख प्रतिनिधि आनंद राय (मुन्ना) ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत भोजपुरी गायक गोलू राजा ने देवी वंदना से की। इसके बाद उन्होंने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं भोजपुरी गायिकाओं करीना पांडेय, सविता पांडेय और अनुपमा यादव ने अपनी सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियों से भक्ति की सरिता बहाई। कलाकारों की प्रस्तुतियों पर श्रोता देर शाम तक झूमते रहे। इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत प्रशासन श्रीमती श्रद्धा राय ने कार्यक्रम में पहुंचे भोजपुरी कलाकारों एवं जनप्रतिनिधियों को अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि ब्लॉक मुख्यालय परिसर में एक साथ तीन सटे हुए मंदिरों का निर्माण कर उनमें भगवान शिव, हनुमान जी तथा राधा-कृष्ण की मूर्तियां स्थापित की गई हैं। इसी परिसर में स्वर्गीय विधायक कृष्णानंद राय की प्रतिमा भी स्थापित है। एक ही परिसर में तीन मंदिरों का निर्माण क्षेत्र के लिए विशेष धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व रखता है।

ड्यूटी पर जा रहे तीन पुलिसकर्मी बाइक फिसलने से घायल

जखनियां, गाजीपुर। भुड़कुड़ा कोतवाली क्षेत्र के जखनियां उत्तरी मार्ग पर गुरुवार दोपहर करीब 3:00 बजे एक हादसे में अपाचे बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस हादसे में बाइक पर सवार दो महिला कांस्टेबलों समेत तीन पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीनों पुलिसकर्मी एक ही अपाचे बाइक पर सवार होकर किसी आपातकालीन (इमरजेंसी) ड्यूटी पर जा रहे थे। रास्ते में अचानक डिस्क ब्रेक लगाने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए तत्परता दिखाई और तीनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखनियां पहुंचाया।

रास्ते से गमनागमन करने वाले ट्रेलरों से जाम की स्थिति

भांवरकोल(गाजीपुर)। बिहार से बालू लादकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के रास्ते आवागमन करने वाले ट्रेलरों से राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर अक्सर जाम की समस्या पैदा होती रहती है। ऐसे वाहनों में कुछ वाहन अवैध तरीके से भी चल रहे हैं। गुरुवार को खनन विभाग द्वारा मारे गए छापे में बालू लादकर अवैध रूप से जा रहे चार ट्रेलरों को पकड़ लिया गया। ट्रेलरों द्वारा प्रत्येक ट्रेलर से 50000 की दर से चालान की राशि ऑनलाइन जमा करने के कारण तीन ट्रेलरों को मुक्त कर दिया गया लेकिन एक कलर द्वारा चालान की राशि जमा न करने पर उसे मुहम्मदाबाद थाना परिसर में खड़ा कर दिया गया। खान निरीक्षक ईश्वर चंद्र ने बताया कि फखनपुरा के पास पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के निकट चेकिंग के दौरान बालू लादकर ले जा रहे चार ट्रेलरों के पास आवश्यक कार्य अंतर राज्य परिवहन प्रपत्र न होने के कारण विधिट कार्रवाई करते हुए उनका चालान कर दिया गया। तीन ट्रेलर द्वारा चालान की राशि 50000 प्रति ट्रेलर के हिसाब से ऑनलाइन जमा करने के कारण उन्हें मुक्त कर दिया गया लेकिन एक ट्रेलर चालान की राशि जमा नहीं कर सका इसलिए उसे मुहम्मदाबाद थाना परिसर में खड़ा कर दिया गया।

बीमार गार्ड की मदद को आगे आये विद्यार्थी

गाजीपुर। महाराजगंज स्थित सनबीम स्कूल में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास और सामाजिक सरोकारों के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने जरूरतमंदों की मदद कर सेवा और संवेदनशीलता की मिसाल पेश की।



गार्ड को वस्त्र भेंट करने का दृश्य। छाया:आज

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भेंट किये वस्त्र

कार्यक्रम में कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय के एक बीमार सुरक्षा गार्ड को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। वहीं, विद्यालय के सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वस्त्र भेंट कर उनके प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोलियां बनाकर विद्यालय परिसर को दीपावली के रंगों से सजा दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन केपी सिंह, वाइस चेयरमैन शोभा सिंह, डायरेक्टर नवीन कुमार सिंह, स्मिता सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, प्रधानाचार्या अर्चना कुमारी, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

स्कूली बस-बाइक में टक्कर, युवक घायल

मरदह, गाजीपुर। वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन मार्ग पर मरदह थाना के महेगवा गांव के पास गलत लेन से आ रही स्कूली बस की सामने से आ रहे बाइक सवार की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसकी बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बोगना नवपुरा गांव निवासी धीरेंद्र चौहान अपनी अपाची बाइक से मरदह से अपने घर नवपुरा जा रहे थे।धीरेंद्र चौहान गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद बस चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए मऊ अस्पताल भेजवाया गया है।

विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने माडलों से दिखाया हुनर

जमानियां,गाजीपुर। हेतिमपुर स्थित एसएस देव पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बृहस्पतिवार को उत्कर्ष विज्ञान प्रदर्शनी एवं मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पटना जिला न्यायालय के न्यायाधीश रवि पांडेय रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया तथा छात्र-छात्राओं के मॉडलों का अवलोकन कर उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण की भूरि-भूरि प्रशंसा की। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने आधुनिक तकनीक और सामाजिक आवश्यकताओं पर आधारित एक से बढ़कर एक मॉडल पेश किए। शीतल, जैस्मिन, प्रियांशी, बुशरा, धर्मेश, दिव्यांश और आयमन ने रेलवे क्रॉसिंग पर दुर्घटनाएं रोकने हेतु ऑटोमैटिक रेलवे गेट कंट्रोल व हाइड्रोलिक ब्रिज का जीवंत प्रदर्शन किया। सत्यम मौर्य ने सुरक्षा तकनीक पर आधारित एयर डिफेंस सिस्टम बनाकर सभी को प्रभावित किया। विद्यालय के प्रबंधक सुभाष चन्द्र कुशवाहा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों के भीतर छिपी रचनात्मकता, नवाचार और वैज्ञानिक जिज्ञासा को निखारना है। इस अवसर पर अमित सिंह सत्य प्रकाश मौर्य रणविजय सिंह प्रकाश यादव ज्योति राय विनय कुमार जगदीश जी आदि समस्त शिक्षक, अभिभावक व छात्र उपस्थित रहे।

सिल्वर मेडल हासिल कर किया नाम रोशन

गाजीपुर। वाराणसी स्थित काशी हिंदू विश्वविद्यालय के डॉ. विभूति सिंह इंडोर स्टेडियम में आयोजित उत्तर प्रदेश किक बॉक्सिंग फेडरेशन कप में शाह फैज पब्लिक स्कूल, गाजीपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया। प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का परिचय देते हुए कुल 19 पदक हासिल किए। इनमें पांच स्वर्ण, छह रजत और आठ कांस्य पदक शामिल हैं। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय के नौ खिलाड़ियों का चयन आगामी ऑल इंडिया इंटर स्कूल नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए किया गया है। प्रधानाचार्य इकरामुल हक और उपप्रधानाचार्य हनीफ अहमद सिद्दीकी ने भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर विद्यालय की समन्वयक अंजली श्रीवास्तव और टीम कोच देवेंद्र प्रसाद प्रजापति सहित अन्य लोग मौजूद रहे।दिलदारनगर प्रतिनिधि के अनुसार- क्षेत्र के मिर्चा गांव निवासी किकबॉक्सिंग खिलाड़ी ध्रुव कुमार गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का गौरव बढ़ाया है। अजरबैजान की राजधानी बाकू में आयोजित प्रोफेशनल फाइट नाइट प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने 91 किलोग्राम भारवर्ग में हिस्सा लिया और शानदार प्रदर्शन कर सिल्वर मेडल हासिल किया।इस मुकाबले में उनका सामना बाकू, अजरबैजान के ट्रायल जानमेंस से हुआ, जिनका वजन लगभग 128 किलोग्राम था। विदेशी धरती पर कठिन परिस्थितियों और अकेले होने के बावजूद ध्रुव ने हिम्मत नहीं हारी और पूरे आत्मविश्वास के साथ रिंग में उतरकर मुकाबला किया।ध्रुव कुमार ने बताया कि विदेशी जमीन पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने अपने हौसले को कमजोर नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि भले ही आज उनके हाथ में सिल्वर मेडल है, लेकिन उनके हौसले में कोई कमी नहीं आई है। यह अनुभव उन्हें और मजबूत बनाएगा। वह आगे भी कड़ी मेहनत और लगन से तैयारी कर विश्व स्तर पर भारत का परचम लहराने के लिए प्रयासरत रहेंगे। बाराचवर प्रतिनिधि के अनुसार-आर एस कान्वेंट स्कूल बाराचंवर गाजीपुर के छात्र-छात्राओं ने उत्तर प्रदेश किक बाक्सिंग प्रतियोगिता 2026 में शानदार प्रदर्शन किया।













भारत छठी बार बादशाह

एशियाई चैम्पियंस ट्राफी हाकी में लगायी खिताबी हैटट्रिक, जापान को ४-१ से हराया, मलयेशिया को कांस्य

मोहाली (एजेन्सियां)। मौजूदा चैम्पियन भारत ने गुरुवार को यहां पुरुष एशियाई चैम्पियंस ट्राफी हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जापान को ४-१ से हराकर खिताबी हैटट्रिक पूरी की और कुल छठी बार यह ट्राफी अपने नाम की। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम इससे पहले २०११, २०१६, २०१८, २०२३ और २०२४ में भी यह टूर्नामेंट जीत चुकी है। जापान ने तीसरे ही मिनट में काजुमासा मात्सुमोतो के मैदानी गोल की मदद से भारतीय टीम को चौंका दिया। इसके बाद भारत ने लय हासिल की। शिलानंद लाकड़ा (४२वें मिनट) ने पेनल्टी कार्नर से, दिलप्रीत सिंह (४८वें मिनट) ने मैदानी गोल और जुगराज ने ५३वें मिनट में 'सेट-पीस' के जरिए गोल किए। विवेक सागर प्रसाद ने ५४वें मिनट में गोल करके घरेलू टीम के लिए स्कोर ४-१ कर दिया। भारत ने इससे पहले जालंधर के ओलम्पियन सुरजीत सिंह स्टेडियम में टूर्नामेंट के राउंड-राबिन चरण में भी जापान को ४-१ से हराया था। लेकिन आज जापान ने पहले दो क्वार्टर में भारत को कड़ी टक्कर दी। हालांकि दूसरे हाफ में घरेलू टीम ने जोरदार वापसी की। भारत ने अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन तीसरे ही मिनट में जापान ने मात्सुमोतो के गोल से बढ़त बना ली। मात्सुमोतो ने 'टोमाहाक' शाट से गोल करके स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को हैरान कर दिया। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने तेजी दिखाई और कुछ मौके भी बनाये लेकिन वे उन्हें गोल में बदलने में नाकाम रहे। २०वें मिनट में जापान को लगातार दो पेनल्टी कार्नर मिले। लेकिन भारतीय डिफेंस ने शानदार खेल दिखाते हुए जापान के कप्तान राइकी फुजीशिमा को गोल करने से रोक दिया। अपना २००वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे उप कप्तान हार्दिक सिंह भारत के मिडफील्ड में स्टार साबित हुए। उन्होंने बेहतरीन तालमेल बिठाते हुए कई मौके बनाए। दूसरी ओर जरमनप्रीत सिंह ने अपने शानदार खेल और कड़ी मेहनत से डिफेंस में चट्टान की तरह मजबूती बनाये रखी। ०-१ से पिछड़ने के बाद भारतीय टीम ने दूसरे हाफ में अधिक आक्रामक खेल दिखाया और ३३वें मिनट में अपना पहला पेनल्टी कार्नर हासिल किया। लेकिन कप्तान हरमनप्रीत सिंह के फ्लिक को जापानी गोलकीपर किशो कुरोदा ने रोक दिया। जापान की टीम ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और ३९वें मिनट में अपना दूसरा पेनल्टी कार्नर हासिल किया लेकिन शोता यामादा की कोशिश से कोई गोल नहीं हो सका। भारत ने जापानी डिफेंस पर दबाव बनाए रखा और ४२वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कार्नर हासिल किए। आदित्य अर्जुन लालागे के पास पर लकड़ा ने रिबाउंड से गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। भारत ने आखिरी क्वार्टर में भी दबदबा बनाये रखा और ४८वें मिनट में हार्दिक के बेहतरीन पास पर दिलप्रीत ने रिवर्स हिट लगाकर घरेलू टीम को बढ़त दिला दी। बढ़त लेने के बाद भारतीय टीम का खेल पूरी तरह बदल गया। ५३वें मिनट में जुगराज ने भारत के तीसरे पेनल्टी कार्नर को सटीक तरीके से गोल में बदलकर बढ़त को और बढ़ा दिया। इसके बाद भारत को रोकना मुश्किल हो गया। लकड़ा के शुरुआती शाट को जापानी गोलकीपर ने रोक दिया था लेकिन उसके बाद विवेक ने सर्कल के ऊपर से एक जोरदार हिट लगाकर गोल कर दिया। मैच खत्म होने के ठीक १२ सेकेंड पहले जापान को अपना चौथा पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन कप्तान फुजीशिमा का शाट बाहर चला गया। इस तरह भारत टूर्नामेंट में अजेय बना रहा। इससे पहले अबू कमाल अरजई के दो गोल की बदौलत एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता मलयेशिया ने कांस्य पदक के मुकाबले में दक्षिण कोरिया को ५-२ से हरा दिया। मलेयशिया ने दूसरे मिनट में फिटरी सारी के मैदानी गोल की मदद से शुरुआती बढ़त हासिल की। दक्षिण कोरिया ने हालांकि वापसी करते हुए तीन मिनट बाद ग्युनवू पार्क के पेनल्टी कार्नर पर किये गये गोल से बराबरी हासिल कर ली। इसके बाद सेमिन चुन ने १३वें मिनट में मैदानी गोल करके कोरिया को २-१ से आगे कर दिया। मलयेशिया ने ३४वें मिनट में फैजल सारी के पेनल्टी कार्नर पर किए गए गोल की बदौलत स्कोर २-२ कर दिया। इसके बाद अरजई ने ४५वें और ५०वें मिनट में दो शानदार मैदानी गोल करके मलयेशिया को ४-२ की बढ़त दिला दी। मैच की समाप्ति से दो मिनट पहले मारहान जलील ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलकर मलयेशिया की ५-२५ से जीत सुनिश्चित की।



पैरा पदक विजेताओं से मिले प्रधानमंत्री

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीने गुरुवार को एशियाई पैरा खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों से मुलाकातकी और कहा कि उनके संघर्षों और उपलब्धियोंसे पूरे देशको प्रेरणा मिलती है। भारतने पिछले महीने आइची नागोयामें हुए एशियाई पैरा खेलोंमें ३० स्वर्ण, ३५ रजत और ४९ कांस्य समेत ११४ पदक जीते। दो स्वर्ण पदक जीतने वाली भुजाहीन तीरंदाज शीतल देवी और दृष्टिबाधित फर्राटा धाविका सिमरन भी समारोहमें उपस्थित थीं। मोदीने कहा आपके संघर्षों और उपलब्धियोंसे हर भारतीयको प्रेरणा मिलती है। पहले माता-पिता बच्चोंको खेलोंमें कैरियर बनानेमें सहयोग करनेमें डरते थे। लोग कहते थे कि इस व्यवस्थाका कुछ नहीं हो सकता जो प्रतिभाका सहयोग नहीं करती लेकिन जैसे आपने हार नहीं मानी हम भी अपने लक्ष्य पर डटे रहे।

मुम्बईने रेलवे को पटरीसे उतारा

मुम्बई (एजेन्सियां)। मुम्बई ने गुरुवार को रणजी ट्राफी के ग्रुप डी मुकाबले में रेलवे को १०६ रन से हराकर टूर्नामेंट में अपनी चौथी जीत दर्ज की जिससे उसके कुल अंक २७ हो गये। रेलवे के सलामी बल्लेबाज ईशान गोयल (१०३) और सातवें नंबर के बल्लेबाज जुबैर अली (११५) ने शतक लगाकर आखिरी दिन मुम्बई को जीत से दूर रखने का प्रयत्न किया लेकिन खेल के आखिरी घंटे में ४२ बार की चैम्पियन मुम्बई ने शानदार वापसी की और बेहतरीन क्षेत्ररक्षण के दम पर जीत हासिल कर ली। सरफराज खान ने एक कैच छोड़ा लेकिन एक खिलाड़ी को रन आउट भी किया। रेलवे की टीम २६५ रनों पर सिमट गयी। यह सब खेल के आखिरी घंटे में हुआ जिससे मैच काफी रोमांचक रहा। कानपुर में उत्तर प्रदेश ने ग्रुप ए का मुकाबला ड्रा होने के बाद पहली पारी में बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए जबकि बड़ौदा को एक अंक से संतोष करना पड़ा। आठ विकेट पर ४५५ रन से आगे खेलने उतरे उत्तर प्रदेश ने पहली पारी में ४९२ रन बनाये। इस तरह उसने पहली पारी के आधार पर १३७ रन की बढ़त हासिल की। बड़ौदा ने पहली पारी में ३५५ रन बनाए थे। बड़ौदा ने दूसरी पारी में ७६ ओवर में छह विकेट पर १६९ रन बनाये। कप्तान अतीत शेठ (४०) और महेश पिथिया (नाबाद १४) ने आखिरी दिन बल्लेबाजी करते हुए मुकाबला ड्रा कराया। मेहमान टीम का स्कोर एक समय छह विकेट पर ११५ रन था। इसके बाद शेठ और पिथिया ने सातवें विकेट के लिए ५४ रन की अटूट साझेदारी करके उत्तर प्रदेश को और विकेट हासिल करने से रोक दिया। इससे पहले आदर्श सिंह (१६२) और माधव कौशिक (१३७) के शानदार शतकों की मदद से उत्तर प्रदेश ने पहली पारी में बड़ा स्कोर खड़ा किया। उत्तर प्रदेश इस मैच से मिले तीन अंक के साथ ग्रुप ए में १९ अंक लेकर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। वह बड़ौदा (१८ अंक) से एक अंक आगे और शीर्ष पर काबिज विदर्भ से सात अंक पीछे है। वहीं एक अन्य मैच में पहली पारी में शानदार शतक लगाने वाले अजीत राम ने (७-४८) गेंदबाजी में कमाल दिखाया जिससे तमिलनाडु ने चंडीगढ़ के खिलाफ पारी और २५९ रन से बड़ी जीत दर्ज की। तमिलनाडु की सात विकेट पर ५७१ रन की घोषित पारी के जवाब में चंडीगढ़ की टीम पहली पारी में सिर्फ ९४ रनों पर सिमट गयी थी। इसके बाद फालोऑन खेलते हुए चौथे दिन उनकी पूरी टीम २१८ रन पर आउट हो गयी। शतक जड़ने वाले अजीत (नाबाद ११५ रन) चौथे दिन गेंदबाजी में भी छाए रहे। उन्होंने तीन और विकेट लेकर कुल सात विकेट अपने नाम किए। वहीं हिमाचल प्रदेश और राजस्थान के बीच मुकाबला ड्रा रहा। कोलकाता में साचिन धास (नाबाद ६१) और कप्तान पृथ्वी शा (नाबाद ५३) के शानदार अर्द्धशतक के दम पर महाराष्ट्र ने ग्रुप सी मैच में बंगाल को १० विकेट से हराकर बोनस अंक सहित सात अंक हासिल किए।

रोनाल्डो ने लिया संन्यास

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अन्तरराष्ट्रीय फुटबालसे संन्यास ले लिया। ४१ सालके रोनाल्डोने गुरुवारको सोशल मीडिया पोस्टके जरिए अपने फैसलेकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नवम्बर` अन्तरराष्ट्रीय ब्रेकके बाद वह पुर्तगालकी नंबर-सात जर्सी टीमको लौटा देंगे। रोनाल्डो का सफर २० अगस्त २००३ को कजाकिस्तानके खिलाफ शुरू हुआ था। अगले २३ साल में उन्होंने पुर्तगाल के लिए २३४ मैच खेले और सबसे ज्यादा १४६ गोल किए। उनके नाम ४६ असिस्ट भी दर्ज हैं। रोनाल्डो ने वीडियो में कहा कि राष्ट्रीय टीम के साथ मैदान पर मेरा सफर खत्म हो रहा है। मैं गर्व के साथ विदा ले रहा हूं। मैंने पुर्तगाल के लिए अपना सब कुछ दिया। उन्होंने यह भी कहा कि पीछे मुड़कर देखनेपर उन्हें सिर्फ मैच, गोल, रेकार्ड और ट्राफियां याद नहीं आतीं बल्कि वे लोग याद आते हैं जिन्होंने इस सफरको खास बनाया। रोनाल्डोने २००६ में जर्मनीमें अपना पहला विश्वकप खेला था। इसके बाद वह २०१०, २०१४, २०१८, २०२२ और २०२६ के टूर्नामेंटमें भी पुर्तगाल टीमका हिस्सा रहे।

सीएसके-एसआरएचने की खिलाड़ियों की अदला-बदली

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) २०२७ नीलामी से पहले गुरुवार को चार खिलाड़ियों की अदला-बदली (प्लेयर ट्रेड) की। इसमें लियाम लिविंगस्टोन और जैक एडवर्ड्स पांच बार के चैम्पियन सीएसके में शामिल हुए जबकि खलील अहमद और नाथन एलिस सनराइजर्स हैदराबाद में चले गये। आईपीएल ने खिलाड़ियों की अदला-बदली की घोषणा की जिसके अनुसार इंगलैण्ड के आलराउंडर लिविंगस्टोन छह करोड़ रुपये की फीस पर सीएसके में शामिल हुए जबकि उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने १३ करोड़ रुपये में खरीदा था। आस्ट्रेलियाई आलराउंडर एडवर्ड्स भी तीन करोड़ रुपये की अपनी मौजूदा फीस पर सीएसके में शामिल हुए।

आनेवाला साल और शानदार रहे भाई

३८ के हुए किंग कोहली, दिग्गजों ने दी बधाई



नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली गुरुवार को ३८ साल को हो गये। इस खास मौके पर भारतीय क्रिकेट जगत की हस्तियों ने सोशल मीडिया के जरिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने अपने पुराने साथी विराट कोहली को खास अंदाज में जन्मदिन की बधाई देते हुए लिखा जन्मदिन मुबारक हो, विराट! खेल के प्रति तुम्हारा जुनून, भूख और प्यार आज भी लाखों लोगों को प्रेरित करता है। तुम्हारा आने वाला साल शानदार रहे भाई! पूर्व भारतीय बल्लेबाज सुरेश रैना ने भी कोहली के लिए एक भावुक संदेश साझा किया। उन्होंने लिखा जन्मदिन मुबारक हो, किंग कोहली! शानदार कवर ड्राइव से लेकर यादगार रन चेज तक, तुमने क्रिकेट प्रशंसकों को अनगिनत यादें और भावनाएं दी हैं। रैना ने कहा तुम्हारा जुनून, लड़ने का जज्बा और जीतने की भूख तुम्हें बेहद खास बनाती है। तुम्हें बल्लेबाजी करते देखना मेरे लिए बेहद खुशी की बात है। पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज और कोहली के आरसीबी साथी दिनेश कार्तिक ने भी उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विराट की फिटनेस की तारीफ करते हुए लिखा हर साल वही आग और वही जुनून। ३८ साल की उम्र में भी इतनी शानदार फिटनेस पहले कभी नहीं देखी। जन्मदिन मुबारक हो, विराट! कार्तिक का यह संदेश सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में रहा। पूर्व भारतीय बल्लेबाज मनोज तिवारी ने उनके साथ वेस्टइंडीज के खिलाफ पुरानी साझेदारी की तस्वीर साझा की। उन्होंने लिखा कुछ साझेदारियां उन रनों के लिए याद रखी जाती हैं जो हमने बनाए, लेकिन कुछ खास साझेदारियां उन यादों के लिए याद रहती हैं, जो वे हमारे साथ छोड़ जाती हैं। मुनाफ पटेल ने बधाई देते हुए लिखा आपका आने वाला जीवन स्वस्थ रहे। खुश रहो, आबाद रहो। पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने विराट कोहली की बल्लेबाजी करते हुए एक तस्वीर शेयर की। उन्होंने लिखा जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं चैम्पियन। ३७वें साल के आखिरी दिनों में भी शानदार प्रदर्शन कर रहे हो। इसी तरह अपना खेल जारी रखो। मैं ३८ का हो रहा हूं, लेकिन ३६ का लग रहा हूं। ओह ला ला! शास्त्री ने इस संदेश के साथ हंसने और चश्मा लगाए इमोजी भी शेयर किए। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने भी कोहली को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उनके अच्छे स्वास्थ्य और खुशियों की कामना की। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ल ने कोहली को बधाई देते हुए उनके शानदार रेकार्ड और खेल के प्रति प्रतिबद्धता की तारीफ की। उन्होंने लिखा आपकी शानदार उपलब्धियों, संघर्ष करने के जज्बे और खेल के प्रति प्रतिबद्धता ने नये मानक स्थापित किए हैं। आप आने वाली पीढ़ियों के खिलाड़ियों को लगातार प्रेरित कर रहे हैं। कामना है कि आप लगातार नयी ऊंचाइयां हासिल करें, कई और यादगार पल बनायें और मैदान के अंदर और बाहर अपने शानदार प्रदर्शन से देश को प्रेरित करते रहें। आपको अच्छे स्वास्थ्य, खुशियों और लगातार सफलता से भरे शानदार साल की शुभकामनाएं। बीसीसीआई ने कोहली के जन्मदिन पर एक खास पोस्टर साझा किया। इसमें कोहली टेस्ट जर्सी पहने कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे हैं और दीवार पर उनकी क्रिकेट यात्रा की यादगार तस्वीरें लगी हैं। बोर्ड ने पोस्ट के साथ कोहली के अंतरराष्ट्रीय करियर के आंकड़े और उनकी प्रमुख उपलब्धियां साझा कीं। कोहली की आईपीएल फ्रेंचाइजी आरसीबी ने भी खास संदेश के साथ उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। टीम ने कहा कि हर युग में एक ऐसा खिलाड़ी होता है जो उस दौर की पहचान बन जाता है और मौजूदा क्रिकेट युग के लिए विराट कोहली वही खिलाड़ी हैं। आरसीबी ने सोशल मीडिया पर लिखा हर युग में एक ऐसा खिलाड़ी पैदा होता है, जो उस युग को परिभाषित करता है। क्रिकेट के इस युग के लिए विराट कोहली वही खिलाड़ी हैं। आंकड़े इतिहास की किताबों में दर्ज रहेंगे और दुनिया पहले से ही उनकी काबिलियत जानती है लेकिन हम हमेशा याद रखेंगे कि उन्होंने हमें कैसा महसूस कराया। जन्मदिन मुबारक हो, किंग कोहली!

उत्तर मध्य रेलवे

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-यू.पी.-अ.-27102026-277446
CG-UP-E-27102026-277446
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II - Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 5579] नई दिल्ली, मंगलवार, अक्टूबर 27, 2026/कार्तिक 5,1948
No. 5579] NEW DELHI, TUESDAY, OCTOBER 27, 2026/KARTIKA 5, 1948

रेल मंत्रालय
[उत्तर मध्य रेलवे (निर्माण विभाग)]
अधिसूचना
प्रयागराज, 15 अक्टूबर, 2026

का.आ. 5804 (अ)- केन्द्रीय सरकार, रेलवे (संसोधन) अधिनियम 2008 (2008 का 11वां) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 20 (क) उप धारा (1) के अधीन जारी, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3 उप खण्ड (ii), दिनांक 24 मार्च 2026 में प्रकाशित भारत सरकार के रेल मंत्रालय (उत्तर मध्य रेलवे निर्माण विभाग) की अधिसूचना संख्या काआ., 1538 (अ) दिनांक 19 मार्च, 2026 (जिसे इसके पश्चात् उक्त अधिसूचना कहा गया है।) द्वारा उक्त अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसुची में विनिर्दिष्ट भूमि को, उत्तर प्रदेश राज्य के मिर्ज़ापुर जिले में विशेष रेल परियोजना, **अर्थात् चुनार-चोपन दोहरीकरण परियोजना** (101 किमी) के निष्पादन, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के प्रयोजन के लिए अपेक्षित है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की गई थी;

और उक्त अधिसूचना का सार अधिनियम की धारा 20अ की उपधारा (4) के अधीन दैनिक समाचार पत्रों, अर्थात् "अमर उजाला" और "द टाइम्स ऑफ़ इंडिया" में तारीख 08 अप्रैल 2026 को प्रकाशित किया गया था;

और सक्षम प्राधिकारी को इस परियोजना में कुछ अक्षेप प्राप्त हुए; जिसका निस्तारण सक्षम प्राधिकारी द्वारा कर दिया है और, सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 20ड की उपधारा (1) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट सौप दी है;

अतः अब केन्द्रीय सरकार सक्षम प्राधिकारी से उक्त रिपोर्ट के प्राप्त होने पर और उक्त अधिनियम की धारा 20ड की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जित की जाएगी।

यह और केन्द्रीय सरकार उक्त अधिनियम कि धारा 20ड की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशित होने पर इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विलंगमों से मुक्त होकर केन्द्रीय सरकार में आत्यंकित रूप से निहित हो जाएगी।

और, यह कि केन्द्रीय सरकार द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 20 (च) की उपधारा (04) के अनुसरण में उपर्युक्त वर्णित भूमि में सभी हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वे व्यक्तिगत रूप से या किसी अभिकर्ता या विधि व्यवसायी के माध्यम से सक्षम प्राधिकारी (भूमि अध्यिप्ति अधिकारी (सिंचाई) मिर्ज़ापुर के समक्ष अपना दावा इस अधिसूचना के प्रकाशन के आगामी 20 दिवस में सक्षम प्राधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

अनुसूची

उत्तर प्रदेश राज्य में विशेष रेल परियोजना चुनार-चोपन के मध्य दोहरीकरण रेल परियोजना के लिए मिर्जापुर जिले में जाने वाली अवसंरचना सहित या रहित भूमि का संक्षिपत विवरण।

क्र. सं.	गॉव का नाम	गाटा संख्या	भूमि का प्रकार	भूमि की प्रकृति	अर्जित भूमि का क्षे. (हेक्टेयर में)	भू-स्वामी/हितबद्ध व्यक्तियों का नाम
1	धौहा	937	निजी	कृषि	0.0473	दुलरिया पत्नी नान्हू
						उमर अली व विपत अली पुत्रगण नगइ
						बाबूदिन, मोहम्मद व सलीम पुत्रगण बहादुर अली,
						खतून निशा पत्नी अमरुल्ला
						मोहरा पत्नी बंगाली
						लल्ली पत्नी मोहम्मद हमीद
						समीद अली पुत्र बंगाली
						मोहम्मद इसरार व मोहम्मद सरताज पुत्रगण मोहम्मद हमीद
		486	निजी	कृषि	0.0446	मालती देवी पत्नी ज्वाला सिंह
						प्यारी देवी पत्नी जय सिंह
		492	निजी	कृषि	0.0390	रामकेसश सिंह पुत्र जैश्री
		493	निजी	कृषि	0.0088	आरती देवी पत्नी राजबली
						ओमप्रकाश सिंह श्री प्रकाश सिंह व रामप्रकाश सिंह पुत्रगण लक्ष्मी नरायन सिंह
						तेजवली, जीउत राम व हरीशंकर पुत्रगण बच्चेलाल
						गंगारती पत्नी स्व. बच्चेलाल
						पवित्रा देवी पत्नी स्व. ओमप्रकाश सिंह
						शिवदत्त, नन्दलाल, राजबली व मंगरू प्रसाद पुत्रगण रामललित
						गुलाब सिंह पुत्र कृष्णा नन्द सिंह
						कैवला देवी पत्नी कृष्णा नन्द सिंह
						संजय कुमार सिंह पुत्र अमरनाथ सिंह
						मीना देवी पत्नी रामआसरे सिंह
		497	निजी	कृषि	0.1648	श्रीप्रकाश, ओमप्रकाश व रामप्रकश पुत्रगण लक्ष्मीनरायन
						दयाशंकर, दयाराम, वंशनरायन, श्याम सुन्दर, राजेश कुमार व ओमकारनाथ पुत्रगण तुलसी राम तिवारी
						संतोष कुमार पुत्र तुलसीराम
						हंसनरायन, संतराम व मंसाराम पुत्रगण पारसनाथ
						विश्राम पुत्र शोभा
						राम आसरे पुत्र कृष्णानन्द
						सुमन देवी पत्नी संतोष कुमार
						शैल कुमारी पत्नी जालिम सिंह
						मुंशा देवी पत्नी प्यारे लाल
						कैलाश पुत्र शालिक
						सुमन देवी पत्नी रमाशंकर
						अंजनी सिंह पुत्र जयप्रकाश सिंह
						रेनू पत्नी राजेश
						रंजना सिंह पत्नी संतलाल
						राजेश सिंह पुत्र अभिलाक सिंह
						दिलीप कुमार सिंह पुत्र छोटेलाल सिंह
						तुलसा पत्नी अदालत
						कुन्ता देवी पत्नी केवला
						सोनी देवी पत्नी विजय
						सोमारी देवी पत्नी रामप्रसाद
						गायत्री देवी रामप्रकाश
						साधना देवी पत्नी सुरेश
						धर्मेन्द्र कुमार पुत्र विजय कुमार
						हिरावती देवी पत्नी रामविचार
						तिभा देवी पत्नी बालगोविन्द
						उषा देवी पत्नी सुभाष
						अजय कुमार जायसवाल पुत्र मिठाई
						पूनम सिंह पत्नी सन्तोष कुमार सिंह
		1073	निजी	कृषि	0.1627	श्यामा, रामसूरत पुत्रगण सोभा
						मुन्नीलाल पुत्र गुदरी
						चुन्नीलाल, रामराज व राजनाथ पुत्रगण बचाऊ
						पुष्पा पत्नी संदीप
						मेवला देवी पत्नी स्व. बचाऊ
						जितेन्द्र कुमार पुत्र अनन्तराम
		481मि	निजी	कृषि	0.0429	हरीराम व राधेश्याम पुत्रगण सरजू
						विश्राम पुत्र शोभा
						बुधना देवी पत्नी स्व. सरजू
						पुष्पा देवी पत्नी शारदा
						अखिलेश्वर सिंह पुत्र शारदा
				योग	0.5101	
2	समुदवा	208मि	निजी	कृषि	0.0365	कृपाराम पुत्र वंशी
						अशांक कुमार पुत्र खिरोधन
						कुसुम कुमारी पत्नी बृजलाल
						कृपाराम, कृष्ण कुमार पुत्रगण वंशीधर
						धनन्जय कुमार सिंह पुत्र जयप्रकाश
						धनराजी पत्नी स्व. खिरोधन
						मालती देवी पत्नी जयप्रकाश
						सूर्यबली सिंह, राजेश कुमार, रोहित सिंह, पुत्रगण बृजलाल
						रामकुमार, रामसलिन्दर, लालबहादुर पुत्रगण बंशीधर
						रामनरायन, रामसुरत, श्री भागवत, सुवाष पुत्रगण खिरोधन
						संजय कुमार पुत्र जयप्रकाश
		211मि	निजी	कृषि	0.0469	बौडम, रसगुल्ला पुत्रगण सीताराम
						जीउत प्रसाद पुत्र कल्लू
						फुलमती देवी पत्नी नन्दलाल
						राजा यादव पुत्र बाबा यादव
		214	निजी	कृषि	0.0257	गीता देवी पत्नी अनिल
						उर्मिला पत्नी रामविलास
						सुरजू, प्रमोद कुमार पुत्रगण जगरनाथ
						बेचन, सेचन पुत्रगण रामजी
						लकडू, चौथी, राजू पुत्रगण धन्नी
						धन्नर देवी पत्नी स्व. धन्नी
						भोला, कल्लू पुत्रगण रामसूरत
						रामराज, श्यामलाल पुत्रगण नन्दलाल
						गिरजा देवी पत्नी नन्दलाल
						सहेन्दर ना.बा. 14 वर्ष, विजय ना.बा. 10 वर्ष पुत्रगण बनारसी सं. लक्ष्मीना देवी
						कमलेश कुमार पुत्र बाबूलाल
		215	निजी	कृषि	0.0713	धनराजी पत्नी खिरोधन
						गीता देवी पत्नी अनिल
						उर्मिला पत्नी रामविलास
						सुरजू, प्रमोद कुमार पुत्रगण जगरनाथ
						बेचन, सेचन पुत्रगण रामजी
						लकडू, चौथी, राजू पुत्रगण धन्नी
						धन्नर देवी पत्नी स्व. धन्नी
						भोला, कल्लू पुत्रगण रामसूरत
						लक्ष्मीना देवी पत्नी रामसूरत
						सहेन्दर ना.बा. 14 वर्ष, विजय ना.बा. 10 वर्ष पुत्रगण बनारसी सं. लक्ष्मीना देवी
						रामराज, श्यामलाल पुत्रगण नन्दलाल
						गिरजा देवी पत्नी नन्दलाल
						संजू देवी पत्नी सुखराम
						कमलेश कुमार पुत्र बाबूलाल
		217	निजी	कृषि	0.0503	गीता देवी पत्नी अनिल
						उर्मिला पत्नी रामविलास
						सुरजू, प्रमोद कुमार पुत्रगण जगरनाथ
						बेचन, सेचन पुत्रगण रामजी
						लकडू, चौथी, राजू पुत्रगण धन्नी
						धन्नर देवी पत्नी स्व. धन्नी
						भोला, कल्लू पुत्रगण रामसूरत
						लक्ष्मीना देवी पत्नी रामसूरत
						सहेन्दर ना.बा. 14 वर्ष, विजय ना.बा. 10 वर्ष पुत्रगण बनारसी सं. लक्ष्मीना देवी
						रामराज, श्यामलाल पुत्रगण नन्दलाल
						गिरजा देवी पत्नी नन्दलाल
						संजू देवी पत्नी सुखराम
						कमलेश कुमार पुत्र बाबूलाल
		218	निजी	कृषि	0.0170	गीता देवी पत्नी अनिल
						उर्मिला पत्नी रामविलास
						सुरजू, प्रमोद कुमार पुत्रगण जगरनाथ
						बेचन, सेचन पुत्रगण रामजी
						लकडू, चौथी, राजू पुत्रगण धन्नी
						धन्नर देवी पत्नी स्व. धन्नी
						भोला, कल्लू पुत्रगण रामसूरत
						लक्ष्मीना देवी पत्नी रामसूरत
						सहेन्दर ना.बा. 14 वर्ष, विजय ना.बा. 10 वर्ष पुत्रगण बनारसी सं. लक्ष्मीना देवी
						रामराज, श्यामलाल पुत्रगण नन्दलाल
						गिरजा देवी पत्नी नन्दलाल
						संजू देवी पत्नी सुखराम
						कमलेश कुमार पुत्र बाबूलाल
		233	निजी	कृषि	0.0427	अशोक कुमार, रामआसरे पुत्रगण शंकर
						बेलपत्ती पत्नी शंकर
						भगवानदास पुत्र फेकू
		236	निजी	कृषि	0.0120	अशोक कुमार, रामआसरे पुत्रगण शंकर
						बेलपत्ती पत्नी शंकर
						भगवानदास पुत्र फेकू
		315	निजी	कृषि	0.0014	गोपालजी यादव पुत्र काशीनाथ यादव
		297	निजी	कृषि	0.0037	कुमार, राजाराम, राजेन्दर राधे, लखन्दर पुत्रगण काशीनाथ
						हीरावती देवी पत्नी काशीनाथ
				योग	0.3075	
3	जमुहार	41मि	निजी	कृषि	0.0730	अजीत, आशीष पुत्रगण दयाशंकर
						बेबी कुमारी पत्नी दयाशंकर
						उमाशंकर सिंह, जामवन्त सिंह पुत्रगण शारदा
						हंसनरायण पुत्र बैजनाथ
						कुमारी देवी पत्नी गिरजाशंकर
						चन्द्रकुमार सिंह, विपेन्द्र कुमार सिंह, सत्येन्द्र कुमार सिंह पुत्रगण गिरजाशंकर सिंह
				योग	0.0730	
				महायोग	0.8906	

[फा. सं. 1-G/CAR-CPU/Land Acquisition/01]
2512/26 (MG) अजीत सिंह यादव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, निर्माण

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

अधिवक्ता एकता जिन्दाबाद!

धनतेरस, दीपावली एवं डाला छठ की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त अधिवक्तागण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण, वादकारीगण
एवं जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



दारोगा सिंह एडवोकेट

एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष - सिविल कोर्ट सेन्ट्रल बार एसोसिएशन, मऊ

मो. 9452068071

अधिवक्ता एकता जिन्दाबाद!

धनतेरस, दीपावली एवं डाला छठ
की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त अधिवक्तागण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण, वादकारीगण
एवं जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



दारोगा सिंह
एडवोकेट

एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष - सिविल कोर्ट सेन्ट्रल बार एसोसिएशन, मऊ

मो. 9452068071



धनतेरस व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

आज
जय आनन्द (ब्यूरो चीफ) जौनपुर, मो. 9839326977



सभी जनपदवासियों को
दीपावली, भैयादूज, छठपूजा की
हार्दिक शुभकामनाएं

पूर्वांचल में रत्नों का एक मात्र विश्वसनीय प्रतिष्ठान

प्रशस्य जेम्स

PRASHASYA GEMS

आपका विश्वास-हमारा लक्ष्य



यहाँ कुण्डली विश्लेषण करा
कर सही मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

Mob.:9161188777
8887974467

डा संदीप पाण्डेय
ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
संस्थापक अध्यक्ष भारत विकास परिषद शौर्य
पूर्व अध्यक्ष जे. सी. आई. जौनपुर
कोषाध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी जौनपुर

हमारे यहाँ सभी प्रकार के रत्न शुद्धता प्रमाण पत्र के साथ दिये जाते हैं जो प्रयोगशाला (Laboratory) में वैज्ञानिक उपकरणों (Scientific Instrument) के माध्यम से पूरी तरह टेस्टेड रहेंगे

सभी प्रकार के रुद्राक्षों का संकलन

आप सभी ज्योतिष विज्ञान के मार्ग दर्शन से अपने जीवन में आने वाली समस्याओं एवं प्राप्त होने वाली उपलब्धियों दोनों को सही ढंग से जानकर उसके प्रति सचेत होते हुए ज्योतिषीय सलाह एवं सही रत्न उपचार इत्यादि के माध्यम से उन्नति के लिए नए आयाम प्राप्त कर सकते हैं।

All Cards are accepted here

TESTING INSTRUMENT
Microscope (Inclusion Testing)
Refractometer (Refractive Index Testing)
Polariscope (Optic Character Testing) Pleochroism Testing
Prism Dichroscope (Optic Axis Dtration) Pleochroism Testing
Handheope Lens
Chelsea Filter

प्रथम तल, मिश्रा काम्प्लेक्स, ओलन्दगंज तिराहा, जौनपुर

Hero

हीरो संग
त्योहार है हर कहीं...

Super Splendor-XTEC 2.0
एक्स शोरूम कीमत
₹ 83500*

HF Deluxe
एक्स शोरूम कीमत
₹ 59999*

Destini 110
एक्स शोरूम कीमत
₹ 76700*

हर बुकिंग पर स्टील लंच बॉक्स

GoodLife ½ ग्राम सोने का सिक्का पाने का मौका

हर डिलीवरी पर डाइनिंग कप सेट

₹5999* डाउनपेमेंट से शुरू
स्कूटर पर 0%* ब्याज दर
₹10000* तक नकद छूट

*नियम व शर्तें लागू

आटो व्हील्स हीरो
अहमद खा मंडी, जौनपुर, मो. 9289922089
मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर, मो. 7311195003
छाछो, मछलीशहर, जौनपुर मो. 7311195031

वेंकटेश्वर आटो मोबाइल
विशेषवपुर, पंचहटियाँ, जौनपुर
मो. 9289922740

पूर्वांचल का सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठान
गहना कोठी™
भगेलू राम रामजी सेठ

Since 1946

Dhanteras & Diwali
Special Offer

1 DAY TO GO
6-NOV-2026

0% MAKING CHARGES
24kt गोल्ड कॉइन और बार

प्रत्येक 10,000/-
तक की खरीद पर पाएं लकी ड्रा कूपन और ढेरों ईनाम जीतने का मौका

जितने ग्राम सोना खरीदें, उतने ही ग्राम
चांदी मुफ़्त!

सिर्फ 5%
मेकिंग चार्ज
22 कैरेट के एचयूआईडी सोने के आभूषण पर*

UPTO 25%
तक की छुट
गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर*

1st Prize
मारुति सुज़ुकी डिज़ायर

2nd Prize
मारुति बलेनो

3rd Prize
मारुति वैगन आर

T&C Apply*

फ्लैट 99% की छुट
डायमंड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर*

₹50000/-
की डायमंड ज्वेलरी
की खरीदारी पर
2 सोने के सिक्के फ्री*
(24 कैरेट के)

फ्लैट 40% की छुट
सिल्वर ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर*

केवल 10% एडवांस
देकर आज का गोल्ड रेट *बुक* करें!
Booking Rate / Current Rate — जो कम होगा, वही लागू होगा।

हनुमान मंदिर के सामने कोतवाली चौराहा, जौनपुर
(पार्किंग की उत्तम व्यवस्था उपलब्ध है)
9984991000, 9792991000, 9984361313